SHRI BISHNU PADA RAY (ANDAMAN AND NICOBAR ISLANDS): The time schedule for laying of Submarine Optical Fibre Cable connectivity between Chennai & Andaman Nicobar Islands was duly approved by Cabinet and Tendering, Award of Work, Rule Modification was to be completed by December 2016. Submarine OFC Connectivity between Mainland (Chennai) and Andaman & Nicobar Islands is to be completed by December 2018. However, till date tendering by BSNL has not been done.

I request the Central Government to intervene and direct for early tender and award of work in the larger public interest.

## (xii) Need to grant classical language status to Marathi language.

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर):** महाराष्ट्र सरकार ने मराठी भाषा को Classical Language का दर्जा दिए जाने के बारे में एक उच्च स्तरीय मराठी भाषा विशेषज्ञ समिति गठित की थी। इस समिति ने 10.01.2012 में काफी गहन शोध एवं अध्ययन करने के पश्चात अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित की थी। समिति ने गहन ऐतिहासिक अन्वेषण, पुराने संदर्भ, प्राचीन पुस्तकें, कॉपर प्लेट्स, पत्थरों से संदर्भ इत्यादि से यह सत्यापित किया कि मराठी भाषा क्लासिकल भाषा का मापदंड पूर्ण करती है।

महाराष्ट्र सरकार ने समिति द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय को 12.07.2013 में पूर्ण तथ्यों के साथ प्रेषित करते हुए मराठी भाषा को क्लासिकल भाषा के रूप में स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु अनुरोध किया है। वर्तमान में यह प्रस्ताव साहित्य अकादमी के अधीन विचाराधीन है।

अतः मेरा माननीय संस्कृति मंत्री जी से अनुरोध है कि वह महाराष्ट्र सरकार के मराठी भाषा को क्लासिकल भाषा का दर्जा दिए जाने संबंधी प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृत किए जाने हेतु निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।

**(xiii) Need to establish centre for skill development for tribal youths in Dibrugarh, Assam**

SHRI RAMESHWAR TELI (DIBRUGARH): My constituency Dibrugarh has a large number of tribal population. Majority of these tribal people are engaged in agricultural activities. The poor economic condition of the tribal people has forced them to live in utter poverty and penury. The Ministry of Tribal Affairs provides funds to TRIFED and National Scheduled Tribes Finance and Development Corporation (NSTFDC) to implement various schemes for skill and entrepreneurial development programmes. I, therefore, urge upon the Hon'ble Minister for Tribal Affairs to open Centres for various skill development programme in my constituency, Dibrugarh, so that poor tribal youths can take up jobs or start their own business.

## (xiv) Need to permit Kambala, an annual traditional Buffalo Race in Karnataka

SHRI NALIN KUMAR KATEEL (DAKSHINA KANNADA): The Kambala game, the traditional buffalo race has been a cultural tradition in Karnataka. It involves race of buffaloes across slushy paddy fields.

In the history of Kambala, there are no instances to prove that animals are tortured or have died during the sport. Kambala, which is a part of worship, tradition and culture of farmers in coastal Karnataka, has its own history and it is evident through documents and inscriptions.

There are hundreds of Kambala fields in coastal area from Byndoor in Karnataka to Kasaragod in Kerala.

There is a need to preserve our culture, folk sports, folk tradition of the country including Karnataka. Both the Union and State Government need to promote all the rural sports by sanctioning funds and also honour achievers of these sports with various awards.

However the People, who love Kambala are seeking to lift the ban imposed on Kambala game in Karnataka. So, I would like to impress upon the Union Government to consider importance of the cultural aspects of the sports and games of the country and grant permission to organize such activities in the country.

Therefore, the Union Government should take immediate steps to allow the people to take part in the game which is also the unique identity of Tulu speaking people in Karnataka.

### (xv) Need to have a uniform mathematics question papers for class X and XII in the entire country

SHRI ANTO ANTONY (PATHANAMTHITTA): This is to request the Government to kindly redress the grievances of the CBSE students and their parents regarding the unethical practices related to mathematics questions for X and XII Board Exams. It is informed that instead of preparing questions from the prescribed NCERT text books, CBSE is setting questions from private text books. According to internationally accepted rules 60% of questions can be answered by the average students and 20% should be addressed to the above average and remaining 20% questions may be for the brilliant students. Contrary to this rule, 85% of questions are tough and as a result majority of the students can only score below 50% marks. As a result these students cannot apply for Government engineering colleges and compelled to apply for private engineering colleges. There are newspaper reports that question papers vary from region to region and easy to tough accordingly. CBSE is a national board, therefore, I request the Government to take necessary steps in unifying CBSE mathematics question papers in accordance with the nationally and internationally accepted rules.

## (xvi) Need for early release of a priest of Kerala held captive in Yemen

SHRI M.I. SHANAVAS (WAYANAD): Father Tom Uzhunnalil, a priest hailing from Kerala was abducted by a terror group in Yemen in March 2016 and the efforts to secure his release from his captors need to be enhanced. In a video circulated online, Father Tom is seen terrified and he states that his health condition is rapidly deteriorating and he is appealing to the government to secure his release. The Government must spare no efforts in securing his immediate release and I would urge upon the Union Government to expedite all efforts to save Father Tom at the earliest by using all channels of communications so that a precious life can be saved.

## (xvii) The impact of demonetization

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): The uncertainty in the economy caused by demonetization continues. The Reserve Bank of India Governor could not tell the amount of Rs. 1000 and 500 notes that have been deposited in the banks up to 30th December, 2016. Nor could he tell by when the cap of withdrawal from savings bank accounts will be removed. Though RBI claimed that Rupees 9 lakh crore fresh notes have been circulated, there is still cash crunch in the ATMs, especially in the rural areas. This has put farmers, artisans and small traders in great difficulty. Already in West Bengal alone, 81 lakh have lost their job including those working outside the state. The GDP is expected to fall by 2% to 3% due to demonetization. Neither black money has been recovered nor diamond and jewellery.

**(xviii) Need to set up a coaching and guidance centre for SC/ST students in Raja Ram Mohan Roy College in Arambagh Parliamentary Constituency, West Bengal**

SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAG): In my Arambagh parliamentary constituency, West Bengal, there is significant concentration of people belonging to SC and ST community.

Here students particularly from deprived sections of the society do not get the facility of coaching for competitive examinations.

I urge upon the Central Government to open a coaching-cum-guidance centre in Raja Ram Mohan Roy College in Arambagh parliamentary constituency, West Bengal to provide proper coaching and guidance to the talented students belonging to SC and ST communities before they appear in various competitive examinations.

## (xix) Need to waive off the charges for deployment of Central Forces for tackling the Left Wing Extremism in Odisha

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): The Government of Odisha has urged the Union Government to waive off the amount being charged by them towards deployment of Central forces in Odisha for tackling the Left Wing Extremism. But the Union Government not only refused to accede to this request but also issued direction to recover the said amount by adjusting it in various releases due to the State.

As the Left Wing Extremism is a national issue and a serious threat to the internal security of the nation, I urge upon the Government to accede to the request of the Government of Odisha and waive off the said amount.

### (xx) Need to fulfill the assurances regarding giving special category status to Andhra Pradesh

SHRI M. MURLI MOHAN (RAJAHMUNDRY): As a substitute for the Special Category Status (SCS), the Union Government on 07 September, 2016 announced Special Financial Package to the State of Andhra Pradesh for fulfilling the assurances made in the Andhra Pradesh Reorgnisation Act 2014. Further, the creation of separate Railway Zone at Visakhapatnam, setting up of Steel Plant at YSR Kadapa District, Port Trust at Dugarajapatnam in Nellore district and increasing the Assembly seats as promised in the Andhra Pradesh Reorganization Act 2014, have not seen the light of the day despite a lapse of three years. I would, urge upon the Union Government to accord legislative binding for the Special Financial Package to the State of Andhra Pradesh without any further delay. Further, I would also urge upon the Government to sanction adequate funds for Polavaram Irrigation Project, construction of new capital city at Amaravathi, including funds for Secretariat and all educational institutions i.e., Tribal University, Central University, IIM, IISER, IIT etc., and fulfill all the assurances made in the AP Act in letter and spirit.

**(xxi) Acute kidney related problems faced by people of Prakasam district in Andhra Pradesh**

SHRI Y.V. SUBBA REDDY (ONGOLE): People of Prakasam are facing acute kidney-related problems for the last 4-5 decades and time and again pubic representatives and people have been requesting for finding out the root cause of the problem. There is no doubt that dialysis centres have been set up but these centres only help in purifying blood, not meant to address the root cause.

According to latest figures, 427 people died in the last 2 years and more than 2,100 patients are undergoing dialysis in Prakasam. It gives a clear picture of the magnitude of the problem. In view of seriousness of the problem, there is a need to send a Central Medical Team of Experts from Nephrology and Epidemiology either from ICMR or AIIMS to tour entire Prakasam district door-to-door to find out the root cause behind kidney-related problems. If need be, a permanent research centre should be set up in Prakasamn to find out causes behind this problem. Further, blood, urine and serum creatinine tests have to be conducted on every member of the family.

Further, it is strongly speculated that the problem is due to water contamination. FM announced in the Budget that Government of India would provide safe drinking water to over 28000 arsenic and fluoride affected habitations under NRDWP. So, 48 Mandals which are afflicted with fluoride and arsenic in Prakasam should be covered under this in the first phase to alleviate the sufferings of people. Thirdly, free medicines should also be distributed to kidney patients

**(xxii) Need to include Tulu language in the Eighth Schedule to the Constitution**

SHRI P. KARUNAKARAN (KASARGOD): Tulu language is one among the five major Dravidian languages spoken by around 2 million native speakers mainly in the south west part of Karnataka and in the Kasaragod district of Kerala which is collectively known as Tulu Nadu.

In India, approximately 2 million people speak Tulu as their native language as per 2011 estimates. The number of Tulu-speaking people was 1,722,768 in 2001, an increase of 10% over the figures of 1991 census.

According to one 2009 estimate, Tulu is currently spoken by three to five million native speakers in the world. Separated early from Proto-South Dravidian, Tulu has several features not found in Tamil—Kannada. For example, it has the pluperfect and the future perfect, like French or Spanish, but formed without an auxiliary verb. So I kindly request the Government to include Tulu language in the Eighth Schedule to the Constitution.

**(xxiii) Need to revamp the Kisan Credit Card Yojana**

SHRI DUSHYANT CHAUTALA (HISAR): I would like to urge the Government to revamp Kisan Credit Card Yojana. Currently the maximum loan provided to farmers under the subsidized rate of interest is Rs 3 lakh which is inadequate due to substantial increase in the cost of agricultural input. At present, collateral security is asked for a loan if it is above Rs. 1 lakh. Further, the rate of interest is also higher under the present scheme structure and the time period for repayment of loan is limited to 12 months. Therefore, I urge the government to take necessary action to reform the scheme structure with several modifications like increasing the subsidized loan amount from 3 lakh to 8 lakh and loan facility up to Rs. 3 lakh should be provided to the farmers without any collateral security and interest.

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Madam Speaker, I just want to say one thing. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री सौगत राय जी, आपने उस दिन अपनी बात रखी है, वह रिकॉर्ड पर भी गयी है। Whatever you wanted to say, you had said on that day. आज आप अपने भाषण के समय फिर से वही बात कह दें। You will get time at that time also.

… (*Interruptions*)

**12.05 hours**

## MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS ...Contd.

**माननीय अध्यक्ष :** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, डॉ. महेश शर्मा

...(व्यवधान)

**संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (डॉ. महेश शर्मा):** आदरणीय अध्यक्ष महोदया, मैं आज इस पावन सदन में राष्ट्रपति जी द्वारा संसद के संयुक्त अधिवेशन में दिए गए अभिभाषण पर धन्यवाद व्यापित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए खड़ा हुआ हूँ।...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** मैडम यह क्या हो रहा है? ...(व्यवधान)

**डॉ. महेश शर्मा :** मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे यह अवसर दिया। राष्ट्रपति जी द्वारा अपने अभिभाषण में सरकार की कार्य योजनाओं, सरकार के प्रयास और भविष्य में की जानी वाली जनकल्याणकारी योजनाओं का एक खाका खींचा गया है।...(व्यवधान) मुझे विश्वास है कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण द्वारा संसद के दोनों सदनों को हमारी सरकार की सभी योजनाओं, उनके फल और उनके उद्देश्य के बारे में पूरी तरह से लागू होगा।...(व्यवधान) भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: As a token of protest, we are walking out… (*Interruptions*)

DR. A. SAMPATH (ATTINGAL): Madam, you are not allowing us to speak, and so, in protest, we are walking out.

**12.06 hours**

*(At this stage, Shri Mallikarjun Kharge, Dr. A. Sampath and some other hon. Members left the House.)*

**डॉ. महेश शर्मा :** सन् 1947 में भारत की स्वतंत्रता के पश्चात् ...(व्यवधान) इस देश के 125 करोड़ देशवासियों ने, टीम इण्डिया ने अपने सपनों को साकार करने के लिए भारत के लोकतंत्र को मजबूत किया। जब-जब सत्ता तंत्र पर ऐसे लोग काबिज हुए, जो भारत की 125 करोड़ जनता की आकांक्षाओं पर खरे नहीं उतरे, बैलेट के माध्यम से इस 125 करोड़ की टीम इण्डिया ने ऐसे शासन तंत्र को उखाड़ फेंका और उसकी 2014 के अंदर एक पूर्ण आहुति हुई, भारत के अंदर एक ऐसी सरकार आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गठन हुई। यह हमारी 125 करोड़ देशवासियों की, टीम इण्डिया की ताकत थी। मैं

धन्यवाद देता हूँ, भारत की उस 125 करोड़ देशवासियों की इस टीम इण्डिया को, कि उन्होंने देश को ऐसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के रूप में दिया।

माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में यह सरकार लोकहित के कार्य, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी के सपनों की योजना अंत्योदय के लिए आजादी के 70 साल बाद भी आजादी की किरण की रोशनी अगर पायदान की सीढ़ी पर खड़े हुए अंतिम व्यक्ति तक न पहुंचे, मैं समझता हूं आपके आज के प्रधानमंत्री जी ने, हमारी सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय जी की इस अंत्योदय सोच के साथ भारत के गरीब, भारत के पीड़ित, वंचित, दलित, शोषित, कृषक, जवान सब के लिए सर्वांगीण विकास की सोच लेकर, हॉलिस्टिक ग्रोथ की सोच लेकर भारत की सरकार ने एक शुरुआत की और उस शुरुआत को मैं बधाई देता हूं। मैं बधाई देता हूं कि 2014 के पूर्व की सरकारें कहीं न कहीं...(व्यवधान) अभिनन्दन है। वर्ष 2014 के पूर्व की सरकारों की ढुलमुल नीतियों के कारण, भाई-भतीजावाद के कारण, परिवारवाद के कारण, भ्रष्टाचार के कारण, दिशाहीन नेतृत्व के कारण इस देश की जनता ने आजिज़ आकर देश की सरकार में एक आमूलचूल परिवर्तन किया और एन.डी.ए. के नेतृत्व में एक पूर्ण बहुमत वाली सरकार को स्थापति किया और मजबूत लोकतंत्र के साथ एक नए युग का आरंभ किया, यह भारत के लिए गौरव का विषय था। कुछ राजनेता सत्ता प्राप्ति के लिए, अपने हितों को साधने के लिए समाज को कभी दलित-नॉन दलित, कभी अगड़ों-पिछड़ों में, कभी हिंदू-मुस्लिम में बाँटते रहे। कोई नेता जी कहते हैं, मुस्लिम मेरे हैं, कोई बहन जी कहती हैं, मुस्लिम मेरे हैं जबकि प्रतिस्पर्धा इस बिन्दु पर होनी चाहिए थी कि हमने उनके जीवनस्तर को सुधारने के लिए क्या किया। प्रतिस्पर्धा इस बात पर हो गई कि हमने किस धर्म और जाति को कितनी चुनाव में टिकटें बांटी, शर्मनाक विषय था। आज देश की जनता को हम समाज, धर्म, जाति, बिरादरियों के अंदर अगड़ों-पिछड़ों में बांटकर देश का भला नहीं कर सकते और देश की जनता अब यह पहचान चुकी है कि यह समाज को बांटने वाले लोग, धर्म, जाति, बिरादरियों में बांटने वाले लोग देश का भला नहीं कर सकते।

हमारे देश में गंगा-जमुनी तहजीब है, जब हम सबका विकास, सबका साथ लेकर आगे बढ़ेंगे, तभी देश का भला होने वाला है, यह बात अब सभी लोग समझ चुके हैं। उसी का परिणाम है कि आज देश के अंदर एक ऐसी सरकार स्थापित हुई है, जिस सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में ऐसे कार्य किये हैं, जो कार्य 70 सालों की आजादी के बाद भी शुरु नहीं हुए। अब जब मैं अपनी सरकार की उपलब्धियां बताऊंगा तो माननीय खड़गे जी, श्रद्धेय खड़गे जी कहेंगे कि यह तो हमारी योजना थी, आप यह जरूर कहेंगे। मैं कहना चाहता हूं ...(व्यवधान) आप कह दीजिए, मैं कहना चाहता हूं कि आप ऐसा कहेंगे, खड़गे जी, मुझे पता था कि आप यह कहेंगे कि यह हमारी योजना है। 70 सालों में अधिकांश समय आपको मिला और पिछले दस वर्षों में लगातार आपको काम करने का मौका मिला। ...(व्यवधान) 70 सालों तक अधिकांश समय एक

पार्टी, एक सरकार को राज करने का मौका मिला और दस वर्षों से लगातार आपको काम करने का मौका मिला। आज आपसे देश यह पूछता है कि आखिरकार किस कारण से आप अपनी घोषणाओं को पूरा नहीं कर सके, किस कारण से घोषणाएं सिर्फ घोषणाएं बनकर रह गईं। गरीबी हटाओ का नारा सिर्फ नारा रह गया। …(व्यवधान) मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि ये मात्र घोषणाएं क्यों रह गईं।

मुझे खुशी है कि एन.डी.ए. की सरकार के माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व के सान्निध्य से हमने इन सभी कामों को पूरा किया। यह बात यह बताती है कि इन कार्यों की असफलताएं और सिर्फ घोषणाओं के कारण गरीब व्यक्ति और गरीब होता चला गया। यह बात यह भी बताती है कि कहीं न कहीं सफलता के प्रयास पूरे मनोयोग से नहीं किये गये, इसी कारण घोषणाएं सिर्फ घोषणाएं बनकर रह गईं। आज हमारे लिए यह एक शर्म की स्थिति है। आज सचाई यह है कि ये असफलता के प्रमाण हैं कि हमने सफलता के प्रयास पूरे मनोयोग से नहीं किये। अगर पूछना चाहेंगे तो दुष्यंत जी ने कहा है - कौन कहता है कि आसमान में छेद नहीं हो सकता, एक पत्थर तो ईमानदारी से उछालो यारों। अगर ईमानदारी से, पूरे मनोयोग से सफलता के प्रयास किये होते तो आज प्रदेश और देश की स्थिति अलग होती। मैं बताना चाहता हूं कि 70 सालों की आजादी के बाद आज भी 18,452 गावों में बिजली नहीं है। किंतु हमारी सरकार ने मात्र दो सालों के अंदर 11 हजार गावों में बिजली पहुंचा दी। मैं पूछना चाहता हूं कि …(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record. Only Dr. Mahesh Sharma's speech will go on record.

… (*Interruptions*) … [*]

**डॉ. महेश शर्मा :** वे सरकारें इसका जवाब दें। मैं बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 265 गांवों में बिजली नहीं थी, लेकिन पिछले दो वर्षों में 264 गांवों में हमारी सरकार बिजली लाई। मैं बताना चाहता हूं कि 2011-12 में उत्तर प्रदेश में एक भी गांव में विद्युतीकरण नहीं हुआ। वर्ष 2012-13 में तीन गांवों का विद्युतीकरण हुआ और 2013-14 में एक भी गांव का विद्युतीकरण नहीं हुआ, यानी उत्तर प्रदेश में तीन सालों में सिर्फ तीन गावों का विद्युतीकरण हुआ। परंतु हमारी सरकार ने दो वर्षों में 11 हजार गावों में बिजली पहुंचाई। हमारा प्रयास है कि मई, 2018 तक पूरे 18 हजार गावों में हम बिजली पहुंचाएं और यह सिर्फ हमारा प्रयास नहीं, हमारा पूरा संकल्प है कि हम अपनी इस बात को जरूर पूरा करेंगे।

---

[*] Not recorded.

आदरणीय अध्यक्ष महोदया, आपके सामने में कुछ आंकड़े पेश करना चाहता हूं। कहावत है - 'हाथ कंगन को आरसी क्या और पढ़े-लिखे को फारसी क्या।' मैं आपके सामने कुछ आंकड़े पेश कर रहा हूं कि हमारी घोषणाएं सिर्फ घोषणाएं नहीं थीं, उनके परिणाम इन दो सालों में धरातल पर आ चुके हैं।

मैं बताना चाहता हूँ कि जन-धन योजना के अंतर्गत 26 करोड़ 68 लाख खाते खुले, जिसमें से 21 करोड़ खातों पर रूपे-डेबिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। ये सब योजनाएं धरातल पर उतरी हैं। 9 करोड़ 90 लाख व्यक्तियों द्वारा प्रधान मंत्री सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रतिभाग किया गया। जिसके दस हज़ार दावों में से सात हज़ार दावों का भुगतान भी किया जा चुका है। तीन करोड़ व्यक्तियों द्वारा प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 54 हज़ार दावे हमें प्राप्त हुए और 50 हज़ार दावों का भुगतान किया जा चुका है। अटल पेंशन योजना के अंतर्गत, 41 लाख 92 हज़ार व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया था। अब तक इस योजना में 1482.58 करोड़ रूपये का फण्ड जमा हो चुका है। प्रधान मंत्री मुद्रा योजना के तहत, दो करोड़ 45 लाख व्यक्तियों को 89 हज़ार 390 करोड़ रूपये के ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। मैं गर्व और गौरव से बताना चाहता हूँ कि इनमें से 58% लाभार्थी दलित व 76% लाभार्थी महिलाएं थीं। यह सरकार दलित, पीड़ित और महिलाओं के सम्मान के प्रति समर्पित और संकल्पित सरकार है। विभिन्न अनुदानों के खातों में भेजने से 36 हज़ार करोड़ रूपये से अधिक की राशि का इस देश को फायदा हुआ है। उजाला योजना के तहत एलईडी बल्बों के माध्यम से हमारे दस हज़ार यूनिट प्रतिवर्ष बचेंगे। सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत एक करोड़ तीन लाख खाते खोले गए हैं, जिनमें 11 हज़ार 269 करोड़ रूपये जमा किए गए हैं। प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सन् 2016-17 में 21 लाख 50 हज़ार आवास पूर्ण कर लिए गए, जिनमें से 44 लाख आवास बनाए जाने की आवश्यकता है।

अध्यक्ष जी, मैं बताना चहाता हूँ कि सफलता पाने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति और 56 इंच का सीना और उस सीने के पीछे धड़कता हुआ एक दिल चाहिए, जिसके लिए राष्ट्र समर्पण की भावना हो। …(व्यवधान) जिसके लिए गरीब, किसान, जवान, नौजवान, माताओं-बहनों के सम्मान का समर्पण भाव हो। …(व्यवधान) अगर इसकी जीती-जागती मूर्ति देखनी है तो हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी को देखिए। …(व्यवधान) ये आपके सामने जीता-जागता उदाहरण हैं। …(व्यवधान) इस राष्ट्र की अखण्डता एवं अक्षुणता को एक रखने के लिए इस सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को मैं साधुवाद देता हूँ। भारतीय सैनिकों के मनोबल को बढ़ाने के लिए चर्चाएं होती थीं। बीसियों साल से हम भी सुनते आ रहे थे कि एक रैंक, एक पैंशन की बात चल रही है। सालों से सैनिकों के लिए चर्चाएं होती थीं। महीनों-दिनों से नहीं, सालों से, बीस-पच्चीस सालों से चर्चाएं हो रही थीं। हमारी सरकार ने आज उन वीर सैनिकों के सम्मान के लिए एक

रैंक-एक पेंशन योजना लागू की है, जिसके लिए 11 हज़ार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है और जिसमें से छह हज़ार करोड़ रूपये जारी भी कर दिए गए हैं। …(व्यवधान)

साथियों, मैं बताना चाहता हूँ कि हममें से बहुत सारे लोगों को बॉर्डर पर अपनी जान न्यौछावर करने का मौका तो नहीं मिलेगा, लेकिन राष्ट्र की इस मुख्यधारा में रह कर ही कम से कम हम इस देश के लिए कुछ कर सकते हैं। देश के आतंकवादियों के खिलाफ, देश के दुश्मनों के साथ लड़ते हुए, हमारी सरकार ने एक दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ सर्जकल स्ट्राइक की थी। जिसको सफलता से पूरा कर के हमारे सैनिक सुरक्षित वापस लौट कर आए। …(व्यवधान) हमारे सैनिक लौट कर सुरक्षित वापस आए। …(व्यवधान) अपने देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों को भी अपनी राष्ट्रभक्ति का सबूत मांगने का काम आज इस विपक्ष ने किया है। यह शर्म की बात है। …(व्यवधान) यह शर्म की बात है कि उन सैनिकों को भी अपनी राष्ट्रभक्ति का सबूत देना पड़ा। …(व्यवधान) याद करो इतिहास के उन पन्नों को जब देश की जनता ने सबूत नहीं मांगे थे, बंग्लादेश के अंदर जब घटना हुई थी, तब उन वीर सैनिकों का सम्मान किया था। आज की घटना को याद कीजिए कि आपने उन वीर सैनिकों से उनकी वीरता के सबूत मांगे हैं। …(व्यवधान) कम से कम राष्ट्रहित के मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। …(व्यवधान) राष्ट्रहित के मुद्दों पर, जहां सैनिकों के सम्मान की बात हो, जहां देश के सीमाओं की सुरक्षा की बात हो, वहां राजनीति नहीं होनी चाहिए।…(व्यवधान) एक स्वस्थ लोकतंत्र से यह अपेक्षा नहीं की जा सकती है। …(व्यवधान) यह मेरी प्रार्थना है।

यह सरकार, आपकी सरकार, भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए है। भ्रष्टाचार इस देश को दीमक की तरह खा चुकी थी। लाखों-करोड़ों रूपये के घोटाले सुनकर विश्वास भी नहीं होता था, घबराहट भी होती थी कि कहीं कोयले में तीन लाख करोड़ रूपये का घोटाला, कहीं आसमान में स्पेक्ट्रम में घोटाला। जब हमारी सरकार आयी तो सबसे पहले एस.आई.टी. का गठन कर उस भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए हमारी सरकार ने एक चोट की। लोक हित में कठोर निर्णय लेने की इस देश की एक परिपाटी रही है, लेकिन उस परिपाटी को लागू नहीं किया गया। हमारी सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाते हुए भ्रष्टाचार और काले धन के खिलाफ एक भीष्म प्रतिज्ञा की और 08 नवम्बर की शाम 8 बजे इस देश के काले धन पर चोट करते हुए एक फैसला लिया गया। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को साधुवाद देना चाहता हूँ कि उन्होंने यह फैसला लिया। मुझे याद है इससे पहले एक प्रधान मंत्री जी ने वर्ष 1976 में, यह बात आई थी, उस वक्त के वित्त मंत्री जी ने कहा था कि ऐसा फैसला हो, लेकिन उस वक्त की प्रधान मंत्री जी ने यह कहकर बात टाल दी थी कि क्या यह आखिरी चुनाव है, क्या और चुनाव नहीं लड़ने हैं? हमारे प्रधान मंत्री जी को भी पता था कि दो महीने बाद 5 राज्यों में चुनाव हैं, लेकिन उनकी सोच थी कि मेरे लिए देश बड़ा है, चुनाव, राजनीति

और सत्ता प्राप्त करना मेरा उद्देश्य नहीं है।...(व्यवधान) हम देश में व्यवस्था बदलने आये हैं, हम सत्ता पाने के लिए नहीं आये हैं। यह बात मोदी जी को पता थी कि दो महीने बाद चुनाव हैं। बहुत लोगों की चर्चा थी कि अरे मोदी जी दो महीने बाद कम से कम चुनाव तो हो जाने देते। हमारी काली तिजोरी में जो पैसा पड़ा है, कम से कम उसे तो ठिकाने लग जाने देते। प्रधान मंत्री जी ने दृढ़ इच्छाशक्ति और देश को आगे रखते हुए आज उन भ्रष्टाचारी नेताओं पर कुठाराघात, वज्राघात किया है। यह हमारे लिए गौरव की बात है। एक और बहुत बड़ी घटना आजादी के बाद पहली बार हुई। यह जो काले धन पर वज्राघात हुआ है, यह भ्रष्टाचारियों के खिलाफ था, यह नक्सलवादियों के खिलाफ था, यह आतंकवादियों के खिलाफ था, यह नकली नोट छापने वालों के खिलाफ था। शर्म की बात है कि पहली बार विपक्ष भ्रष्टाचारियों के साथ खड़ा हुआ नजर आया, यह आजादी के बाद पहली बार हुआ है। यह शर्म की बात है। मुझे खुशी है उन राज नेताओं से, जिन्होंने खुले मन से कहा कि हम इस काले धन के खिलाफ नोटबन्दी के साथ हैं। मुझे खुशी होती कि राष्ट्रहित में पूरा विपक्ष एक-साथ खड़ा होता, जब पूरा देश प्रधान मंत्री जी के, सरकार के इस फैसले के साथ खड़ा होता, मुझे खुशी होती कि पूरा विपक्ष भी साथ खड़ा होता, प्रधान मंत्री जी के गले में माला डालता कि आपने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है।...(व्यवधान) लाइन में खड़ा हुआ आखिरी व्यक्ति, कितना काला धन बैंकिंग चैनल्स में आया है, अब वह काला धन आज देश के विकास में इस्तेमाल होगा। वह काला धन ग्रामीण विकास में इस्तेमाल होगा।...(व्यवधान) इस योजना को मेरे विपक्ष के भाइयों ने,...(व्यवधान) मैं वह भी बताऊँगा, आप सुन लीजिए।...(व्यवधान) आप मेरी बात सुनिये।...(व्यवधान) अभी बताते हैं, आप सुनिये।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record, please. I am always telling you.

… (*Interruptions*) … *

**डॉ. महेश शर्मा :** महोदया, इस लोक हितकारी योजना पर प्रश्न उठे।...(व्यवधान) इस पर प्रश्न उठा कि यह योजना बिना सोचे-समझे आनन-फानन में जारी की गई। मैं पूछना चाहता हूँ कि 26 करोड़ जन-धन खाते, एक रूपया बिना जमा कराये, गरीब जिसने बैंक का दरवाजा नहीं देखा, उनके खाते खोलने की योजना किसकी थी? वह योजना इस सरकार की थी। 65 करोड़, 125 करोड़ देशवासियों में से 65 करोड़ आधार कार्ड बनाने की योजना किसकी थी? वह इस सरकार की थी।...(व्यवधान) रात को 8 बजे घोषणा होती है, अगले दिन सवेरे आपको नई करेंसी मिल जाती है, क्या यह योजना का हिस्सा नहीं था, क्या यह सोची-समझी योजना नहीं थी?...(व्यवधान) मैं विपक्ष से पूछना चाहता हूँ, आज विपक्ष इन तीनों बातों का

---

* Not recorded.

जवाब दे कि आखिरकार 24 घंटे में आपके पास नई करेंसी कहाँ से आ गई? जो काम आप नहीं कर पाये, देश की आधी से ज्यादा आबादी को आधार कार्ड इस सरकार ने दिया। आप भी यह कर सकते थे।

**वित्त मंत्री तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्री (श्री अरुण जेटली) :** यह आँकड़ा 107 करोड़ है।

**डॉ. महेश शर्मा :** यह आँकड़ा 107 करोड़ है। जब एक टी.वी. का खबरिया चैनल लाइन में खड़े आखिरी व्यक्ति के मुँह के पास माइक लगाता है और पूछता है कि कहो बाबा कैसा लगा तो वह कहता है कि मोदी जी का फैसला है, राष्ट्रहित में है, कोई बात नहीं, मैं लाइन में लगना बर्दाश्त कर लूँगा। पूरे देश की जनता खड़ी हो गयी हमारे प्रधान मंत्री जी के इस फैसले के साथ, लेकिन विपक्ष अपनी जिम्मेदारी निभाने से चूक गया। विपक्ष की नज़रें देखिए। मुझे ग़ालिब का वह शेर याद आता है-

“थी खबर गरम, कि ग़ालिब के उड़ेंगे पुर्जे,
देखने हम भी गए, मगर तमाशा न हुआ।”

बहुत इंतज़ार था कि न जाने क्या होगा। पर, कुछ नहीं हुआ। देश की जनता ने पूरे मनोयोग के साथ स्वीकार किया और काले धन वालों पर आज चोट पहुंची है।

हमारे प्रधान मंत्री जी द्वारा जो बहुत बड़े फैसले लिए गए कि तीन लाख रुपए से अधिक का कैश ट्रांजैक्शन अब नहीं होगा, इससे भ्रष्टाचारियों को तक़लीफ हुई होगी। राजनीतिक पार्टियों को दो हजार रुपए से ऊपर का कैश चंदा नहीं दिया जा सकेगा। इससे उन्हें तक़लीफ हुई होगी जिन्होंने लिस्टें बनाकर करोड़ों-अरबों रुपए की संपत्ति दिखा दी कि साहब, हमें तो दान में मिले हैं पैसे, पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिए हैं। उनको इससे तक़लीफ होगी। मैं समझता हूं कि अब इस काले धन के खिलाफ लड़ाई में अभी तो जेब फटी है, अब कुर्ता भी फटने वाला है।...(व्यवधान)

पंडित दीनदयाल जी के जन्म शताब्दी वर्ष को ‘गरीब कल्याण वर्ष’ के रूप में मनाते हुए हमारी सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र को मानते हुए यह किया कि ‘आज़ादी के किरण की रोशनी’ और हमारी सरकार और हमारे देश के विकास के कार्यों से किया हुआ फल, पायदान की सीढ़ी पर खड़े हुए अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, उस गरीब तक पहुंचे। मैंने आपके सामने आंकड़े पेश किए हैं, जो यह बताते हैं कि इनमें से अधिकांश लाभ गरीब को हुआ है, किसान को हुआ है, मज़दूर को हुआ है।

हमारी सरकार ने फैसले लिए। हमारी सरकार ने वे फैसले लिए, जो संघीय ढांचे में संपूर्ण राष्ट्र के विकास के लिए है। यह खाली किसी व्यक्ति या किसी परिवार या समाज के विकास के लिए नहीं है, बल्कि संपूर्ण राज्य के विकास के लिए है और पायदान की सीढ़ी पर खड़े हुए आखिरी गरीब किसान, जवान, नौजवान, किसी कृषक और मज़दूर के लिए है। बहुत बड़े-बड़े फैसले लिए गए।

जैसे जी.एस.टी. है। अभी फिर वे कहेंगे कि यह तो हमारी शुरूआत थी।...(व्यवधान) मैं धन्यवाद देता हूं इस सदन को भी, लेकिन इस प्रयास का श्रेय हमारी सरकार, हमारे प्रधान मंत्री जी को जाता है कि आज जी.एस.टी. लागू हुआ है वरना राज्यों में भेदभाव था।...(व्यवधान)

मैं कहना चाहता हूं कि राज्यों का प्रांतीय करों में हिस्सा 32 प्रतिशत था। हमने इसे 42 प्रतिशत किया। फैडरल स्ट्रक्चर को सम्मान देते हुए हमने इसे 42 प्रतिशत किया।...(व्यवधान) आप क्यों नहीं कर पाए, इस बात का जवाब दीजिए।...(व्यवधान)

आज पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुज़र रही है। लेकिन, भारत की अर्थव्यवस्था नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। अर्थतंत्र को मज़बूत करने के लिए भारत की अर्थव्यवस्था में, चाहे हमारे किसानों का, श्रमिकों का, उद्यमियों का, युवाओं का, सेवादाताओं का, महिलाओं का, जिनकी भी आवश्यकता थी, उन सभी का इसमें ध्यान रखा गया है।

'सबका साथ, सबका विकास' को अपना मूल मंत्र मानते हुए हम लोगों ने एक पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का वादा किया था और उस वादे के तहत 1159 रिडंडेंट लॉज़, जो कानून लाल फीताशाही को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए थे, उन कानूनों को हमने समाप्त किया और 400 ऐसे और कानूनों पर काम चल रहा है। 1160 कानूनों को इस सरकार ने खत्म किया। इस सरकार की इच्छाशक्ति बताती है कि हम पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के लिए कटिबद्ध हैं और देश की जनता का समर्थन भी हमें मिल रहा है।...(व्यवधान)

को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म के तहत हम लोगों ने व्यावसायिक वातावरण बनाकर ईज़-ऑफ-डूइंग-बिजनेस के लिए राज्यों की रैंकिंग की शुरूआत की है।...(व्यवधान) सरकार ने उद्योगों में युवाओं और महिलाओं की रूचि बढ़ाने के लिए मेक-इन-इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैण्ड-अप इंडिया जैसी योजनाओं को प्रारम्भ किया है। इन योजनाओं के अंतर्गत नई तकनीक के विकास व नई खोज के तहत दस हजार करोड़ रुपये के फंड से यह योजना शुरु की गई है जिसमें से एक लाख पच्चीस हजार महिलाएं और एक लाख पच्चीस हजार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमियों को बैंक के माध्यम से बिना कोई अतिरिक्त संपत्ति ग्रहण किए हुए, ये सुविधाएं दी गई है। यह भारत सरकार की सोच है। मैं कहना चाहता हूं कि सरकार की इन नीतियों ने न सिर्फ भारत अपितु विश्व में हमारी साख बढ़ी है। एफ.डी.आई. में वर्ष 2015-16 के अंदर 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है और वर्ष 2016-17 में 23 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। यह भारत के लिए बधाई है और इससे हमारे देश का सम्मान बढ़ा है। पूरे विश्व की नजरों में भारत एक ऐसी ताकत बना है कि पूरा विश्व आज लालायित नजरों से हमारी तरफ देख रहा है।

हमारी सरकार की नीतियों का लाभ सिर्फ उद्योगपत्तियों एवं व्यवसायियों तक सीमित नहीं है। इस सरकार ने किसानों के लिए, श्रमिकों के लिए उनको मूल धारा में भाग रखते हुए, विकास की योजनाएं तैयार की है। मैं बताना चाहता हूं कि किसानों के लिए कितनी योजनाएं इस सरकार ने बनाई हैं। चाहे वह गन्ना किसानों का मुआवजा वापस करने की बात हो, चाहे किसानों की जो फसल बर्बाद हो जाती थी, उसके लिए हो। किसान फसल बर्बाद होने पर आत्महत्या कर लेते थे। यह नियम था कि 50 पर्सेंट फसल जब बर्बाद होगी तभी कुछ मुआवजा मिलेगा। लेकिन हमारी सरकारी ने यह तय किया कि फसल यदि बारिश से बर्बाद हो जाए, ओला से हो जाए या किसी और कारण से किसान की फसल बर्बाद हो जाती है तो 50 प्रतिशत नहीं, अगर 30 या 33 प्रतिशत फसल अगर बर्बाद हुई है तो उसे मुआवजा दिया जाएगा। यह हमारी सरकार का किसानों के प्रति समर्पण था।

फसल बीमा योजना के तहत एक लाख रुपये की खरीफ और रबी के लिए मात्र पंद्रह सौ रुपये या दो हजार रुपये में, जिसका बीमा में कोई नियम नहीं है। मैं समझता हूं कि फसला बीमा योजना किसानों के लिए जीवनदायनी चीज है। आज हमारे देश का किसान जिसे लाभकारी मूल्य भी प्राप्त नहीं हो पाता था और मिनिमम सर्पोट प्राइस के भरोसे वह किसान हमेशा सरकार की तरफ देखता रहता था। आज उस किसान के साथ भारत की सरकार खड़ी हुई है। किसान भगवान की तरफ टकटकी लगाए देखता था कि बारिश होगी तो मेरी फसल बढ़ेगी। आज प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत हम लोगों ने योजना बनायी है कि एक-एक हमारा खेत बिना सिंचित हुए नहीं रहेगा। "वन ड्रॉप मोर क्रॉप" यह हमारी योजना है। एक-एक बूंद पानी को हम किसान के फसल तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। यह हमारी सोच है। मैं समझता हूं कि अपनी सफलता के लिए किसान को केवल मौसम के भरोसे नहीं छोड़ेगे, उस किसान के लिए हम लोगों ने और भी योजनाएं बनाई हैं। एक रुपया महीने में अगर किसान का, गरीब का, मजदूर का दो लाख रुपये का बीमा होता है, यह किस की सोच थी। एक रुपया रोज में अटल पेंशन योजना के तहत दो लाख रुपये का बीमा योजना यह किस की सोच थी। क्या यह पूंजीपतियों के लिए किया गया है? बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना क्या किसी पूंजीपति के बेटी को जरुरत थी? यह गरीब आदमी के लिए थी, एक किसान के लिए थी, एक मजदूर के लिए यह योजना थी। किसान क्रेडिट कार्ड को रुपे डेबिट कार्ड में बदला गया है। आज देश के किसान के साथ सरकार की एक पार्टनर की तरह बनकर खड़ी है। जब हमारी सरकार ने कहा कि किसान की आय पांच साल में दोगुनी कर देंगे तो आज उस किसान का विश्वास इस सरकार में बढ़ा है। इसमें कोई दो राय नहीं है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, वर्तमान बजट में कृषि ऋण हेतु दस लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है। यह राशि फसल बीमा योजना के लिए ब्याज मुक्त क्रॉप के लिए अगर लोन देना है। पहले साहूकार के

पास किसान जाता था और पांच रुपये सैकड़े, दस रुपये सैकड़े पर ब्याज लेता था। आज जन-धन खाते में वह जब चाहे पांच हजार या दस हजार रुपये के रकम निकाल लें या उसमें बिना ब्याज के डाल दे। यह सोच सिर्फ इस सरकार की हो सकती है। मैं यह बताना चाहता हूं कि हमारी सरकार किसानों और गरीबों के लिए कितना कुछ करना चाहती है, इसमें कोई दो राय नहीं है। प्रधानमंत्री के फसल बीमा योजना के अंतर्गत हमलोगों ने बीमा धनराशि को दूगुना किया है और प्रीमियम की राशि को न्यूनतम स्तर पर लाया गया है। हम लोग प्रीमियम स्तर जितना ला सकते हैं, उतना कम से कम लाए हैं।

मैं पेशे से डॉक्टर हूं। बीमारी मलेरिया की और इलाज टाइफाइड का हो, किसानों को यूरिया दिया जा रहा था, यूरिया के नाम पर ब्लैक् मार्केटिंग हो रही थी, लाठी चार्ज होता था। आज मैं पूछना चाहता हूं कि क्या पिछले डेढ़ साल में देश में कोई एक घटना हुई है या यूरिया के लिए लाठी चार्ज हुआ? इसमें सरकार की नीति स्पष्ट थी। सरकार उन कंपनियों के साथ नहीं थी, जो यूरिया को ब्लैक मार्केट में बेचते थे। हमने यूरिया की नीम लेपन क्रिया की और यूरिया किसानों को आसानी से उपलब्ध हुआ। एक भी घटना नहीं हुई कि किसान को यूरिया नहीं मिली और किसान पर लाठी चार्ज हुआ, यह मैं बताना चाहता हूं।

अध्यक्ष जी, विदेशी कंपनियों से टाई अप था कि आप वह फर्टिलाइजर हमें दीजिए, हम किसान को बांटेंगे, किसान बिना सोच-समझे अपनी जमीन में जो मर्जी डाल देगा। आज 648 विज्ञान केन्द्रों के द्वारा हम लोगों ने मृदा स्वाइल टेस्ट के कार्ड जारी किए हैं। किसान अपनी जमीन का टेस्ट कराएगा, उसमें पोटाश की कमी है, यूरिया की कमी है, फॉस्फेट की कमी है, यह जानेगा और उतना ही उसमें डालेगा। इससे धरती के अंदर केमिकल्स का जो पोल्यूशन हो रहा था, उससे भी देश की जनता बचेगी। यह हमारा एक संकल्प था। हमने इसकी शुरूआत की है, शुरूआत ही नहीं लागू भी कर दिया है और इसके परिणाम भी आने लग गए हैं।

किसान का माल बच जाता था। उसके माल का कोई खरीददार नहीं होता था। सड़कों पर उनका माल फेंका जाता था। बीच के आढ़ती और दलाल किसान की फसल को, पचास पैसे प्रति किलोग्राम, दस पैसे, पच्चीस पैसे प्रति किलोग्राम में टमाटर और प्याज खरीदते थे। किसान सड़कों पर उन्हें फेंकने को मजबूर हो जाता था। हमारी सरकार ने ई-राष्ट्रीय मार्केट के माध्यम से, वह टेंडर के माध्यम से अपना पूरा सामान देश के किसी हिस्से में बेच सकता है, यह शुरूआत हमारी सरकार ने की है। यह सरकार की किसानों के प्रति बहुत बड़े समर्पण भाव की बात है।

विपक्ष बार-बार यह इल्जाम लगाता रहा कि यह सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। ...(व्यवधान) मैं जितने नाम ले रहा हूं, ये सारे फैसले, चाहे वह किसान बीमा योजना हो, सुकन्या समृद्धि योजना हो, यहां तक कि विमुद्रीकरण भी सिर्फ और सिर्फ देश के गरीब और किसान, जवान के लिए है। ...(व्यवधान)

उज्ज्वला गैस योजना, मैं समझता हूं कि देश में ही नहीं, विश्व में भी ऐसा उदाहरण नहीं मिलेगा। एक करोड़ बीस लाख लोगों ने स्वेच्छा से कहा कि हम अपने गैस की सब्सिडी वापस करते हैं। ऐसा उदहारण कहीं नहीं मिलेगा। प्रधानमंत्री जी ने आह्वान किया। मुझे लाल बहादुर शास्त्री जी का वह आह्वान याद है। आज उसी परिपाटी के अंदर प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर एक करोड़ बीस लाख लोगों ने गैस सब्सिडी वापस कर दी। यह कितना बड़ा कदम था, कितना बड़ा त्याग इस देश की जनता का था। मैं देश की जनता को साधुवाद देता हूं कि प्रधानमंत्री जी के एक छोटे से आह्वान को उन्होंने एक संकल्प मान लिया और हमारी सरकार डेढ़ करोड़ महिलाओं और बहनों को उज्ज्वला गैस योजना के माध्यम से गैस उपलब्ध करा चुकी है और हम पांच करोड़ लोगों को यह उपलब्ध कराने जा रहे हैं। हमने यह ध्यान नहीं दिया कि यह गैस का चूल्हा किसको मिल रहा है, किस जाति को मिल रहा है, किस धर्म को मिल रहा है, किस मजहब को मिल रहा है। अगर इसकी जांच करांएगे तो पाएंगे कि इसके अंदर किसी जाति-बिरादरी या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया गया है, यह बात मैं गर्व और गौरव से कहना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

हमारे 125 करोड़ देशवासी हमारी ताकत हैं। इस ताकत का डेमोक्रैटिक डिविडेंड जहां हमारी 65 पर्सेंट आबादी 35 साल से कम है, यह हमारे भारत की ताकत है। उन युवाओं को डेमोग्राफिक डिविडेंड मिले। उन युवाओं के लिए भी भारत सरकार संकल्पित है कि उनकी ऊर्जा को, उनके उत्साह को अगर हम सही दिशा में प्रवाहित नहीं कर पाए, उनको अगर रास्ता नहीं दिखा पाए, केवल डिग्रियां देकर नहीं, देश के चार करोड़ युवाओं को कौशल विकास के साथ, हम उनको एक अच्छा उद्यमी, श्रमिक बनाएंगे, ताकि वे रोजगार की लाइन में न लगें और किसी भ्रष्टाचारी के हाथ न लगें कि तुम फलां जाति के हो, इतने पैसे दोगे, तो आपको नौकरी मिलेगी। हमारी सरकार ने कहा कि तीसरे और चौथे दर्जे की नौकरियों के लिए अब इंटरव्यू नहीं होगा। आज तीसरे और चौथे दर्जे की नौकरी हमारा युवा सीधे प्राप्त कर सकेगा।

मैं बताना चाहता हूं कि चार सालों में हम देश के एक करोड़ युवाओं को इतना सशक्त कर देंगे कि वह नौकरी की लाइन में न लगकर, नौकरदाताओं की लाइन में लगेगा, वह नौकरी देने वाला बनेगा। यह हमारी सरकार की सोच है।

प्रशिक्षिता योजना, दस हजार करोड़ रुपए से प्रारम्भ की गई है। मजदूरों की बेहतरी के लिए आज उनकी मिनिमम तनख्वाह के अंदर इस सरकार ने 42 प्रतिशत की वृद्धि की है, जो एक इतिहास है कि 42

प्रतिशत की बढ़ोत्तरी श्रमिकों के वेतन में की है। बोनस की सीमा 3,500 रुपये होती थी, आज उस सीमा को बढ़ाकर 7,000 रुपये किया गया है। यह भी इसी सरकार का कदम है। बोनस की पात्रता 10,000 रुपये तक सीमित थी, हमारी सरकार ने 21,000 रुपये की सीमा निश्चित की है। ये तीनों कदम श्रमिकों के लिए जीवनदायिनी का काम कर रहे हैं, आम कामगार, आम मजदूर, आम कर्मचारी के लिए काम कर रहे हैं। कर्मचारी भविष्य योजना - जब एक मजदूर एक फैक्ट्री में काम करके दूसरी फैक्ट्री में चला जाता था तो उसके पिछले ईपीएफ का पता ही नहीं चलता था। हजारों- करोड़ों रुपये ईपीएफ के खातों में पड़े हुए थे। वह न मजदूर को मिलते थे, न देश के काम आते थे, उनके खातों में बंद थे। हमारी सरकार ने उन्हें एक यूआईडी नम्बर दिया है जो पोर्टेबल है। ...(व्यवधान) अब आप देश के किसी कोने में नौकरी करें, कहीं भी काम करें, अपने यूआईडी नम्बर को साथ लेकर जाएं, आपका ईपीएफ का एक पैसा भी बर्बाद नहीं होगा। यह हमारी सरकार ने किया है।...(व्यवधान)

खड़गे जी, मैं शुरुआत ही इस बात से कर चुका था। मुझे मालूम है कि आप मेरी हर बात पर यह कहेंगे कि यह हमारी योजना थी। लेकिन सवाल यही पूछा जाता है कि आप इसे पूरा क्यों नहीं कर पाए। ...(व्यवधान) मैंने उसका जवाब भी पूछा है।...(व्यवधान)

यह देश नारी शक्ति को पूजने वाला है। इस देश की बेटियों ने, चाहे साक्षी मलिक हो, दीपा करमाकर हो, सिंधु हो, हमारे देश का मान बढ़ाया है। उस 50 प्रतिशत आबादी की तरफ अपना कौशल प्रदर्शन, प्रतिकूल परम्पराओं के कारण बेटी की संख्या घटती जा रही थी। हरियाणा जैसे राज्य में आज संख्या में बढ़ोतरी हुई है। आज बेटियों के लिए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना', 'सुकन्या समृद्धि योजना' न सिर्फ लिंग अनुपात में सुधार लाएगी बल्कि इससे महिलाओं की शिक्षा की दर में भी गुणात्मक परिवर्तन आएगा, यह हमारी सरकार की सोच है। माताएं, बहनें - गर्भवती महिलाओं के खाते में सीधे 6,000 रुपये की राशि भेजी जाएगी। उनका मात्र 12 सप्ताह का अवकाश होता था। माता अपने शिशु का लालन-पालन ढंग से कर सके, इसलिए हमने उसे बढ़ाकर 26 सप्ताह किया है। माताओं और बहनों के प्रति हमारी सरकार का यह समर्पण भाव है, माताओं और बहनों का जीवन स्तर सुधारने की हमारी सोच है। हमारी इंद्रधनुष योजना के तहत 55 लाख बच्चों को सरकार ने टीकाकरण किया है। यह भारत सरकार की सोच है कि वह अपनी माताओं, बहनों के लिए और क्या करना चाहती है। इस कारण मातृत्व मृत्यु दर में कमी आई है।

विभिन्न संस्कृति वाला यह देश जहां कोस-कोस पर भाषा, कोस-कोस पर पानी, वाणी, वेशभूषा और खान-पान बदल जाता है, लेकिन पूरा विश्व इस बात पर आश्चर्यचकित नजरों से देख रहा है कि फिर

भी यह भारत एक है। कितनी भाषाएं, कितने खान-पान, कितनी वेशभूषा, लेकिन भारत एक है। यह हमारा गर्व और गौरव है। अपनी इसी सांस्कृतिक विरासत के कारण विश्व गुरू के रूप में पूरा विश्व ललचाई नजरों से हमारी तरफ देख रहा है कि हमारा भारत पूरे विश्व का मार्गदर्शन करेगा। जब पाश्चात्य जगत शीत युग में काली कंदराओं में जीवन व्यतीत कर रहा था, हमारे संत-महापुरुष, ऋषि-मुनि वेदों और उपनिषदों के ज्ञान से हिमालय के पर्वत की चोटियों में बैठकर कहीं न कहीं जीवन और आत्मा के गूढ़ विषयों को पूरे विश्व को पढ़ाने, समझाने में लगे हुए थे। हमारे देश ने आतंकवादियों के सतत दंश झेले हैं। हम कभी आततायी देश नहीं रहे, हमने किसी पर हमला नहीं किया, लेकिन इस देश से बाहर भेजे गए जहाज प्रेम, नैतिकता और त्याग की भावना लेकर जाते थे। अगर हमें कोई छेड़ता था तो हम छोड़ते भी नहीं थे, हम यह भी बताना चाहते हैं। यह दृढ़ इच्छा शक्ति है।

मैं बताना चाहता हूं कि नैतिकता के संदेश को महेन्द्र वर्धन और संघ मित्रों जैसे लोगों ने पहुंचाया है। इस देश के कण-कण में मर्यादा पुरुषोत्तम राम की कथा है, इस देश के पत्ते-पत्ते में भगवान श्रीकृष्ण का वास है, इस देश की आत्मा में भगवान बुद्ध और महावीर का वास है और इस देश के हर गीत में निजामुद्दीन औलिया और अमीर खुसरो का संगीत है। यह वही 125 करोड़ देशवासियों का देश है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्', 'सर्वे भवन्तु सुखिनः', 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते' की प्रेरणा से भरी यह धरती, इस धरती के राग और निवासी, हम अपनी संस्कृति, विरासत को विश्व के सामने भी साझा करें, यह हमारा महत्वपूर्ण दायित्व है।

मैं सरकार के पर्यटन और संस्कृति मंत्री के रूप में बताना चाहता हूं कि देश में आने वाले अतिथियों की सुविधा की दृष्टि से सबसे मुफिद देश है, हमारे पास पर्यटन की दृष्टि से सब कुछ है। चार-चार खूबसूरत मौसम है, 7500 किलोमीटर की समुद्री सीमा है, विश्व का 73 प्रतिशत हिमालय है, माँ गंगा हमारे पास है, हमारे पास डेजर्ट है, हमारे पास बर्फ है, वाइल्ड लाइफ है और हमारे पास इको-ट्यूरिज्म है। आज पर्यटन के कारण 1,56,000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा भारत सरकार के खाते में आती है।

जब पूरे विश्व में पर्यटन की दृष्टि से प्रगति मात्र 4.6 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री जी की सोच है कि पर्यटन हमारे देश की आर्थिक रीढ़ बने, युवाओं के लिए रोजगार का साधन बने, महिलाओं के सशक्तिकरण का साधन बने जबकि आज पर्यटन में 15.6 प्रतिशत की प्रगति हुई है यह हमारे लिए गर्व की बात है। विश्व में ऐसा कहीं नहीं है, आप स्पेन चले जाइए, जर्मनी चले जाइए, आपको जर्मनी भाषा के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा में कोई बताने वाला मिल जाएगा। हमारी सरकार ने एक हेल्पलाइन जारी की है चौबीस घंट और 365 दिन 1363 नंबर पर बारह भाषाओं में सहायता मिलती है। अगर कोई जापानी ट्यूरिस्ट आता है, रश्यिन ट्यूरिस्ट आता है, पुलिस थाने से बात नहीं हो पाती है तो उसे उस भाषा में जवाब मिलता है, यह इस

सरकार ने किया है। 161 देशों को ई-वीजा दिए गए। इतिहास में पहली बार यह हुआ है इसकी वजह से आज 15.7 प्रतिशत की पर्यटन वृद्धि हुई है जबकि विश्व में 4.6 प्रतिशत पर्यटन की वृद्धि दर है।

मैं डिमोनिटाइजेशन के दो महीने के बाद का भी आंकड़ा पेश करूंगा, आप अचंभित होंगे और आप कहेंगे कि 11.6 प्रतिशत पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है, जबकि धनराशि में यह वृद्धि 14.6 प्रतिशत हुई है। हमने सारे मोन्युमेंट्स में ई-टिकटिंग की सुविधा कर दी है जिससे आमदनी में साठ गुना बढ़ोत्तरी हुई है, यह अपने आप में इतिहास है। फेस्टिवल ऑफ इंडिया भारत पर्व के माध्यम से इसे विश्व के कोने-कोने में ले जाएं यह हमारी सरकार की सोच है। भारत सरकार ने महान सिख गुरू गोविन्द सिंह जी की 350वीं जयंती, रामानुजाचार्य जी, दीनदयाल जी और बंदा बहादुर जी की 300वीं जयंती मनाई है, हम अपने महापुरुषों को सम्मान देते रहेंगे। संपूर्ण विश्व को अहिंसा और सत्याग्रह के दुर्लभ शास्त्र स्वतंत्रता संग्राम की क्रांति की देन है, चम्पारण सत्याग्रह की शताब्दी के साथ साबरमती आश्रम की स्थापना के 100 वर्ष, ओडिसा के खुर्दा में बख्शी जगबंदी के नेतृत्व में सैनिक विद्रोह की 200वीं वर्षगांठ का भी आयोजन किया गया। भारत सरकार के लिए गर्व की बात है कि यूनेस्को की लिस्ट में नव नालंदा विहार, चंडीगढ़ की वास्तुकला, गुजरात की रानी की वाब, काजीरंगा नेशनल पार्क, पिछले दो वर्षों में पांच स्थलों को यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटज साइट के अंदर रिकोग्नाइज किया है यह भी भारत सरकार के लिए गौरव की बात है।

विभिन्न राज्यों को एक साथ लेकर बढ़ने के लिए 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना के साथ एक-दूसरे से संवाद स्थापित करने का अनूठा प्रयोग किया। आज से 15 दिन पहले गुजरात के बार्डर रन ऑफ कच्छ में पूरे देश के संस्कृति, पर्यटन एवं खेल मंत्री और अधिकारी एकत्रित हुए। 31 राज्यों की सहभागिता हुई, केवल वेस्ट बंगाल, त्रिपुरा और लक्षद्वीप नहीं आ पाए थे। वहां से 50 किलोमीटर दूर पाकिस्तान का बार्डर दिखता है, जहां जाने का साधन रेगिस्तान का जहाज ऊंट हो। मैं पर्यटन मंत्री के रूप में आप सभी का आह्वान करता हूं कि आप भी जाकर देखिए जहां 70 किलोमीटर तक पेड़ का हरा पत्ता नहीं दिखाई देता था, जहां का गांव विकास की बात छोड़िए कोई अपनी उपस्थित दर्ज नहीं करा सकता था, आज रन ऑफ कच्छ में धोरडो गांव है आज वह एक्सपोर्ट करता है। सात दिन चलने वाला रन ऑफ कच्छ उत्सव 120 दिन के बाद भी चल रहा है। आप बुकिंग कराएंगे तो सीट नहीं मिलेगी, मैं सिफारिश कर दूंगा, 28 फरवरी तक आपको जगह न मिल पाए। अगर दृढ़ इच्छाशक्ति और सोच देखना है तो आप एक बार रन ऑफ कच्छ की भूमि में जाकर देखें, जहां एक सौ किलोमीटर और दो सौ किलोमीटर तक चिड़िया उड़ती हुई दिखाई नहीं देती थी, हरा पता दिखाई नहीं देता था, कोई रास्ता बताने वाला नहीं होता था। आप मार्गदर्शकों की सहायता से वहां पहुंचेगे तो देखेंगे कि पर्यटन का कितना बड़ा क्षेत्र है। ग्रामीण जनता

के दिन बदल गए। यह हमारी सोच है कि जंगल में मंगल भी किया जा सकता है। अगर देखना है तो इस चीज को देखिए।

राष्ट्र निर्माता के रूप में इन्फ्रास्ट्रक्चर के बारे में हमारी सोच है कि इस देश का इन्फ्रास्ट्रक्चर बदलना चाहिए, बढ़ना चाहिए और ईमानदारी से बढ़ना चाहिए। दो-ढाई साल में 73,000 किलोमीटर सड़क ग्रामीण क्षेत्र में बनाई गई है। मैं गांव का छात्र हूं, एक गरीब किसान मास्टर का बेटा हूं, हिंदी मीडियम स्कूल में पढ़ा हूं। गांव में जब मेरे ऊपर से हवाई जहाज जाता था तो मैं सोचता था कि न जाने इस जन्म में हवाई जहाज में बैठने का मौका मिलेगा या नहीं मिलेगा। भारत सरकार ने पर्यटन को देश के कोने-कोने से जोड़ने के लिए नई नागरिक उड्डयन नीति लाई है इसके तहत हमारे देश में 300 से अधिक हवाई पट्टियां हैं जबकि अभी तक मात्र 86 हवाई पट्टियां इस्तेमाल हो रही थी। यहां अशोक गजपति राजू बैठे हैं, मुझे भी उड्डयन नीति का हिस्सा बनने का मौका मिला है। भारत सरकार ने सोचा, माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में टियर-टू और टियर-थ्री सिटी में एक घंटे के फ्लाइंग टाइम के माध्यम से मात्र 2500 रुपए के किराए में आम आदमी के हवाई जहाज के सपने का पूरा किया है। ...(व्यवधान)

उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में, जहां मात्र चार हवाई अड्डे थे, दो हवाई अड्डे लखनऊ और बनारस में थे। भारत सरकार ने नई उड्डयन नीति के तहत नौ हवाई अड्डों की कल्पना की और इसके तहत कानपुर से हवाई जहाज उड़ना भी शुरु हो गया है। इलाहाबाद हवाई अड्डे का भी जीर्णोद्धार हो गया है। बठिण्डा में भी जहाज उतर चुका है। यह भारत सरकार की योजना है।

हमारी सरकार ने 75,000 पंचायतों तक आप्टिकल फाइबर ले किया है। माननीय गडकरी के नेतृत्व में सड़कें बनाने की गति तीन गुना बढ़ गई है। यह हमारी ईमानदारी की सोच का हिस्सा है, हमारे संकल्प का हिस्सा है।

लोग महापुरुषों के नाम पर राजनीति करते थे। कोई कहता था मैं अम्बेडकरवादी हूं। ...(व्यवधान) गांधी जी हमारे हैं, देश के हैं। अम्बेडकर जी देश के हैं।...(व्यवधान) मैं बताना चाहता हूं कि अम्बेडकर जी के पंच तीर्थ यानी उनके जन्म स्थल से निर्वाण स्थल तक योजना को फलीभूत करने का काम भारत सरकार ने किया है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच ने किया है। ...(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय (दमदम) :** गांधी जी की तस्वीर की जगह मोदी जी की तस्वीर लगा दी।...(व्यवधान)

**डॉ. महेश शर्मा:** मैं आपको एक और आमंत्रण दे रहा हूं। प्रगति मैदान में सरदार पटेल जी के जीवन पर एक म्यूजियम बना है। देश 565 रियासतों में बंटा हुआ था। देश सवाल पूछता है कि अगर पटेल नहीं होते तो

565 रियासतों वाला देश कहां होता? ...(व्यवधान) ये सवालों के जवाब आज भी अनुत्तरित हैं। अगर आपको देखना है तो मैं आमंत्रण दे रहा हूं, इस म्यूजियम में सरदार पटेल की योजनाओं को देखने जाइए।

देश की जनता के दिमाग में सुभाष चन्द्र बोस के जीवन से जुड़े दुनिया भर के सवाल थे। देश का युवा सुभाष चन्द्र बोस के जीवन के बारे में जानना चाहता था। माननीय प्रधानमंत्री जी ने आदेश दिया कि उनके जीवन से जुड़ी सभी फाइलों को सार्वजनिक किया जाए और हमने सभी फाइलों को सार्वजनिक कर दिया है, कुछ और बची हैं, वे भी सार्वजनिक हो जाएंगी।

देश के माननीय प्रधानमंत्री लालकिले की प्राचीर से कहते हैं कि मैं चिंतित हूं कि मेरी बहन, बेटियां शौचालय कहां जाएंगी? मैं ग्रामीण अंचल से आता हूं, मुझे ध्यान है कि मेरी क्लास में दस लड़कियां पढ़ती थी, जो बेचारी सवेरे पेशाब करके चलती थी और आठ घंटे का इंतजार करती थी। मैं पेशे से डॉक्टर हूं। वे आठ घंटे टाएलेट जाने से रुकती थी, पेशाब रोकती थी क्योंकि स्कूल में टाएलेट नहीं था। इससे बीमारी फैलती थी, इंफेक्शन फैलता था। इस सोच को लेकर देश में तीन करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण हो चुका है। भारत के 1,40,000 गांवों में खुले में शौच जाना खत्म हो चुका है। ...(व्यवधान) यह सोच आपकी नहीं थी, इच्छाशक्ति नहीं थी, दृढ़ इच्छाशक्ति नहीं थी, इनका ध्यान इस तरफ नहीं था, इनका ध्यान बड़े भ्रष्टाचारों में था। इनका ध्यान भ्रष्टाचार से लेकर जाति-बिरादारी की राजनीति के कामों में लगा हुआ था, यानी अपनी राजनीति के लिए लगा हुआ था, इसलिए ये छोटी बातों की तरफ ध्यान नहीं दे पाये।

अध्यक्ष महोदया, मैं समझता हूं कि विमुद्रीकरण भारत की आर्थिक प्रगति के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। भारत के गरीब को आगे बढ़ाने के लिए यह एक बहुत बड़ा कदम है, जिसका देश की जनता ने सहज दिल से स्वागत किया है। हमने डिजिटाइजेशन की तरफ कदम उठाये हैं। बायोमीट्रिक आधार पर डिजिटाइजेशन के लिए जो कदम उठाये हैं, मैं समझता हूं कि उसके प्रयास, उसके रिजल्ट आने लग गये हैं। यहां पर वित्त मंत्री जी बैठे हुए हैं। इन्होंने उन्हीं देशों को ध्यान मे रखते हुए बजट में बहुत सारे प्रस्ताव किये हैं।

अध्यक्ष महोदया, मैं एक और बधाई देना चाहता हूं। महान संत कबीर जी के छः सौ साल पहले दिये गये संदेश आज भी शाश्वत हैं। मैं समझता हूं कि उनके दोहों में आज भी वे गुण हैं, जो समाज को जोड़ते हैं। आज महान संत कबीर साहब का निर्वाण दिवस है। भारत सरकार ने कबीर साहब के निर्वाण स्थल मगहर और कबीर चौरा पर 24 करोड़ रुपये की धनराशि से एक भव्य म्यूजियम का निर्माण किया है। इसकी सिर्फ घोषणा ही नहीं की, बल्कि उसका शिलान्यास करके काम भी शुरू हो चुका है। मैं इसके लिए सरकार को बधाई देता हूं और कबीर साहब के प्रति नमन भी करता हूं।

अध्यक्ष महोदया, वित्त मंत्री जी ने बजट में बहुत सारी घोषणाएं की हैं। कृषि ऋण के लिए 10 लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक लक्ष्य रखा गया है। गन्ना किसानों के भुगतान के लिए 9 हजार करोड़ रुपये का अधिक आबंटन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में 1 लाख 87 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान खास तौर पर किया गया है। बेघरों के लिए वर्ष 2019 तक 1 करोड़ मकान बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष 2020 तक रेलवे क्रासिंग को मानव रहित करने का काम किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों को अपनी बचत पर 8 प्रतिशत ब्याज मिले, इसका भी प्रावधान किया गया है। इसके साथ-साथ 35 सौ किलोमीटर नयी लाइन चालू करने का भी काम किया गया है। सबसे बड़ा काम यह हुआ कि देश का धन लेकर विदेश जा रहे स्विस बैंकों के खातेधारों के प्रति बहुत कठोर कानून बनाया गया है। इस कानून से कोई भी व्यक्ति देश का पैसा लेकर बाहर नहीं जा पायेगा। ...(व्यवधान) इसके लिए एक इच्छाशक्ति चाहिए थी। ...(व्यवधान) जिनके स्विस बैंक में खुद के खाते हैं, वे यह काम नहीं कर सकते थे। यह काम वही इच्छाशक्ति वाला व्यक्ति कर सकता है, जिसका खाता स्विस बैंक में नहीं है। सौर ऊर्जा हमारे देश की वैकल्पिक ऊर्जा बने, इसके लिए 20 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा की योजना हमारी सरकार ने सौर ऊर्जा विकास के दूसरे चरण की शुरुआत में रखी है। हमने एक करोड़ परिवारों को गरीबी से बाहर निकालने का लक्ष्य रखा है। हमने 50 हजार ग्राम पंचायतों को गरीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। हमने अनुसूचित जाति-जनजाति और अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आबंटन की राशि 35 प्रतिशत बढ़ाकर 52 हजार करोड़ रुपये की है।

हमारे प्रधान मंत्री राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने के लिए ...(व्यवधान) आम आदमी आज संकल्पबद्ध है। ...(व्यवधान) उस सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के लिए जो कदम उठाये गये थे ...(व्यवधान) अब वे सुनने को नहीं मिलेंगे। ...(व्यवधान) मैं बताना चाहता हूं कि 200 कोयले की खदानें 4 लाख करोड़ रुपये में बिक गयीं। उनकी नीलामी पारदर्शिता के साथ हुई। आज स्पेक्ट्रम की नीलामी से 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपया भारत सरकार के खजाने में आया। इस बारे में कहीं से कोई आवाज नहीं उठी, क्योंकि हमारा दिल, हमारी आत्मा, हमारी नीयत और नीतियां साफ थीं कि हम देश के लिए कुछ करना चाहते हैं। हम अपने परिवारों के खजाने नहीं भरना चाहते, ये हमारी नीतियां साफ थीं।

**13.00 hours**

अध्यक्ष महोदया, मोदी सरकार ने प्रांतीय करों में प्रदेशों को मजबूत किया है ताकि उनका हिस्सा बढ़े। गन्ना किसान परेशान था, इसलिए उद्योग में फैसला लिया। उनमें इथनॉल को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया। यह हमारी सरकार की सोच थी। हमने चीनी पर कस्टम ड्यूटी बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी, ताकि हमारे गन्ना किसान को मजबूती मिले। यह भारत सरकार की सोच थी। सागरमाला योजना के

तहत, आज हमारे पास तकरीबन 1100 द्वीप्स हैं, जिनमें से हमने 26 द्वीपों में शुरूआत की है। सरकार नये फूड पार्क्स बनाने के लिए संकल्पित है। हम डिजिटल इकोनॉमी की तरफ बढ़ रहे हैं। महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण पुलिस में किया गया है।

मैं समझता हूं कि ये ऐसे काम हैं, जो देश को एक नया भारत, एक नया विकसित भारत, एक सम्मानित भारत, एक गौरवशाली भारत बनाने की ओर आगे बढ़ा रहे हैं। भारत सरकार, हमारे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में संकल्पित है और हम यह संकल्प पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। देश आगे बढ़ रहा है, प्रदेश आगे बढ़ेंगे, हम सब गाड़ी के पहियों की तरह चलेंगे। मेरी विपक्ष के भाइयों से अपील है कि कम से कम राष्ट्रहित के मुद्दों पर राजनीति न करें। आइए, हम सभी मिलकर यह संकल्प लें। इस अधिवेशन में एकत्रित हुए सभी लोक सभा सदस्यों से मैं प्रार्थना करता हूं और राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण में उल्लिखित सभी तथ्यों का मैं समर्थन करता हूं। भारत को श्रेष्ठ भारत बनाने के एनडीए के सभी प्रयास सफल होंगे, सभी राजनीतिक दलों, संस्थाओं, नागरिकों का इसमें उच्चतम सहयोग मिलेगा।

इन विचारों के साथ मैं प्रस्ताव करता हूं कि इस अधिवेशन में एकत्र हुए लोक सभा के सदस्य 31 जनवरी, 2017 को एकत्र हुए दोनों सदनों की समवेत् बैठक को दिए गए अभिभाषण के लिए राष्ट्रपति जी के प्रति गहरा आभार प्रकट करते हैं।

जय हिन्द।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री वीरेन्द्र सिंह इस प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगे और अपनी बात कहेंगे।

अगर आप सभी लोग सहमत हों तो आज लंच ऑवर नहीं करेंगे।

**कुछ माननीय सदस्य:** जी हां।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री वीरेन्द्र सिंह।

**श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही):** अध्यक्ष जी, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्री महेश शर्मा जी ने प्रस्तुत किया है, मैं उसका समर्थन करता हूं।

अध्यक्ष जी, हमारा देश प्राचीन देश है, उसकी आदर्श सभ्यता, आदर्श संस्कृति, आदर्श परम्परा और श्रेष्ठता दुनिया में सर्वमान्य व्यवस्था का हिस्सा है और वही हमारी सनातन परम्परा है। सनातन परम्परा हमें प्रेरणा देती है और हम दुनिया को परिवार मानते हैं। दुनिया को बाजार मानने वाले लोग तरह-तरह के दायरों में हम पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हैं, लेकिन वे नहीं जानते हैं कि हमारी सनातन परम्परा में हम दुनिया को परिवार मानने वाले लोग हैं। इसका एक राजपक्ष भी है और एक शासन पक्ष भी है। सनातन परम्परा के शासन पक्ष की एक बहुत उज्ज्वल तस्वीर, जिसके नेतृत्व में हम काम करते हैं, वह जीती-जागती तस्वीर है और सनातन परम्परा के राजपक्ष की तस्वीर हैं - हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी। मैं इस बात को कह सकता हूं कि वही सनातन परम्परा हमें प्रेरणा देती है, रामानुजाचार्य स्मृति को याद करने की, वही सनातन परम्परा हमें प्रेरणा देती है तिनकठिया कानून को समाप्त करके चम्पारण के आन्दोलन को नेतृत्व देने वाले बापू मोहनदास कर्मचन्द गांधी को याद करने की, वही सनातन परम्परा हमें प्रेरित करती है सन्त रविदास को याद करने के लिए, वही सनातन परम्परा हमें प्रेरित करती है सुभाष चन्द्र बोस की स्मृति को याद करने की, वही सनातन परम्परा हमें प्रेरित करती है, महान चिन्तक, जो दूसरे सदन के सदस्य होते थे - दत्तोपंत ठेंगड़ी की स्मृति को याद करने के लिए, वही परम्परा हमें प्रेरित करती है, आज राम की मर्यादा और कृष्ण के विवेक को याद करने के लिए और भूतभावन भोले बाबा शंकर के त्याग को याद करने के लिए। यही समन्वय हमारे देश भारत की सनातन परम्परा है और इसी सनातन परम्परा को जब हम आगे लेकर बढ़ते हैं, उस तरह से शासन पक्ष का संचालन करते हैं तो हमें साम्प्रदायिक दायरे में जीने वाले लोग कहा जाता है। अगर हम लोग साम्प्रदायिक दायरे में जीने वाले लोग होते तो दुनिया को परिवार नहीं मानते। प्राचीन काल से चार दर्शन को मानने वाले लोग इस देश में रहते हैं। यह एक कृषि प्रधान देश है। कृषि हमारी जीवन धारा है, हम उसके संवाहक है। हमारी कृषि और ऋषि की परम्परा है, प्रकृति और संस्कृति की परम्परा है। इन सब से मिलकर सनातन परम्परा का निर्माण होता है।

अध्यक्ष जी, जिन चार दर्शनों को मानने वाले लोग इस देश में रहते हैं, उन चारों दर्शनों की रचना किसने की? मैं एक किसान होने के नाते कह सकता हूं कि उन चारों दर्शनों की रचना चरवाहों ने की थी। एक है गीता का दर्शन। गीता के दर्शन की रचना किसने की? वह गाय के चरवाहे योगीराज भगवान कृष्ण थे। कुरान की रचना किसने की- मोहम्मद साहब ने की। वह ऊंट के चरवाहे थे। बाइबिल की रचना किसने की, बाइबिल की रचना ईसामसीह ने की। वह भेड़ के चरवाहे थे। गुरु ग्रन्थ साहब की रचना किसने की, वे

घोड़ा के चरवाहे थे। मैं किसान हूं, इसलिए इस बात को प्रामाणिकता के साथ कह रहा हूं कि चारों दर्शन के मानने वाले लोग यहां हैं। वे सब इसी देश में रहते हैं, इसलिए यह सनातन परम्परा ही है जो उन लोगों को अपने यहां समाहित करती है। इसमें किसी तरह की नफरत नहीं है। हमारे नेतृत्व पर नफरत के इल्जाम लगाये जाते हैं। वे इल्जाम लगाते हैं। अध्यक्ष जी, वह आपके अधिकार की बात है। मैं बापू मोहनदास कर्मचंद गांधी को याद करता हूं। मैं सुभाषचंद्र बोस, मोरारजी भाई देसाई, दत्तोपंत ठेगड़ी, रामानुजाचार्य, संत कबीर और रविदास जी को याद करता हूं।

अध्यक्ष जी, केन्द्रीय कक्ष में देखिए। वहां पर हमारे सभी राजनेताओं की तस्वीरें लगी हैं। बल्लभ भाई पटेल जी की भी तस्वीर लगी है, वहां महामना मदन मोहन मालवीय जी, मोरारजी भाई, चौधरी चरण सिंह जी की भी तस्वीरें लगी हैं। बाबा अम्बेडकर साहब की भी तस्वीर लगी है। इंदिरा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, मोतीलाल नेहरू और बाल गंगाधर तिलक की भी तस्वीर लगी है। बहुत से नेताओं की तस्वीरें लगी हैं। अध्यक्ष जी, यह आपके अधिकार क्षेत्र की बात है। मैं विनम्रता से प्रार्थना करता हूं, आप दिखवा लीजिए। नेहरू जी की तस्वीर के पीछे राष्ट्रीय ध्वज लगा है। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की तस्वीर के पीछे भी राष्ट्रीय ध्वज लगा है, लेकिन इनके अलावा और किसी राजनेता के साथ राष्ट्रीय ध्वज नहीं लगा है। मैं भारत का एक नागरिक होने के नाते, किसान होने के नाते इस बात को कह सकता हूं कि ब्रहमा जब सृष्टि की रचना करते हैं तो हमें लगता है कि जो राष्ट्रीय ध्वज के साथ अपने को ख़ड़ा करते हैं, लगता है कि इन्हीं को केवल ब्रह्मा जी ने बनाया है, हम लोगों को तो ब्रह्मा जी के कारिन्दों ने बनाया है।...(व्यवधान)

मैं जानता हूं कि वहां कुर्सी पर नरेन्द्र भाई बैठे हैं तो इनकी पीड़ा क्या है, मैं इस बात को जानता हूं। मैं वर्ष 1991 से इस संसद में बड़ी कम उम्र में एम.पी. चुनकर आया था। वह चाहते हैं कि वहां मैं बैठूं नहीं तो मेरा कोई कारिन्दा बैठे, लेकिन इनको जान लेना चाहिए कि इसी हाउस में, इसी लोक सभा में, जब उप चुनाव जीतकर डॉ. राम मनोहर लोहिया आए थे, तो समाजवाद का पाठ पढ़ने वाले लोगों को मैं बताना चाहता हूं कि हमें लोक तंत्र की ताकत को समझना पड़ेगा। लोक तंत्र की वह ताकत है जो केवल रानी की ही कोख से राजा पैदा नहीं होगा, बल्कि मेहतरानी की कोख से भी राजा जरूर पैदा होगा। इसीलिए मैं कहता हूं कि इस देश में दो तरह के लोग पैदा होते हैं। एक माई की कोख से पैदा होता और माई की गोद में पलता है और एक माई की कोख से पैदा होता है लेकिन दाई की गोद में पलता है। ...(व्यवधान) माई की कोख से पैदा होकर माई की गोद में पलने वाला मां की ममता को जानता है। दुनिया के साथ परिवार की तरह ममता किस तरह से की जाती है, वह जानता है, इसीलिए वह 125 करोड़

आबादी की चिन्ता करता है।...(व्यवधान) पहले सुन लीजिए। उसके बाद बहस करिएगा। मैं आप पर भी आता हूं। मैं इतना कमजोर नहीं हूं।...(व्यवधान)

जब देश की जनता पूछती है कि आपके प्रधान मंत्री क्या करते हैं तो हमारे देश के प्रधान मंत्री की 56 इंच की छाती इसीलिए है कि वे कहते हैं कि हम किसी के लिए कुछ नहीं करते हैं, हम 125 करोड़ लोगों के लिए काम करते हैं। मुझे इस बात पर गर्व है कि जब नरेन्द्र भाई गुजरात के मुख्य मंत्री थे तो कुछ लोगों ने पूछा था कि आप गुजरात में अल्पसंख्यकों के लिए क्या करते हैं तो नरेन्द्र भाई ने कहा था कि मैं केवल अल्पसंख्यकों के लिए नहीं करता हूं, मैं गुजरात के करोड़ों लोगों के लिए करता हूं और यही मेरी दुनिया को परिवार मानने की अवधारणा है।

अध्यक्ष महोदया, हमारे कृषि प्रधान देश में हम किसानों के लिए जो करते हैं, कहते हैं, वह दिखता है। कुछ लोगों ने कहा कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में और उसके बाद आने वाले बजट में किसानों के लिए क्या किया गया। मैं नहीं कहता हूं कि मैं किसान हूं तो मुझे ही किसान की बात करनी चाहिए, जो लोग किताबों में किसानों की बात पढ़ते हैं, वे लोग भी किसानों की बात करते हैं तो मैं खुश हो जाता हूं कि वे किसान की बात तो करते हैं, लेकिन मुझे हैरानी होती है कि जब किसान की बात वे लोग करते हैं, जो धान, ज्वार, गेहूं, बाजरा और मक्का का पौधा नहीं पहचानते हैं। वे नहीं जानते हैं कि कार्तिक के महीने में किस तरह की खेती होती है, वे नहीं जानते हैं कि आषाढ़ के महीने में किस तरह की खेती होती है।

अध्यक्ष जी, हमारे प्रधानमंत्री जी के निर्देशन में पिछले साल 6,00,000 तालाबों का निर्माण हुआ है। मैंने भी अपने क्षेत्र में 60 तालाबों का निर्माण करवाया है। इस साल मनरेगा के पैसे से 10,00,000 तालाबों का निर्माण हो रहा है। कम्पोस्ट खाद के लिए 4,00,000 गड्ढे खोदे जा रहे हैं। यह मनरेगा के पैसे का सदुपयोग है, मनरेगा के पैसे पर अब जांच नहीं, कमीशन नहीं बैठेगा।

अध्यक्ष जी, पुरातन काल में त्रेता युग में एक बार सूखा पड़ा था तो मैं जिस ऋषि-कृषि परंपरा की चर्चा कर रहा था, उस समय के ऋषियों ने राजा जनक को निर्देश दिया था कि राजा जनक, आप तालाब खुदवाएंगे, यज्ञ करेंगे और हल चलायेंगे तो वृष्टि होगी और सृष्टि का संरक्षण होगा। उस समय के शासक जनक ने हल चलाया था, तालाब खुदवाये थे, यज्ञ कराये थे तो वृष्टि हुई थी और सृष्टि का संरक्षण हुआ था। इस बात का उल्लेख हमारे शास्त्रों में प्रमाणिकता के साथ मिलता है।

आज के प्रधानमंत्री जी के निर्देशन में पिछले साल 6,50,000 तालाब बने और 10,00,000 तालाब आने वाले दिनों में बनेंगे। जल संरक्षण का काम हो रहा है, यही राजधर्म है, यही हमारे लिए राष्ट्र धर्म है और यही हमारे लिए राजनैतिक धर्म भी है। ये लोग यह नहीं समझ सकते हैं, जो यह नहीं जानते है कि जल संरक्षण का कार्य कितना महत्वपूर्ण है। आज के दिन हम जल संरक्षण का काम करते हैं, कम्पोस्ट के

लिए गड्ढ़े बनाते हैं, पहले जो बड़े लोग होते थे, वे तालाब खुदवाते थे, लेकिन आज जो बड़े लोग होते हैं तो वे तालाब को पटवा कर उस पर बड़ी बिल्डिंग तैयार करवा देते हैं। हमारी सोच और उनकी सोच में यही अंतर है। हम देश के किसानों की समृद्धि के लिए काम कर रहे हैं।

अध्यक्ष जी, मैं उत्तर प्रदेश राज्य से निर्वाचित होकर आया हूं। उत्तर प्रदेश में देश का सबसे बड़ा कृषि का मैदान गंगा-यमुना का मैदान है। दुनिया का सबसे ज्यादा उपजाऊ क्षेत्र है - रूहेल खंड, सरयू का मैदान और बुंदेलखंड का मैदान। दुनिया का सबसे ज्यादा उपजाऊ गंगा-यमुना का मैदान है, लेकिन आज वह कम उपज देता है। हम नहीं कहते हैं कि शासन हमारे लिए सब कुछ कर दे, लेकिन जब किसान रेवेन्यू देता है तो अपेक्षा करता है कि उनकी रेवेन्यू से उनकी ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का निदान होना चाहिए। हमारी केन्द्र की सरकार ने उस मर्यादा को समझते हुए, उत्तर प्रदेश को जितना योगदान दिया है, हमारे पूर्व के वक्ता महेश जी ने जो कहा है, उसका सदुपयोग इसलिए नहीं हुआ है कि उसमें अंकुश था कि कुछ करेंगे तो कुछ होगा, इसलिए वह नहीं किया गया। गंगा-यमुना का मैदान दुनिया का सबसे बड़ा उपजाऊ मैदान है, लेकिन आज वह सबसे कम उपज देने के लिए बाध्य है। हमारे बगल का प्रदेश मध्य प्रदेश है। अध्यक्ष जी, आप भी मध्य प्रदेश से चुन कर आयी हैं। उत्तर प्रदेश की तुलना में वहां की जमीन कम उपजाऊ है, लेकिन शासन के पक्ष ने मध्य प्रदेश के किसानों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए इतना योगदान दिया है कि आज मध्य प्रदेश देश का सबसे विकसित किसान का प्रदेश बन गया है। मैं कह सकता हूं कि अगर उत्तर प्रदेश में ठीक से ध्यान दिया जाता, शासन के पक्ष से 15 सालों में ठीक से ध्यान दिया गया होता तो उत्तर प्रदेश केवल देश का ही नहीं, बल्कि आस-पास के देशों में भी दूध, फल और सब्जी उपलब्ध करा सकता था, इस बात को मैं प्रमाणिकता के साथ कह सकता हूं।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपको बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में केंद्र सरकार की योजनाएं किस तरह काम कर रही हैं। सभी रेलवे स्टेशनों का विकास हो रहा है। हर जगह सड़कों का निर्माण हो रहा है। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि केंद्र की योजनाओं पर वहां काम हो रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के माध्यम से गांवों को खेत से जोड़ने की योजना है। गांवों को खेत से जोड़ने की वजह से किसानों की खेत में आवाजाही ज्यादा हो जाती है और इस वजह से खेत में उत्पादन ज्यादा बढ़ जाता है। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के माध्यम से सोलर सिंचाई योजना बनी है। मैं स्वयं किसान हूं, मेरी आधी खेती सोलर सिंचाई से हो रही है। दुनिया में सबसे ज्यादा धूप भारत में होती है। खेती की 45 फीसदी लागत सोलर सिंचाई से कम हो जाती है। जब खेती की लागत कीमत कम हो जाएगी, तब किसान को उत्पादन का लाभकारी मूल्य मिलने लगेगा। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना की यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।

महोदया, स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बहुत सुधार हुआ है। पहले रोगी महंगी-महंगी दवाएं खरीदने के अभाव में मर जाता था, लेकिन अब सौ फीसदी दवाओं का दाम कम हो गया है। मैं अपने क्षेत्र में गया और लोगों से पूछा। प्रधानमंत्री जी का क्षेत्र हमारे आस-पास के क्षेत्रों में है। वहां मैंने परिश्रम करके अपना पसीना बहाने वाले बहुत से लोगों से मैंने बात की और पूछा कि आप क्या समझते हैं कि प्रधानमंत्री कैसा काम कर रहे हैं। महोदया, आपको आश्चर्य होगा, एक बूढ़ी औरत ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री जी को बता दूं कि मेरे मन में यह बात है कि आज मेरे बीच का आदमी देश की सर्वोच्च कुर्सी पर बैठा है। उनके मन में प्रधानमंत्री जी के प्रति भरोसा है। आप प्रधानमंत्री जी की सभाओं में जाकर देखिए, जो चेहरे कभी चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर, अटल जी, चौधरी देवी लाल की सभा में होते थे, वे चेहरे प्रधानमंत्री जी की सभा में छाती तानकर बैठते हैं, कंधे पर लाठी लेकर बैठते हैं और कहते हैं कि हमारे बीच का प्रधानमंत्री है। हम इसे ही अपना भरोसा मानते हैं। लेकिन आज राजनीतिक क्षेत्र में भरोसे का जो संकट पैदा हुआ है, इस भरोसे के संकट का समाधान हमारे देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुआ है, इस बात को मैं प्रमाण के तौर पर कह सकता हूं। बुंदेलखंड में आलाओ में गीत गाया जाता है - "बाप के बैरी से जो बदला न लेवे, उस बिटुआ के जिवे पर धिक्कार। " बाप से दुश्मनी करने वालों से जो बेटा बदला न ले, उसके जीने पर धिक्कार है। मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं और वहां की राजनीति देख रहा हूं, जिनके बाप ने लाठी खाई, गोली खाई, जेल में बंद हुए, उनके बेटे आज उन लोगों से दोस्ती कर रहे हैं, जिनकी वजह से वे संघर्ष की आग से निकले। यह सब देखने के बाद राजनीति पर भरोसे का संकट ही दिखाई देता है। यहां दलीय लोकतंत्र है और दलीय राजनीति में राजनीति का संकट पैदा हो जाएगा, भरोसे का संकट पैदा हो जाएगा, इसलिए मैं कह सकता हूं कि लोकतंत्र पर भी जरूर संकट पैदा होगा।

महोदया, दूध उत्पादन में हमारा प्रदेश केंद्र की योजनाओं के माध्यम से आगे बढ़ रहा है। मैं दूध पीने वाले लोगों में से हूं। मैं जानता हूं कि दूध भी औषधि की तरह ही काम करता है। वे लोग नहीं जानते हैं, जो दूसरी चीजों को पीते हैं। मैं इस बात को कह सकता हूं कि दूध का उत्पादन देश में बढ़ा है और बढ़ता ही जाएगा। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जो योजनाएं बनी हैं, उनका क्रियान्वयन होने से दूध का उत्पादन बढ़ता जाएगा। कौशलेन्द्र जी, याद रखिएगा कि बिहार में नशाबंदी का कानून बना है, लेकिन प्रधानमंत्री जी की योजनाओं की वजह से देश में नशाबंदी का कानून बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दूध का उत्पादन बढ़ाने से देश में नशाबंदी का कानून बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप वेदों को पढ़िए, आपको पता चलेगा कि दूध पीने वाला कभी भी नशे के नजदीक नहीं जाता है। इसके लिए कानून बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

अध्यक्ष जी, किसान पेंशन योजना में कारखानों में काम करने वाले, सेना में काम करने वाले, कचहरी में काम करने वाले, अस्पताल में काम करने वाले लोग जब अवकाश प्राप्त करते हैं, तो उन्हें जमाराशि मिलती है और उन्हें पेंशन भी मिलती है। किसान लोगों के जीने के लिए अनाज पैदा करता है, दूध पैदा करता है, घी पैदा करता है, फल पैदा करता है, सब्जी पैदा करता है, लेकिन 60 वर्षों तक उसकी कोई चिंता नहीं की गई थी। इस देश की यह पहली सरकार है और पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई हैं, जिन्होंने किसानों की पेंशन की योजना यह कह कर बनाई है कि किसान भी राष्ट्रीय काम करता है। ...*(व्यवधान)* अध्यक्ष जी, हमारी सरकार के निर्देशन में नीम कोटेड यूरिया बनी। हमारे संसदीय कार्य मंत्री उर्वरक मंत्री भी हैं, उनके मंत्रालय ने नीम कोटेड यूरिया बनाई। हमारे कृषि मंत्री जी भी यहां उपस्थित हैं। कीटनाशक कैमिकल दवाओं के कारण से रोग होते थे। हम लोग सांसद हैं। हर महीने में 35 से 40 लोगों के किडनी और कैंसर के लिए हमें चिट्ठी लिखनी होती है। कैमिकल कीटनाशक के प्रयोग से पैदा होने वाले अनाज से किडनी और कैंसर के रोग पैदा होते हैं।

अध्यक्ष जी, हमारी सरकार ने नीम कोटेड यूरिया का उत्पादन शुरू किया है। नीम अपने आप में एक कीटनाशक होता है। किसान नीम का उत्पादन करते हैं। किसानों के नीम और खरीफ के उत्पादन से यूरिया का उत्पादन बंद हो गया है। अध्यक्ष जी, नीम कोटेड यूरिया से कैमिकल कीटनाशक का उपयोग बंद हो गया है। नीम स्वंय में प्राकृतिक तौर पर एक कीटनाशक है। कैमिकल कीटनाशक का उपयोग बंद हो जाने से कैमिकल कीटनाशक के रोगियों की संख्या घट जाएगी, क्योंकि नीम कोटेड यूरिया से खेती का उत्पादन भी बढ़ेगा और कीटनाशक का प्रयोग भी बंद हो जाएगा।

अध्यक्ष जी, किसानों की जानकारी के लिए सरकार ने किसान चैनल शुरू किया है। हर किसान के खेती के काम को, जिसमें किस धान, गेंहू, चने, तिलहन की जोत कितनी गहराई में होगी, इस किसान चैनल के माध्यम से देखता रहता है। यह किसान चैनल किसानों के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसे हमारी सरकार ने किसानों को जानकारी देने के लिए शुरू किया है।

अध्यक्ष जी, हमारे देश में दलहन की खपत बहुत है। दाल भोजन का एक प्रमुख हिस्सा होती है। आप यह बात जरूर जानते होंगे और यह बात सदन को जानकर बहुत हैरानी होगी कि पिछली सरकारों ने 36 लाख करोड़ रुपया विदेशी कंपनियों को ब्राजील में दलहन की खेती करने के लिए दिया था। हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 850-950 रुपए क्विंटल की प्रोत्साहन राशि देकर दलहन के उत्पादन को बढ़ाने के लिए किसान को प्रेरित किया है। रबी फसल की खेती में दलहन और तिलहन का रकबा बढ़ा है, क्योंकि दलहन और तिलहन के लिए भी हमारी सरकार ने किसानों को प्रोत्साहन राशि दी है।

जो लोग कहते हैं कि नोटबंदी के बाद किसानों को बहुत परेशानी हुई, अब मैं इस पर आता हूं। यहां बैठे हुए लोगों में, जिसको भी कहना है, मैं चुनौती देता हूं कि आप अपने मंच पर मुझे बुलाइए। मैं किसान हूं और नोटबंदी पर बहस के लिए तैयार हूं। मुझे तो केवल अपनी काम करने वाली पार्टी के अध्यक्ष से अनुमति लेनी होगी कि कम्युनिस्ट पार्टी, सोशिलिस्ट पार्टी और कांग्रेस पार्टी के लोगों ने हमें नोटबंदी पर बहस करने के लिए बुलाया है। मैं किसान हूं और मैं इसको जानता हूं। अध्यक्ष जी, 08 नवंबर, 2016 को हमारे प्रधानमंत्री जी ने नोटबंदी का ऐलान किया था। 08 नवंबर से पहले 22 अक्तूबर से दलहन और रबी की फसल की खेती शुरू हो जाती है और दलहन और तिलहन की खेती 30 अक्तूबर या 02 नवंबर तक समाप्त हो जाती है। 45 फीसदी रबी में दलहन और तिलहन की खेती होती है। यहां किसान लोग भी बैठे हुए हैं। 08 नवंबर, 2016 को नोटबंदी का ऐलान हुआ। गेहूं की खेती की मौसम की अनुकूलता के कारण सिंचाई नहीं करनी पड़ी। ऐसे ही केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में अलग-अलग तरह की खेती होती है। वहां धान की दो फसलें होती हैं। हमारे यहां धान की एक फसल होती है। हमारे यहां गेहूं, चना, सरसों और आलू की अलग-अलग तरह की खेती होती है। 08 नवंबर, 2016 को घोषणा हुई। गेहूं की फसल की बुआई शुरू हुई। जब मुंह से भाप निकलने लगती है और ठंडक शुरू हो जाती है, तब गेहूं की बुआई शुरू होती है। गेहूं की बुआई हो चुकी है, अब सिंचाई हो रही है। यह सिंचाई सोलर से हो रही है, नहर से हो रही है या बिजली से हो रही है। इसका प्रतिशत आप देख लेंगे तो पता चल जाएगा। महेश जी ने कुछ बातों को उद्धृत किया है।

अध्यक्ष जी, किसानों को अगर नोटबंदी के बाद तकलीफ थी तो रबी की खेती का रकबा कैसे बढ़ गया, दलहन का रकबा कैसे बढ़ गया, तिलहन का रकबा कैसे बढ़ गया, गेहूं का रकबा कैसे बढ़ गया, आलू का रकबा कैसे बढ़ गया, लह्सुन और प्याज का रकबा कैसे बढ़ गया? अध्यक्ष जी, मैं यह कहता हूं कि केवल किताब में मत पढ़ो। खेत-खलिहान और मेड़ पर भी जाकर देखो कि किसानी कैसे होती है। इसीलिए मैं कहता हूँ कि केवल किताबों में मत पढ़ो खेत-खलिहानों और मेड़ पर भी जाकर देखो कि किसानी कैसे होती है, नहीं तो वीरेन्द्र सिंह मस्त से पूछ लो, वह बता देगा। उसके लिए मैं फीस नहीं लूँगा, प्रधानमंत्री जी से मैं किसानी सिखाने की अनुमति ले लूँगा। ये अनुमति दे देंगे, कह देंगे कि बता दो।

हम कहाँ तक किसानी के बारे में सोचते हैं। मैं जिस क्षेत्र से आता हूँ, वह कालीन बनाने का क्षेत्र है, वहाँ से 10 हजार करोड़ रुपये के कालीन का निर्यात होता है। प्रधानमंत्री जी के क्षेत्र में भी कालीन का निर्माण होता है। बनारसी साड़ी रेशम से बनती है और कालीन ऊन से बनता है। हम लोगों में से बहुत-से लोग ऊनी वस्त्र पहने हुए हैं। उसमें भेड़ के बाल के अलावा कोई दूसरी चीज नहीं होती है, जिससे ऊन बनता हो। रेशम का उत्पादन किसानों द्वारा किया जाता है। वहाँ से दुनिया के दूसरे देशों में 20 हजार करोड़

रुपये का कालीन का निर्यात होता है। अभी तक हम कालीन के बारे में चिन्ता करते थ तो बुनकरों की चिन्ता करते थे, आयातक की चिन्ता करते थे और निर्यातक की चिन्ता करते थे। पहली बार इस सवाल को मैंने उठाया कि कालीन बनता है, ऊन के कपड़े बनते हैं, लेकिन उसका रॉ मटिरियल कौन बनाता है। उसका रॉ मटिरियल भेड़पालक किसान पैदा करते हैं। टैक्सटाइल मिनिस्ट्री की मीटिंग में मैंने कहा कि हम बुनकरों की चिन्ता करें, निर्यातक की चिन्ता करें, आयातक की चिन्ता करें, लेकिन जो भेड़ पालन करने वाले किसान हैं, हमको उनकी भी चिन्ता जरूर करनी चाहिए और उसके प्रोत्साहन के लिए हमें आगे बढ़ना चाहिए। हमारी भारत सरकार ने भेड़पालक किसानों के जीवन को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन की व्यवस्था की है। रेशम की तस्करी भारी मात्रा में हो रही है। भेड़पालक किसानों के प्रोत्साहन के लिए हमारी सरकार ने काम शुरू किया है।

हम वहाँ तक सोचते हैं। हमने दलहन की बातें बतायीं, भेड़ पालक किसानों की बातें बतायीं, रेशम के किसानों की बातें भी बतायीं। "मुद्रा योजना " शुरू हुई है। जो कारीगर गांवों में काम करते हैं, वे पुश्तैनी काम करते हैं। बढ़ई लकड़ी का काम करता है, लोहार काम करता है लोहे का, बारी काम करता है पत्तल का, धोबी काम करता है कपड़ा धोने का, नाई काम करता है सैलून का। ऐसे छोटे-छोटे काम करने वाले कारीगरों को मुद्रा योजना से पैसे मिले हैं और उन लोगों ने अपने काम को विस्तार दिया है और उसे आगे बढ़ाया है। ये नहीं समझ सकते हैं, क्योंकि उनकी चिन्ता यहाँ नहीं है, उनकी चिन्ता वहाँ रहती है। वे नहीं समझ सकते हैं। इसीलिए मैं कहता हूँ कि राजनीति में भरोसे का संकट पैदा हो गया है, क्योंकि हम कहते हैं कुछ, करते हैं कुछ और दिखता है कुछ। भ्रष्टाचार के प्रति प्रधानमंत्री जी ने जब संग्राम छेड़ा, नोटबंदी की तो हमसे लोगों ने पूछा कि नोटबंदी से क्या लाभ हुआ, हमने कहा कि नोटबंदी से बहुत लाभ हुआ। पूछा गया कि वीरेन्द्र सिंह, तुम्हारा क्या लाभ हुआ। मैंने कहा कि मेरा लाभ यही हुआ कि खेती के रकबे में बढ़ोत्तरी हो गयी, जो खेती सिंचाई से करनी होती है, वह नहीं करनी पड़ी। एक सिंचाई में गेहूँ हो गया। इस देश में सबसे बड़ा लाभ यह हुआ, जिसे यह सदन सुनकर हैरान हो जाएगा, इससे फ़िज़ूलखर्ची बिल्कुल बंद हो गयी। ....*(व्यवधान)* यह फैसला शास्त्र सम्मत हुआ। हमारे शास्त्र से चलने वाली अपनी सनातन परम्परा ने हमें निर्देशित किया है कि भारत के समाज को अपव्ययी नहीं होना चाहिए। मितव्ययी होना चाहिए, कृपण भी नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री जी ने नोटबंदी का जो फैसला किया है, वह शास्त्र-सम्मत है, इसलिए प्रधानमंत्री जी, मैं आपको हजार बार सलाम करता हूँ। आप ऐसे ही आगे बढ़ते चलिए। देश की सनातन परम्परा के शासन पक्ष की आप तस्वीर हैं।

अध्यक्ष जी, हमारे प्रधानमंत्री जी काशी का प्रतिनिधित्व करते हैं, काशी एक तरह से पूरा देश है। दुनिया के हर देश के लोग वहां रहते हैं, हम वहीं पढ़े हैं। बहुत खुशी होगी, इस सदन को, वहां एक परम्परा है, कुश्ती की परम्परा। मैं कुश्ती का खिलाड़ी हूं। प्रधानमंत्री जी ने कुश्ती की 134 व्यायामशालाएं वहां बनायी हैं और वहां जाकर देखिए कि नौजवान पट्ठे रोज अभ्यास करते हैं। इनसे पूछिए, कभी व्यायामशाला के बारे में सोचा है। यह इनका काम है ही नहीं, यह सोच ही नहीं सकते। अध्यक्ष जी, हमने तो कभी फिल्म देखी ही नहीं है, पढ़ते समय भी कभी फिल्म नहीं देखी। उससे कोई नफरत नहीं है, हेमा जी आप अन्यथा मत लीजिएगा। हमको फिल्म से कोई नफरत नहीं है, लेकिन किसान हूँ, इसलिए मेरे मन में कुछ नहीं है, फिल्म देखने के लिए। मैंने लखनऊ में देखा कि राजनैतिक क्षेत्र में काम करने वाले दो नौजवान ऐसे-ऐसे हाथ हिला रहे थे। मैं एक दिन लखनऊ गया था, किसानों के बारे में कुछ बात करनी थी। हमसे लोगों ने पूछा कि यह क्या हो रहा है तो मैंने कहा कि पता नहीं क्या हो रहा है, मैं तो किसान हूँ, मुझे लग रहा है कि फिल्म की शूटिंग हो रही है। मैं छात्र जीवन में जब बिड़ला हॉस्टल में रहता था, तब एक गीत गाता था, हम तुझे नजर नहीं आएं, चल दरिया में डूब जाएं, हम तुम्हें नजर नहीं आएं, चल दरिया में डूब जाएं। यह दोनों नौजवान राजनैतिक क्षेत्र में काम करने वाले, उसी तरह से एक्शन कर रहे थे कि हम तुझे नजर नहीं आएं, चल दरिया में डूब जाएं। यह राजनैतिक क्षेत्र में भरोसे का संकट है, अध्यक्ष जी, यह संकट है। राजनैतिक क्षेत्र में हमने प्रेरणा ली है...(व्यवधान) क्यों हँस रहे हैं, भाई। राजनैतिक क्षेत्र में हमने प्ररेणा ली है, गांधी जी से, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय से, दत्तोपंत ठेंगड़ी जी से, वर्तमान में हम प्रेरणा ले रहे हैं नरेन्द्र भाई मोदी से। यह राजनीति का आदर्श है।

अध्यक्ष जी, हम कभी किसी की शिकायत की बात नहीं करते हैं। मैं जो समझता हूँ, वह कहता हूँ, बेबाकी से कहता हूँ, इसलिए अध्यक्ष जी, मैं एक बात जरूर कहूँगा कि हमारे देश में, काशी में यह देश मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की मर्यादा, कृष्ण के विवेक और भोले बाबा शंकर के त्याग व समन्वय की परम्परा का निर्वाह करता है। हमने काशी में संत रविदास के विकास की भी चिंता की है, विकास हो भी रहा है। अभी कबीर के जन्म स्थान के विकास की भी बात कर रहे हैं। हमने उसकी भी चिंता की है। हम नहीं सोचते हैं कि यह हमारे विचारों से सहमत हैं या नहीं सहमत हैं। हमको प्रेरित करते हैं। हम नील के किसान के आंदोलन, तीनकठिया कानून को समाप्त करने वाले बापू मोहन दास करमचंद गांधी की स्मृति को याद करते हैं तो हम बिहार के सहजानंद सरस्वती के किसान के आंदोलन को भी याद करते हैं। हम अवध किसान आंदोलन के बाबा रामचंद्र को याद करते हैं, तो वल्लभभाई पटेल के बारदोली किसान आंदोलन को भी याद करते हैं। हम चौधरी चरण सिंह के किसानों के काम की भी प्रशंसा करते हैं, हम चौधरी देवी लाल के किसानों के काम की भी प्रशंसा करते हैं, लेकिन अध्यक्ष जी संकट यह है कि हम कुछ करते हैं, हम

तीर्थराज प्रयाग के विकास की बात करते हैं, हम वहां के कटासराज-निशादराज के मंदिर के विकास की बात करते हैं तो लोग कहते हैं कि ये तो सांप्रदायिक लोग हैं। हम सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने की कोशिश करते हैं, उसी के साथ चलने की कोशिश करते हैं, हम उसके संवाहक हैं और उसकी परम्परा को राजनैतिक क्षेत्र में, शासन के क्षेत्र में बढ़ाने का काम करते हैं तो ये कहते हैं कि सांप्रदायिक लोग हैं। हम सांप्रदायिक होते तो 4 दर्शन के मानने वाले लोग इस देश में एक साथ कैसे रहते। हम अगर सांप्रदायिक होते तो 4 दर्शन की रचना करने वाले लोगों को हम कैसे कहते कि यह चरवाहा है। हम समाज में दुनिया को परिवार मानने वाले लोग हैं, इसलिए नफरत की बात कैसे कर सकते हैं। अध्यक्ष जी, जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले लोग, हमारे उत्तर प्रदेश से भी बहुत से हैं, हमारे भदोही से भी बहुत हैं और बनारस से भी बहुत सारे लोग पढ़ते हैं। मैं पूछता हूँ कि वहां तुम लोगों को भारत माता को गाली देने पर क्या ज्यादा नम्बर मिलते हैं। हम ही अपने देश की मातृभूमि को माँ कहते हैं, दुनिया के दूसरे देश में माँ नहीं कहते हैं।

इसीलिए हम इस देश के सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास की चिंता करते हैं और उसी चिंता और समृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए हमारे प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में हम काम कर रहे हैं। सामाजिक क्षेत्र का एक हिस्सा होता है परिवार। दुनिया के दूसरे देशों में परिवार नहीं होते। परिवार की संस्था हमारे देश में ही है। आज बाजार के असर में परिवार टूट रहे हैं। राष्ट्र की पहली इकाई परिवार होता है। परिवार टूटने के बाद परिवार का हर तरह से पतन हो जाता है - आर्थिक पतन, सामाजिक पतन, राजनीतिक पतन और सांस्कृतिक पतन, लेकिन परिवार में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराकर मुद्रा योजना से महिलाओं को राष्ट्रीय झंडा निर्माण करने की योजना बनाकर महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर परिवार को टूटने से बचाने के लिए हमने जो कोशिश की है, वह एक ऐतिहासिक कोशिश है और यदि परिवार टूटता है तो मैं नहीं समझता कि देश को कैसे बचाया जा सकता है।

महोदया, यहीं पर पूर्व प्रधान मंत्री, चंद्रशेखर जी बैठते थे। एक बार उन्होंने भाषण दिया था - जब गरीबों का दिल टूटता है तो देश के टूटने का खतरा पैदा हो जाता है। चंद्रशेखर जी से हमारी कई तरह की वैचारिक असहमति हो सकती है। हमारे साथ स्वदेशी आंदोलन में उन्होंने काम किया है, लेकिन जब गरीबों का दिल टूटता है तो देश टूटने का खतरा पैदा हो जाता है, इसलिए गरीबों के दिल को टूटने से बचाने के लिए हमारे देश के प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने जो कदम उठाया है, उससे गरीबों के दिल इतने मजबूत हो गये हैं कि वही छाती तानकर कहते हैं कि 56 इंच की छाती मेरी है। इसलिए गरीबों को लगता है कि यह हमारे बीच का प्रधान मंत्री है, किसानों को लगता है कि यह हमारे बीच का प्रधान मंत्री है। परिश्रम की प्रतिष्ठा स्थापित करने वाले लोगों को लगता है कि हमारे बीच का प्रधान मंत्री है। हम किसान

इस बात को महसूस करते हैं। मैं चुनौती देता हूं, जिसे भी किसानों के विषय में नोटबंदी के सवाल पर बहस करनी है, वह मुझसे बहस कर सकता है, मैं उसे उत्तर दे सकता हूं।

अध्यक्ष महोदया, आज जल लूटने वाले, जंगल लूटने वाले, जमीन लूटने वाले, जन लूटने वाले, एक ऐसी आवारा पूंजी कमाने वाले नवदौलतिया गांव-गांव में पैदा हो गये हैं, वे बड़ी-बड़ी गाड़ी लेकर चलते हैं, दस बंदूकें ले लेते हैं। हमने कभी कोई सिक्युरिटी भी नहीं ली, जबकि हम तीसरी बार सांसद बने हैं।

आप जानते हैं कि लखनऊ में हाथी का एक मेला लगता है, एक आदमी वहां से हाथी की पर्ची खरीदकर ले आता है। हाथी की पर्ची खरीदकर लाता है और थोड़े दिनों के बाद पैसा देकर एम.एल.ए. भी हो जाता है। पहले बिहार के सोनपुर में हाथी का मेला लगता था। जब जन लूटने वाले, जंगल लूटने वाले, जमीन लूटने वालों की जेब में हजार रुपये और पांच सौ रुपये का पैसा हुआ तो हाथी का एक मेला लखनऊ में भी लगने लगा। लेकिन सोनपुर के मेले में और लखनऊ के मेले में बहुत बुनियादी अंतर है। सोनपुर के मेले का मालिक जब पर्ची काट देता था तो किसान हाथी का मालिक हो जाता था। लखनऊ के मेले की मलिकाइन जब पर्ची काटती हैं तो जौनपुर से सुलतानपुर तक बड़की गाड़ी वाला आता है, तब तक फोन आता है कि तुम हाथी के मालिक नहीं रहे, दूसरा कोई हाथी का मालिक हो गया, क्योंकि दूसरी बोली लग गई। फिर वह लौट जाता है। लेकिन 8 नवम्बर के बाद जब से हजार और पांच सौ रुपये के नोट की बंदी का फैसला हुआ, लखनऊ के हाथी का मेला उजड़कर फिर से सोनपुर में चला गया। यह राजनीतिक क्षेत्र में भरोसे का संकट है और संकट के समाधान के लिए राजनीतिक क्षेत्र में जब तक भरोसे का संकट रहेगा, लोकतंत्र पर हमेशा संकट रहेगा, इसलिए किसानों, नौजवानों, महिलाओं और देश को आगे बढ़ाने के लिए किसानों की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए राष्ट्रपति के अभिभाषण पर डा.महेश जी ने जो संवाद किये और हमारे प्रधान मंत्री जी ने जिन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है, मैं किसान होने के नाते कह सकता हूं कि किसानों की आर्थिक समृद्धि 2022 में दोगुनी नहीं तिगुनी हो जायेगी।

अध्यक्ष जी, मैं इन लोगों से निवेदन करूंगा कि यदि कुछ बातों पर असहमत नहीं होंगे तो लोकतंत्र की आत्मा मर जायेगी। असहमति व्यक्त करिये, लेकिन उल्टा पढ़ाइन जैसा मत बनिये। क्या आप जानते हैं कि भोजपुरी में उल्टा पढ़ाइन क्या होता है, आप कुछ भी कहेंगे तो वे उल्टा बोलेंगे, वही है उल्टा पढ़ाइन। वही होता है उल्टा पढ़ाइन। उल्टा पढ़ाइन वाला काम छोड़ दीजिए। उन लोगों को बताइए, उल्टा पढ़ाइन मत बनो। लोकतंत्र में असहमति तो होती ही है, होनी ही चाहिए। अगर लोकतंत्र में असहमति नहीं होगी तो डैमोक्रेसी कहां रहेगी। हमारे प्रधान मंत्री जी इस बात को कहते भी हैं। ...(व्यवधान) कौशलेंद्र जी, हीन भावना से मत जीओ। यह मत जानो कि वही लोग प्रधान मंत्री वहां बैठने वाले हैं। लोहिया जी की किताब

को पढ़ो। दीन दयाल जी क्यों उनके साथ सरोकार किए थे, वह भी पढ़ो। हम तो किसान हैं, ढेर पढ़ते हैं और थोड़ा समझते हैं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** वीरेन्द्र जी, स्पीकर की ओर देख कर अपनी बात कहिए।

...(व्यवधान)

**श्री वीरेन्द्र सिंह:** अध्यक्ष जी, नोटबंदी के बाद भ्रष्टाचार मिटाने का जो कार्यक्रम प्रधान मंत्री जी ने शुरू किया है, देश के सामने वादा किया था, वे कहते नहीं हैं, करते हैं और वह दिखता है। बंगाल में दिखा न? ...(व्यवधान) अभी चिंता मत कीजिए, आप भी उसी में आने वाले हैं। ...(व्यवधान) मैं गया था, 1470 रूपये किसान के धान का दाम था। ...(व्यवधान) आप बैठिए, पहले मेरी बात सुन लेना। ...(व्यवधान)

**श्री राम चरित्र निषाद (मछलीशहर):** कल्याण जी, मैं आपसे तेज़ आवाज़ में बोलना जानता हूँ, बैठो। ...(व्यवधान)

**श्री कल्याण बनर्जी (श्रीरामपुर):** धमकी मत दो। ...(व्यवधान) क्या धमकी देते हो? ...(व्यवधान) धमकी देने से कुछ नहीं होगा। ...(व्यवधान) धमकी दे कर क्या करोगे? ...(व्यवधान) सीबीआई कुछ नहीं करेगी। ...(व्यवधान) कुछ नहीं कर पाओगे। ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri Virendra Singh says.

*...(Interruptions)...* *

**श्री वीरेन्द्र सिंह:** अध्यक्ष जी, 1470 रूपये किसान के धान का दाम तय किया था। ...(व्यवधान) मैं बंगाल में गया था। ...(व्यवधान) वहां एक हज़ार रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदने के लिए विवश किया। ...(व्यवधान) एक हज़ार रूपये प्रति क्विंटल धान बेचने के लिए बंगाल में किसान विवश हैं। ...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश में वही हाल है। ...(व्यवधान) 1470 रूपये केंद्र सरकार ने दाम तय किया है। सरकार से संबंधित लोग, खरीदने वाली कंपनी से मिल कर एक हज़ार रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से धान बेचने पर किसान को मजबूर कर रहे हैं।

अध्यक्ष जी, मैं इसलिए कह रहा हूँ कि भ्रष्टाचार के विरोध में चलने वाला यह कार्यक्रम सही है। 109 करोड़ रूपये हमारे एक प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री के पकड़े गए हैं, लेकिन किसी ने चूं तक नहीं की। तमिलनाडु का चीफ सैक्रेट्री पकड़ा गया है, लेकिन किसी ने चूं तक नहीं की है। अपने उत्तर प्रदेश में बैंक के कितने अधिकारियों ने गड़बड़ की है, पकड़े गए, जेल में गए, लेकिन किसी ने चूं तक नहीं की।

* Not recorded.

अध्यक्ष जी, आपके समय की मर्यादा का ध्यान रखते हुए मैं फिर इस बात को दोहराता हूँ कि प्रधान मंत्री जी आप इस देश को स्वाभिमानी बनाने के लिए, स्वावलंबी देश बनाने के लिए, सबल देश बनाने के लिए, किसानपरस्त देश बनाने के लिए, भारतपरस्त देश बनाने के लिए जो कदम आगे बढ़ा रहे हैं, उसमें इस देश का 82 फीसदी किसान आपके साथ होगा, बाकी लोग भी आपके साथ जरूर रहेंगे, इसलिए आगे बढ़ते रहिए। पूरा देश आपके साथ रहेगा।

मैं आपको बार-बार सलाम करते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूँ।

HON. SPEAKER: Motion moved:

> "That an Address be presented to the President in the following terms:
>
> 'That the Members of the Lok Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which he has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on January 31, 2017'."

Hon. Members whose amendments to the Motion of Thanks have been circulated, may, if they desire to move their amendments, send slips at the Table within 15 minutes indicating the serial numbers of the amendments they would like to move. Only those amendments, slips in respect of which are received at the Table within the stipulated time, will be treated as moved.

A list showing the serial numbers of amendments treated as moved will be put up on the Notice Board shortly thereafter. In case any Member finds any discrepancy in the list, he/she may kindly bring it to the notice of the Officer at the Table immediately.

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, अभी महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर दो नेताओं ने अपनी बात सदन के समक्ष रखी है - डॉ. महेश शर्मा जी ने इनिशिएट किया और श्री वीरेंद्र सिंह जी ने सैकेंड किया है। उन्होंने अपने विचार इस सदन में रखे हैं। यह मेरा कर्तव्य होता है कि इस अभिभाषण में कौन-कौन सी चीजों की कमियाँ हैं और बहुत सी बातें जो इस सदन के सामने रखी गई हैं, उनमें कितना सत्य है, यह जनता को बताना जरूरी है। जैसा कि बड़े दिल से हमारे वीरेन्द्र सिंह जी ने स्वीकार किया कि प्रजा प्रभुत्व में विरोधी पार्टी होनी चाहिए और उनके भी विचार सुनना चाहिए, तभी प्रजातन्त्र का महत्व होता है। मैं उनको धन्यवाद देता हूँ कि कम से कम उन्हें अच्छी सूझ-बूझ इसमें आयी है।

**श्री वीरेन्द्र सिंह:** हमें वह पहले से है।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** ठीक है, पहले से है तो मैं वापस ले लेता हूँ, लेकिन कभी नहीं थी। अब जाने दीजिए, मैं उस बात में नहीं जाता हूँ।

महोदया, बहुत सी चीजें मेरे सामने हैं। मैं ज्यादा कुछ कहने के लिए थोड़ा सा डर रहा हूँ, क्योंकि समय आप कितना देंगे, यह उसके ऊपर निर्भर है। खासकर बहुत सी चीजें हमें बतानी है। मैं अपनी बात भी उसी तरह से शुरू करूँगा, क्योंकि जेटली साहब ने भी अपने भाषण में बहुत से शेरो-शायरी बोली है। उसी ढ़ँग से डॉ0 महेश शर्मा ने भी अपने भाषण में शेरो-शायरी की है। मैं अर्श मलसियानी की एक शायरी थोड़ी सी बदलकर आपके सामने रखूँगा :

"रोने वालों की हँसी को पहले वापस लाइए,
शौक से फिर जश्ने-कामयाबी के मनाते जाइए।"

पहले तो जो इस देश की जनता परेशान है, आपकी करतूत से रो रही है, पहले उनकी हँसी को वापस लाइए, उसके बाद तुम्हारी जश्ने-कामयाबी की बातें आप बोलते रहिए, लेकिन उस तरफ आपका ध्यान कम है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में जो पहला पैराग्राफ है, वह पहले वाक्य से शुरू होता है, रेलवेज का मर्जर जनरल बजट के साथ। इस 92-93 साल से चलती आयी परम्परा को एकदम से क्यों बन्द किया गया, यह बहुत से लोगों की समझ में नहीं आया है। मैं परम्परा नहीं कह सकता, जो अच्छी चीजें हैं, उसका बदलाव भी करना पड़ेगा, लेकिन रेलवे एक पब्लिक सर्विस और पब्लिक सेक्टर है। यह कोई कामर्शियल अर्गेनाइजेशन नहीं है, जिसमें सिर्फ फायदा देखें, जिसमें सिर्फ यह देखें कि इससे कितना हमें लाभ मिलेगा और कितना पैसा फाइनेन्स डिपार्टमेंट के पास आयेगा, यह इसका उद्देश्य नहीं है। इसका उद्देश्य, पहले तो ब्रिटिशर्स के जमाने में अपने कामर्शियल हिसाब से उन्होंने रेलवे लाइन डाली थी, लेकिन इस रेलवे लाइन

को पैसेंजर्स ट्रेन में ज्यादा बदलाव किया गया और सारे देश में कम से कम 68 हजार किलोमीटर नैरो गेज, मीटर गेज को कन्वर्ट करके ब्रॉड गेज में लाया गया। एक ही लाइन को तो अगर आप कन्याकुमारी से निकलेंगे तो जम्मू-कश्मीर तक ब्रॉड गेज पर आप यात्रा करेंगे।

इसका उद्देश्य यही था कि कम से कम पैसे में आम आदमी को इसका फायदा हो। गरीब लोग ज्यादा से ज्यादा इसका फायदा उठाते हैं, इम्प्लॉइज़ उठाते हैं, छोटे-मोटे व्यापारी उठाते हैं, बहुत-से लोग अपनी सब्जियां लेकर भी ट्रेनों में घुसते हैं, विद्यार्थी लोग जाते हैं, कॉलेज के बच्चे भी हमेशा इसका फायदा उठाते हैं। अगर इसके नज़दीक कोई गांव है तो वहां पर भी लोग इस रेल का उपयोग करते हैं। लेकिन, आज उसको कॉमर्शियल का रूप देकर यह कहा जा रहा है कि यह लॉस में जा रही है, फाइनैंस डिपार्टमेंट को डिवीडेंड देना पड़ता है, इसीलिए अगर हम इसको जनरल बजट में मर्ज करें तो ज्यादा फायदा होगा। जो डिवीडेंड देने का पैसा है, हर साल लगभग पन्द्रह हजार करोड़ रुपए, बीस हजार करोड़ रुपए, जो आप देते हैं, वह बच जाएगा। उससे रेल के विकास में मदद होगी। आप ऐसा भी कर सकते हैं कि आप जो रोड्स बनाते हैं, बहुत-से नेशनल हाईवेज़ बनाते हैं तो क्या आप उसे पैसा नहीं देते हैं? उसे आप अपने बजट से ही पैसे देते हैं। वैसे ही, रेलवे की ऑटोनॉमी को रखकर आप फाइनैंस डिपार्टमेंट से इसको पैसा दे सकते थे और इसे और अच्छे ढंग से कर सकते थे। लेकिन, आप पब्लिक सेक्टर में अपना विश्वास खो रहे हैं और पब्लिक सेक्टर, खासकर बहुत-से गरीबों को इम्प्लॉयमेंट देता है। उसमें रिज़र्वेशन रहता है और रोस्टर के मुताबिक बहुत-से बच्चों को उसका फायदा होता है, लेकिन, उसको भी आप कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

दूसरी चीज़, उस वक्त आपने बोला था कि बुलेट ट्रेन आएगी, एक लाख करोड़ रुपए जापान से लाएंगे। हमारे प्रधान मंत्री जी भी वहां गए। यहां पर भी जापान के प्रधान मंत्री जी आए थे। उस वक्त भी उन्होंने यह कहा कि एक लाख करोड़ में हम अहमदाबाद से लेकर मुम्बई तक एक बहुत बड़ी बुलेट ट्रेन चलाएंगे और सिर्फ दो घंटे में वह पहुंच जाएगी और इसीलिए यह जरूरी है, ऐसा उन्होंने कहा। यह कब कहा? पहले बजट में ही कहा। लेकिन, अब तो ढाई साल हो गए, दो साल आठ महीने हो गए। आपके बुलेट ट्रेन का अभी लैंड एक्वीज़ीशन नहीं हुआ और आपने उसके लिए इस बजट में दस हजार करोड़ रुपए रखा। ये जो चीज़ें लोगों को गुमराह करने के लिए हैं और लोगों के दिल जीतने के लिए बड़े-बड़े प्रॉमिसेज करना, उनको आशा दिखाना और फिर बाद में उनको निराश करना और यहां पर लोगों को तालियां बजाने के लिए जो-जो चीज़ें बोलनी थीं, वे वह बोलते गए। लेकिन, क्या आप कामयाब हुए? दो साल आठ महीने में आपने कितने एकड़ लैंड एक्वीज़ीशन किया? कितने पैसे आपने खर्च किए? यह सब कुछ नहीं है। पहले तो आपने बोला कि यह सिर्फ दो-ढाई सालों में बन जाएगा। उसमें भी आपकी कामयाबी नहीं है।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि पिछले साल में रेलवे में 62 डिरेलमेंट्स हुए हैं। अगर उसे उसके पिछले साल से कम्पेयर करते हैं तो यह 70 फीसदी ज्यादा है। आप कितना इफिशिएंटली इसको चला रहे हैं, इससे ही यह मालूम होता है। ये आंकड़े आपके हैं, मेरे नहीं हैं। एक्सीडेंट्स को रोकने की भी कोशिश नहीं हो रही है। अब बजट में बताया गया है कि आप सेफ्टीवाइज़ कंसर्न करेंगे, इसको ज्यादा पैसा देंगे। पहले से इसे तवज्जो नहीं दी गयी, अब इसे और ज्यादा पैसे देकर हम इसको सुधारेंगे, अपने बजट में आपने ऐसा कहा है।...(व्यवधान) अगर आप मुझे भी पांच साल बैठाते तो यह जरुर करके दिखाता...(व्यवधान) यह ठीक है। मेरी बात हो गई है। मैं अभी बोल रहा हूं।

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज, आप लोग आपस की चर्चा न करें।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** आपका तो ऐसा है कि प्रेम मेरे साथ है और शादी किसी और के साथ है।...(व्यवधान) आप तो अच्छे हैं और इसे कर भी सकते थे। आप कितनी भी मोहब्बत मोदी जी से करें, आप मिनिस्टर बनने वाले नहीं है...(व्यवधान) यह काम रेलवे के लिए होना चाहिए था, लेकिन आपने नहीं किया। इसमें भी आप फेल हो चुके है और इसमें आप कुछ नहीं कर पाए हैं। आज रेल को फाइनेंस डिपार्टमेंट के हाथ में दे दिया है। वे बेचारे पूरे रेल डिपार्टमेंट तथा उसके चेयरमैन को पकड़कर तथा जितने भी मेम्बर्स हैं, ये लोग फाइनैंस डिपार्टमेंट के सामने जाकर, हमारे जेटली जी के सामने, उनके सेक्रेटरी के सामने जाकर झोली फैलाए घूमते रहे हैं। हर बड़ी-बड़ी चीजों के लिए वहां पर जाना पड़ेगा। इसलिए इसको ऑटोनोमी की जरुरत थी। इसको रखना चाहिए था। अगर सर्दी हो गई, जुकाम हो गया तो क्या आप इसके लिए नाक काट लेते हैं, पेट दर्द है इसलिए पेट काट लेते हैं, सिर दर्द है इसलिए सिर काट लेते हैं। इसको दुरुस्त करना चाहिए। इसे मजबूत करो। कहां पर लूपहोल्स हैं उसको ठीक करो। नुकसान हो रहा है, इसलिए मर्ज करो। यह आपकी नीति है और आपका अचीवमेंट है।

दूसरा, प्रेसीडेंट स्पीच में मनरेगा का बड़ा जिक्र हुआ और मनरेगा की बात जब यहां पर हुई तो उस वक्त तालियां भी उधर से बहुत बजी और इतनी तालियां बजी कि जेटली जी मनरेगा को डबल अमाउंट दिए हैं, ज्यादा पैसे दिए हैं और उतने पैसे कभी भी नहीं दिए हैं। यह उनका कहना था। आप मनरेगा को तो पहले मानते ही नहीं थे। मनरेगा के लिए तो प्रधानमंत्री जी का थोड़ा रिजर्वेशन था और इन्होंने यहां तक कहा कि मनरेगा को मैं निकालने वाला नहीं हूं। यह तो आपका जीता-जागता स्मारक है। इसको मैं रख रहा हूं तथा इसकी सूझ-बूझ मेरे पास है। यही मनरेगा इस ड्राउट में काम आया है और यही मनरेगा लोगों को काम दे रहा है, इसी से लोग अपने पैर पर खड़े होकर काम कर रहे हैं। स्वाभिमान से जीने का यही एक

राइट टू वर्क है। यह उनका काम करने का हक है और यह संविधान में है। इस हक को निभाने के लिए श्रीमती सोनिया गांधी जी और श्री मनमोहन सिंह जी इसको लाए थे। इसमें चाहे करोड़ों रुपये खर्च हो, लोगों को मजदूरी देने के लिए उन्होंने किया और इसका आपने मजाक उड़ाया। आपने इसको बहुत दिनों के बाद रिलाइज किया क्योंकि मैंने आज फोटो भी देखी कि आप फावड़ा लेकर ऐसा मार रहे थे और लोग लाइन में खड़े थे। आपको तो फावड़ा को ठीक से रखना चाहिए था। अगर इसे सीधा रखने के बजाय झुक कर पकड़ते तो यह जमीन पर जाता, क्योंकि आप लोग बहुत खेती करते हैं और बोल भी रहे हैं। आप किसान को कम से कम यह तो सिखा देते कि फावड़ा कैसे पकड़ना है, खुरपी कैसे पकड़ना है। इन सब चीजों को आप दिखाने के बजाय इसका मजाक उड़ाया और इस साल 48 हजार करोड़ रुपये रखा है। ऐसा आपने कह दिया है।

**14.00hours**

ठीक है, मैंने भी देखा कि यह 48 हजार करोड़ रुपए है। ...(व्यवधान) 48000 करोड़ रुपए एलॉटमेंट हुआ, लेकिन यह बहुत कम है। मैं आपको इसलिए कह रहा हूं कि सबसे ज्यादा पैसा आपने दिया, यह आपने कहा, लेकिन आपके सामने मैं आंकड़े रखूंगा। आज के दिन इसको कम से कम 90 हजार करोड़ रुपए रखना चाहिए, अगर मैनडेज 90-100 दिन प्रति व्यक्ति करते और अगर आप इसको ठीक ढंग से चलाना चाहते हैं। ...(व्यवधान) मैं आपको आंकड़े देता हूं। ...(व्यवधान) सुनिए, वर्ष 2012-13 में जब बजट 14 लाख करोड़ रुपए था, तब बजट प्रोविजन 33 हजार करोड़ रुपए रखा गया था। ...(व्यवधान) सुनिए, सुनिए ...(व्यवधान) 30,274 करोड़ रुपए, तो टोटल एक्सपेंडीचर को अगर जोड़ दें तो यह 2.15 पर्सेंट हुआ। वर्ष 2013-14 में 15 लाख करोड़ रुपए का बजट था, तो उस वक्त 33 हजार करोड़ रुपए रखे गए थे, उस समय 2.12 पर्सेंट टोटल बजट का एमाउंट था। वर्ष 2014-15 में 16 लाख करोड़ रुपए का बजट था, 34 हजार करोड़ रुपए रखे गए थे, उसमें से 32 हजार करोड़ रुपए खर्च हो गए थे, यह 1.98 पर्सेंट हुआ। वर्ष 2015-16 में 17 लाख करोड़ रुपए का बजट था और 34 हजार करोड़ रुपए उसके लिए रखे गए थे, जो 2.09 पर्सेंट था। ...(व्यवधान) एक्चुअल बोला तो क्या है? What is this?...(व्यवधान) बजट प्रोविजन भी बोल रहा हूं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, आप चेयर को एड्रेस करिए।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** वह बहुत होशियार हैं। ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record. केवल आपका भाषण रिकार्ड में जा रहा है।

… (*Interruptions*)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** मेरे को गुमराह करने के लिए उन्होंने बोला, वह बहुत होशियार हैं। …(व्यवधान) मैं आपको बता रहा हूं टोटल बजट प्रोविजन, उसके बाद बजट एलोकेशन, फिर उसके बाद एक्चुअल एक्सपेंडीचर, मैं यही बोल रहा हूं, आप सुन नहीं रहे हैं। वर्ष 2016-17 में 20 लाख करोड़ रुपए बजट प्रोविजन था और मनरेगा के लिए एलोकेशन हुआ 38,500 करोड़ रुपए, जो रिवाइज्ड एस्टीमेट में खर्च 47,499 करोड़ था, यानी 2.36 पर्सेंट। वर्ष 2017-18 में टोटल बजट है 21,47,775 करोड़ रुपए और इसमें आपने 48 हजार करोड़ रुपए रखे हैं, यानी 2.24 पर्सेंट, यह ज्यादा हुआ या कम हुआ या डबल हुआ। …(व्यवधान) आप मनरेगा में डबल बोल रहे थे। आप बेहतर जानते हैं, रिवाइज्ड एस्टीमेट में आप अब तक 47,499 करोड़ रुपए खर्च किए हैं, लेकिन आपने कितना रखा, 48 थाउजेंड करोड़ रुपए। डिफरेंस हार्डली 500 करोड़ रुपए का हुआ। इसको ठोक रहे हैं, ठोक रहे हैं। …(व्यवधान) मेरे को ताज्जुब हुआ, जब हमारे प्रधानमंत्री जी, इस सदन के नेता, इतना ठोक रहे थे, मुझे रहम आ रही थी। मैं उस वक्त कहने वाला था कि प्रधानमंत्री जी को बोलूं कि इतना मत ठोको, क्योंकि वह लकड़ी टूट जाएगी और हाथ को भी बड़ा नुकसान हो जाएगा। …(व्यवधान) वास्तव में यह स्थिति है। …(व्यवधान) हमारे हाथ मजबूत हैं, कुछ नहीं होता है। …(व्यवधान) ये फैक्ट्स, फीगर्स उन्हीं के हैं। ये बजट से लिए हुए हैं, ये बाहर से नहीं हैं। यह मनरेगा की स्थिति है। मनरेगा में आपने कोशिश की कि हम ज्यादा दें। सिर्फ लास्ट ईयर को अगर कंपेयर करें तो यह कम है, ज्यादा नहीं है, इसको आप मान लीजिए। तीसरा, अगर आप मनरेगा के मैन डेज़ देखेंगे। …(व्यवधान)

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री प्रकाश जावड़ेकर):** मजदूरी बढ़ाई, वह भी बताइए।…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** मजदूरी बढ़ाई, लेकिन उसके साथ बजट नहीं बढ़ा। अगर मजदूरी बढ़ाते हैं, मैन डेज़ ज्यादा रखने के लिए बजट प्रोविजन भी ज्यादा होना चाहिए। मिनिमम वेजेस हमेशा बढ़ते हैं। आपको मालूम है, आप मुम्बई वाले हैं। टोटल पर्सन्स मैन डेज़ - एक्सपैंडिचर 2012-13 में 30,274 करोड़ रुपये, मैन डेज़ 217 करोड़। कितने घर के लोगों ने काम किया - 4.56 करोड़। अगर आप आगे देखेंगे, आप जो डबल की बात कर रहे हैं, उसमें आज टोटल पर्सन्स मैन डेज़ 168 करोड़ यानी कहां 217 करोड़ और कहां 168 करोड़, कम हुए या ज्यादा हुए, आप बताइए। ये फिगर्स आपके हैं। आपका 2015-16 का देखिए - 220 है। हर चीज में कमी है, इसके बावजूद कहते हैं कि हमारी सरकार आने के बाद तेजी आई। कहां है तेजी?

मुझे एक किस्सा याद आ रहा है। मैं जब असैम्बली में था तो श्री जे.एच. पटेल चीफ मिनिस्टर थे। मैं सीएलपी का लीडर था। किसी ने बीच से उठकर बोला, फलाना आदमी बहुत शार्प है। चीफ मिनिस्टर ने कहा, शार्प है। उन्होंने कहा कि तेज है। यह कहा कि थोड़ा समझिए कि तेज क्या है, शार्प क्या है और कैसे काम करता है। उन्होंने कहा कि ब्लेड दाढ़ी बनाने के लिए यूज होता है। वह बहुत शार्प होता है। देश को बनाने के लिए, फर्नीचर बनाने के लिए रेजर काम नहीं आता। हम लोहे की जो दूसरी चीजें इस्तेमाल करते हैं, वे काम आती हैं। यह कहा गया कि हम बहुत तेजी से भाग रहे थे। तेज कहां भाग रहे हैं? आप तेजी से नहीं भाग रहे हैं, लेकिन भाषण में तेज हैं, बोलने में तेज हैं। भाषण से पेट नहीं भरता।...(व्यवधान) आपके जमाने में एक आदमी, एक घर को 100 दिनों में से 33 दिन काम मिला। अगर आप पहले का देखें तो 47 दिन, 42 दिन काम मिला।...(व्यवधान) बहुत राज्यों ने पैसे मांगे, अभी तक नहीं दिए गए। 16 हजार करोड़ रुपये बाकी हैं जो 48 हजार करोड़ रुपये में से लेने वाले हैं। उसके बाद रूरल डैवलपमैंट मंत्री झोली लेकर जेटली साहब के पास जाएंगे।

आप नरेगा में भी फेल हैं, रेल में भी फेल हैं। फार्मर्स वेल्फेयर की बात चल रही है। अभी श्री वीरेन्द्र सिंह ने बहुत सी स्कीम्स के बारे में बताया कि हमने यह किया, वह किया। शायद ग्रीन रैवोल्युशन भी आप ही लाए थे? मोदी जी के गुजरात में शायद व्हाइट रैवोल्युशन भी आपके जमाने में आया था। वह यूपी और राजस्थान के बार्डर पर हैं, व्हाइट रिवोल्यूशन, ग्रीन रिवोल्यूशन इनके जमाने में ही आया, यह सब ढ़ाई सालों में ही हुआ, कुरियन जी इसी वक्त पैदा हो गए, सारे लोग इसी वक्त पैदा होकर व्हाइट रिवोल्यूशन और ग्रीन रिवोल्यूशन के माध्यम से देश के सभी लोगों का पेट इन्होंने ही भरा। जिस देश में खाना नहीं मिलता था, एक दिन के खाने के लिए लोग तरसते थे, पीडीएस के लिए क्यू में खड़े होते थे। आजादी के बाद ग्रीन रिवोल्यूशन लेकर लोगों का पेट भरने का काम यदि किसी ने किया है तो हमने किया, ग्रीन रिवोल्यूशन हम लेकर आए, व्हाइट रिवोल्यूशन भी हम लेकर आए, आज गुजरात से दूध कोलकाता तक जाता है और मुंबई तक जाता है, उसका क्रेडिट किसी को देना है तो कांग्रेस पार्टी और यूपीए गवर्नमेंट, इंदिरा गांधी और पंडित जवाहर लाल नेहरू जी को दीजिए।

सत्तर सालों में क्या हुआ, साठ सालों में क्या हुआ, अगर कुछ भी नहीं होता तो आप लोग जिंदा नहीं रहते, अगर कुछ भी नहीं होता तो इस देश में प्रजातंत्र नहीं बचता, अगर कुछ भी नहीं होता तो संविधान की रक्षा नहीं होती। अगर किसी ने इस देश के संविधान को बचाने का काम किया है, लोकतंत्र को बचाने का काम किया तो हमने किया, इसीलिए मोदी जी गरीब परिवार से आते हुए भी इस देश के प्रधानमंत्री बने, इसका क्रेडिट डेमोक्रेसी को जिंदा रखने वाली कांग्रेस पार्टी को है। ...(व्यवधान) आप हमसे पूछ रहे हैं कि हमने क्या किया, देश के लिए हमने क्या किया? ...(व्यवधान) उस वक्त डिक्लेयेरड इमर्जेंसी

थी, आज बगैर डिक्लेयड इमर्जेंसी है, कोई पत्रकार बोल नहीं सकता, कोई टीवी वाला सुन नहीं सकता, कोई लोग जोर से बोल नहीं सकते और अपने धर्म के अनुसार चल भी नहीं सकते, अगर चलेंगे तो सनातन धर्म के खिलाफ है, मैं बोलता हूं सनातन धर्म आपके लिए है। वीरेन्द्र सिंह जी आपमें और उनमें बहुत फर्क है, दयानन्द सरस्वती जी और आपके सनातन धर्म में बहुत फर्क है, स्वामी विवेकानन्द और आपमें बहुत फर्क है। आप जो बात करते हैं वह देश को डूबाने का काम करते हैं, देश को तोड़ने की बात करते हैं, समाज को तोड़ने की बात करते हैं, in the name of Sanatam Dharma, you want that people should be divided. आप इस पर नहीं चल रहे हैं, एक तरफ आध्यात्मिक बात करते हैं और दूसरी तरफ लोगों को तंग करते हैं, भगवान का नाम लोगों को इमोशनली एक्सप्लाइट करने के लिए लेते हैं इसलिए लूज टॉक मत कीजिए, गंभीरता से बात कीजिए ताकि देश एकजुट रहे, देश सबसे बड़ा है देश से बड़ा कोई नहीं है, इसके लिए हमारे लोगों ने कुर्बानी दी गांधी जी कुंर्बानी दी, इंदिरा जी ने कुर्बानी दी, राजीव जी ने कुर्बानी दी, आपके यहां से कोई गया, इस देश के लिए आपके घर से। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह रिकार्ड में नहीं जाएगा।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** महोदया, इनके घर से … * भी नहीं गया। …(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Do not say something like that.

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** इसमें अनपार्लियामेंटरी कुछ भी नहीं है, हमारे लोग इतने मर गए, तुम्हारे घर में … * नहीं मरा, यह अनपार्लियामेंटरी नहीं है। …(व्यवधान)

**रसायन और उर्वरक मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री अनन्तकुमार):** इनको क्षमा याचना करनी चाहिए और इस शब्द को वापस लेना चाहिए, इस शब्द को रिकॉर्ड से हटाना चाहिए। हम खड़गे जी से यह अपेक्षा नहीं करते हैं। लाखों लोगों ने देश के लिए कुर्बानी दी।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप प्लीज़ बैठिए। बात गलत है, जो गलत है उसे गलत बोलना पड़ेगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल न करें।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Please do not do it. Why are you doing it?

… (*Interruptions*)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** मैं किसी को नहीं बोला। यह फैक्ट है।…(व्यवधान)

---

* Not recorded.

**माननीय अध्यक्ष :** बोलने की आवश्यकता नहीं है।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** यह इतिहास है।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** इतिहास सब प्रकार का है। प्लीज़, आप ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो ज्यादा अच्छा होगा। …(व्यवधान)

**श्री अनन्तकुमार:** … * हम इसकी घोर निंदा करते हैं।…(व्यवधान) अनुभवी आदमी हैं, इस तरह के शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। हमारी पार्टी और पूरे देश के लाखों लोगों ने कुर्बानी दी, लाखों ने शहादत दी, उसके बाद ही स्वाधीनता मिली। …(व्यवधान) कोई कांग्रेस पार्टी उसकी ठेकेदारी नहीं कर सकती है। मैं उनसे आग्रह करता हूं कि यह शब्द वापस लें और शब्द इस्तेमाल करने के लिए क्षमा याचना करें। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठिए।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** आपकी तरफ से कोई शहीद हुआ?

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Mr. Minister, this is the reality. …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** ऐसे नहीं होता है। Please do not say something like that.

… (*Interruptions*)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** एग्रीकल्चर ग्रोथ में किसानों के बारे में बहुत बातें बताई गई हैं।…(व्यवधान)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):** ऐसे कैसे चलेगा?…(व्यवधान)

SHRI K.C. VENUGOPAL : This is not BCCI. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, बैठिए। मैं आप सबकी बात समझ रही हूं। इसे रिकार्ड से तो निकाल ही देंगे।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** उनका पूरा वाक्य रिकॉर्ड से तो निकालना ही है लेकिन खड़गे जी ऐसे नहीं बोलते हैं। इस देश के लिए कुर्बानी देने वाले बहुत से लोग हैं। कई लोगों ने कुर्बानी दी। हम किसी के लिए ऐसे नहीं बोलें। Please do not say something like that.

… (*Interruptions*)

---

* Not recorded.

SHRI K.C. VENUGOPAL: What is this? … (*Interruptions*) They do not want this discussion. … (*Interruptions*) What is this? … (*Interruptions*) Why is the Minister of Parliamentary Affairs stating it here? … (*Interruptions*) What is his problem? … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** यहां या वहां की बात नहीं होती है। ऐसा नहीं होना चाहिए।

…(व्यवधान)

**श्री अनन्तकुमार:** खड़गे जी, भारतीय जनसंघ के स्थापक अध्यक्ष डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी ने देश में कश्मीर को बरकरार रखने के लिए शहादत दी थी। …(व्यवधान) दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं होने चाहिए। …(व्यवधान) आप क्या बात करते हैं?

SHRI K.C. VENUGOPAL: Why is the Minister of Parliamentary Affairs stating it? … (*Interruptions*) They are creating problem after your mentioning not to do it. … (*Interruptions*) How come the ruling Party is creating problem? … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: No, this will not happen.

… (*Interruptions*)

**श्री अनन्तकुमार:** पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी ने शहादत दी। डॉ. रघुवीर जी, भारतीय जनसंघ के पूर्व अध्यक्ष की शहादत हुई।…(व्यवधान) यानी डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी से लेकर दीन दयाल जी, रघुवीर जी तक सभी ने शहादत दी। …(व्यवधान) मुझे लगता है खड़गे जी को क्षमा याचना करनी चाहिए। आप निर्देश दीजिए। खड़गे जी, आप क्षमा याचना कीजिए।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह कोई विवाद का विषय नहीं है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** कृपया आप बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** ऐसा नहीं होता है। कृपया आप बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं उनको भी बोल रही हूं और आपको भी बोल रही हूं। कृपया आप बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** जो गलत बात बोली गयी है, वह रिकार्ड से निकाल दी जायेगी। ऐसी बातों का कोई इस्तेमाल न करे। देश के लिए सब लोग काम कर रहे हैं। हम उसमें पार्टी लैवल पर नहीं जाते। Please do not do that.

... (व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** अध्यक्ष महोदया, यहां पर एग्रीकल्चर ग्रोथ की बात की गयी। मैं इसके कुछ आंकड़े आपके सामने रखना चाहूंगा। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, आप अपनी बात कहने में कितना समय लेंगे, नहीं तो आप फिर कहेंगे कि मैं टोक रही हूं।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** अध्यक्ष महोदया, मैंने तो अपनी बात अभी शुरू ही की है। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपको अपनी बात कहते हुए आधा घंटा हो गया है।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** मैंने अपनी बात अभी शुरू ही की है। हमें नोटबंदी, मुंहबंदी सब पर बात करनी है। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, आपको बोलते हुए चालीस मिनट हो गये हैं।

...(व्यवधान)

SHRI K.C. VENUGOPAL: They have taken their time.… (*Interruptions*) So, he should get ten minutes more time. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: You should not say that. I am talking to him.

… (*Interruptions*)

SHRI K.C. VENUGOPAL: He should be given ten minutes more time, Madam. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** उनका समय और भी बचा है।

...(व्यवधान)

SHRI ANANTH KUMAR: Kharge Ji, I am requesting you to yield for a minute. … (*Interruptions*)

SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA (GUNA): You have to hear him and you cannot interrupt him all the time. … (*Interruptions*)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** अध्यक्ष महोदया, यहां एग्रीकल्चर ग्रोथ पर बहुत बात हुई। मैं कहना चाहता हूं कि कृषि क्षेत्र में जो ग्रॉस वैल्यू ऐडेड ग्रोथ हुई, उसमें वर्ष 2013-14 में 4.2 परसेंट ग्रोथ हुई। वर्ष 2014-15 में माइन से 02 परसेंट ग्रोथ घटी और वर्ष 2014-15 में सिर्फ 1.1 परसेंट ग्रोथ बढ़ी है। पिछले साल के मुकाबले इस साल 4 परसेंट ग्रोथ होने की उम्मीद बतायी है। अब आप ही बताइये कि एग्रीकल्चर में कहां ग्रोथ हो रही है? एग्रीकल्चर में ग्रोथ नहीं है और रेलवे ग्रोथ भी नहीं है।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** कृपया आप बार-बार मत टोकिये।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** अध्यक्ष महोदया, जब आपकी बोलने की बारी आयेगी, तब आप बोलिये। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** निशिकांत जी, आप कृपया बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** आप बड़े लैंड लॉर्ड होंगे, जमींदार होंगे। लेकिन मैं भी छोटी सी खेती करता हूं इसलिए मुझे भी थोड़ा मालूम है। …(व्यवधान) ठीक है, आप अपनी बात रखिए। मैं उसमें अभी आया नहीं हूं। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, आप सबकी बातों का रिप्लाई मत दीजिए।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** अध्यक्ष महोदया, पहलवान हमें ऐसा करेंगे, तो हम क्या करेंगे? …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** पहलवान तो पहलवानी करे।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** अध्यक्ष महोदया, किसानों को नोटबंदी के बाद फर्टिलाइजर खरीदने में काफी दिक्कतें हुईं। बहुत से लोगों को बीज नहीं मिला। वे फर्टिलाइजर नहीं खरीद सके। इस वजह से किसानों को बहुत तकलीफ हुई। लेकिन जब यहां पर …(व्यवधान) एक जानकारी दी गयी कि वहां सोइंग का एरिया पहले से ज्यादा बढ़ गया है। यह उनका कहना है। सोइंग का एरिया ज्यादा बढ़ने से फसल ज्यादा होती है, ऐसा नहीं है। यदि वक्त पर बारिश हो और ठीक समय पर फर्टिलाइजर डाला जाये, तो उसके बाद ही

प्रोडक्शन बढ़ता है। इसलिए मैंने ये आंकड़े दिये हैं। इनके जमाने में एग्रीकल्चर में भी ग्रोथ नहीं है। उसके बाद एमएसपी भी कम है। …(व्यवधान)

SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA: Let him have his say and then you can have your way. … (*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR: I am only requesting him to yield.

SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA: I know, but let him have his say and you can have your way. It cannot be my way or the highway. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, आप बजट और धन्यवाद प्रस्ताव, दोनों को मिक्स करके बोल रहे हैं।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** अध्यक्ष महोदया, उन्होंने जो कहा …(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record, except Shri Kharge Ji's speech.

*…(Interruptions) …*[*]

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, आप बजट और धन्यवाद प्रस्ताव, दोनों को मिक्स करके बोल रहे हैं।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** अध्यक्ष महोदया, मिक्स का सवाल नहीं है। ये लोग किसानों और आम लोगों की बात कर रहे हैं। उनके लिए आपने क्या पैसा रखा, कितना रखा और उसमें से कितना खर्च हुआ, मैं यह बता रहा हूं। इनका बजट ही इसमें दर्शाता है। …(व्यवधान)

दूसरी चीज यह है कि किसानों को जो मिनिमम सपोर्ट प्राइस मिलना चाहिए था, उसमें भी ज्यादा ग्रोथ नहीं हुई है। इसकी वजह से किसान परेशान है। तीसरी चीज, एनसीआरबी रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2016 के आंकड़े अब तक नहीं मिले, लेकिन वर्ष 2015 के आंकड़े हैं, लगभग आठ हजार किसानों ने आत्महत्या की, जो वर्ष 2014 के मुकाबले में 42 प्रतिशत ज्यादा है। मराठवाड़ा में चार महीने में ही 400 किसानों की आत्महत्या हुई। यह आपका ट्रैक रिकॉर्ड है। दूसरों को एक तरफ दोषी बना रहे हैं, हम पर एलिगेशन लगाने की कोशिश डॉक्टर शर्मा ने की है। आज बहुत से जिलों में ड्राउट है। ड्राउट और डिमॉनेटाइजेशन के बाद जो किसान परेशान थे, उसके लिए हमने सरकार से अपील की कि कम से कम किसानों का कर्ज माफ कर दीजिए। हमने अपने जमाने में 72 हजार करोड़ रुपये माफ किए थे। अब कम से कम आप उन किसानों का कर्ज माफ कीजिए जो परेशान हैं, जो ड्राउट अफेक्टेड एरिया में हैं। आपके

---

[*] Not recorded.

सामने उनके मेमोरेंडम हैं, चाहे वह कर्नाटक हो, महाराष्ट्र हो, राजस्थान हो, गुजरात हो या कोई भी राज्य हो, उन किसानों के कर्ज माफ कर दीजिए। आपने इस तरफ ध्यान नहीं दिया है। मैंने प्राइम मिनिस्टर साहब को एक लेटर लिखा कि कर्नाटक के चीफ मिनिस्टर ने आपसे ड्राउट के बारे में चर्चा करने के लिए तीन महीने तक कोशिश की, उन्होंने आपको बार-बार पत्र लिखे, लेकिन उनको टाइम नहीं मिला। आखिर में, दिसम्बर में एक बार उनको टाइम देकर उनकी बात सुनी गयी, लेकिन अब तक एक पैसा भी नहीं आया है। अब आप बताइए कि क्या ये लोग किसानों की हिफाजत करेंगे? क्या उनके हित के लिए ये लोग काम करने वाले हैं? अगर उनके हित के लिए काम करना है तो पैसे रिलीज करना चाहिए था। जल्द से जल्द मिलने के लिए बुला लेना चाहिए था, उस रिपोर्ट के ऊपर एक्ट करना चाहिए, लेकिन ये काम इन्होंने नहीं किए। इसके बारे में वीरेन्द्र सिंह जी क्यों नहीं बोले, मैं नहीं जानता हूं।

एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा, जिसके लिए मैंने पहले भी बात करने की कोशिश की और पूरा सदन यहां बात करने के लिए आतुर था, लेकिन लास्ट सेशन में नोटबन्दी पर बहस नहीं हो सकी। बाहर एक परसेप्शन दिया जा रहा है और कहा जा रहा है कि सदन में नोटबन्दी के बारे में चर्चा ही नहीं हुई और विरोधी पक्ष के लोग चर्चा नहीं करना चाहते हैं। यह संदेश दिया गया है। मैं आपसे विनती करता हूं कि आपके सामने हम एडजर्नमेंट मोशन लाए थे। तब हमने यह कहा था कि नियम 56 के तहत एडजर्नमेंट मोशन को आप मान लीजिए और हमें चर्चा की सुविधा दीजिए। लेकिन सरकार अड़ी रही कि यह नहीं होता, पहले भी नहीं हुआ, आज हम ऐसा नहीं कर सकते। फिर उसके बाद हम नियम 184 के तहत चर्चा के लिए प्रस्ताव लेकर आपके सामने आए। उस इश्यु पर भी उन्होंने अपनी सहमति नहीं जताई और उस पर भी तैयार नहीं थे। ...(व्यवधान) हमने नियम 184 के तहत चर्चा की बात की, लेकिन उस पर भी चर्चा नहीं हुई। उसके बाद हमने आपसे अपील की कि आप किसी न किसी नियम के तहत चर्चा कराएं, उस वक्त भी इन्होंने उसे ऑब्जेक्ट किया। हम चर्चा के लिए तैयार थे और तैयार हैं।

आज मैं बताना चाहता हूं कि कौन-कौन सी कमियां उस नोटबन्दी के प्रोग्राम में थीं। नोटबंदी हुए कम से कम 86-87 दिन हो गये हैं।...(व्यवधान) 8 नवम्बर को रात में प्रधान मंत्री जी ने यह कहा कि 500 और 1000 रुपये के नोट कागज के टुकड़े के समान हो जाएंगे। इसका कोई महत्व नहीं होगा। कल से इसको कोई इस्तेमाल नहीं कर सकता, ऐसा प्रधान मंत्री जी ने कहा और लोगों में एक पैनिक क्रिएट हुआ कि प्रधान मंत्री जी बोल रहे हैं कि 500 का और 1000 रुपये के नोट कागज के टुकड़े के समान हो जाएंगे। इनकी कोई कीमत नहीं है। मैडम, आप सोचिए, इसका मैसेज देश की गरीब जनता में क्या गया होगा और बाहर के देशों में क्या गया होगा और यहां तक कि सारे इकोनॉमिस्ट ने इसको अपोज किया है। उनका कहना है कि आपको यदि काला धन निकालना था तो आपके पास दूसरे बहुत रास्ते थे। कानून के

हाथ बहुत लम्बे होते हैं। आप कर सकते थे लेकिन आपने किसको सजा दी? 86.5 प्रतिशत करेंसी विदड्रॉ करके रिजर्व बैंक या बैंकों में सिर्फ 13.5 प्रतिशत पैसे रखकर लोगों को आपने तंग और तबाह कर दिया। लोग क्यू/लाइनों में लगे रहे। क्यू में लगकर कम से कम 125 लोग मर गये। किसी देश में ऐसा नहीं हुआ है कि अपने ही मेहनत से कमाये हुए पैसे निकालने के लिए, अपनी ही रोजी-रोटी के पैसों को आपने कागज के टुकड़े कह दिया और लाइन में लगकर कम से कम 125 लोग मर गये। कम से कम उनके लिए एक श्रद्धांजलि इस हाउस में देनी चाहिए थी या कम से कम प्रधान मंत्री जी ही ऐसा कह देते कि मैं इस तरह से एक नोटबंदी की एक स्कीम लाया हूं और उसकी वजह से इतने लोगों को तकलीफ हो गई, इसके लिए मैं माफी चाहता हूं। देश के लोगों से कम से कम आपको माफी तो मांगनी चाहिए थी।...(व्यवधान) आपको कम से कम माफी तो मांगनी चाहिए थी कि मैं अच्छी नीयत से यह स्कीम लाया हूं, लेकिन इसकी वजह से आपको जो तकलीफ हो गई, जो इतने सारे लोग मर गये तो इसकी वजह से मैं दुखी हूं और उसके लिए मैं माफी चाहता हूं, ऐसा आपने नहीं कहा। अभी भी आपको माफी मांगनी चाहिए।

यह जो 500 और 1000 रुपये का नोट आपने बंद किया, इसके कारण लोग अभी भी इतने परेशान हैं और हर जगह सभी लोग चाहे वे किसान हैं, मजदूर हैं, असंगठित वर्कर्स हैं, छोटे-मोटे कारोबार करने वाले लोग हैं, यहां तक कि कंस्ट्रक्शन वर्कर्स यानी जो बहुत से लोग काम करते थे, इसी नोटबंदी के कारण वे छोड़-छोड़कर अपने गांव को जा रहे हैं और 'मनरेगा' में जिस जगह दो करोड़ पचास लाख लोग हाउस होल्ड काम करते थे, आज वहां पर पांच करोड़ से ज्यादा लोग 'मनरेगा' में जाकर फिर काम कर रहे हैं। मैं यही बात बताना चाहता था कि अगर आपको करना ही था तो आपने उसकी तैयारी क्यों नहीं की? जितने नोट आप निकाल रहे हैं, उतने नोट की तैयारी करके आप यह काम कर सकते थे।...(व्यवधान) लेकिन आपने वह नहीं किया। ए.टी.एम. में पैसे रखने के लिए जो बॉक्स तैयार करना था, वह भी आपने नहीं किया और बगैर तैयारी से आपने जो काम किया, इसकी वजह से इस देश की आर्थिक व्यवस्था भी बिगड़ गई और जी.डी.पी. की ग्रोथ भी एक प्रतिशत घट गई है, ऐसा मैं नहीं कह रहा हूं, सारे इकोनॉमिस्ट कह रहे हैं। आपने यह बहुत बड़ा झटका लोगों को दिया है, इसकी वजह से लोग परेशान हैं।

आप तीन मकसद को पूरा करने के लिए नोटबंदी लाए थे। आप काले धन बाहर लाने के लिए नोटबंदी लाए थे। आप नकली नोट बाहर लाने के लिए, जिससे कि आतंकवाद को हो रही फंडिंग रोकी जा सके, नोटबंदी लाए थे और भ्रष्टाचार रोकने के लिए नोटबंदी लाए थे, लेकिन क्या इन तीनों मकसद को पूरा करने में आप सफल हो पाए? क्या काला धन बाहर आया? राज्य सभा में तारंकित प्रश्न के उत्तर में जेटली जी ने बताया कि देश में फेक करेंसी 0.002 परसेंट है। यानी केवल 400 करोड़ रुपए की फेक

करेंसी है। आपने कहा कि 18 lakh करोड़ रुपयों की करेंसी में सिर्फ 480 करोड़ फेक करेंसी है। मैं पूछना चाहता हूं कि कितना काला धन बाहर आया है? रिजर्व बैंक हर आठ दिन बाद एक फिगर देता था, अब वे भी बोल नहीं रहे हैं। वे भी परेशान हैं। उन्हें मालूम ही नहीं था कि नोटबंदी कब हो रही है, कहां हो रही है, कैसे हो रही है, क्योंकि यह निर्णय प्रधानमंत्री जी ने अकेले ही लिया है। प्रधानमंत्री जी ने अपनी कैबिनेट से भी कंसल्ट नहीं किया, अपने चीफ इकोनोमिक एडवाइजर को भी कंसल्ट नहीं किया, फाइनेंस मिनिस्टर को भी कंसल्ट नहीं किया।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप लोग बैठ जाएं।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** पहली बार ऐसा हुआ कि सरकार ने किसी को भी विश्वास में लेकर काम नहीं किया, इसीलिए यह स्कीम फेल हो गई। पहले कहा गया कि मैं विदेशों से काला धन वापिस लाकर हर व्यक्ति की जेब में पन्द्रह-पन्द्रह लाख रुपए डालूंगा। अभी सात राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, इसलिए ये चाहते हैं कि लोग पन्द्रह लाख रुपए भूल जाएं, इसलिए नोटबंदी लाए, कैशलेस इकोनोमी की बात कही। अगर आप एक झूठ छिपाने के लिए दस झूठ बोलते गए, तो कैसे चलेगा। हम चाहते हैं कि 500 करोड़ रुपए से ऊपर कितने लोगों के पास काला धन है, उनका नाम दीजिए।...(व्यवधान) मेरे मंत्री की क्या बात कह रहे हो। मैं क्या तुम्हारे पास एप्लीकेशन लेकर आ रहा हूं कि उसे रोको।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप शांत रहिए और बैठ जाएं।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** महोदया, मैं प्रधानमंत्री जी के पास या जेटली जी के पास उनकी एप्लीकेशन लेकर नहीं गया था, आपको कानून के मुताबिक जो एक्शन लेना है, लीजिए। ... * ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, कृपया अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए। आपने पार्टी का भी समय लिया है। आपको माफी मांगनी पड़ेगी।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** ...* आठ तारीख से पहले एक महीने में जो कुछ इन्होंने किया, * ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं प्रोसीडिंग देख लूंगी। जो भी आपत्तिजनक होगा, उसे रिकार्ड से निकाल दिया जाएगा।

**श्री अनन्तकुमार :** महोदया, कई आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है।

---

* Not recorded as ordered by the Chair.

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** मैंने इंडियन एक्सप्रेस में एक लेख पढ़ा। उस लेख में उन्होंने यह कहा कि 3 चीजों के लिए नोटबंदी की जाती है या करंसी को बदला जाता है।

**माननीय अध्यक्ष :** आपकी पार्टी से दूसरा स्पीकर बोल नहीं पाएगा।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** मैडम, आप कम से कम अब तो हमें बोलने दीजिए। हम एक महीने से यहां लड़ रहे हैं। एक महीना इसी में गया है। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि कम से कम इस पर राशन मत लगाइए।

**माननीय अध्यक्ष :** मैं राशन नहीं लगा रही हूं। मैं क्या करुं। Please complete now.

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** उसमें कहा गया है-

- Hyper-inflation of rates like 15,000 per cent. India had only 5 per cent. यह एक है।
- If counterfeit currency is substantial in number. As per the RBI Annual Report, in ten lakh pieces India had only 70 pieces.
- If it is rarely used primarily by criminals and smugglers. In India 500 and 1000 Rupee notes are used by the common man and even by the poorest sections of the society.

Evidently, none of these conditions were applicable in India. इसके बावजूद भी आपने कर दिया। आपने इसे क्यों लगाया। इससे लोग मर गए और बहुत से लोग बीमार हो गए। इसकी सारी जिम्मेदारी इस देश के प्रधानमंत्री जी को लेनी चाहिए। ...* आर.बी.आई के गर्वनर ने भी यह कहा कि उनको मीटिंग करने के लिए 7 तारीख को कहा गया। जिस रिजर्व बैंक गर्वनर के पास 10 या 11 independent डायरैक्टर्स होते हैं, उसमें से केवल दो-तीन डायरैक्टर वहां पर थे। तीन ही डायरैक्टर को मिला कर ...(व्यवधान) मैडम मैं यह कह रहा हूं कि पेपर में आया और कमिटी के सामने भी उन्होंने यह कहा कि 7 तारीख के दिन मीटिंग बुलाने के लिए उनको कहा।

**माननीय अध्यक्ष :** कमेटी का उल्लेख न करें। अभी उसकी रिपोर्ट नहीं आयी है।

...(व्यवधान)

---

* Not Recorded

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** यह फैक्ट है। 7 तारीख के दिन उन्होंने मीटिंग बुलाई। जो सरकार ने कहा, वह उन्होंने माना। फिर उनकी जो बातें थी, वे 8 तारीख को कनवे की गईं और 8 तारीख का अर्जेंट कैबिनेट मीटिंग बुलाई गई। …(व्यवधान)

**श्री अनन्तकुमार:** वहां क्या हुआ, इनको कैसे पता लगा? …(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** 8 तारीख को मीटिंग बुलाने के बाद यह सारी चीजें मीडिया में भी आई हैं। …(व्यवधान) आप उनको इंकार करने दो। 8 तारीख को उन्होंने कैबिनेट मीटिंग में अप्रूव किया और रात को 8 बजे प्राइम मिनिस्टर ने अनाउंस कर दिया।.... *(व्यवधान)*

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज, अनन्तकुमार जी। प्लीज बैठिए। I will see to it.

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** मैडम, यह सब कुछ हुआ चौबीस घंटे में। मीटिंग भी हो गई, कैबिनेट मीटिंग भी हो गई, प्राइम मिनिस्टर ने 8 नवंबर को रात को 8 बजे अनाउंस भी किया। ये 500 और 1000 के नोट कागज के टुकड़े हैं, ये कल से काम नहीं आएंगे। मैं कहना चाहता हूँ कि आप 8 तारीख को उसे कागज़ के टुकड़े कहे, लेकिन जब कानपुर में रेल एक्सीडेंट हुआ, तब आपने क्यों पुराने नोट दिये। आपने पुराने नोट कम्पेनसेशन के रूप में दिये। एक तरफ आप इसे कागज़ के टुकड़े कहते हैं और दूसरी तरफ कम्पेनसेशन पुराने नोटों में देते हैं। …*(व्यवधान)*

**माननीय अध्यक्ष :** आप अपनी बात कहें।

…*(व्यवधान)*

**श्री अनन्तकुमार :** माननीय अध्यक्ष जी, ये सदन को गुमराह कर रहे हैं। सभी डाक्युमेंट्स को अथेंटिकेट करके सदन के पटल पर रखें। कैबिनेट डिसीज़न से लेकर, रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के डिसीज़न से लेकर हर चीज़ के बारे में खड़गे जी ने सदन को और पूरे देश को गुमराह किया है …*(व्यवधान)* जो अथेंटिकेटेड नहीं है, वह किया, वे सभी दस्तावेज़ सदन के पटल पर रख दें। …*(व्यवधान)* उनके पास कोई तथ्य नहीं हैं। …*(व्यवधान)* वे जिन कमेटियों का जिक्र कर रहे हैं, तो किसी समिति की बैठक अभी समाप्त नहीं हुई है, उसकी अभी रिपोर्ट भी नहीं आयी है। …*(व्यवधान)*

HON. SPEAKER: Kharge Ji, now please complete.

… (*Interruptions*)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** मैडम स्पीकर, मैं यह इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि आप जो कहते हैं, उसमें कुछ कंसिस्टेंसी रहनी चाहिए।

**माननीय अध्यक्ष :** आप अपनी बात कम्प्लीट कीजिए, नहीं तो आपके दूसरे सदस्य नहीं बोल पाएंगे। I cannot help it.

… (*Interruptions*)

SHRI ANANTHKUMAR: I am drawing your attention only to the rules of business. … (*Interruptions*). We can speak but what about the Rules of the Business.

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** मैडम स्पीकर, यह सिर्फ मेरा ही कहना नहीं है। डॉ. मनमोहन सिंह जी ने कहा-

> "Monumental mismanagement, organized loot, legalized plunder of the common people"

श्री वी.वाई. रेड्डी, आरबीआई के पूर्व गवर्नर, जो एक बहुत बड़े एकोनोमिस्ट हैं, ने कहा-

> "The role of the Central Bank in our economy is under threat and it is a national problem which has to be addressed as a national problem."

प्रो. अमर्त्य सेन, जो वेस्ट बंगाल के हैं और नोबल प्राईज़ विनर हैं, ने कहा-

> "At one stroke the move declares all Indians, indeed all holders of Indian currency, as possible crooks, unless they can establish they are not."

यह हमने नहीं कहा, यह तो इकोनोमिस्ट्स ने कहा। जिनको दुनिया मानती है, ऐसे लोगों ने कहा। लॉरेन समर्स, जो हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हैं, ने कहा-

> "We strongly suspect that those with the largest amount of ill-gotten gain do not hold their wealth in cash, but instead have long since converted it into foreign exchange – gold, bitcoins and some other store of value. So, it is petty fortunes, not the hugest and most problematic ones that are being targeted."

यानी अमीर लोग तो सोने में, हीरे में, प्रोपर्टी आदि में लगाते हैं। यदि इससे सबसे ज्यादा किसी को नुकसान होगा, तो वह गरीबों को, आम आदमियों को होगा। श्री प्रणव सेन भी एक चीफ स्टैटिस्टिशियन और इकोनोमिस्ट हैं, उन्होंने कहा-

> "Considering the fact that the informal sector in India accounts for about 45 per cent of Gross Domestic Product and nearly 80 per cent

> of employment, disruption of this liquidity can be very costly indeed both in terms of growth and equity."

इससे ग्रोथ नहीं होगा, इससे नुकसान होगा और 80 पर्सेंट से ज्यादा लोगों पर इसका अफेक्ट होगा। यह उन्होंने कहा, हमने नहीं कहा।

Now let us see what Mr. Steve Forbes said. He is the Chairman and Editor-in-Chief of Forbes Media, Mr. Steve Forbes said:

> "What India has done is commit a massive theft of people's property without even the pretense of due process. This was a shocking move for a democratically elected Government."

हमको तो विश्वास में लेने की बात तो और लेकिन अपने कैबिनेट को भी विश्वास में नहीं लिया, ऐसी चीजें कर बैठे कि दुनिया के हर इकोनौमिस्ट ने क्रिटिसाइज किया, लेकिन फिर भी बोलते हैं अच्छे दिन आएंगे, अच्छा काम करेंगे, सबका साथ, सबका विकास और अभिजीत बनर्जी क्या कहते हैं, उन्होंने यह कहा कि -

> "I never understood the logic behind it for once why introduce Rs.2000 notes."

भाई एक हजार और पांच सौ रुपये के नोट आप निकाल रहे हैं तो आप दो हजार रुपये के नोट क्यों डाल रहे हैं। ...(व्यवधान)

SHRI ANANTHKUMAR: Sir, I am on point of order. I want to quote Rule 352: It says:

> "A member while speaking shall not make personal reference by way of making an allegation imputing a motive to or questioning the *bona fides* of any other member of the House unless it be imperatively necessary for the purpose of the debate being itself a matter in issue or relevant thereto."

Madam, secondly I will take you to Rule 353 which says:

> "No allegation of a defamatory or incriminatory nature shall be made by a member against any person unless the member has given adequate advance notice to the Speaker and also to the Minister concerned so that the Minister may be able to make an investigation into the matter for the purpose of a reply."

Madam, according to both the Rules 352 and 353, whatever points our leader of the largest opposition Party has raised, he cannot raise them because he has made baseless allegations. He has referred to no documents. He has not authenticated anything. He has not substantiated anything.

Madam, he was allowed to speak all those things. I would request you that all those things should be expunged from the records of the House. पूरा उसको दस्तावेज से हटाना चाहिए। मैं आपसे यह रिक्वेस्ट कर रहा हूँ, उनका कोई हक नहीं बनता। If at all he wants to speak, he should be speaking with all the authenticated documents. He cannot mislead the entire House and the entire country… (*Interruptions*).

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** भाई उसको सीरियस क्यों लेते हैं, उनका काम ही है मिसलीड करना। हमें उस पर ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहिए।

**माननीय अध्यक्ष :** कोई मिसलीड नहीं किया है, आप भी मत कीजिए। वह भी नहीं करेंगे।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** मैं तो मिसलीड करता ही नहीं हूँ। मैं हमेशा आपके आदेश पर चलता हूँ। मैं उधर देखता भी नहीं हूँ, उधर देखना पाप है, सुनना पाप है। आपको देखना ठीक है।

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज आप कम्प्लीट कीजिए। मेरी बात सुनिए भी, आप कम्प्लीट कीजिए, आपका दूसरा स्पीकर नहीं बोल पाएगा। I am saying it again to you.

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** आप राशनिंग मत लगाइये, दो लोग बोले और वे ऐसा बोल दिये कि सत्तर सालों में कुछ नहीं हुआ, फिर तो बोलना पड़ेगा।

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज, आप कम्पलीट कीजिए।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** मैडम स्पीकर, मुझे थोड़ी हंसी आई, परसों जब जेटली साहब अपना बजट भाषण दे रहे थे, उस वक्त उन्होंने यह कहा कि नोटबंदी के बाद इस देश में एक भी दंगा नहीं हुआ, एक भी फसाद नहीं हुआ, कोई कहीं गड़बड़ी नहीं हुई, ऐसा उन्होंने कहा। यानी नोटबंदी होने के बाद आप गड़बड़ चाहते थे, इस देश के लोगों में सहनशीलता है। कुछ गड़बड़ नहीं हुई, एजिटेशन नहीं हुआ, इसका मतलब यह नहीं है कि हर चीज में आप जो गलत काम करते हैं, उसका समर्थन है, ऐसा समझना ठीक नहीं है। …(व्यवधान) आपको यह कहना चाहिए कि इस देश में इतनी सहनशीलता है, अगर मैं कहूं तो आप गलत मत समझना और सदन के लोग भी गलत न समझें, मैं माफी चाहता हूं, आपके पास इतनी सहनशीलता है कि इस देश में आपने एक हजार सालों तक गुलामी की और सहते रहे, आज आप यह कह रहे हो।

...(व्यवधान) मैं तो गुलाम का गुलाम था, लेकिन तुम ब्रिटिशर्स के गुलाम थे, मैं तुम्हारा गुलाम था। आप चुप बैठो।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप मेरी सहनशीलता मत देखिये।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** मैडम, इस देश में सहनशीलता बहुत है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आपने गलत काम किया, लोग सह रहे हैं। इसीलिए हमारा काम अच्छा है। ये जो कह रहे हैं, यह ठीक नहीं है। अगर आप दंगा ही चाहते हैं तो फिर आपको लोग कभी न कभी दिखा देंगे, लेकिन आप ऐसी बातें मत करो...(व्यवधान) इसीलिए मैं कहना चाहता हूं कि आपने इस देश में सिर्फ पचास दिनों में सब ठीक करने की बात कही थी। पहले आपने दो हफ्ते के लिए कहा, फिर आपने बोला कि मुझे पचास दिन दो। जब प्रधान मंत्री जी गोवा गये थे, वह वहां बोले कि कांग्रेस को आपने सत्तर साल दिये, मुझे सिर्फ पचास दिन दो। ऐसा आपने कहा था, वे पचास दिन चले गये।

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, अभी आप कितना समय लेंगे, मुझमें सहनशीलता नहीं है। 40 मिनट की जगह आपने सवा घंटा ले लिया।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** मैं अभी सिर्फ दस मिनट और लूंगा।

**माननीय अध्यक्ष :** दस मिनट नहीं, अब केवल दो मिनट में खत्म कीजिए।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** इन्होंने वहां पचास दिन देने की बात कही, वे पचास दिन हो गये, अब 85 डेज हो गये। ...(व्यवधान)

SHRI NISHIKANT DUBEY (GODDA): Madam, I am on a point of order under Rule 356. Rule 356 says:

> "The Speaker, after having called the attention of the House to the conduct of a Member who persist in irrelevance or in tedious repetition either of his own arguments or of the arguments used by other Members in debate, may direct that Member to discontinue the speech."

ये इरेलिवेंस और टीडियस आपके बार-बार मना करने के बाद ये इरेलिवेन्ट बात कर रहे हैं और टीडियस बात कर रहे हें, आप इन्हें डिबेट से रोकिये। रूल 356 के आधार पर आप इन्हें रोकिये। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपका भी नहीं और किसी का भी पाइंट ऑफ आर्डर नहीं हो सकता। अब कोई पाइंट ऑफ ऑर्डर नहीं है।

SHRI K.C. VENUGOPAL: Madam, I am raising a point of order. Rule 352 says:

> "A Member while speaking shall not use his right of speech for the purpose of obstructing the business of the House."

Madam, what they are doing is against this Rule. The hon. Minister for Parliamentary Affairs and the hon. Member are disturbing his speech. It should be expunged.… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी और अन्य किसी का पाइंट ऑफ आर्डर नहीं होगा, आप अपनी बात कम्पलीट कीजिए। Please do not do that.

खड़गे जी, इसका मतलब यह है कि सबकी सहनशीलता जवाब दे रही है।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** उन्होंने एक-दो घंटे बात की, कम से कम आप हमें एक घंटा का समय दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष :** उनका पार्टी का समय है। उनकी पार्टी के पास समय है।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** मैडम स्पीकर, मुझे हर सवाल का जवाब देना है, इसीलिए जब प्रधान मंत्री जी गोवा गये थे, शायद वह जापान से वापस आकर डायरेक्टली वहां प्रचार के लिए गए थे।

**15.00 hours**

उस वक्त उन्होंने बड़ी बेचारी के साथ मायूस हो कर कहा कि मेरी जान को खतरा है। मैं यह सुन कर परेशान हो गया कि मेरे प्रधान मंत्री को, अगर इस सदन के नेता की जान खतरे में है तो मेरा क्या होगा? कम से कम उनके पीछे बहुत बड़ी फौज है, … * 330 एमपीज़ हैं। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज़ इस नाम को निकाल दीजिए, इसकी आवश्यकता नहीं है।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** मैडम, संघ है। 330 एमपीज़ हैं। सरकार है। ज़ेड प्लस, प्लस, प्लस सिक्योरिटी है। …(व्यवधान) अगर उनकी गत यह है तो मेरा क्या होगा? मैं तो रोज़ उठ कर उनकी नीति को उनको क्रिटिसाइज़ करता हूँ। मैं उनकी पॉलिसीज़ के खिलाफ बोलता हूँ। उनके जो भी विषय हैं, उस पर हम विरोध करते हैं तो हमारा क्या होगा? …(व्यवधान) तब तो हमको भी खतरा है। अगर आप सुरक्षित नहीं हैं, तो देश भी सुरक्षित नहीं है। यह मैसेज जाएगा। आपको ऐसी बात नहीं करनी चाहिए। क्योंकि आप इस सदन के नेता हैं, देश के नेता हैं, प्रधान मंत्री हैं। अगर प्रधान मंत्री कमज़ोरी की बात करता है तो पूरा मैसेज दुनिया में चला जाता है। इसीलिए आप आगे से ऐसी भावनात्मक बातें कह कर लोगों को मत लुभाया करो।

---

* Not recorded.

लोगों के वोट के लिए ऐसी बातें नहीं करनी चाहिए। इसीलिए मैं यही कहूंगा, इस मुद्दे पर, नोटबंदी के मुद्दे पर यही कहूंगा कि -

"वादा तेरा वादा, वादे पर तेरे मारा गया, आम आदमी सीधा-साधा।"

...(व्यवधान) आम आदमी सीधा-साधा मारा गया।

मैडम स्पीकर, अब मैं डिजिटल इकॉनमी पर आऊँगा। क्योंकि आप कैशलैस कर रहे हैं। ठीक है, यह सुधार है। इसके खिलाफ तो कोई नहीं है, लेकिन कम से कम हमें यह सोचना चाहिए कि इस देश में कितने लोग शिक्षित हैं। आज कितने कृषि मज़दूर लोग हैं, असंगठित कामगार हैं, जो इतनी संख्या में हैं। उनमें से कम से कम 93% लोग कैश में ट्रांस्ज़ैक्शन करते हैं। उनको एकदम यह कहना कि यह सब बंद हो जाएगा और आज से डिजिटल इकॉनमी शुरू कर के, प्लास्टिक इकॉनमी शुरू करेंगे। ये जो चीज़ें हैं, जब सुधार लाते हैं तो उसका कोई मैथड होना चाहिए। उसको ठीक ढंग से लागू करने के लिए उसका सही प्रयोग होना चाहिए। उसके बजाय आप 90% लोगों को परेशान कर के क्या हासिल करने वाले हैं? हर जगह किसान जब मज़दूरी देता है, कैश में ही देता है। क्या उसका अकाउंट हर बैंक में नहीं है। मज़दूर बैंक में जा कर ठहरता नहीं है, वह तीन सौ रूपये-ढाई सौ रूपये रोजी-रोटी के लिए जाता है तो कैश में ही लेता है। जैसे हमारे वीरेन्द्र सिंह जी हैं, जो बड़े लैण्ड लॉर्ड हैं, उनके पास कम कम 150 लोग काम कर रहे हैं तो वे लोग कैश ही पूछेंगे। क्या वे लोग चैक पूछेंगे? चैक आप सब लोगों को दे भी नहीं सकते हैं। चंद चीजों को आपको प्रैक्टिकली देखना चाहिए। सिर्फ थ्योरी ही नहीं है। थ्योरी में बहुत कुछ अच्छा भी लगता होगा, लेकिन प्रैक्टिकली यह इंपॉसिबिल है। मैं पूछना चाहता हूँ कि क्या इस देश में हरेक के पास कंप्युटर है? क्या हर हाथ में स्मार्टफोन है? क्या हर जगह इंटरनेट है? ...(व्यवधान) ये सब चीज़ें आपके सामने हैं, जिन चीज़ों का कदम सूझबूझ से उठाना चाहिए, गड़बड़ी से नहीं उठाना चाहिए। अपनी गलतियों को छुपाने के लिए यह सब नहीं करना चाहिए। एक बार तो 15 लाख रूपये का वायदा चला गया। फिर उसके बाद नोटबंदी में यह जो गड़बड़ी हो गई, उसमें भी आप कामयाब नहीं बन सके। अब यह क्या है?अब यह कैशलेस आ गया। आप प्लास्टिक करेंसी के पीछे लगे हैं। अब यह फेल हुआ तो और क्या निकालेंगे, यह मालूम नहीं है। रोज एक मंत्र निकालते हैं। जुमला बोलो, मंत्र कहो, रोज एक निकालते हैं, इसमें यह सरकार माहिर है।

आखिर में मैं दो विषयों पर आता हूँ। एक एस.सी.,एस.टी. बजट से सम्बन्धित है और दूसरा विषय पावर्टी इरैडिकेशन का है। मैं इन दोनों विषयों के बारे में थोड़ा-थोड़ा कहूँगा। जब यहाँ पर जेटली साहब ने

अपना बजट पेश किया था।...(व्यवधान) राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में यह शब्द है, क्या शब्द है, उन शब्दों का इसमें इस्तेमाल किया गया है, गरीब, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित, श्रमिक और युवाओं के लिए काम करती है। इतने शब्द इस्तेमाल किए गए हैं, जितने भी शब्द गरीबों के लिए डिक्शनेरी में हैं, वे सब इसमें डाल दिए गए हैं। शब्दकोश में जितने भी शब्द हैं, वे यहाँ हैं। मैं उन गरीबों की बात कर रहा हूँ, मैं उन दलितों की बात कर रहा हूँ। क्या यह आपको पसन्द नहीं हैं? आप कह रहे हैं कि वह बात बजट में करो, यह आपने ही बोला है, ये शब्द अभिभाषण में हैं। आपके अभिभाषण में जो शब्द आये हैं, उनके लिए आपने क्या किया और आपने कितना पैसा रखा, यह मैं आपको बताना चाहता हूँ। आप सुनिए, आप इसे सोच सकते हैं। आप देखिए, वर्ष 2012-13 में 14 लाख करोड़ रूपये का बजट था। उसमें शेड्यूल्ड कास्ट्स सब-प्लान में 2.35 परसेंट रखा गया था। वर्ष 2013-14 में 2.23 परसेंट रखा गया, जब 15 लाख करोड़ रूपये का बजट था। वर्ष 2014-15 में 16 लाख करोड़ रूपये का बजट था तो 1.81 परसेंट रखा गया था। वर्ष 2015-16 का 17 लाख करोड़ रूपये का बजट था तो आपने 1.71 परसेंट रखा। यह कम हुआ या ज्यादा हुआ। वर्ष 2016-17 में 20 लाख करोड़ रूपये का बजट था तो उसमें आपने 38,832 करोड़ रखा, यानी 2.03 परसेंट रखा। अब आप सुनिए, आप लोग मेज थपथपा रहे थे, अब मेरी बात सुनिए। वर्ष 2017-18 के बजट में आपने 21 लाख करोड़ रूपये के बजट के अगेंस्ट 52 हजार करोड़ रूपया रखा तो यह 21 लाख के मुकाबले में 2.44 परसेंट हुआ। यह कहाँ डबल हो गया, यह आप क्यों लोगों को धोखा देते हो, क्यों असत्य बोलते हो, क्यों लोगों को सता रहे हो और कह रहे हो कि हमने डबल कर दिया, 52 हजार करोड़ रूपये कर दिया। कोई उठकर मुझे बार-बार बोल रहा था कि खड़गे जी, खड़गे जी, यह आपकी फिगर है। मैं आपको आँकड़े दे रहा हूँ। 21 लाख करोड़ में 52 हजार करोड़ है, 2.44 परसेंट है। पहले 14 लाख करोड़ रूपये था तो 2.35 परसेंट था। आप हमारी बात सुनिए। आप प्वाइंट वन परसेंट ज्यादा रखकर मेरे को बोल रहे हैं कि हमने डबल रखा है।...(व्यवधान) आप सुनिए।

मैं गर्व के साथ यह कहना चाहता हूँ कि एस.सी.पी., स्पेशल कम्पोनेंट प्लान पॉपुलेशन के हिसाब से कम से कम इसको तीन लाख करोड़ रूपये रखना चाहिए था, लेकिन कोई रखता नहीं, मुझे मालूम है। कम से कम एक लाख करोड़ रूपये तो इसके लिए रखना चाहिए था। वह भी नहीं है और बेस्ड-ऑन पॉपुलेशन तो इस बार आपके पास रख नहीं सकते थे। लेकिन, बेस्ड-ऑन पॉपुलेशन के हिसाब से आंध्र प्रदेश सरकार, तेलंगाना सरकार, कर्नाटक सरकार में से एक-एक का बजट बीस-बीस हजार करोड़ रुपए है। अगर तीन स्टेट्स को लिया जाए तो 60 हजार करोड़ रुपए एस.सी. के लिए है और आपका बजट है 52 हजार करोड़ रुपए और आपने कहा कि आपने हमें बहुत कुछ दिया है।

शेड्यूल्ड ट्राइब्स का भी 1.49% है। पहले वर्ष 2012-13 में यह 1.43% था, वर्ष 2016-17 में 1.27% था। अब आपने दिखाया है 1.49%। यह डबल कहां से हुआ है? क्यों ऐसे ... * वायदे करते हो? ऐसे जुमले बोल-बोलकर बाहर ऐसे फिगर्स बताकर लोगों का दिशाभूल कर रहे हैं, उन्हें भ्रमित कर रहे हैं। आपने कहा कि हमने आने के बाद इतनी राशि दी। कहां है आपकी राशि? देख लीजिए। आपने जो कुछ किया, दलित, पीड़ित, वंचित, इनके लिए किया। शब्दों से पेट नहीं भरता है। अगर उनका पेट भरना है तो उनको काम दो, पैसा दो, कौशल विकास में ज्यादा पैसे डालिए। लेकिन, आपने कहा कि मैं स्किल डेवलपमेंट में ज्यादा से ज्यादा पैसे देकर लोगों को इम्प्लॉयबल बनाऊंगा। यह कहां है? अगर उसका मैं आंकड़ा निकालूंगा तो उसके और भी खराब आंकड़े हैं।...(व्यवधान)

आप लोग सुनिए क्योंकि आप लोग हमें क्रिटीसाइज़ करते हो कि यू.पी.ए. गवर्नमेंट ने कुछ नहीं किया। लेकिन, आपके चीफ इकोनॉमिक एडवाइज़र ने क्या कहा? मई, 2015 में आपके चीफ इकोनॉमिक एडवाइज़र का ही कहना है कि यू.पी.ए. सरकार के समय में, वर्ष 2005 और वर्ष 2012 के बीच गरीबी कम होने की गति भारत के इतिहास में सबसे तेज रही। यह जो ... * प्रोपेगैंडा आप कर रहे हैं कि हमने कुछ नहीं किया, यह आपका ही कहना है। यह आपके एडवाइज़र का कहना है। आगे उन्होंने क्या कहा? उन्होंने कहा - "In the last few years our economy has not done as badly in reducing poverty as some people will have us believe. It was due to the fast GDP growth." This is the statement of the Chief Economic Advisor. जो प्राइम मिनिस्टर को एडवाइज़ करते हैं, यह उनकी बात है, मई, 2015 में। क्या यह सत्य नहीं है ... * है?

**श्री निशिकान्त दुबे :** स्पीकर मैडम, यह अन-पार्लियामेंटरी वर्ड है।...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** अच्छा, इसे वे देख लेंगी।...(व्यवधान) क्या यह सत्य से दूर है?...(व्यवधान)

उन्होंने कहा कि वह पिछले दशक से दो गुना तेज था और इन सात सालों में पन्द्रह करोड़ से भी ज्यादा लोगों को बी.पी.एल. से ऊपर उठाया गया। हमारे पास ये आंकड़े हैं और आंकड़ों के हिसाब से हम बात कर रहे हैं। हम सिर्फ हवा में बात नहीं कर रहे हैं।

दूसरी चीज़ सर्जिकल स्ट्राइक्स की है। इसके बारे में अभी बातचीत करते हुए यह कहा गया कि सभी लोग पॉलिटिक्स कर रहे हैं और जो कोई भी नोटबंदी की बात करता है तो हमेशा उसे यह कहा जाता है कि वह काले धन का सपोर्टर है।...(व्यवधान)

---

* Not recorded.

सर्जिकल स्ट्राइक्स देश में पहली बार नहीं हुआ है। यह पहले से होता आ रहा है, आगे भी होता रहेगा, जब तक हमारे दुश्मन हमें छेड़ते रहेंगे, तब तक ये सर्जिकल स्ट्राइक्स होते रहेंगे। इसका गुत्था कांट्रैक्ट आपने ही लिया है, देशभक्ति का कांट्रैक्ट आपने ही लिया है, दूसरे कोई देशभक्त नहीं हैं। ...(व्यवधान) इतना ही नहीं, जब यूपी में पोस्टर लगे तो कौन, नौरत्न में एक रत्न, आप गोवा में पर्रिकर साहब के लिए बोले कि जैसे अकबर के दरबार में नौरत्न, उसी तरह पर्रिकर भी मेरे नौरत्न में एक रत्न हैं। वे नौरत्न सब जगह पोस्टर लगाने के लिए यूपी में फिरे। ...(व्यवधान) नौरत्न में पर्रिकर राजा मानसिंह, अकबर के जमाने में डिफेंस मिनिस्टर, ठीक है पर्रिकर राजा मानसिंह हो गए और फाइनेंस मिनिस्टर, राजा टोडरमल जेटली जी हो गए। बाकी के नौरत्न में सात रत्न कौन है, यह सबको मालूम होना चाहिए। हमें भी मालूम होता कि यह मानसिंह है, यह टोडरमल है, यह...(व्यवधान) कालिदास है। ...(व्यवधान) ये सारी चीजें हैं। ...(व्यवधान) मेरे पास लिस्ट है, अगर बोलें तो मैं पढ़ता हूं। फैज़ल से लेकर सारे हैं। ...(व्यवधान)

मैडम, जो सर्जिकल स्ट्राइक हुई, इसका क्रेडिट ये ले रहे हैं, इसे लेने की जरूरत नहीं है। देश के जवानों ने अपनी जान की कुर्बानी देकर इस देश की रक्षा करने का जो बीड़ा उठाया है, जो काम कर रहे हैं, उसके लिए हम सभी लोग उनके साथ है, पूरा देश उनके साथ है, आप सिर्फ अकेले नहीं हैं। हमको बताया जा रहा है कि उनकी देशभक्ति की पहचान पूछ रहे हैं, आप वैसा कर रहे हैं, ऐसा कर रहे हैं। हम आपसे पूछ रहे हैं, भाई। सर्जिकल स्ट्राइक में आपने क्यों गलती की? आपने टाइमली क्यों एक्ट नहीं किया? आप और जम्मू- कश्मीर की सरकार मिलकर इसको ठीक ढंग से क्यों नहीं लेकर गए? यह हम आपसे पूछ रहे हैं, तो हमारी देशभक्ति पर आप सवाल कर रहे हैं। ये जो चीजें हैं, इसके बारे में आपको नहीं कहना चाहिए, क्योंकि जितने जिम्मेदार आप हैं, उतनी ही जिम्मेदार देश के लिए अपोजिशन पार्टी भी है। हम मिलकर लड़ेंगे, इसमें कोई दो बात नहीं हैं। किसी को बदनाम करके, किसी को देशद्रोही कहकर, कालाधन वाला कहकर, अगर उनकी छवि को खराब करने की कोशिश की तो यह अच्छा नहीं होगा, कल आपको इन शब्दों को वापस लेना पड़ेगा। ...(व्यवधान)

दीनदयाल उपाध्याय योजना की बहुत बात होती है। उस योजना में वर्ष 2015-16 के एलाटेड एमाउंट 1,500 करोड़ रुपए में से केवल 15 पर्सेंट ही यूज हुआ है। इस साल अक्टूबर तक सरकार केवल 18 पर्सेंट ही यूज कर पाई है। आपकी सरकार दीनदयाल उपाध्याय योजना को क्यों लागू नहीं कर पाई? ये आपके आंकड़े हैं। आपने इकॉनामिक सर्वे में, बजट में जो आंकड़े पेश किए थे, उसके आधार पर हम बोल रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना में, सरकार को वर्ष 2019 तक 1 करोड़ घर बनाने हैं, लेकिन अब तक वह सिर्फ 48 हजार ही घर बना पाई, जो कि 0.5 पर्सेंट हैं। आपकी सरकार के आंकड़े यह बताते हैं कि

सरकार तेजी से नहीं चल रही है, आहिस्ता चल रही है। इसके बावजूद आप अपनी प्रशंसा कर रहे हैं। कह रहे हैं कि हम बहुत तेजी से भाग रहे हैं, पहले के लोगों ने कुछ नहीं किया, हमने यह किया।

आपका स्वच्छ भारत का सपना है। आप स्वच्छ भारत की स्कीम लाए हैं। आपका रूरल एरियाज में 11 करोड़ 11 लाख टॉयलेट्स बनाने का लक्ष्य था। अब तक सरकार ने सिर्फ 2 करोड़ 7 लाख टॉयलेट्स ही बनाए हैं। अब दो साल बचे हैं। क्या आप दो साल में 9 करोड़ टॉयलेट्स बना सकते हैं? अगर उससे भी ज्यादा टॉयलेट्स बनाने हैं तो ढाई साल में क्यों नहीं बनाए।...(व्यवधान)

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ - 2011 से 2013 तक यूपीए सरकार के समय girls enrolment ratio 48.4 प्रतिशत पहुंच गया था। इस सरकार के आने के बाद वह 48.2 प्रतिशत है।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप दूसरे माननीय सदस्यों को भी बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** इसलिए इसमें गिरावट आ गई है। आपकी हर चीज में गिरावट है। कहा दलित, पीड़ित, वंचित महिलाओं का उद्धार होगा।...(व्यवधान)

आप जॉब्स की बात करते हैं।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं दूसरे माननीय सदस्य का नाम बुला रही हूं।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप ऐसे मत बोलिए। मैं वेणुगोपाल जी का नाम बुला रही हूं।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा।...(व्यवधान)

प्रधान मंत्री जी ने कहा कि हम हर साल दो करोड़ जॉब्स देंगे। तीन साल में कम से कम 6 करोड़ जॉब्स देने चाहिए, नहीं तो 5 करोड़ तक आना चाहिए था। लेकिन आपने एक लाख 50 हजार जॉब्स ही दिए। आपने हर साल दो करोड़ जॉब्स की बात करके अगर एक लाख 50 हजार जॉब्स क्रिएट किए तो क्या यह आपको शोभा देता है, क्या आपकी सरकार सही ढंग से चल रही है? ये सब जुमले बन गए हैं।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Please conclude now.

... (*Interruptions*)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** स्टैंड-अप इंडिया एससी, एसटी के लिए स्कीम है। इसमें प्रधान मंत्री जी ने 2 लाख 50 हजार लोगों को एम्पावर करने की घोषणा की, लेकिन सिर्फ 15 हजार लोगों को फायदा हुआ

है।...(व्यवधान) मैं उनके नोटिस में लाना चाहता हूं कि बुकर टी. वाशिंगटन ने एक बात कही थी। उनका कहना था कि अगर वहां के ... * लोगों को एमप्लॉयबल बनाना है तो स्किल डैवलपमैंट की जरूरत है। इसीलिए उन्होंने स्किल डैवलपमैंट में बहुत सी जगह अपने वर्कशॉप खोले। उनमें उन्होंने ... * बच्चों को शामिल करके लाखों लोगों को ट्रेनिंग दी।...(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय (दमदम) :** खड़गे जी, ... * शब्द इस्तेमाल मत कीजिए।...(व्यवधान)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Sorry, I withdraw that word.

HON. SPEAKER: Please conclude now.

… (*Interruptions*)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** बुकर टी. वाशिंगटन ने यह कहा और लोगों को तैयार किया। उन्होंने यह कहा, " There are two ways of exerting one's strenth, one is pulling up the other is pushing down."आप पुलिंग अप का काम कर रहे हैं, लेकिन पैसे कहां हैं। आपके मुताबिक ढ़ाई लाख के बजाए पन्द्रह हजार होती है तो यह पुशिंग डाउन है या पुलिंग अप है, इसे आप ही देखिए।

मैडम, सीएजी की रिपोर्ट थी, राजस्थान का घोटाला था, छत्तीसगढ़ का घोटाला था, गुजरात का घोटाला था, लेकिन मेरे पास समय नहीं है, मैं उसे छोड़ देता हूं, क्योंकि उसे जनता देख लेगी। वे कभी नहीं चाहते कि इसके बारे में कभी चर्चा हो, व्यापम क बारे में, गैस के बारे में, पीडीएस के बारे में चर्चा नहीं चाहते हैं, लेकिन जनता उसका हिसाब लेगी। मेरे पास बहुत सारे सब्जेक्ट्स हैं, लेकिन आप समय नहीं दे रहे हैं। अब्राह्म लिंकन का क्वोट है :"You can fool all the people some of the time and some of the people all the time but you cannot fool all the people all the time". इसलिए मैं आपसे इतना ही कहना चाहता हूं कि आप हमेशा के लिए सभी को बेवकूफ नहीं बना सकते, चंद दिनों के लिए चंद लोगों को बना सकते हैं।

आखिर में एक शेर है : 'खेलना जब उनको तूफानों से आता ही न था, फिर वह हमारी कश्ती के नाखुदा क्यों बन गए।'

* Not recorded.

# TEXTS OF AMENDMENTS

DR. P. VENUGOPAL (TIRUVALLUR): Thank you hon. Speaker Madam.

Madam Speaker, I rise to thank the hon. President for his Address to the Members of both the Houses of Parliament.

To begin my speech on this Motion, I would like to wholeheartedly thank hon. President, hon. Prime Minister Modi Ji and his team of senior Ministers who had extended a supporting hand to the Tamil Nadu Government in promulgating an Ordinance with regard to Jallikattu.

Jallikattu is a two thousand year old traditional sport event, conducted in rural areas of Tamil Nadu, as a part of Pongal celebrations. Due to various reasons, there was a ban on Jallikattu, which is against the fundamental, religious and cultural rights of the people of Tamil Nadu. This had deeply hurt the sentiments of several crore of Tamilians living not only in India but also in abroad. There was a spontaneous eruption of protesters all over Tamil Nadu, demanding that the ban be lifted.

Finally, with the extensive support of the Central Government, an Ordinance was promulgated initially, and a law was finally passed in the Tamil Nadu Assembly, for the conduct of Jallikattu. I once again thank the Centre and the hon. President for this great gesture.

**15.28 hours** (Shri Arjun Charan Sethi *in the Chair*)

Mr. Chairman Sir, coming to the President's Address *per se*, I would begin by quoting what hon. President said about women.

In para 23, hon. President mentioned that the Government had enhanced the maternity leave to 26 weeks, to support pregnant women. Here, I would like to say that the then Government of Tamil Nadu, led by late Puratchi Thalaivi Amma, had enhanced this Maternity Leave for the women working in the State Government to nine months.

Again in paragraph 63, it is stated that the legislations relating to women mirror the Government's guiding philosophy of social justice. In this regard, I

would like to mention that the then State Government of Tamil Nadu, under the late lamented leader, Dr. Jayalalithaa, reserved 33 per cent of seats for women in local bodies, from 1994 itslef. This has been increased to 50 per cent from February, 2016 by the late Chief Minister of Tamil Nadu, Dr. Jayalalithaa. However, in Parliament a Bill regarding reserving one-third of seats to women in Legislatures is pending for many years. I request the Government to initiate action to pass this legislation. This will only empower women in right earnest.

In paragraph 55, there is a mention of 'demonetization'. I would only wish to state that even now, after more than two-and-a-half months, the situation is not normal in the rural and remote areas of the country. I request the Government to alleviate the sufferings of the people in those areas.

सत्ता पक्ष और विपक्ष में हमेशा से संघर्ष होता रहा है। विपक्ष हमेशा अच्छे काम के लिए भी सराहना नहीं करती है और केवल टिप्पणी करती है। जनतंत्र में यह होता रहता है। मैं हर योजना का उल्लेख नहीं करूंगा लेकिन एक बात का उल्लेख जरूर करूंगा, देश के सत्ता में जब भी परिवर्तन आया यह परिवर्तन होने के बहुत से कारण थे। सालों से सत्ता में रही कांग्रेस के कार्यकाल में बहुत बड़े-बड़े आर्थिक घोटाले हुए, इसके साथ-साथ जातिगत राज खड़ा करने का काम किया। देश के बारे में बताया जाता है कि विविधता में एकता और एकता में विविधता है। वीरेन्द्र सिंह जी ने बहुत ही अच्छे ढंग से बताया, यहां जाति, भाषा, धर्म और भौगोलिक परिस्थिति अलग है तब भी हम एक हैं। भारतीय जनता पार्टी के साथ शिव सेना का गठबंधन एक विचारों के तहत हुआ। विचार था, यह हिन्दुओं का हिन्दुस्तान है और उनको सम्मान मिलना चाहिए बाकी सम्मान लोगों का सम्मान नहीं होना चाहिए ऐसा नहीं है। लेकिन सालों से अनुभव आता है यदि हमारे घर में शादी होती है तो बच्चे का नामकरण होता है तो लाउडस्पीकर बजाने का परमिशन हमें पुलिस स्टेशन से लेनी पड़ती है लेकिन बाकी लोगों के लिए सुबह-सुबह लाउडस्पीकर चलता है, दोपहर में भी चलता है और शाम को भी चलता है, उस पर कोई पाबंदी नहीं है, कोई कार्रवाई नहीं। पहले की सरकार की बात छोड़िए, अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने आर्डर दिया है तब भी यह सिलसिला चालू है। हमारे मैनिफेस्टो में श्रद्धेय अटल जी थे, जब भी अटल जी का नाम आता है तो श्रद्धेय शब्द अपने आप मुंह से बाहर आ जाता है। तब भी 370 धारा रद्द करने की बात आई थी, अब भी आती है लेकिन

इस पर कोई पहल नहीं होती है, कोई आवाज नहीं आती है। क्यों नहीं आनी चाहिए? अगर हम अखंड हिन्दुस्तान बोलते हैं, भारत बोलते हैं तो एक कानून एक के लिए और दूसरा कानून दूसरे के लिए क्यों होता है? हमारे मन में बहुत बड़ा सवाल पैदा होता है और दर्द भी होता है। एक देश में सबके लिए एक कानून क्यों नहीं होना चाहिए? इस पर अभी तक कोई पहल नहीं हुई, मैं इसे दुर्भाग्य मानता हूं।

राम मंदिर की बात आती है, अभी भी शायद यूपी इलैक्शन में यही बात आई। वोटर को लुभाने की बात होती है, अगर मैं ऐसा बोलूं तो गलत क्या है। माननीय आडवाणी जी ने रथयात्रा इसी नाम पर निकाली थी। 1996 में सहृदय अटल जी की सरकार आई, यही कारण था। 13 दिन की सरकार थी, बाद में 13 महीने रही और इसके बाद साढ़े चार साल रही, लेकिन राम मंदिर का कोई प्रस्ताव आगे नहीं गया। हमारे पक्ष प्रमुख माननीय उद्धव जी बोलते हैं कि राम मंदिर वही बनाएंगे, लेकिन तारीख कभी नहीं बताएंगे। इसमें क्या गलत है? अगर उद्धव जी ऐसे बोलते हैं तो हमारे साथियों को गुस्सा आता है, उन्हें अच्छा नहीं लगता है। लेकिन इसमें गलत क्या है? सालों से बोलते आए हैं कि राम मंदिर वही बनाएंगे, लेकिन तारीख तो बताइए तो इस साल में इस तारीख को पूरा करेंगे, तैयार करेंगे, आगे बढ़ेंगे। आप में से हर किसी के मन में यह बात है, लेकिन यह बात उठाने की हिम्मत नहीं करते हैं। हमें करना पड़ेगा, यही विचारधारा लेकर हम आपके साथ आए हैं।

कभी-कभी मन में ऐसा आता है कि कथनी और करनी में फर्क आ गया है, नीति और नीयत में भी फर्क हो गया है। सत्ता आती है, जाती है। हमारे शिवसेना प्रमुख बाला साहेब जी हमेशा कहते थे कि मैंने एक पार्टी को जन्म दिया तो खाली सत्ता के लिए नहीं दिया, समाज कारण के लिए दिया, 80 प्रतिशत समाज कारण है और 20 प्रतिशत राज कारण है। उन्होंने इस प्रिंसिपल को लेकर शिव सेना पार्टी बनाई। एक भगवा झंडा लिया, यह शिवाय का भगवा है, श्री कृष्ण, अर्जुन का भगवा है, साधु-संतों का भगवा है, हमारे देश का भगवा है। हमें इस पर गर्व है। अगर हम इसके मुताबिक चलते हैं तो साथ नहीं मिलता है इसलिए मन में यह पीड़ा उठती है।

मैं माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी के बारे में सोचता हूं कि भगवान ने पैदा इसलिए किया है कि वह परिवर्तन करें, भारत का नाम दुनिया में रोशन करें। उन्होंने किया भी है, आज दुनिया में हमारे देश की इज्जत और इमेज बहुत आगे चली गई है। लेकिन दूसरी तरफ कभी-कभी बाकी लोगों को सत्ता की मस्ती आ जाती है। सालों से महाराष्ट्र में इनकी तरफ से बोला जाता था कि शिवसेना हमारा बड़ा भाई है। क्या अब हम इतने छोटे हो गए? बड़े भाई को दो बच्चे हुए और छोटे भाई को चार बच्चे हुए तो छोटा भाई बड़ा नहीं बन जाता है। ऐसे नहीं होता है। सत्ता में हैं, केंद्र में हैं या राज्य में हैं, उन्हें पता ही नहीं कि हम भी हैं।

**श्री भर्तृहरि महताब:** उनका परिवार बड़ा हो गया।...(व्यवधान)

**श्री आनंदराव अडसुल:** उनका परिवार बड़ा हो गया, इसलिए वे बड़े बन गये। हम जहां भी जाते, एक बात किसी को शायद अच्छी नहीं लगे, क्योंकि उसे बोलने में मेरा भी कभी मन नहीं होता, अभी हमारे बहुत विद्वान साथी महताब जी ने बताया कि यह यूनियन गवर्नमैंट है, फेडरल गवर्नमैंट है और उसके मुखिया हमारे प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी हैं। अब चुनाव आते रहते हैं। मैंने आज तक अनुभव किया है कि जो भी प्रधान मंत्री बने हैं, वे पार्टी के कारण एक या दो सभा हर स्टेट में लेते हैं। लेकिन हम बीस-बीस, पच्चीस-पच्चीस सभाएं लेते हैं। उसका कारण क्या है, उसमें गलती क्या है? यह बात आपको शायद अच्छी न लगे, लेकिन चुनाव के समय यदि प्राइम मिनिस्टर एक स्टेट में जाता है, तो वहां के चीफ मिनिस्टर के ऊपर कोई न कोई टिप्पणी करता है और फिर वह आदमी छोटे या बड़े का अंतर बाजू में रखकर टिप्पणी करता है। इसमें डायरेक्टली या इनडायरेक्टली हमारे प्रधान मंत्री की थोड़ी बेइज्जती होती है, यह मैं मानता हूं। ...(व्यवधान) ऐसा क्यों है? हम हर जगह पावर में होने चाहिए। अगर हमारे कार्यकर्ता हैं, पदाधिकारी हैं, तो वे हमारे काम को जनता को जरूर बतायेंगे। आपका मेनिफेस्टो बतायेगा। ...(व्यवधान)

**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री अनन्त गंगाराम गीते):** दिल्ली का छोटा सा चीफ मिनिस्टर पी.एम. को ललकारता है। ...(व्यवधान)

**श्री आनंदराव अडसुल:** वह पी.एम को ललकारता है। यह क्या चलता है? हमें यह अच्छा नही लगता कि हमारे एक आदरणीय प्रधान मंत्री को ऐसा कहा जाये। ...(व्यवधान) वे आदरणीय हैं। ...(व्यवधान)

**श्री तथागत सत्पथी (धेंकानाल) :** वाजपेयी जी को ऐसा किसी ने नहीं बोला। ...(व्यवधान)

**श्री आनंदराव अडसुल:** किसी ने भी उन्हें ऐसा नहीं बोला है। ...(व्यवधान) आपने श्रद्धेय अटल जी का नाम लिया, तो मैं एक किस्सा बताना चाहता हूं। इस सदन में पहले बाबरी मस्जिद का विषय आया, तो बाद में गोधरा कांड का विषय आया। हमारे शिवसेना प्रमुख हमेशा बोलते थे कि पहले गोधरा कांड देखो। अगर गोधरा कांड नहीं होता तो रिएक्शन नहीं होता, गुजरात में दंगा-फसाद नहीं होता। वे उसका समर्थन करते थे, खुला समर्थन करते थे और हकीकत देखकर समर्थन करते थे। लेकिन हमारे श्रद्धेय अटल जी बहुत सीधे थे। यहां जब गोधरा कांड पर चर्चा हो रही थी, तब हमारे विपक्ष के साथी ने बोला कि उन्हें चीफ मिनिस्टर की पोस्ट से हटाइये। यह सुनकर तत्कालीन प्रधान मंत्री अटल बिहारी जी हिल गये। वे उन्हें हटाने के लिए विचार कर रहे थे, क्योंकि हर रोज यही होता था। उसी समय शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे जी ने कहा कि आप मोदी जी को मत हटाइये। अगर आपने उन्हें हटाया तो मैं आपके साथ नहीं रहूंगा। अगर उन्हें उस समय हटाया जाता तो आज मोदी जी प्रधान मंत्री बनते या न बनते, यह एक शंका की बात है। ...(व्यवधान)

मैं अभी महाराष्ट्र की बात बोलना चाहता हूं। आपने अभी बड़े भाई की बात उठायी। जब असेम्बली का चुनाव आता है, तब चर्चा का सिलसिला बहुत दिनों तक चलता रहता है। अचानक कोई बहाना किया जाता है और एलायंस तोड़ा जाता है। हमारे प्रधान मंत्री जी की 22 प्रचार सभाएं हुईं। यहां के सभी मंत्रीगण वहां आये और जितने भी स्टेट के चीफ मिनिस्टर्स थे, वे भी आये। हमारे पक्ष प्रमुख प्रमुख उद्धव जी अकेले लड़े और 45 से 63 सीटों पर जीते, लेकिन आपके इतने लोगों के जाने के बाद सिर्फ 123 सीटें ही मिलीं। सत्ता आपके हाथ में अकेले नहीं आयी। हम क्यों नहीं इस बारे में सोचते हैं? पार्लियामैंट का चुनाव हुआ तो इमीडिएटली यहां दिल्ली असेम्बली का चुनाव हुआ। हम इसे राजधानी मानते हैं और चौबीसों घंटे रहते हैं। इसके बावजूद दिल्ली की असेम्बली हमारे हाथ में क्यों नहीं आयी? बिहार के चुनाव में हमारे कुछ नाममात्र ही एम.एल.ए. बन पाये हैं। ...(व्यवधान) वेस्ट बंगाल में भी वही हुआ और तमिलनाडु में भी वही हुआ। हर जगह ऐसा होता है। हम क्यों अपना हाथ दिखाकर, मराठी में कहा जाता है कि 'हाथ दाखून अवलक्षण।' ...(व्यवधान) मैं यूनियन गवर्नमैंट का मुखिया हूं, प्रधान मंत्री हूं और मेरे साथी पूरे देश पर राज कर रहे हैं। वे अच्छे ढंग से राज कर रहे हैं, यह मैं मानता हूं।

सभापति महोदय, मैं एक बहुत अहम बात कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। ...(व्यवधान) मैं कन्टीन्यू ही कर रहा हूं क्योंकि वह बात बड़ी है। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Do not prompt him; he is capable of defending himself.

**श्री आनंदराव अडसुल:** विमुद्रीकरण के बारे में पहले दिन मैंने खुद बोला था कि यह एक हिस्टोरिकल निर्णय है। इसकी सराहना की थी, लेकिन जब अमल होने लगा तो पता चला कि इसका नियोजन कुछ भी नहीं था। जब हम कोई बड़ा कदम उठाते हैं तो उसके लिए नियोजन होना चाहिए। जब हम 15 लाख करोड़ रुपये के 500 और 1000 रुपये के नोट व्यवहार से निकाल रहे हैं तो उस गैप को हम कैसे भरने वाले हैं, इस पर विचार करना चाहिए था। मैं नहीं बोलूंगा कि सभी को विश्वास में लें, लेकिन आरबीआई गवर्नर, जो एक अलग एन्टिटी होती है, उसको विश्वास में लेना चाहिए था। मुझे यहां तक पता चला है कि हमारे वित्त मंत्री जी को भी विश्वास में नहीं लिया गया था। इसका परिणाम क्या हुआ? 50 दिन के बदले आज 90 दिन कम्पलीट हो चुके हैं। मैं मानता हूं कि आज शहरी इलाकों में 90 प्रतिशत परिस्थिति काबू में आई है, लेकिन गांवों में जाकर देखिए। सर्वे के आंकड़े आते हैं कि 90 प्रतिशत से 94 प्रतिशत लोगों ने इसका समर्थन किया है। समर्थन हम भी करते हैं, लेकिन एक हद होती है, एक सीमा होती है। 50 दिन के बदले 90 दिन हो गए, अभी और कितने दिन लगेंगे? गांवों में जाइए, कभी-कभी मैं देखता हूं, हमारे भाजपा के

साथी भी चुपचाप बैठे रहते हैं, लेकिन जब गांवों में जाते हैं तो हर आदमी पूछता है कि क्या हुआ। ...(व्यवधान) सही बात है, आपको यही बोलना पड़ेगा।

कल तक मैं भी यही बोलता था, लेकिन जब मैं गांवों में जाता हूं तो मुझे लोग क्या बोलते हैं, उसका मुझे अनुभव है। हमने एक निवेदन वित्त मंत्री जी से किया था। हम प्रधानमंत्री जी से मिले थे, शिवसेना का हमारा एक डेलीगेशन जाकर प्रधानमंत्री जी से मिला था और यह बात उनके ध्यान में लाई गयी थी। महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और केरल - इन चारों राज्यों में कोआपरेटिव मूवमेंट बड़े पैमाने पर है। वहां पब्लिक सेक्टर बैंक्स बहुत कम हैं और डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक्स और कोआपरेटिव क्रेडिट सोसाइटीज का एक बड़ा नेटवर्क है। हमारे यहां जो निर्णय हुआ, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक का सारा कारोबार ही बन्द हो गया। आज की स्थिति यह है कि महाराष्ट्र में 31 डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक्स के पास 5800 करोड़ रुपये की 500 और 1000 रुपये की नोट्स पड़ी हुई हैं। उनको हर रोज ढाई से तीन करोड़ रुपये ब्याज के रूप में देने पड़ते हैं। वह पैसा आज भी रिजर्व बैंक नहीं लेती है। उनके लिए कहा जाता है कि वहां भ्रष्टाचार चलता है, कालाबाजारी चलती है, वह किसी एक पार्टी की बैंक होती है। बैंक किसी पार्टी की नहीं होती है, उसमें जनतंत्र से चुने हुए लोग आते हैं और उसके ऊपर नाबार्ड और कोआपरेटिव्स डिपार्टमेंट का नियंत्रण होता है और रिजर्व बैंक का भी नियंत्रण होता है।

मैं इसका एक उत्तम उदाहरण देना चाहता हूं। पूरे देश में सबसे बड़ी कोआपरेटिव बैंक महाराष्ट्र स्टेट कोआपरेटिव बैंक है। वहां कुछ गलत व्यवहार हुए, उस बैंक के डायरेक्टर तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजीत पवार जी थे, उस बैंक में 54 लोगों का बोर्ड था। जब गलत व्यवहार रिजर्व बैंक के सामने आए तो उसे डिजॉल्व किया गया। इसका मतलब है कि उसके ऊपर नियंत्रण होता है, लेकिन हम मानते नहीं हैं। अगर हम डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोआपरेटिव को पैसा नहीं देंगे तो कोआपरेटिव बैंक को भी नहीं मिलेगा, सेवा सोसाइटी को पैसा नहीं मिलेगा, किसान को पैसा नहीं मिलेगा। आज किसान और मजदूर की क्या हालत है? आप लोगों को समझना चाहिए। कम से कम मेरे कर्नाटक और गुजरात के साथी बोलेंगे कि उन लोगों को मजदूरी नहीं मिल पा रही है। आज अगर किसान की फसल आई है, फल आए हैं, वह उनको बाजार में लेकर जाना चाहता है तो व्यापारी आधे दाम देने की बात करता है और वह किसान जरूरतमंद होता है, फसल रख भी नहीं सकता है, उसे आधे दाम पर बेचना पड़ता है। हम उसे गौर से क्यों नहीं देखते हैं? क्या सर्वे करते हैं? कहां से 90 प्रतिशत वाले आंकड़े आते हैं?

**17.00 hours**

जब तक हम गांव-गांव में नहीं जाएंगे, आम आदमी के पास नहीं पहुंचेंगे, उसकी क्या हालत है, जब तक नहीं देखेंगे, तब तक यह सिलसिला ऐसे ही चलता रहेगा। इसको क्या नाम देना चाहिए? क्या यह डेमोक्रेसी है या डिक्टेटरशिप है?: …(व्यवधान) मैं केवल टीका-टिप्पणी के लिए बात नहीं करता हूं। मैं अनुभव से बात करता हूं। यह जो डीमोनेटाइजेशन हुआ है, यह किसका पैसा है? जो गृहिणी अपने घर में पैसा बचाकर रखती है, वह पैसा बैंक में जमा किया गया। क्या यह ब्लैक मनी है? हम सबके पास पैसा होता है। कभी हजार, दस हजार या दो हजार रुपया होता है और नोट की आज वैल्यू कुछ नहीं है तो हम उसे बैंक में जमा करते हैं। क्या यह ब्लैक मनी था? कितना प्रतिशत ब्लैक मनी था? …(व्यवधान)

बाजू में सर्जीकल स्ट्राइक हुई। मैं मानता हूं, सरकार को धन्यवाद भी देना चाहता हूं और सोल्जर्स को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। एक अच्छी सर्जीकल स्ट्राइक हुई, लेकिन उसके पहले और उसके बाद फिर भी आतंकवादी आते हैं और हल्ला करते हैं। फिर सर्जीकल स्ट्राइक क्यों नहीं होती? क्यों नहीं हम आमने-सामने लड़ते हैं? हमारा सोल्जर जब गुजर जाता है तो सम्मान किया जाता है। …(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Adsul Ji, please conclude now.

PROF. SAUGATA ROY : He is saying very important things.

HON. CHAIRPERSON: No, please sit down.

**श्री आनंदराव अडसुल:** सभापति जी, मैं हकीकत बोलता हूं। मैं न आपके बाजू में बोलता हूं और न कोई टीका-टिप्पणी के लिए बोलता हूं, लेकिन जो मेरे मन में एक दर्द है, वह मैं यहां रखने का काम करता हूं। हम इस तरह से क्यों नहीं सोचते हैं, हम क्यों चुपचाप बैठते हैं? सर्जीकल स्ट्राइक के बारे में हम सभी ने बहुत गर्व से बताया। वह बात भी ऐसी थी, मैं मानता हूं, लेकिन जिस तरह से सर्जीकल स्ट्राइक होने के बाद दूसरे दिन सभी पार्टीज़ के नेताओं को बुलाया गया, कैसे 24 घंटे में यह काम किया गया, यह बताया गया। सबको विश्वास में लिया गया, उसी तरह से कम से कम डीमोनेटाइजेशन के बाद भी अगर हम सभी पार्टीज के नेताओं को बुला लेते और बता देते कि मैंने ऐसा किया है, कारण यह है और आपका साथ मुझे चाहिए तो शायद सभी देते। अपने सुझाव दे सकते थे, लेकिन दुर्भाग्य है कि ऐसा नहीं हुआ।

सभापति जी, मेरे साथी लोगों से मैं क्षमा चाहता हूं, लेकिन बोलने के अलावा मेरे पास चारा नहीं था। कभी कभी बात को अंदर रखना भी अच्छा नहीं होता है।

आज आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

HON. CHAIRPERSON: Please maintain order.

Before I call the next Member, those Members, who want to lay their written speeches, may do so now before conclusion of this debate.

Now Shri Thota Narasimham .

SHRI THOTA NARASIMHAM (KAKINADA): Thank you Chairman, Sir for giving me an opportunity to speak a few words on the Motion of Thanks giving Address to the hon. President of India.

I feel that this is a historic Budget Session. Recently, many bold decisions were taken by the Government of India. We need to debate all of them in this august House. This will be for the first time that the Union Budget is presented on 1st February in stead of the usual 28th February. Also, for the first time, there will be no separate Railway Budget from this financial year.

I congratulate the hon. Prime Minister for his bold decision to demonetize Rs.500 and Rs.1000 notes to combat the evils of black money, corruption and terror financing. It was the bold decision of Modi Ji. I feel that demonetization has short-term costs but potential long-term benefits. Modest tax concessions are needed to ramp up spending to ease the pain caused by demonetization.

Throughout his speech, hon. President mentioned that Antyodaya Philosophy of Pandit Deendayal Upadhyaya is the guiding force behind all Government programmes and policies. Financial inclusion is the key to poverty alleviation and at the core of all Government policies is the welfare of the poor, *dalit*, downtrodden, deprived, farmers, labourers and the young people. We really appreciate this statement. Apart from opening of 26 crore plus *Jan Dhan* accounts, establishment of the Indian Postal Payment Bank is a good step to bring banking operations to the doorstep of the poor and the unbanked household to the banking system.

India ratified Paris Agreement on October 2, 2016, thereby sending a strong message of our commitment to combating climate change.

India has been facing grave challenges of terrorism for the last four decades. Jammu and Kashmir has been mostly affected by cross boarder and sponsored terrorism. Our neighbouring country has been repeatedly making incursions on our territorial sovereignty. We never forget the attack on our *jawans* in Uri Sector. The Government's commitment to combat terrorism and terrorist activities is displayed in the form of surgical strikes. I congratulate our Defence Forces for successfully conducting surgical strikes at several launch pads along the LoC to prevent infiltration of terrorists. We are proud of the exemplary courage and values displayed by our defence personnel and we should always owe a debt of gratitude to them.

Hon. President sought a constructive debate on simultaneous elections to the Lok Sabha and the State Assemblies. It is a welcoming step. I personally feel that it has to be debated across the country and the Government should take a concrete decision in this regard. The National Civil Aviation Policy will give a major boost to air connectivity in the smaller cities and towns.

Launching of BHIM App in the name of Dr. Babasaheb Ambedkar is really a tribute offered to him.

ISRO really deserves congratulation for launching 20 satellites in one go. It is really a milestone achievement in the history of space technology.

When the farmers across the country are facing challenges due to agrarian crisis, the hon. President in his speech said that the Government has taken steps to convert three crore Kisan Cards into RuPay Debit Cards which is a right step in the right direction. I agree with the opinion of the hon. President that *Swachh Bharat Abhiyan* has now evolved as a people's movement.

As the hon. President expressed his worry on the soaring prices of pulses, I urge the Government to take steps to bring them under control. The Government has to take steps to improve the quality of life of the people. Ms. P.V. Sindhu, Sakshi Malik, and Deepa Karmakar illustrated the strength of our Indian women.

Ms. P.V. Sindhu is from our State of Andhra Pradesh. I congratulate her on behalf of the people of my State.

Coming to issues pertaining to Andhra Pradesh, I want to remind that we have been requesting to grant legal status to the Special Package. In spite of our repeated requests, there has been an inordinate delay. We request you to immediately grant the legal status to the Special Package. We have been facing repercussions of division of the State. People are in distressed mood. Some political parties have been trying to divert the attention of the people towards unnecessary issues. To put a full stop to all these, we request the Union Government to fulfil all the promises made in the Andhra Pradesh Reorganisation Act.

Apart from granting legal status to the Special Package, our top priority item is establishing a separate railway zone for Vizag. It is essentially needed for our State. Vizag is our port town and the people of Vizag have been persistently demanding for railway zone in their area. It has been discussed many a time and I request you to take a positive decision without further delay.

Being the newly divided State, we have so many problems. Compared with residuary Andhra Pradesh, we are in great financial trouble. Our revenue deficit has been increasing manifold. I want to take this opportunity to request the Union Government to liberally compensate for revenue deficit. This will strengthen our hands and enables us to stand on our legs.

On 1st February, 2017, Shri Arun Jaitley, hon. Finance Minister presented the General Budget. This is the first time when General Budget also includes the Railway Budget. In this year's Budget, in respect of railways, sufficient allocations to Andhra Pradesh have been made and some of the allocations have been specially made to my district of East Godavari. For my Kakinada constituency, the oldest pending issue is of Kakinada mainline. Last year, the Railway Minister had allocated Rs. 50 crore and this year, Rs. 150 crore have been allocated. Another long-pending issue of our district is Kakinada-Kotipalli-

Narasapur line. Last year, Rs. 200 crore were allocated and this year also, Rs. 630 crore have been allocated. I am very much thankful for this to Shri Suresh Prabhu, hon. Railway Minister and the Government of India.

Sir, I also congratulate the Government of Modiji for taking GST on a further progressive path and giving autonomy to the States.

In the year 2016, Andhra Pradesh Government notified 245 mandals as drought-hit mandals in seven districts during the kharif agricultural season because of deficient rainfall during the South-West Monsoon period. As against the normal 556 mm, Andhra Pradesh received 533.8 mm of rainfall between June 1 and September 30 this year, marking a deviation of minus four per cent. In 2015, the deviation in rainfall was minus 5.4 per cent. Anantapur district is known as a perennially drought-hit district and accounted for the highest number' of 63 mandals followed by Chittoor district with 53 mandals. We request the Union Government to release immediately Central assistance to these drought prone mandals.

Polavaram project is another important issue for our State. Polavaram is really a boon to the state of Andhra Pradesh. I thank the Union Government for declaring it as a national project. We are a water resourceful state. Still, we have dry lands. We have been facing drought situation due to shortfall in rainfall. Polavaram finds solution to most of these problems. This project is contemplated as a multi-purpose Project envisaging irrigation benefits to an extent of 7.20 lakh acres for the upland areas of East Godavari and Visakhapatnam districts under Left Canal and West Godavari and Krishna districts under Right Canal and. generation of 960 MW of hydroelectric power.

In addition, this project under its Left Canal envisages 23.44 TMC of water supply for industries in Visakhapatnam Township and Steel Plant, besides domestic water supply to villages and towns *en route* and diversion of 80 TMC of water through the Right Canal to the Krishna River to augment the supplies of the Krishna Basin. Besides, it would also provide indirect benefits such as

development of pisciculture, fish farming. It would also provide for recreation and other benefits besides urbanisation. The project works are going on with great swift. Our Chief Minister has been personally monitoring the progress of the works regularly. Our vision is to complete this project by 2018. I request the Union Government to ensure prompt releases to complete this project on time.

**17.14 hours** (DR. P. Venugopal *in the Chair*)

Finally, I want to appeal to all political parties to allow the House to carry out the proceedings smoothly. We all should be patient enough to have a meaningful discussion on each and every issue. I hope and trust that productive and detailed discussions will take place in this Budget Session.

I once again thank the hon. President for delivering his Address in the Joint Session of Parliament.

Thank you.

***श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी):** डॉ. महेश शर्मा जी द्वारा माननीय राष्ट्रपति जी द्वारा दोनों सदनों के समवेत सदन को दिये गये अभिभाषण पर रखे गए धन्यवाद प्रस्ताव का मैं समर्थन करता हूं । निश्चित ही मौजूदा सरकार माननीय मोदी जी के नेतृत्व में किसान मजदूरों की आमदनी बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार के अवसर बढ़ाने, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क निर्माण , अर्थव्यवस्था की मजबूती, महंगाई नियंत्रण पर प्रभावशाली कार्य कर रही है। जिसके परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं व लोगों का विश्वास सरकार के प्रति बढ़ा है। निश्चित ही सरकार अपने "सबका साथ सबका विकास " अवधारणा के साथ इस देश के सभी वर्गों के विकास के साथ देश के सभी लोगों को आवश्यक सुविधायें प्रदान करने के लिए प्रभावी कार्य कर रही है । मैं डा0 महेश शर्मा जी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

* Speech was laid on the Table.

***श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली)**[*]: महामहिम राष्ट्रपति जी का अभिभाषण सरकार के क्रियाकलापों का आईना होता है। माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल शासन एवं मार्गदर्शन में देश ने सभी चुनौतियों का सामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ाने का काम किया है। विश्व में देश का मान सम्मान बढ़ा है और देश के नौजवान बेहतर भविष्य के लिए आशान्वित हुए हैं। यह अभिभाषण मुख्य रूप से यह दर्शाता है कि यह सरकार गरीबों की है। इस अभिभाषण में केंद्र सरकार द्वारा 26 करोड़ जनधन खाते खोले जाने का भी जिक्र है जो कि प्रशंसनीय है। इसमें सरकार के द्वारा स्वच्छ भारत को एक मिशन बनाए जाने का भी जिक्र है यह बहुत सुखद बात है कि स्वच्छ मिशन में तथा काले धन के खिलाफ लड़ाई में जनता ने भी सरकार का पूर्ण रूप से साथ दिया है, यह सरकार की लोकप्रियता को दर्शाता है। सरकार के प्रयास से लगभग 2.2 करोड़ लोगों ने रसोई गैस सब्सिडी छोड़ी जिसका प्रत्यक्ष लाभ उज्ज्वला योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले 5 करोड़ घरों में गैस कनेक्शन के माध्यम से लोगों को मिला। सरकार द्वारा शुरू की गयी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को आवास मिलेगा। सरकार ने छोटे उद्योगों को बढ़ावा दिया है जिससे देश में व्याप्त बेरोजगारी की समस्या का समाधान होगा। सरकार ने तीन करोड़ शौचालयों का निर्माण भी करवाया है। इसके अतिरिक्त 11 हजार गांवों में बिजली पहुंचाई गई जो कि स्वतंत्रता के 70 वर्ष बीत जाने के बाद भी अंधेरे में जीवन यापन करने के लिए बाध्य थे। मिशन इन्द्रधनुष की शुरूवात की गयी जिससे बच्चों को विभिन्न जानलेवा रोगों से बचाया जा सकेगा। अब तक इस योजना के तहत 55 लाख बच्चों को लाभ मिला। सरकार द्वारा चलायी गयी मुख्य योजना ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' लड़कियों की घटती संख्या को बढ़ाने के लिए अत्यंत प्रोत्साहित योजना है। लिंग अनुपात में उत्साहजनक परिणाम सरकार के अभूतपूर्व प्रयास का ही नतीजा है। सरकार की हर बेघर को घर देने की योजना अत्यंत सराहनीय है।

खरीफ फसलों की पैदावार में 6% की वृद्धि होने से किसानों को अधिक मुनाफा हुआ इसके अतिरिक्त किसानों के लिए फसल बीमा योजना शुरू की गई जिसके परिणामस्वरूप किसानों को और लाभ मिल सकेगा। किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड दिए गए जिससे उनको और अधिक पैदावार मिलेगी। महिला सशक्तिकरण सरकार का प्रमुख विषय रहा है और इस प्रयास में पहली बार देश के इतिहास में तीन महिलाएं लड़ाकू पायलट बनीं। सेना में महिलाओं का चयन यह दर्शाता है कि नारी शक्ति का उत्थान सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। पंडित दीन दयाल अन्त्योदय योजना से भी महिलाओं को लाभ मिला। सरकार द्वारा छात्रों की शिक्षा प्रोत्साहन के लिए उच्च शिक्षा हेतु छात्रों को प्रोत्साहन दिया गया। सरकार की कुछ

---

[*] Speech was laid on the Table

अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत 1.1 करोड़ रोजगार के अवसर, ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग को बढ़ावा, मातृत्व अवकाश में वृद्धि, सातवें वेतन आयोग का गठन, दिव्यांगों के लिए बहुत सारी योजनाओं की शुरूआत, रोजगार में वृद्धि के लिए 6 हजार करोड़ के बजट को मंजूरी, रेलवे की विभिन्न योजनाओं के लिए 1.2 लाख करोड़ के बजट को मंजूरी तथा कालेधन के खिलाफ सरकार द्वारा चलाई गई मुहीम तथा अन्य कई महत्वपूर्ण योजनायें शामिल हैं।

अंत में यह कहना भी उचित ही होगा कि महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा दिया गया अभिभाषण अत्यंत सराहनीय होने के साथ-साथ यह दर्शाता है कि भारत सरकार अपनी योजनाओं में सभी वर्गों गरीबों, युवाओं, किसानों, अल्पसंख्यकों, दलितों, दिव्यांगों तथा मजदूरों के विकास को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

*__डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़)__: मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी के अभिभाषण का समर्थन करता हूं। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण से यह परिलक्षित होता है कि केन्द्र सरकार ''सबका साथ - सबका विकास'' के अपने वायदे के अनुरूप देश को तेजी से आर्थिक विकास की नई राह पर ले जा रही है। देश के गरीब, दलित, शोषित, वंचित, किसान, श्रमिक और युवा सरकार के इस समावेशी आर्थिक विकास के केन्द्र में है। राष्ट्रपति महोदय ने सरकार की जन-धन से लेकर जन सुरक्षा और उज्जवला योजना से लेकर डिजिटल इण्डिया सरीखी योजनाओं से देश के विकास की बदल रही तस्वीर का अपने अभिभाषण में उल्लेख किया है। इसके साथ ही महामहिम ने नोटबंदी को भ्रष्टाचार और कालेधन के खिलाफ एक साहसिक कदम बताते हुए कहा कि सरकार ने पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का सर्जिकल स्ट्राईक के माध्यम से माकूल जवाब दिया है।

राष्ट्रपति महोदय ने इस सत्र को दो कारणों से पहला - समय से पूर्व बजट की प्रस्तुति और दूसरा - रेलवे व आम बजट के विलय के कारण इसे स्वतंत्र भारत की युगांतकारी घटना बताते हुए अपने अभिभाषण में काले धन की समानान्तर अर्थव्यवस्था को जड़ समेत उखाड़ फेंकने के सरकार के संकल्प की सराहना की है।

माननीय राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में लोक सभा और राज्य विधान सभाओं के एक साथ चुनाव कराने और चुनाव की सरकारी फंडिंग किए जाने के विषय पर देशवासियों से रचनात्मक विचार-विमर्श आमंत्रित किए हैं। हर साल चुनावी दंगल से मानव संसाधन पर भारी बोझ पड़ता है। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों लोगों से जुड़े इस मसले पर राजनैतिक दलों को एक जाजम पर बैठक कर राह तलाशनी होगी। माननीय राष्ट्रपति जी ने सरकार की तरफ से आवास, किफायती स्वास्थ्य संरक्षण, सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता तथा स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता से गरीबों की जीवन शैली बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे उपायों की भी प्रशंसा की है। जिसमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, इन्द्रधनुष, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का उल्लेख किया है।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने किसानों के कल्याण को राष्ट्र की समृद्धि का मूल मंत्र मानते हुए सरकार द्वारा किसानों को समुन्त बनाए जाने की दिशा में उठाए गए कदमों की भी सराहना की। माननीय राष्ट्रपति ने सरकार की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, हर बूंद अधिक फसल तथा हर खेत को पानी, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का कवरेज बढ़ाने आदि योजनाओं पर प्रमुखता से प्रकाश डाला है, जो कि स्वागतयोग्य है।

---

* Speech was laid on the Table

माननीय राष्ट्रपति जी ने देश की नारी शक्ति को देश की विकास यात्रा का अभिन्न अंग मानते हुए रियो ओलम्पिक में पी.वी. सिंधु, साक्षी मलिक, दीपा कर्माकर जैसी महिला खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया है तथा साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा ''बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ'' योजना से लेकर ''सुकन्या समृद्धि'' योजना के साथ ही ''प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान'' आदि कार्यक्रमों का प्रमुखता से जिक्र किया है।

आज देश की 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है तथा युवा हमारी सबसे बड़ी शक्ति हैं तथा देश के विकास के लिए युवा ऊर्जा का प्रभावी उपयोग आवश्यक है। इसके लिए सरकार ने हर हाथ को हुनर के अलावा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तथा राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना का भी विशेष तौर पर अपने अभिभाषण में उल्लेख किया है तथा प्रधानमंत्री युवा योजना शुरू किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। श्रमेव जयते केन्द्र सरकार का प्रमुख मार्गदर्शी सिद्धांत है और इसलिए सरकार ने श्रमिक कल्याण के लिए कई उपाय किए हैं, जिसकी वजह से असंगठित क्षेत्र के कामगारों को भी कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ और भविष्य निधि के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सकेगा।

माननीय राष्ट्रपति महोदय ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार सितार के अलग-अलग तार से अलग-अलग सुर निकलते हैं, किन्तु सभी तारों के एक साथ बजने पर मधुर संगीत उत्पन्न होता है। इसी प्रकार भिन्न मतों और धर्म के लोग मिलकर राष्ट्र की आत्मा और शक्ति बनते हैं। इस संबंध में महामहिम राष्ट्रपति जी ने बाबा बंदा सिंह बहादुर तथा मदर टेरेसा जैसी महान विभूतियों का अपने भाषण में उल्लेख किया।

माननीय राष्ट्रपति महोदय ने शासन संस्कृति में बदलाव लाने की प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ ही सरकार द्वारा पुराने और अनुपयोगी कानूनों को समाप्त करने के प्रयासों पर भी अपनी प्रसन्नता जाहिर की। इस संबंध में महामहिम ने सरकार की जनधन-आधार-मोबाइल, डिजिधन अभियान और भीम के अलावा कोगवर्नमेंट, ई मार्केट प्लेस जैसी योजनाओं पर भी संतोष व्यक्त किया। महिलाओं, दिव्यांगजन, श्रम प्रशिक्षुओं, फैक्ट्रियों, बेनामी लेनदेन, आधार तथा आवासीय सम्पदा आदि क्षेत्रों में सरकार की पारदर्शिता तथा सामाजिक न्याय उन्मुख कार्यक्रमों का विशेष उल्लेख किया है। आज जब पूरा देश माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की तरफ आशाभरी नजरों से देख रहा है तथा उनकी सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों की सराहना कर रहा है, ऐसे में इस ऐतिहासिक मौके पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सरकार की तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं का अपने अभिभाषण में उल्लेख करने से पूरे देश के जन-मानस मे एक नई शक्ति का संचार हुआ है तथा देशवासियों में एक व्यापक एकजुटता दिखाई पड़ रही है। हमारी सरकार

समय-समय पर महात्मा गांधी और अन्य राष्ट्र निर्माताओं के विचारों से प्रेरणा ग्रहण करते हुए आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है। माननीय प्रधानमंत्री जी का यह मानना है कि संवाद, समन्वय और संवेदना की जो हमारी राष्ट्रीय परम्परा रही है, वही हमारे राष्ट्र का पथ प्रदर्शन करती रहेगी।

अंत में, मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदय द्वारा अपने अभिभाषण में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा एक स्वर्णिम भारत के सपने को साकार करने के लिए लायी गई विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का स्वागत और पुरजोर समर्थन करता हूं।

*SHRI MULLAPALLY RMACHANDRAN (VADAKARA): The President's Address to the joint session of Parliament on 31st January, 2017 is significant in many ways as the presentation of General Budget was advanced to February 1st instead of February 28th as was the practice. It was also important that the Government decided to forgo the Railway Budget. It was for the first time in India such a decision was taken by the Government.

There was strong criticism about the decision to do away with the 92 year old practice of presenting the Railway Budget and merge it with the General Budget.

Shri E. Sreedharan, the renowned Metro man of India and the Principal Advisor to the Delhi Metro Railway Corporation said that it was a foolish decision on the part of the Railway Minister and the Railways will now have to knock at the doors of Finance Ministry for funds.

The Railways is the single largest public utility service in the country and the Ministry of Railways has virtually become a department like Shipping, Civil Aviation and Roads.

The reasons for such a decision were not revealed by the Government and perhaps they are best known to the Prime Minister alone.

President's Address is an overall evaluation of the stage of affairs in the country as also a roadmap of the Government for the coming year.

The motto of the Government according to the Hon'ble President is 'Sabka Sath, Sabka Vikas'. That being the case, will the Government explain as to which section of the weak, vulnerable and under-privileged has enjoyed the fruits of progress and growth?

The corporate and affluent sections of society as also the holders of black money have enjoyed the patronage and support of this Government. Neither the farmer, nor the worker, nor the youth, nor women or any deprived section is happy about the Government.

* Speech was laid on the Table

The President's Address underlines the importance of farmer's welfare and goes on to say that it is in Kisan's welfare lies the prosperity of the nation.

Following the decision to demonetize the Rs.1000 and Rs.500 notes, millions working in the unorganized sector lost their jobs and they are living in abject poverty and want.

The largest number of farmer suicides after Independence occurred during the last one year and shortage of currency and mismanagement of this Government following the announcement of demonetization has added to the woes of the farming community.

The President's Address emphasizes the paramount need to combat the evils of black money, corruption, counterfeit currency and terror funding. None in the country would oppose the move to combat these menaces and everyone would welcome such a step.

In order to eliminate these menaces, the Prime Minister has taken a decision to go in for demonetization. As former Prime Minister Dr. Manmohan Singh has stated, it was a 'monumental mismanagement'. It is the poor, working class, farmers, housewives and daily wage earners who had to bear the pain and adverse effect of demonetization. Around 2.5 lakh informal sector units have shut down and their workers have lost their jobs. Nowhere in the world have the people been denied to draw their own hard earned money from their own bank accounts.

The entire nation is reeling under the negative effects of demonetization which was taken without any preparation or deep consultation with RBI or the Chief functionaries of the Finance Ministry including Finance Minister and the Chief Economic Advisor or the Finance Secretary.

Every citizen of this country has a right to know as to the quantum unearthed by way of black money through demonetization. People also wish to know as the extent to which the Government was able to prevent corruption,

counterfeit currency and terror funding. The government is yet to come out with a report on the positive effects of demonetization.

More than hundred persons have lost their lives following the demonetization and who is to be held responsible for the tragedy? Will this Government assure that it would adequately compensate for these deaths although compensation is no substitute for the loss of precious lives.

This Government has promised that minimum 2 crore job opportunities will be created per annum to eliminate the problem of unemployment. The Government should enlighten as to the number of jobs created by this Government during the last about three years.

The entire nation is proud of the exemplary courage and valor displayed by the defense personnel. The nation bows before the soldiers for their great sacrifice.

The Government boasts so much about the surgical strike conducted on 29th September, 2016 at several launch pads along the line of control to prevent infiltration by terrorists. The Government should clarify whether such a surgical strike was conducted for the first time in India. No other Governments in the past have utilized such a mission for political advantage. This Government and the ruling party have tried to politicize and to take advantage out of surgical strike. When UPA Government was in power there were three surgical strikes between 2009 and 2013. The Congress led Government never politicized surgical strikes in the past.

The Government is conveniently forgetting the Pathankot and Uri incidents which brought shame and discredit to the nation. It shows the cavalier attitude of this Government towards the security of our country. The Government should tell us as to what happened to our intelligence network when the terrorists from across the border reached and attacked such high security areas. Such a breach of security has never happened before. Who is to be held responsible for such a grave lapse?

The Government should tell the nation why there were more ceasefire violations even after surgical strike along LOC. This Government owes an answer to the nation. The Government should also clarify whether the Government is aware that the number of ceasefire violations and soldiers killed in the last two years was higher that the figures for the past 10 years.

The President's Address mentions the very first Cabinet decision to set up an SIT on black money. About three years have elapsed since then. Will the Government take the nation on board and admit that this Government has thoroughly failed to act on the report of SIT relating to the filthy rich and corporate houses who stashed enormous money abroad?

This Government is not serious about the welfare measures and the last two budgets saw slashing of outlays on health, education, women and child welfare.

MGNREGA is one of the world's largest poverty alleviation programs started by the UPA Government which was lauded across the globe. This Government and Prime Minister often criticized this program. There is no substantial increase in allocation for MGNREGA. If you look at last year's revised estimate, an amount to the tune of 47.4 thousand crore rupees was allocated for the scheme. This year it is only Rs.48,000 crore rupees. The increase is marginal.

The Jan Dhan Yojana, the Aadhaar scheme, the *Swachh Bharath Abhayan* and a good number of other social welfare measures were all initiated and pursued by the UPA Government. Be it the opening of 'No Frills Account' or Aadhaar scheme, the BJP had created such a raucous in both Houses of Parliament and tried to portray the schemes as anti-people. All these schemes are now adopted by this Government and they are trying to take credit for them. People know that all these projects are nothing but old wine in new bottles.

I would say that the Government has failed on all fronts and *Achche Din* to the common man is far away.

*__श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):__ मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के समर्थन में अपनी बात रखता हूं, जैसा कि प्रतिवर्ष संसद के बजट सत्र में पहले दिन महामहिम राष्ट्रपति जी संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हैं यही भारतीय लोकतंत्र की विशेषता को दर्शाता है।

इस अभिभाषण से एक नए इतिहास का निर्माण होने जा रहा है क्योंकि स्वतंत्र भारत में पहली बार बजट अधिवेशन अपने निश्चित समय से पहले शुरू हुआ है और पहली बार आम बजट तथा रेल बजट का विलय करके संसद में प्रस्तुत किया गया है और हमारी सरकार ''सबका साथ सबका विकास'' के लिए पूर्णरूप से प्रेरित है।

सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता को लाभ मिलना शुरू हुआ है और इसमें सबसे पहले मैं रसोई गैस के विषय पर बात रखता हूं। रसोई गैस के मामले में GIVE IT UP अभियान चलाया गया था और इसकी सफलता यही है कि 1.2 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी इच्छा से रसोई गैस की सब्सिडी को छोड़ दिया है जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 62 लाख के करीब था। इस GIVE IT UP से ही देश की उस जनता को रसोई गैस दिए गए हैं जो अभी तक गैस कनेक्शन की सुविधा से वंचित थे। और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 5 करोड़ से अधिक घरों के निःशुल्क एल.पी.जी. कनेक्शन दिए जा रहे हैं और सरकार अभी तक 1.5 करोड़ कनेक्शन वितरित कर चुकी है और मैं सरकार के इस प्रयास की सराहना करता हूं।

देश की जनता सरकार के हर अच्छे कार्य में सहयोग दे रही है और सरकार के हर जन उपयोगी कदम का समर्थन कर रही है और आज जनता के विशाल समर्थन से ही ''स्वच्छ भारत अभियान मिशन'' को अत्यधिक सफलता मिली है और उसी के कारण आज देश के 1.4 लाख गांव, 450 से ज्यादा शहर और 77 जिलों सहित 3 राज्यों को खुले शौच से मुक्त कर दिया गया है जो कि हमारे लिए और देश की जनता के लिए गर्व का विषय है और इसी ''स्वच्छ भारत अभियान'' के तहत देशभर में 3 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है और मैं इसके लिए सरकार को बधाई देता हूं और देश की जनता को इस अपार समर्थन के लिए धन्यवाद करता हूं।

सरकार, गरीब और उन लोगों तक बैंकिंग सुविधा ''भारतीय डाक भुगतान बैंक'' के माध्यम से देने के लिए कटिबद्ध है जो अब तक इस बैंकिंग सुविधा से वंचित थे इसी के लिए सरकार ने अब डाकघरों को पोस्टल बैंक के रूप में भी कार्य करने की अनुमति दिए जाने के लिए लाइसेंस दिए जाने का निर्णय लिया है जिसके बाद डाकघर पोस्टल बैंक के रूप में काम कर लोगों को बैंकिंग सुविधा प्रदान करेंगे।

---

* Speech was laid on the Table

सरकार चाहती है कि देश के हर गांव में बिजली पहुंचाकर इन सभी गांवों को देश के विकास के साथ जोड़ा जाये और इसी उद्देश्य से सरकार ने देश के प्रत्येक गांव तक बिजली पहुंचने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकार ने ''दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना'' के तहत काम करते हुए देश भर के 11 हजार गांवों को एक निश्चित समय में बिजली पहुंचाई है जबकि शेष बचे 7 हजार गांवों को जल्दी ही बिजली उपलब्ध करा दी जाएगी और यह सरकार के अथक प्रयास का भी नतीजा है।

आज के बच्चे ही कल को देश का भविष्य निर्माण करेंगे और इन भविष्य निर्माताओं को अभी से स्वास्थ्य सुविधा देकर, देश का भविष्य सुगम बनाया जा सकता है इसी को ध्यान में रखकर सरकार ने बिमारियों के टीकाकरण के लिए ''इन्द्रधनुष'' नामक मिशन चलाया है और अभी तक 55 लाख बच्चों को इस मिशन का लाभ मिल चुका है इसके अलावा सरकार ने गरीबों को कम मूल्यों पर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करने हेतु ''प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना'' चलाई है और इस योजना का लाभ भी गरीब जनता को मिल रहा है मैं इस कदम के लिए सरकार को बधाई देता हूं।

किसान देश का अन्नदाता है जब किसान पैदावार करता है तो समस्त देश को अनाज उपलब्ध होता है इसी बात को ध्यान मे रखते हुए सरकार ने अनेकों किसान कल्याणकारी योजनायें शुरू की हैं किसान की उन्नति ही देश की उन्नति है और जैसा हम सब जानते हैं कि पिछले कुछ समय से लगातार सूखे और अनुकूल मानसून नहीं होने के कारण किसानों को लगातार नुकसान उठाना पड़ा है लेकिन अभी इस समय अनुकूल मानसून से किसानों के खरीफ की फसलों की उपज में वृद्धि हुई है। सरकार ने किसानों के हितों के लिए अनेकों तरह के उपाय किये हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 2016 खरीफ फसल की अवधि के दौरान 3.66 करोड़ किसानों के लिए 1.4 लाख करोड़ राशि का बीमा किया गया है और किसानों को मजबूत बनाने के लिए मौजूदा क्रेडिट कार्ड को रुपे कार्ड में बदले जाने की योजना बनाई गई है और नाबार्ड के माध्यम से इसकी राशि को दुगना कर किसानों के लिए आसानी से ऋण उपलब्ध कराने का कदम उठाया गया है।

नारी शक्ति देश के विकास का अभिन्न अंग है। सरकार ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' की योजना पर निरंतर काम कर रही है और जिसके अच्छे परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं और इनका भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने ''सुकन्या समृद्धि योजना'' चलाई है इसके लिए खोले गए खातों में अब तक 11 हजार करोड़ से अधिक की राशि जमा हुई है इसे देखकर प्रतीत होता है कि सरकार अपने इस अभियान में सफल हो रही है और मैं इसके लिए सरकार का अभिवादन करता हूं।

आज देश की युवा शक्ति हर क्षेत्र में काम कर रही है और वर्तमान में देश की कुल जनसंख्या का 65 प्रतिशत हिस्सा 35 साल से कम युवाओं का है और इन युवाओं को कुशल बनाने के लिए सरकार हर

हाथ हुनर के उद्देश्य से ''कौशल विकास योजना'' चला रही है और अब तक 20 लाख से अधिक युवा इस योजना का लाभ ले चुके हैं मैं सरकार के इस योजना का समर्थन करता हूं। इसके साथ ही सरकार ने स्टैंड-अप इंडिया पहल के माध्यम से ढाई लाख से अधिक अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और महिलाओं को सशक्त उद्यमी बनाया है और इसके लिए 490 करोड़ रुपये का प्रारंभिक आवंटन किया गया है। मैं समझता हूं कि सरकार के इस कदम और योजना से देश का युवा पूर्ण रूप से लाभान्वित होगा और एक कुशल, समग्र और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होगा।

सरकार सबको अपना मकान देने के लिए वचनबद्ध है और इसकी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है क्योंकि रोटी कपड़ा और मकान प्रत्येक मनुष्य के लिए नितांत आवश्यक वस्तु है।

जैसे कि इस अभिभाषण से समझ आता है कि सरकार हर क्षेत्र में और हर वर्ग के व्यक्तियों के उत्थान और देश को प्रगति देने के लिए अनेकों तरह से हर संभव प्रयास कर रही है और यह एक स्वागतयोग्य कदम है कि सरकार जिस प्रकार की रणनीति आतंक को हराने के लिए बना रही है उसमें पूरी दुनिया हमारा साथ दे रही है। साथ ही साथ आतंक को हराने के लिए अब पूरी दुनिया भारत के विचारों से सहमत हो रही है।

अंत में मैं सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि सरकार अपने कार्यों में और जिस उद्देश्य के लिए इस सरकार को देश की जनता ने चुना है उसमें यह सरकार सफल होती प्रतीत हो रही है।

**श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज) :** सभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए मैं पहले यह कहना चाहता हूँ कि इसमें आशा दिखाने लायक कोई बात नहीं है। सरकार के हाफ-वे-मार्क हो गये, यह परेशानी आपके लिए है। पिछले दो वर्षों में जो घोषणाएँ की गयी थीं, देश के लोग उसका कुछ असर देखना चाह रहे थे और आने वाले दिनों के कुछ आसार देखना चाह रहे थे। इसमें न तो पिछले वायदों का असर है और न ही आने वाले अच्छे दिनों के आसार हैं। राष्ट्रपति महोदय जी से जो कहलवाया गया, अभी हमारे दूसरे साथी भी कह रहे थे कि हर साल यह एक रिचुअल की तरह हो गया है। सरकार अपनी बातों को ज्वाइंट सेशन में रखने की कोशिश करती है। पहले 21 पैराग्राफ को मैं छोड़ देता हूँ।

प्रेस इंफारमेशन ब्यूरो के पिछले एक साल के जितने प्रेस नोट्स थे या प्रेस कांफ्रेंस थे, यह उनका कंपेंडियम है, उनका संकलन है, इसलिए उसमें ज्यादा समय व्यय करने की जरूरत नहीं है, लेकिन इससे सरकार की कमजोरी पता चलती है। इतने भाषण, घोषणाओं और प्रेस कांफ्रेंसेज के बाद, एक-एक दिन में तीन-चार मंत्रियों द्वारा प्रेस कांफ्रेंस करने के बाद भी उनको ऐसा लगा कि इसका कोई असर नहीं हो रहा है, इसलिए राष्ट्रपति महोदय जी से भी फिर उसको रि-इंफोर्स करना पड़ेगा।

यदि आप आज की हालत देखें तो पहला सवाल है खेती का, किसानों का। इसमें वही घिसी-पिटी बातें हैं। हम क्रेडिट कार्ड दे रहे हैं, रूपे कार्ड दिये गये हैं, कृषि ऋण बढ़ाएंगे। पिछले चुनाव में आपका जो वायदा था कि चार प्रतिशत ब्याज दर किसानों के लिए होगी। आप उसकी घोषणा क्यों नहीं कर रहे हैं? विधान सभाओं के चुनाव के मनीफेस्टो में अभी भी वही बातें हैं। जब झारखण्ड में चुनाव था, तब भी यही बातें कही गयी थीं। जब बंगाल में चुनाव था, तब भी यही बातें कही गयी थीं और अभी उत्तर प्रदेश के चुनाव में भी वही बातें कह रहे हैं। आप उसको भी अपडेट नहीं करते हैं। अभी श्री भर्तृहरि महताब जी कह रहे थे, यदि किसानी फायदेमंद नहीं है, तो आप कर्ज देकर क्या करेंगे। किसान महाजन के कर्जदार हैं। पिछले ढ़ाई साल में खुदकुशी के केसेज 42 प्रतिशत बढ गए हैं। सरकार उस चुनौती को स्वीकार करे। लोग कुछ उम्मीद कर रहे थे। इसमें एक पैन इंडियन विज़न भी नहीं है। राष्ट्रपति महोदय से आप कहलवा रहे हैं कि पिछले दो वर्षों की तुलना में इस बार अच्छी बारिश हुई है। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश समेत दक्षिण भारत का खासा हिस्सा सूखे की चपेट में है। इसलिए भाषण लिखते वक्त कन्याकुमारी से कश्मीर तक अपनी नज़रों से देखना चाहिए। वहाँ अभी विधान सभा का चुनाव नहीं है, तो वह नज़र से ओझल हो गया। हम देश की एकता की बात कर रहे हैं। यदि हम देश की परेशानियों को मद्देनज़र नहीं रखेंगे, हर खेत को पानी देने की जो बात है, कुछ लोगों को लगता होगा कि "हर खेत को पानी " एक नया स्लोगन आ

गया है। जब आप विधान सभा के चुनाव लड़ते थे और राजस्थान में पहली बार श्री भैंरो सिंह शेखावत जी की सरकार बनी थी, उस समय से हम यह नारा सुन रहे हैं कि "हर हाथ को काम और हर खेत में पानी "।

अभी इसका आधा कर दिया गया है। "हर हाथ में काम " की बात आप नहीं कर रहे हैं। इम्प्लायमेंट और अन-इम्प्लायमेंट के सवाल को आपने बैक बर्नर में रख दिया है और "हर खेत में पानी " को रीपैकेज करके आप डालने की बात कर रहे हैं।

मैं समझता हूँ कि आप जो समावेशी बात कर रहे हैं, वह अच्छी बात है। वह सिर्फ नारे में नहीं होना चाहिए। महिलाओं के आरक्षण का मामला कितने दिनों से लंबित है और सरकार खामोश क्यों है। यह आपके चुनावी वायदे में भी था। यह पिछली एनडीए की सरकार के समय में भी था। मैं इस और उस सरकार की बात नहीं कर रहा हूँ, लेकिन आप खामोशी से यह समझते हैं कि अब यह बिकने वाला नहीं है, इसको पीछे कर दो।

देश की क्या स्थिति है। आज के दिन में नागालैण्ड में स्थानीय इकाई के चुनाव में महिलाओं के 33 परसैन्ट आरक्षण के बारे में, जो हमारा कानून है, उसके विरोध में एक हंगामा खड़ा हो गया। हम और हमारा समाज किस तरफ जा रहा है और सरकार फिर बैक गियर लगाए। राष्ट्रपति जी जब भाषण देंगे, संसद का जब ज्वाइन्ट सैशन होगा, हमारे देश की क्या वास्तविक स्थिति हो रही है। हम उस पर नजर नहीं डालेंगे। आप नारी शक्ति की बात कर रहे हैं, बेशक कीजिए आप, अच्छी बात है, तब पी.वी. सिंधु, दीपा कर्मकार, साक्षी मलिक की बात आ रही है, लेकिन आज भी ऐसे लोग हैं, हम टेलीवीजन में, अखबारों में रोज सुन रहे हैं कि वे महिलाओं के ड्रेसकोड को लेकर, तंग कपड़ों को लेकर, उनके फैशन को लेकर, मॉरल पुलिसिंग की बात कर रहे हैं, कभी धर्म की, कभी शास्त्र की, कभी अपने ट्रेडीशन की दुहाई देकर, तो देश आगे बढ़ रहा है या पीछे हट रहा है। हमारे यहां वीमेन एण्ड चाइल्ड ट्रैफिकिंग खतरनाक स्थिति में है, तमाम आंकड़े यह कह रहे हैं कि यह खतरा बढ़ रहा है, पिछले ढाई साल में यह बढ़ी है। ऐसा नहीं है कि यह अचानक हो रहा है। सच्चाई से आप मुँह मत मोड़िये, सच्चाई को मानिए। बंगाल भी तो भारत का हिस्सा है तो फिर यह कन्सर्न है या नहीं है? इससे पता चलता है कि जो ग्रोइंग चाइल्ड एण्ड वीमेन ट्रैफिकिंग है, इसमें हमारी आज की सरकार का कोई कन्सर्न नहीं है, मैं इसका आकलन कर रहा हूँ, मैं अण्डरलाइन कर रहा हूँ, मैं किसी पर दोषारोपण नहीं कर रहा हूँ। यह एक सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शासकीय चुनौती है। हम उसे स्वीकार करें या न स्वीकार करें। इस सरकार की प्रायॉरिटी क्या है, मैं वह बता रहा हूँ, क्योंकि आपने नारी शक्ति की बात कही है तो उसको छोड़कर तो नहीं होगा। मैं किसी पर दोषारोपण नहीं कर रहा हूँ।

यह अच्छी बात है कि आपने हर हाथ में काम की जगह पर हर हाथ में हुनर का नारा दिया है, लेकिन अगर हमारा जो औद्योगिक क्षेत्र है, हमारी जो अर्थ नीति है, अगर वह नहीं बढ़ेगी तो हुनरमंद लोगों को काम कैसे मिलेगा। जैसे पहले समझा जाता था कि लोग शिक्षित हो जाएंगे तो नौकरी मिल जाएगी, ग्रेजुऐट हो जाएंगे तो नौकरी मिल जाएगी। फिर भी आपके पास शिक्षित बेकार हैं। यह इस सरकार की बात नहीं है। हमारी जो अर्थ नीति जिस प्रकार से पिछले दशकों से आगे बढ़ रही है, तो हम अब क्या कह रहे हैं कि स्किल इण्डिया, ठीक है होना चाहिए, मैं खुद उसके पक्ष में हूँ, लेकिन आपको आखिर उस हुनर को लगाने की तो जगह देनी चाहिए। वित्त मंत्री हमारे बजट में कहें कि प्राइवेट सेक्टर में अभी निवेश कम हो रहा है, sluggishness है। हमारा बजट और इकोनॉमिक सर्वे कह रहा है कि पब्लिक इन्वेस्टमेंट घट रहा है तो दोनों अगर पब्लिक एण्ड प्राइवेट इन्वेस्टमेंट घट रहे हैं और उसमें अगर रोजगार का साधन कम हो रहा है और बेरोजगार बढ़ रहे हैं, यह बात और है कि आप उसको दोहराएंगे नहीं कि साल में 2 करोड़ का रोजगार ढाई साल में 5 करोड़, अभी हमारे खड़गे जी भी कह गए कि एक-डेढ़ लाख से ज्यादा तो नौकरी हुई नहीं। जो हुनर आप सिखा रहे हैं, बेशक उसकी जरूरत है। आपने भाषण में क्या कहा कि हम हर जिले में हुनर सिखाने के लिए बन्दोबस्त कर देंगे और विदेशी भाषा की शिक्षा दे देंगे, मतलब हमारी जिम्मेदारी खत्म। पूरे विश्व में आप कह रहे हैं, आर्थिक संकट हो रहा है, मैं सिर्फ आपको ध्यान दिलाने की बात कर रहा हूँ कि आर्थिक संकट हो रहा है और अमेरिका के महामहिम राष्ट्रपति ट्रंप जैसे लोग बोल रहे हैं कि जो लोग वहां पर हैं, उनको भी नहीं आने देंगे। वीज़ा रेस्ट्रिक्शन कर रहे हैं और हम कह रहे हैं कि हम एक बार विदेशी भाषा सिखा देंगे तो हमारी जिम्मेदारी खत्म हो जाएगी, वह भारत से भागा हुआ भारतीय हो जाएगा। भारत में रहकर के उसको रोजगार दिलाने का आपका वादा था। उसके बारे में आप खामोश हैं।

उस बारे में दूसरी बात है अगर आप हुनर सिखा रहे हैं तो उसकी वर्टिकल मोबिलिटी, आपने कहा कि आई.टी.आई. को माध्यमिक का दर्जा देंगे। मैं पैरा का reference दे सकता हूँ, पैरा नम्बर 25 में है। यह अच्छी बात है, लेकिन हुनर की सबसे बड़ी बात यह है कि आपको स्किल को, दक्षता को मान्यता देनी पड़ेगी और जो मिस्त्री का काम करते हैं, जो कारीगर हैं, आप उनको शिक्षित-प्रशिक्षित क्यों नहीं मानते हैं। हमारे यहां कोई ज्वाइन्ट इन्टरेंस देकर इंजीनियर बनेंगे, लेकिन जो मैकेनिक काम कर रहे हैं, अगर आप उनकी तकनीक को अपग्रेड करेंगे तो उससे वे आई.टी.आई. में आ सकते हैं और फिर आई.टी.आई. से वह पॉलिटेक्निक के बराबर डिप्लोमा में जा सकते हैं और फिर पॉलिटेक्निक से डिग्री के बराबर जा सकते हैं। जब तक आप श्रम, हुनर और स्किल को मर्यादित नहीं करेंगे, तब तक केवल हुनर की बात करने से लोगों की तवज्जो उस तरफ नहीं होगी, इसलिए मैं समझता हूं कि यह सरकार अगर स्किल इंडिया को सही

पर्सपैक्टिव में करना चाहती है तो वर्टिकल मोबिलिटी, जो लोग ऑलरेडी इंगेज्ड हैं, जो अपने बाप-दादा के द्वारा काम सीखते आए हैं, उन्हें आपको मर्यादित करना पड़ेगा और उन्हें बराबरी के पायदान पर लाकर खड़ा करना पड़ेगा।

इसी के साथ मैं कहना चाहता हूं कि आप अप्रेन्टिस के मामले में खामोश हैं। ट्रेनिंग की जिम्मेदारी कभी कंपनियों और फैक्टरियों की थी, लेकिन अब अप्रेन्टिस लेना बंद हो गया है। ...(व्यवधान) मैं पैरावाइज पैरा बोल रहा हूं, मैंने अभी तक कोई पोलिटिकल बात नहीं की। हम जब चर्चा नहीं करते हैं तो पूरे देश में हमारे ऊपर लांछन लगता है, लेकिन हम जब चर्चा कर रहे हैं तो आप कम से कम हमें उसका मौका दीजिए।

अप्रेन्टिस, अनइम्पलायमैन्ट जिस तरह से बढ़ रहा है, सरकार एन.जी.ओज. के जरिये उसी कंपनी, उनके ट्रस्ट को सरकारी पैसा ट्रेनिंग के नाम पर दे रही है। यह ड्रेनेज हो रहा है। आप हर जिले में जाकर खबर ले लो। हमारे जो स्कूली बंदोबस्त थे, जो हायर सैकेन्डरी इंस्टीट्यूशंस हैं, जो कालेजिज हैं, उन्हें इंटिग्रेट करना चाहिए था और फैक्टरियों और कंपनियों को आपको अप्रेन्टिस एक्ट से जो काम उन्होंने नहीं किया, उन्हें सरकार लालच दे रही है कि चलो हमें एक्सट्रा पैसा मिल जायेगा तो यह कमाने-धमाने का मामला हो जायेगा, यह पुरानी स्कीम्स की तरह हो जायेगा। जैसे कापार्ट बदनाम हो गया था, कहीं स्किल इंडिया बदनाम न हो जाए, इस बात को आपको ध्यान में रखना पड़ेगा। मैं साफ और सीधी बात करता हूं, अहलूवालिया जी को भी मालूम है। मैं यह अपने अनुभव से कह रहा हूं।

इसी तरह से मैं समझता हूं कि जहां तक पेमेन्ट का सवाल है, सरकार अभी डिमोनेटाइजेशन से लिंक है, अभी डिमोनेटाइजेशन आया ही है। हम तीन महीने से इंतजार कर रहे हैं, राष्ट्रपति जी ने भी इसके बारे में कुछ कहा है, मैं बाहर की बात नहीं कर रहा हूं। मैं पोलिटिकल बात नहीं बोल रहा हूं। जैसा आप कह रहे हैं कि अगर मजदूरों को मजदूरी मिल जायेगी, उन्हें इम्पलायमैन्ट मिल जायेगा, उन्हें तनख्वाह मिल जायेगी, उनके बैंक एकाउंट्स में पूरा पैसा आ जायेगा। यह गलत है, सरकारी और गैर-सरकारी कंपनियों में, स्कूलों में और यहां तक कि कालेजेज में भी आप देखेंगे कि जो पार्ट टाइम पढ़ाते हैं, जो अनऑर्गेनाइज्ड हैं, उनके वाउचर में कुछ रकम लिखी जाती है और साइन कुछ और रकम पर कराये जाते हैं। हमारा ऐसा अनुभव भी है कि सरकारी स्कीम में पैसे बैंक में आते हैं। मजबूरन उसके लिए कोई और रास्ता नहीं होता है, वह कोई और उठा लेता है और उसका अंगूठा लग जाता है और वह पैसा ड्रेनेज हो जाता है। जो लोग यह समझ रहे हैं कि एक बार प्लास्टिक मनी बैंक के खाते में आ गयी तो करप्शन खत्म हो जायेगा, मैं समझता हूं कि उन्हें देश की वास्तविक स्थिति के बारे में मालूम नहीं है। अगर वास्तविक स्थिति मालूम हो तो आप प्राइवेट स्कूलों में देखिये, टीचर्स तनख्वाह लेते कुछ और हैं और साइन कुछ और

अमाउंट पर करते हैं। हर पेमेन्ट में ऐसा होता है। राष्ट्रपति जी ने कह दिया और हम उसे मान लेंगे, यह सही नहीं होगा। सामाजिक और आर्थिक समानता के बारे में हमारे संविधान की पहली प्रतिज्ञा है। That is good. As a Leftist, I welcome it. इक्वेलिटी का सवाल है, लेकिन यह लिप सर्विस है। उसके बाद बाकी सब व्याख्या दी गई है, लेकिन इस असमानता को घटाने के लिए हम क्या कर रहे हैं।

पूरे विश्व में आज के दिन हमारा मुल्क, जिस पर हमें फख्र है, हमारे मुल्क की आर्थिक स्थिति क्या है। Inequality is the highest in this country. एक प्रतिशत लोगों के पास 58.4 परसैन्ट सम्पदा है। पिछले दो सालों में यह दस प्रतिशत बढ़ गई है। हम कह रहे हैं कि हम गरीबों के लिए कर रहे हैं, हम समावेशी कर रहे हैं, हम किसानों के लिए कर रहे हैं, हम दलितों के लिए कर रहे हैं, हम जनजातियों के लिए कर रहे हैं, हम अक्लियत के लिए कर रहे हैं, लेकिन पूरे विश्व में, यहां तक कि अमेरिका में 42 परसैन्ट, ब्राजील में 47.9 परसैन्ट है, लेकिन इंडिया में आज के दिन यह 58.4 परसैन्ट है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह आपके दो सालों के समय में हो गया, लेकिन जो तंत्र चल रहा था और जो षड्यंत्र चल रहा था, पिछले दो सालों में लोग चाह रहे थे कि यह कहीं वापस जाए, यह मुंह मोड़े, लेकिन उसकी रफ्तार और तेज हो गई।

सर, डिमोनेटाइजेशन के बारे में एक शेर बोलता हूं, उसका अंग्रेजी इंटरप्रिटेशन आपको मिल जायेगा।

"मुल्क ने मांगी थी एक चिंगारी फक्त रोशनी के लिए,
निजाम ने हुक्म दिया, चलो आग लगा दी जाए।"

महोदय, भ्रष्टाचार के खिलाफ, कालेधन के खिलाफ मैंने यह शेर इसलिए बोला, क्योंकि हमारे वित्त मंत्री जी ने रोशनी आकर अंधेरे से टकराई वाला शेर बोला था, लेकिन वह इतनी जोर से टकराया कि रोशनी होने के बजाय पूरी आग लग गई।

सभापति महोदय, वित्त मंत्री जी ने भी आंकड़े नहीं दिए हैं। इस भाषण में भी वह आंकड़ा नहीं आया है कि हमने कहा था कि कालेधन को निपटाएंगे। हम कहां तक उसमें सफल हो पाए हैं? बल्कि खुद नोटबंदी ही एक भ्रष्टाचार हो गया। आप अखबारों में देखिए। टिप ऑफ द आइसबर्ग है। लेकिन नोट बदलने के नाम पर, कालाधन को निकालने के नाम पर, कमीशनखोरी के नाम पर, अगर भ्रष्टाचार नहीं निपटेगा, अगर अच्छे उद्देश्य से भी कोई फैसला लेंगे, बुनियादी जमीन को अगर आप तैयार नहीं करेंगे तो वह भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाएगा। मैं यह नहीं कह रहा हूँ कि जो सरकारी पक्ष के लोग हैं, वही भ्रष्टाचार किए हैं। नहीं, ऐसा नहीं है। पहले आप चुनावी भाषणों में कहते थे न कि हर मुसलमान आतंकी नहीं होता है,

लेकिन जो भी आंतकी होता है, वह मुसलमान क्यों होता है। मैंने कहा कि काला धन ले कर पुराने-नए नोट के मामले में सभी लोग शासक दल के ही, बीजेपी वाले भ्रष्टाचारी नहीं हैं, लेकिन जो भी पकड़े गए हैं, गुजरात से लेकर बंगाल तक, वे बीजेपी वाले क्यों निकले हैं, इसके बारे में आपको ढूंढना चाहिए कि उनके पास नोट कैसे चले गए?...(व्यवधान)

सर, विदेश के मामले में मैं यह कहना चाहता हूँ, अभी बहुत से लोग भी यही कहेंगे। लेकिन मैं यह समझता हूँ कि एक तो देश में सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर भी आया है कि राजनीति और धर्म को अलग करना पड़ेगा। हमारे राष्ट्रपति जी के जरिए भी सदन और देश को भी यह सूचित करना चाहिए था कि यह जो फिरकापरस्ती बढ़ रही है, जो सांप्रदायिकता बढ़ रही है और उसमें जिस तरह से धर्म का व्यवहार किया जा रहा है, जात-पात, धर्म, मज़हब, भाषा, मंदिर, मस्जिद को चुनावों में इस्तेमाल किया जाता है। अभी उत्तर प्रदेश का चुनाव आ रहा है, मैं सोच रहा था कि मैं पॉलिटिकल बात नहीं कहूंगा और किसी पर लांछन भी नहीं लगा रहा हूँ, लेकिन इसमें उसको आना चाहिए था। किस-किस तरह से हमारे संविधान के जो फाउंडिंग फादर्स हैं, उनका जो उद्देश्य है, हमारे लोकतंत्र की सफलता की जो बुनियाद है, उसमें से धर्म और राजनीति को अलग करना बहुत जरूरी है। मैं समझता हूँ कि उस बारे में हमारे राष्ट्रपति जी का ध्यान भी होना चाहिए था। इसी के साथ-साथ हमारे देश के जनजाति, अनुसूचित जातियों के बारे में बहुत सी बातें कही गई हैं। इसमें प्रेगनेंट विमन के बारे में भी कहा गया है, लेकिन अगर आप आंकड़ों में मिलाएंगे, तो आप देखेंगे कि उसमें उनको समावेशी के बनाने के बजाय, बहुत से लोगों को तमाम स्कीमों से निकाला जा रहा है और बाहर किया जा रहा है, वे छूट जा रहे हैं। हम लोग 21वीं सदी में जो एनलाइटेंड इण्डिया बना रहे हैं, उसमें हमारे देश का एक खासा हिस्सा इससे बाहर निकल जा रहा है। विदेश के बारे में मैंने कहा है कि ब्रिक्स और हार्ट ऑफ एशिया कॉन्फ्रेंस आपने किया है, अच्छा है, आपको बधाई हो, लेकिन जो ग्रोइंग टेंडेंसी है, वह हमारे साउथ एशिया और एशिया के लिए भी घातक है। हम ब्रिक्स से ज्यादा जोर दे रहे हैं, अभी हमारे देश की पॉलिसी को देखेंगे तो यूएस, इज़्राइल और इण्डिया का एक नया एक्सिस बनाने की कोशिश की जा रही है। अगर हम पश्चिम एशिया के उदाहरण से नहीं सीख लेंगे, आज वहां जो इंस्टेबिलिटी हो रही है। ...(व्यवधान) वही तो मैं बोला हूँ कि हाथी के दो दांत होते हैं, एक खाने के और एक दिखाने के, आप दिखाने पर जा रहे हैं और मैं खाने की बात कर रहा हूँ।...(व्यवधान) अरे! गणतंत्र दिवस की परेड में यूएई के कोई अमीर प्रधान अतिथि जी के रूप में आ जाते हैं तो हमारी कोई आपत्ति नहीं है। उसका मतलब यह नहीं है कि हमारी विदेश नीति उस तरह से हो गई है। ...(व्यवधान) हमने यह कहा है कि हाथी के दो तरह के दांत हैं। ...(व्यवधान) यह जो इण्डो, यू.एस., इज़्राइल का एक्सिस बनाने की कोशिश हो रही है, पश्चिम एशिया के उदाहरण से मैं कह रहा हूँ कि दक्षिण एशिया और एशिया की

स्टैबिलिटी के लिए यह बहुत बड़ा घातक कदम होगा। मैं यह वर्ड ऑफ कॉशन दे रहा हूँ, बाकी आपके पास है। देश की जनता को तो हमें बताना है।

सर, वन नेशन-वन इलैक्शन बहुत ही अच्छी बात है। महताब जी ने भी कहा है। प्रधान मंत्री जी ने भी कहा है कि ऐसा प्रस्ताव आ जाए। मैं कहता हूँ कि आखिर विधान सभा और लोक सभा के चुनाव एक साथ क्यों नहीं होते हैं। यह आपके खिलाफ नहीं है। क्या इसके लिए देश की जनता जिम्मेदार है? हम और आप जिम्मेदार हैं? ...(व्यवधान) सन् 1952 में और 1957 में तो एक साथ ही चुनाव हुए थे। फिर आपने आर्टिकल 357 लगा कर के केरल की पहली कम्युनिस्ट सरकार को तोड़ दिया। ...(व्यवधान) अगर आप वन नेशन-वन इलैक्शन की बात करेंगे, तो पहले आपको आर्टिकल-356 को रद्द करना पड़ेगा। सरकारिया कमीशन की रिपोर्ट मान कर काम कीजिए। ...(व्यवधान) राज्य सरकार को केंद्र सरकार जब चाहे सरकार तोड़ दे, ऐसा नहीं हो सकता है। ...(व्यवधान) आप नहीं कर रहे हैं, क्योंकि राज्य सभा में आपका बहुमत नहीं है। ...(व्यवधान) जिस समय राज्य सभा में आपका बहुमत आ जाएगा तो आप भी वही काम करने लग जाओगे। ...(व्यवधान) मैं समझता हूँ कि इसीलिए संशोधन आवश्यक है। ...(व्यवधान)

*श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा):** मैं माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करती हूं।

सरकार ने सबका साथ सबका विकास को लेकर और डीमॉनेटाइजेशन, ब्लैक मनी के खिलाफ लड़ाई, सर्जिकल स्ट्राइक, वन रैक वन पेंशन के लिए जो कदम उठाए हैं मैं उनकी प्रशंसा करती हूं।

ब्लैक मनी, भ्रष्टाचार, जाली करेंसी और टेरर फाइनेंसिंग जैसी बुराइयों से निपटने के लिए सरकार ने 8 नवंबर, 2016 को 500 और 1,000 रूपये के पुराने करेंसी नोटों को बंद करने का फैसला किया। सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट मीटिंग मई 2014 में ब्लैक मनी पर स्पेशल इनवेस्टीगेशन टीम बनाने का फैसला किया और ब्लैक मनी और बेनामी ट्रांजैक्शंस पर रोक लगाने के लिए कानून पास किया है। ब्लैक मनी और आतंकवाद पर नकेल कसने के लिए नोटबंदी एक बड़ा और अहम फैसला रहा। यह हमारी काम करने वाली और दृढ़ इच्छाशक्ति वाली सरकार का परिणाम है। मैं इसकी सराहना करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को साधुवाद देती हूं।

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी मुद्रा भंडार नए रेकार्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। 2015-16 में यह 55.6 अरब डालर रहा है जो किसी भी वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक है।

अंकटाड की ओर से जारी विश्व निवेश रिपोर्ट 2016 में भारत की सबसे अधिक संभावना वाली अर्थव्यवस्थाओं की सूची में 2016-18 के लिए तीसरा स्थान मिला है। मैं इसकी सराहना करती हूं।

हमारी सरकार ने हमारी क्षेत्रीय संप्रभुता पर लगातार हो रहे हमलों का माकूल जवाब भी दिया है। सुरक्षा बलों ने सफलता से सर्जिकल स्ट्राइक कर लाइन ऑफ कंट्रोल पर आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने के लिए बहुत से लॉन्च पैड को नष्ट किया है। इसके लिए मैं सीमा पर स्थित अपने सभी सैनिक भाइयों को बधाई देती हूं। उनका यह कार्य सराहनीय है।

भारत का लोकतंत्र दुनिया में सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहां 84 करोड़ मतदाता हैं। राष्ट्रपति जी ने भाषण में लोक सभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने पर रचनात्मक चर्चा व धन बल का दुरूपयोग रोकने के लिए सरकारी खर्च पर चुनाव कराए जाने की वकालत भी की है। बार-बार चुनाव लड़ने से सामान्य जनजीवन अस्तव्यस्त हो जाता है। इससे सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और लंबी चुनाव ड्यूटी से मानव संसाधन पर बोझ भी पड़ता है। लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की नई सोच सामने आई है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कई अहम फैसले लिए जैसे काले धन पर विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करना। काला धन और कर अधिनियम 2015 का अधिरोपण व बेनामी संव्यवहार

---

* Speech was laid on the Table

(प्रतिषेध) संशोधन अधिनियम 2016 पारित करने, संधियों के प्रावधानों के दुरूपयोग से कर चोरी व भारत में काले धन की आवाजाही की रोकथाम के लिए सिंगापुर, साइप्रस और मोरिशस के साथ संधियों में संशोधन करने व प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के कराधान संशोधन अधिनियम पारित करने से काले धन के विरूद्ध एक नीतिगत पहल हुई है।

पिछले तीन वर्षों में वामपंथी उग्रवाद को नियंत्रित करने में काफी हद तक सफलता मिली है। 2600 से अधिक उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा स्थिति में उल्लेखनीय सुधार भी दिखाई दिए हैं। शांति और प्रगति का समन्वय हुआ है। यह विमुद्रीकरण का सबसे बड़ा परिणाम है।

राष्ट्र निर्माण और वैश्विक पहुंच को बढ़ाने में भारतीय डायस्पोरा की शक्ति का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाएगा। सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों के परिणामस्वरूप जो जागृति हो रही है उसके लिए आज भारतवासी अत्याधिक गर्व महसूस कर रहे हैं।

समाज की अर्धिआलम - नारी शक्ति को भी बढ़ावा दिया गया है। रियो ओलंपिक में महिला एथलिटों के साथ-साथ वायु सेना में फाइटर पायलटों में भी महिलाओं को शामिल किया गया है। 33 प्रतिशत पुलिस भर्ती में महिलाओं की भागीदारी तय की गई है यह भी वर्तमान सरकार की महिलाओं को सभी क्षेत्रों में जोड़ने की अच्छी पहल है।

गरीब व कमजोर तबकों को जनधन खातों के जरिये बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री जी कि गिव इट अप योजना के तहत गैस सिलेंडर पर मिलने वाली सब्सिडी छोड़ने वाले लोगों की बड़ी संख्या और विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के जरिये करीब 13 करोड़ लोगों को सुरक्षा के दायरे में लाने की भी सरकार की उपलब्धि रही है। इससे जाहिर होता है कि एनडीए सरकार गरीबों की दलितों की हितैषी सरकार है।

ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था में लाने के लिए सरकार ने करीब 2.5 लाख डाक सेवकों को बैंकिंग कोरस्पॉन्डेंट के रूप में कार्य करने की भी व्यवस्था की है।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दो लाख से अधिक लोगों एस.टी., एस.सी. तथा महिलाओं को अपना कामकाज शुरू करने के लिए 5.6 लाख करोड़ रूपये का कर्ज दिया गया है तथा मुद्रा योजना के तहत लाभान्वित लोगों में 70 फीसदी संख्या महिला कारोबारियों की है। यह सराहनीय कदम है।

ग्रामीण इलाकों में बनाई गई 73,000 किलोमीटर लंबी सड़कों के अलावा नक्सली हिंसा से प्रभावित 44 जिलों में 5000 किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कों का निर्माण हुआ है यह भी हमारी सरकार की उपलब्धि रही है।

उपलब्धियों की बात की जाए तो कुछ खास उपलब्धियां रही हैं। --

एक लाख चालीस हजार गांव, 450 से अधिक शहर, 77 जिले और तीन राज्य खुले में शौच से मुक्त हुए हैं।

कैशलेस भुगतान के लिए 20 करोड़ से अधिक रूपे डेबिट कार्ड जारी करना अभूतपूर्व उपलब्धि है।

उज्जवला योजना में पांच करोड़ गरीब घरों को मुफ्त गैस कनैक्शन, इनमें 37 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जाति एवं जनजाति के हैं।

तीन करोड़ किसान कार्डों को डेबिट कार्डों में बदला गया।

दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत 18,000 गांवों में से 11,000 गांवों में बिजली पहुंची।

19.6 लाख से अधिक पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन में खर्च।

पृथ्वी प्रेक्षण और संचार के क्षेत्र में आठ आपेरेशनल मिशन लांच किए गए तथा एक साथ बीस उपग्रहों का प्रक्षेपण।

आज हाईवे से लेकर आईवे तक, रेलमार्ग से लेकर जलमार्ग तक, समुद्रीपत्तन से हवाई अड्डों तक, पानी की पाइपलाइनों से लेकर गैस पाइपलाइनों तक तथा ग्रामीण आधारभूत संरचना से लेकर स्मार्ट सिटी तक हर जगह काम की रफ्तार बढ़ी है।

"बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ " के तहत अनुपात और शिक्षादर दोनों में बढ़ोत्तरी हुई है। महिलाओं की प्रसूति के तहत 26 सप्ताह की छुट्टियों का नियम बना दिया गया है।

खान-पान, वेश-परिवेश, पानी-वानी जैसी अनेकता में एकता वाले इस देश पर हमें गर्व महसूस होता है। हमारी आज तक की सांस्कृतिक विरासतों में हमने किसी पर कोई हमला नहीं किया है, हम आतताई नहीं है मगर हमें छेड़ने वालों को हम कभी छोड़ते भी नहीं हैं। हमने किसी पर कभी भी युद्ध नहीं लादा है, हम शांति के पक्षधर हैं लेकिन हमारे ऊपर जब-जब युद्ध लादा गया तब-तब हमने ईंट का जवाब पत्थर से दिया और पीओके का सर्जिकल स्ट्राइक उसका प्रतीक है।

नोटबंदी के बावजूद भी यहां विश्व पर्यटकों की संख्या में 11.6 की बढ़ोतरी और धनराशि में 14.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मोदी सरकार की दो सालों के कार्यकाल में पांच-पांच पर्यटक स्थलों को विश्व विरासत में समाहित किया गया है। प्रवासन मंत्रालय ने विश्व प्रवासियों को आकर्षित करने के लिए 12 भाषाओं का एक पोर्टल भी पेश किया। जिससे विश्व के तौर पर 4.6 प्रतिशत टूरिस्टों की बढ़ोतरी हुई है। विदेश मंत्रालय द्वारा 161 राष्ट्रों को जोड़ने के लिए ई-वीजा का प्रावधान भी किया गया है।

डॉ. अम्बेडकर के जीवन काल के तहत पंच तीर्थ के प्रावधान और 562 रियासतों को भारत से जोड़ने का अभूतपूर्व कार्य बतलाने वाला लौह पुरूष सरदार पटेल का म्युजियम दिल्ली में बनाने, राष्ट्रीय नेता सुभाष चंद्र बोस के जीवन के तहत 100 फाइलों को सार्वजनिक करना महत्वपूर्ण निर्णय है।

3 करोड़ शौचालयों का निर्माण करना, 1 लाख 40 हजार गांवों का ओडिएफ़ बनाना, ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर किसी भी सरकार का ध्यान नहीं गया था।

सौर ऊर्जा के तहत 20 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन करना, 11 हजार गांवों को बिजली पहुंचाना यह हमारी एनडीए सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण में मोदी सरकार की प्राथमिकता है कि भारत सम्मानित, गौरवशाली और विकसित बने।

भाषण में रोडमैप की एक नई दिशा दिखाई देती है। यह एनडीए सरकार का सर्वांगीण, समावेशीय, सर्वपोषक, सर्वदेशीय विकास, दूरदर्शी खाका है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का मैं समर्थन करती हूं।

*[*] **श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर):*** राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण का समर्थन करते हुए सबसे पहले मैं बधाई दूंगा कि इस सरकार ने देश की आजादी के बाद भारत के त्वरित गति से विकास हेतु देश के राष्ट्रपति महोदय से 31 जनवरी को ही अभिभाषण हेतु आग्रह किया। राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में किसानों, जवानों एवं महिलाओं तथा छोटे एवं मध्यम उद्यमियों के साथ-साथ देश के बेरोजगारों, नौजवानों के लिए शिक्षण के साथ प्रशिक्षण की जो बात कही है वह बहुत ही सराहनीय है क्योंकि मुद्रा बैंक के माध्यम से कौशलयुक्त जवानों को जो नौकरी के लिए परेशान रहते थे उन्हें नौकरी देने लायक बनाने की योजना की शुरूआत की है। उससे जो पूरे विश्व में भारत जवानों के लिए जाना जाता है वह जवान गर्व से पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवायेंगे तथा फसल बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना सहित विश्व के महान कर्मवादी संत कबीर दास जी की निर्वाण स्थली मगहर को करोड़ों रूपये देकर एक विशाल पर्यटक केन्द्र के रूप में विकसित करने की शुरूआत की है, उसकी सराहना करता हूं।

[*] Speech was laid on the Table

*SHRI T.G. VENKATESH BABU (CHENNAI NORTH): I would like to express my view on the Motion of Thanks on the President's Address.

Firstly, I would like to submit that the State of Tamil Nadu has been affected by severe drought, cyclone and unusual rainfall in the last few years which hit the agricultural production and farmers. In 2016, the Vardha cyclone caused extensive damage to various coastal districts of Tamil Nadu and more particularly to Thiruvallur, Chennai and Kancheepuram districts. Several thousand trees were uprooted. Power transmitters and power lines were damaged. Huge hectares of standing crops were also damaged. However, barring the cyclone, the whole State was severely affected by drought and witnessed only a scanty rainfall. Before that, in 2015, heavy floods triggered by heavy rains inundated many areas of the State and that time too crops were damaged to a great extent. In this regard, Chief Minister of Tamil Nadu wrote to the Hon. Prime Minister to release the Central grants to assist the state to mitigate the losses. However, only a meager amount was released to the State. I urge upon the Centre to release the balance fund to the state without further delay.

It is pertinent to mention here that the Central Team visit the States only after a few days of the occurrence of any calamity. States cannot wait till the arrival of the Central Team to take up the rehabilitation works. After their late visit, usually the Team in their report mentions that everything is in order. To assess the real damage, the Centre should take efforts for preliminary assessment by sending few senior Central officials working in the State and give a report accordingly pending their final assessment.

The Government of Tamil Nadu is deeply concerned with the plight of our fishermen who are continuously attacked and detailed by the Sri Lankan Navy. In 2016 itself, 290 fishermen along with the 53 fishing boats were apprehended in 39 incidents. Subsequently, all of them were released due to the unstinted efforts of our late Chief Minister, Amma. Not only that, on 08.01.2017, 20 fishermen and

* Speech was laid on the Table

118 fishing boats were apprehended and our Chief Minister has written to the Centre for release. This is a regular occurrence throughout the year. Their boats, nets and other fishing vessels are seized by the Sri Lankan authorities and are being damaged. In this regard, our revered leader Puratchi Thalaivi Amma had written on 19.12.2016 an early sanction of Rs.1650 crore for Deep Sea Fishing and Infrastructure Package which would go a long way to promote deep sea fishing and to improve the socio-economic status of our fishermen in the Palk Bay. I shall, therefore, urge upon the Union Government to take serious efforts to solve this vexed issue.

There have been reports that the Government of Kerala plans to construct 6 check dams across the river Bhavani which is a tributary of the river Cauvery. This has caused great concern for irrigation and drinking water supply to the State. Further, the Cauvery Management Board has not yet been constituted by the Union Government for the effective implementation of the Final Order of the Cauvery Water Disputes Tribunal. In these circumstances, our CM has urged the Centre to advise the Government of Kerala not to take up any project or works without obtaining the prior conccurrence of the Government of Tamil Nadu and until the Cauvery Management Board and the Cauvery Water Regulation Committee come into force and judicial references are finally settled.

As regards demonetization, though it is aimed at curbing black money, the middle and poorer sections of the people were put into lot of hardships. The banks were overcrowded and people forget everything else and throng to the places where the banned notes being officially exchanged leading to tremendous chaos and in this process, about hundred people lost their lives. There was a heavy shortage of money with the common man and more particularly the families in which weddings fixed were severely affected. Despite the government's assurance to improve cash availability on a daily basis, several banks and ATMs across the country still continue to dispense little or no cash and banks face cash crunch in spite of the government's announcement to increase the daily withdrawal of up to

Rs.10,000 from ATMs subject to a ceiling of Rs.24,000 from ATMs/banks. The people in villages and semi-urban areas were worst sufferers as majority of the transactions were done through cash only. Not only that, the people employed in various sectors, namely, construction and its allied sectors, textiles, jewellery, real estate, leather and other small scale industries witnessed huge job loss. Manufacturing industry lost 30 per cent jobs and 55 per cent revenue, MSMEs suffered 35 per cent job loss and 50% revenue. It seems that it may take some more time the situation will come to normalcy. Government should push its efforts to boost supply of currency notes particularly the smaller denominations and to educate the public about easy handing of cashless transactions. Then only the desired objective of cashless economy would be achieved.

As regards *Swachchh Bharat Mission* (SBM), despite wide awareness, the resistance to toilets in villages is considerable. As per a study, lack of water, unavailability of space, are some of the reasons cited for creating hurdles in the success of the SBM. Children in the villages were scared of closed doors and darkness in the toilets. Several villages which have been declared open defecation free (ODF) only after people in these villages showed leadership often led by Sarpanch, Gram Sevak or a group of people, who convinced elders and women through children and young people, and worked hard for years. And there is a need to rope in more women in the SBM campaign creating leadership and encouraging adoption of toilets at least in Anganwadis and primary schools levels.

As far as Jallikattu- a bull game which is performed after the harvesting season i.e. after Pongal in Tamil Nadu is concerned, the growing protests against the ban in the State shed light on yet another case of misplaced animal rights and judicial activisms. In 2014, the Supreme Court had banned Jallikattu on the ground that bulls could not be allowed as performing animals. However, Jallikattu is an age-old tradition in Tamil Nadu and continues to enjoy significant popularity. It is intrinsically linked to the rural-agrarian economy of the State where only the best bulls from indigenous species are reared for Jallikattu. While NGOs and

animal rights activists have asserted that bulls are 'tortured' in Jallikattu and have drawn comparisons with Spanish bull-fighting, this is far from reality. In fact, Jallikattu is an event where the best bulls are displayed and the one that win is sought for breeding by farmers. Thus, there's no question of harming the bulls as they serve an important economic and cultural function. In that sense, Jallikattu plays a significant part in preserving and propagating native cattle breeds in Tamil Nadu.

The argument that engaging the bulls in sports itself is cruelty doesn't cut ice either. Agriculture in Tamil Nadu is getting mechanized and farmers cannot afford to keep bulls simply as pets. Would animal rights activists prefer that the bulls be sold and slaughtered for meat? Besides, the Jallikattu ban is hardly enforceable as benign cultural practices enjoying widespread support can't be curbed through fiat. In fact, the issue has seen that all political parties in Tamil Nadu oppose the ban. Hon. Chief Minister of Tamil Nadu met the Prime Minister to push for an Ordinance to allow Jallikattu. However, the PM's office merely observed that the matter is *sub judice* as the Supreme Court was seized of petitions challenging the Centre's year-old notification allowing Jallikattu. It is, therefore, urged that the union Government should bring an amendment to the original prevention of animal cruelty legislation in the current parliamentary session itself to allow Jallikattu.

As far as National Eligibility cum Entrance Test (NEET) is concerned, I would like to highlight the standards especially the students hailing from rural areas who lack all wherewithal in comparison with the students from urban areas. To protect their interests, recently, Government of Tamil Nadu has passed a legislation exempting students from the State from taking NEET for admission to medical and dental colleges across the country. The Bill seeks to admit students to medical and dental colleges across the country. The Bill seeks to admit students to undergraduate medical courses based on their marks in Class 12 board examinations. Similarly, in another Bill, the State Government sought to admit

students to post-graduate courses in medical and dental colleges on the basis of marks in the qualifying examinations rather than any entrance examination and the two Bills were passed in the Assembly and supported by all political parties.

As uncertainty still looms large on NEET and there is no second opinion about high standards in medical education, the students from Tamil Nadu and other States which are having similar views should be permanently exempted from taking the exam under NEET in order to protect the larger interests of students particularly from the rural background.

Further, I would like to raise a grave matter of public concern which could have a long impact on the marine and human life and also environment of the three coastal districts, Thrivallur, Chennai and Kancheepuram in Tamil Nadu.

On Saturday, the 28th Januay, 2017, two merchant ships supposedly collided near Kamarajar Port, Chennai, thick oil spill was reported across the Ennore shoreline by residents. Both the ships that collided were oil tankers, one carrying LPG and the other carrying petroleum products. About 2 tons of heavy furnace oil suspected to have leaked into the sea from the fuel tank of the vessel. The split oil remained stagnant and could not easily by scooped up in a mug.

Fishermen noticed hundreds of dead fish and turtles in the sea. Crude oil, too thick to dissolve, is carcinogenic for fish, bound to suffocate marine life, its fauna and flora and thereby affecting those who consume it. The only smell wafting through the area was that of oil. So strong, that the fishermen and visitors in the vicinity were forced to cover their noses with mask. Many of the fishermen who ventured into the sea returned early with empty nets and boats as they spotted hundreds of fish and turtles died due to the oil spill. Even birds will be affected. The oil will get stuck to the feathers; mammals that need oxygen will not be able to come to the surface because of thickness of the oil and planktons will die. And if the oil reaches the backwaters then the mangroves would be polluted and there are apprehensions to the extent of ecological damage which could last decades.

The fishermen in the hamlets around the districts are also worried about going into the sea fearing that the thick deposits of oil could cause skin problems. Early morning walkers and visitors complained of irrigation on their feet after they stepped in the seashore. Though the Government of Tamil Nadu is taking all efforts to remove the oil spill, much more assistance from the Centre is required.

I take this opportunity to urge upon the Union Government to take immediate steps to remove the oil spill and to save the three coastal districts of Tamil Nadu from further erosion.

[*]SHRI RAMESHWAR TELI (DIBRUGARH): I support the motion of thanks on the President's Address to the joint session of Parliament. As a matter of fact, the Address given by the Hon. President of India is one of the best Addresses given in the Parliament of India as it has highlighted all the important issues concerning our country in general and the North East in particular. Moreover, the President's Address has also reflected the government's objectives of comprehensive development of each and every section of the society living in every nook and cranny of the country. The present government under Shri Narendra Modiji's philosophy lies in 'Sabka Sath, Sabka Vikas'. This philosophy is also the guiding principle of the Government and the Hon. President in his Address has rightly focused on this philosophy. The all out war against corruption, Swachch Bharat Mission, LPG 'Give it Up Campaign' are some of the historic steps that aim at the welfare of the *garib, dalit, peedit, shoshit, vanchit, kisan, shramik and yuva*. Various health care measures taken up by the Government such as 'Mission Indradhanush' which commits to vaccinate 'every child everywhere' against preventable diseases, Pradhan Mantri Bharatiya Aushadhi Pariyojana for providing quality medicines to the poor at an affordable price, creation of special facilities to control endemic Japanese encephalitis really deserve accolades and appreciations.

Hon. President has mentioned about the slew of measures that the government has taken for the welfare of the farmers. The steps like making available the affordable credit, ensuring assured supply of seeds and fertilizers, improving irrigation facilities, comprehensive risk coverage, introduction of soil health cards, etc. will undoubtedly transform the lives of our farmers. The Government's emphasis on per drop more crop and *'Har Khet Ko Paani'* will certainly bring about an increased productivity in agriculture sector. I would like to thank the Government for introduction of *Pradhan Mantri Khanij Ksheshtra Kalyan Yojana* which will serve the dual purpose of ensuring sustainable mining

---

[*] Speech was laid on the Table

activity as well as local area development. This scheme will be of immense benefit for the people of my constituency since my constituency has a number of oil and coal mines. I wish to express my heartfelt gratitude to the Hon. President for stressing on the development of the NE region. With the improvement of the connectivity through road, rail, air, telecom, power and waterways as mentioned in the Hon. President's Address, the '*Ashtalakshmi*' will certainly take India to new heights. I sincerely hope that the Government’s focused approach towards the speedy development of the North East region will put an end to the years of neglect and isolation.

I would like to thank the Hon. President for his Address in which he has not only touched upon various important issues concerning the nation but at the same time, he has also expressed government's desire to take India on the road of progress through various ambitious schemes. I wholeheartedly support the motion of thank on President's Address.

[*]**डॉ. सुनील बलीराम गायकवाड़ (लातूर):** इस बजट में पहली बार रेलवे और आम बजट एक साथ पेश हुआ है। इस बजट में महाराष्ट्र के लिए बहुत बड़ी राशि रेलवे के काम के लिए घोषित की गई है। विशेषतः दलित, एस.सी./एस.टी. के लिए भी बजट में बढ़ोतरी की है। मनरेगा की राशि भी बढ़ाई है। आम जनता को टैक्स में तीन लाख तक छूट दी है। कोई टैक्स नहीं लगेगा। 3 से 5 लाख तक में भी ज्यादा टैक्स 1250 रूपये लगेगा इससे टैक्स भरने वालों की संख्या बढ़ेगी। फार्मर के लिए भी यह बजट अच्छा है। इससे खेती में काम करने वाले लोगों को लाभ होगा।

हमारे देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने जो 'कैशलेस ट्रांजेक्शन' के लिए बढ़ावा दिया है। नोटबंदी से लोगों में अच्छा वातावरण है। 'ऑनलाइन ट्रांजेक्शन' को बढ़ावा देने के लिए बजट में अच्छा प्रावधान किया है। जैसे ''भीम एप'' नो इंटरनेट कनेक्शन से भी पूरा कैशलेश का व्यवहार कर सकते हैं।

नोटबंदी के बाद यह पहला बजट पेश हुआ है। हमारे देश में हाइवे का अच्छा काम चल रहा है। उज्ज्वला गैस योजना के तहत गरीबों को लाभ हुआ है। मोदी जी की सरकार ने अच्छे काम शुरू किये हैं उस सभी कार्यों का नियोजन इस बजट में दिया है।

मैं महामहिम राष्ट्रपति जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मोदी जी की सरकार की सभी योजनाओं का अच्छी तरह से अपने अभिभाषण में वर्णन किया है।

[*] Speech was laid on the Table

*__श्री गणेश सिंह (सतना):__ महामहिम के भाषण ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 2014 को जो कहा था उसे पूरा करने के लिए तीव्रगति से आगे बढ़ रहे हैं।

उनके कुछ महत्वपूर्ण संकल्प थेः-

जिसमें सबका साथ सबका विकास

सहनाववतु, सह नौ भुनक्तु

एक भारत श्रेष्ठ भारत

सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय

सर्वे भवन्तु सुखिनः

जिनका राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में भी उल्लेख किया है। महामहिम राष्ट्रपति जी का अभिभाषण सरकार के कार्यों का प्रतिबिम्ब होता है, आइना होता है।

यह वर्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिन्होंने अन्त्योदय का सपना देखा था उनका जन्म शताब्दी वर्ष है, जिसको प्रधानमंत्री जी ने गरीब कल्याण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है और राष्ट्रपति जी का अभिभाषण भी उसी पर आधारित है। प्रधानमंत्री जी पहले दिन जब संसद में आये थे तब उन्होंने कहा था कि हमारी यह सरकार गरीबों, दलितों, पीड़ितों, मजदूरों, किसानों एवं युवाओं की सरकार होगी।

आज उनकी कही गयी बातें चरितार्थ हो रही हैं। जनधन से जन सुरक्षा जिसमें 26.68 करोड़ खाते में से 21 करोड़ से अधिक रूपे डेबिट कार्ड जारी किया गया। 13 करोड़ गरीबों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल किया गया।

उज्ज्वला योजना में 5 करोड़ गरीब घरों को गैस कनेक्शन निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मौजूदा वित्तीय वर्ष में 1.5 करोड़ कनेक्शन उपलबध कराए गए हैं। इनमें से 37 प्रतिशत उज्ज्वला लाभार्थी अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति में से हैं।

6 करोड़ लोगों के लिए आवास का प्रबन्ध किये जाने का लक्ष्य है। स्वच्छ भारत अभियान में 3 करोड़ विद्यालयों मे शौचालयों का निर्माण हुआ। श्रमिकों की मजदूरी में 42 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यूनिवर्सल अकाउंट नंबर से कर्मचारी भविष्य निधि खातों के अंतरण से 55 लाख अतिरिक्त कामगार लाभान्वित होंगे।

किसानों के लिए पहली बार कारगर फसल बीमा योजना लागू की गयी है जिसमें 2016 की खरीफ फसल में 3.66 करोड़ किसानों ने अपनी फसल का बीमा कराया। किसानों के 3 करोड़ क्रेडिट

---

* Speech was laid on the Table

कार्डों को अब रूपे डेबिट कार्ड बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत बीते दो सालों में 12.7 लाख हेक्टेयर से ज्यादा भूमि पर सूक्ष्म सिंचाई की व्यवस्था की गयी है। उर्वरक के दाम पहली बार कम हुए हैं।

युवा वर्ग के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जिसमें एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया जाना है उसमें से 20 लाख युवा प्रशिक्षित हो चुके हैं। 10 हजार करोड़ की राशि की प्रशिक्षण के लिए व्यवस्था की गयी है।

राजस्थान के जैसलमेर में एक लोकगीत गाने वाले सपेरे तथा नाथ समुदाय के आदमी अच्छे गीत सुनाकर नोटबंदी का समर्थन करता था। शायद आजाद भारत के इतिहास में पहली बार इतना उत्साह नोटबंदी से लोगों में देखा गया है।

'वन-रैंक-वन-पेंशन' (ओआरओपी) में लगभग ग्यारह हजार करोड़ रुपए का कुल वित्तीय भार सरकार उठा रही है। इससे 19.6 लाख से अधिक पूर्व-सैनिकों को लाभ मिल रहा है।

सरकारी नौकरियों में भर्ती की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है तथा चौंतीस लाख से अधिक गैर-राजपत्रित पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार की बाध्यता को समाप्त किया गया है।

ग्यारह सौ से ज्यादा अप्रचलित कानूनों को निरस्त किया गया है। राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में लोकसभा तथा विधानसभा के चुनाव एक साथ कराये जाने का समर्थन किया है। यह स्वागतयोग्य कदम है।

देश की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता, जरूरत पड़ने पर 29 सितंबर, 2016 को सर्जिकल स्ट्राइक करके बहादुर सेना ने दुनिया को चौंका दिया। इससे रक्षा कर्मियों के इस अदम्य साहस और पराक्रम पर हम सबको अत्यन्त गर्व है।

पहली बार दिव्यांगों के लिए निरामय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत मदद कर अपनी संवेदनशीलता का एक बड़ा उदाहरण सरकार ने प्रस्तुत किया है। एक लाख रुपए तक की स्वास्थ्य बीमा योजना का प्रावधान किया गया है। 2600 से अधिक उग्रवादियों ने आत्म समर्पण किया है।

मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के प्रति उनको धन्यवाद देता हूं।

*DR. HEENA VIJAYKUMAR GAVIT (NANDURBAR): The Centre was making *'naari shakti'* an integral part of our development journey. The Government has started several schemes for women, including the 'Beti Bachao Beti Padhao' scheme that has been providing good results. Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyan will provide comprehensive ante-natal care to all pregnant women. The revision of Maternity Benefit Act will support pregnant women at the workplace.

A favourable monsoon supplemented by farmer-oriented schemes has increased the acreage and yield of most Kharif crops. The sown area in the current Rabi season has shown six per cent increase in comparison to last year. Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana expanded ambit of risk-coverage, doubled sum insured and facilitated lowest-ever premium. Three crore Kisan Credit Cards will be converted into RUPAY debit cards.

Financial inclusion is key to the poverty alleviation. An unprecedented 26 crore plus Jan Dhan accounts have been opened for the unbanked. Close to 13 crore poor have been covered under various social security schemes. To take the banking system to the doorstep of the poor and the unbanked, the Indian Postal Payment Bank has been started.

The Biometric AADHAAR Payment system to be launched soon will usher a technological revolution in India. Direct Benefit Transfer program of subsidies through JAM Trinity has prevented leakages and helped save Rs.36000 crore. PAHAL is the world's largest cash benefit transfer scheme.

A common sign language is being developed in the country. Over 6 lakh *divyang jan* (disabled) have so far benefitted from 4700 special assistance camps organized since May 2014. The 'Sugamya Bharat Abhiyan' is improving accessibility for the *divyang jan* at public places while a health insurance cover for *divyang* has also been put in place.

The Government has electrified 11000 villages under the Deen Dayal Upadhayay Gram Jyoti Yojana.

---

* Speech was laid on the Table

Hon. President has wished to empower the deprived sections of society through the Stand-Up India initiative. The Government is planning to empower over two and a half lakh SC, ST and women entrepreneurs. Fourteen different sectors have been identified under the 'Vanbandhu Kalyan Yojana' for the empowerment of tribals.

SHRI A.P. JITHENDER REDDY (MAHABUBNAGAR): Thank you, Sir, for giving me this opportunity to speak on the President's Address on behalf of my Party, the Telangana Rashtra Samiti.

I would like to bring to the notice of the House once more that ours is a newly-born State. It is the 29th State of our country. From the beginning, for the last two-and-a-half years, we are requesting the Union Government to support us. As ours is a newly-born State, we wanted full support from the Union Government. In turn, we were also supporting the Government whenever it was required.

As you know, many a time, when the Union Government wanted us to be on their path, we have always come forward. Our Chief Minister Shri K. Chandrasekhar Rao has instructed us that we should support the Union Government whenever it is required because we also want help from the Union Government. But it is unfortunate that nowadays we are seeing that whatever has been mentioned in the State Reorganisation Act. We are not asking for anything extra. कुछ भी हम बाहर से नहीं माँग रहे हैं। जो हमारा हक है, जो स्टेट रीआर्गेनाइजेशन एक्ट के अन्दर बोला गया है, जो वादा किया गया है, कांस्टिट्यूशन के हिसाब से जो है, हम उसकी माँग कर रहे हैं। हम बहुत ही दुःख के साथ कहना चाहते हैं कि सैपरेट हाई कोर्ट आज तक नहीं हुआ है। हमने एम्स माँगा है, वह हमें नहीं दिया गया है। आई.आई.एम. हमने माँगा है, वह हमें नहीं दिया गया है। एस.सी. कैटेगराइजेशन के लिए जो हमारे स्टेट के अन्दर माँग हो रही है, ऑल पार्टी डेलिगेशन हमारे स्टेट से लाकर उनके सामने यह प्रस्ताव रखने के लिए हमने प्रधान मंत्री जी का अप्वाइंटमेंट माँगा था, लेकिन उस अप्वाइंटमेंट को देकर वापस लिया गया है।

अहलूवालिया जी, मैं आपको एक-दो बातें बताना चाह रहा हूँ, हम अपनी नाराजगी आपके सामने रखना चाह रहे हैं कि किस तरीके से हमारे नये राज्य के साथ अन्याय हो रहा है। आज शेड्यूल्ड कास्ट्स के कैटेगराइजेशन के लिए हमारे मुख्यमंत्री जी ने प्रधान मंत्री जी से अप्वाइंटमेंट सीक की थी, लेकिन अप्वाइंटमेंट देकर फिर वापस लिया गया है। आज के पेपर्स में लिखा हुआ आता है कि स्टेट बीजेपी पार्टी, तेलंगाना बीजेपी पार्टी ने प्रधान मंत्री को बोलकर, उनको मना करके उन्होंने यह अप्वाइंटमेंट कैन्सिल करा दिया है। यह आज के पेपर के अन्दर लिखा हुआ है। इसके लिए हम आपके सामने बहुत ही नाराजगी

जताना चाहते हैं। हम आपको बताना चाहते हैं कि जब भी आपने माँग की थी, हर समय हम आपके सपोर्ट में आते हैं। अपोजिशन पार्टी कुछ भी बोले, उनके कितनी भी बार बोलने के बाद भी हम आपका साथ देते हुए आए हैं, क्योंकि हमारा नया राज्य है। हमारा केवल 2.5 साल पुराना राज्य है। हमें अपने राज्य को बिल्ड करना है। हमारा नया राज्य है, हमारा राज्य केवल 2.5 साल पुराना है, हमें ऊपर आना है, हमारे राज्य के लिए हमें बहुत कुछ करना है। इसके लिए हमारे मुख्यमंत्री जी हर टाइम बीजेपी पार्टी के साथ में, इस गवर्नमेंट के साथ में सहकार करते हुए और आज तक हम आपका सहकार लेते हुए आए हैं।

लेकिन, जब हम जनरल बजट को देखते हैं तो इसमें एम्स की बात नहीं है, आई.आई.एम. की बात नहीं है। हमने तेलंगाना टैबलू की भी मांग की थी। हम 26 जनवरी के दिन उसका प्रदर्शन करना चाह रहे थे, क्योंकि हमारा राज्य एक नया राज्य है, लेकिन, उसके लिए भी पॉलिटिक्स खेली गयी। छः बार सब इंवेस्टीगेशंस होने के बाद भी हमारे टैबलू को रिजेक्ट किया गया। सभी तरीके से हमारे मुख्य मंत्री जी आपका सहकार लेना चाह रहे हैं, लेकिन यहां से हमें रिवर्स मिल रहा है।

आपको मालूम है, whole opposition was against demonetisation. They wanted *charcha* and then, they wanted voting. But, we had openly said that we want a discussion under Rule 193. That was also on the instructions of our hon. Chief Minister. We have also come with you. But, we are very sorry to receive this type of behaviour from the Government.

अहलुवालिया जी, इस तरीके के बर्ताव के बारे में आज के न्यूजपेपर के अंदर जो आया है, उसे आप देख लीजिए।

दत्तात्रेय जी, आपको जो बोलना है, प्लीज़ बोलिए।

HON. CHAIRPERSON: Minister please.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT (SHRI BANDARU DATTATREYA): Sir, we have respect for the leader of TRS Party, Shri A.P. Jithender Reddy. He is telling that the Chief Minister had taken an appointment in regard to setting up of the High Court delegation to meet the hon. Prime Minister. He further said that the State Bharatiya Janata Party has opposed it. We have not at all interfered in it. Rather, we are part of the delegation. Shri Jithender Reddy, TRS leader, should know that BJP is the first party in the country and in the State that has supported this High

[*]**श्रीमती रीती पाठक (सीधी):** आज मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर अपना विचार और पक्ष रख रही हूं।

हम सब सदैव से ही सर्वे भवन्तु सुखिन के अनुयायी रहे हैं। हमारी सरकार सबके साथ और सबके विकास में यही भावना लेकर आगे बढ़ रही है। यह वर्ष गुरुगोविन्द सिंह, श्री रामानुजाचार्य और चम्पारण सत्याग्रह से विशेष संबंध रखने के कारण और भी अधिक प्रेरणादायी और स्मरणीय हो गया है। साथ ही मूल्यवान वर्ष में हमारी सरकार ने कई क्रांतिकारी और साहसी कदम उठाए हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने काले धन पर कठोर आघात कर भ्रष्टाचार, आतंकवाद और जाली नोट जैसे काले कारनामे जो देश को कमजोर करने का काम कर रहे थे उन्हें माकूल जवाब दिया है और इस साहसिक निर्णय का जो साथ देश की जनता जनार्दन ने दिया वह भी आदर योग्य है और हम सब देशवासियों के इस कार्य के प्रति नतमस्तक हैं। एक छोटे अनुनय पर 1.2 करोड़ देशवासियों द्वारा स्वेच्छा से गैस सब्सिडी का छोड़ा जाना स्वच्छ भारत मिशन में जन-जन की सहभागिता का सुलभ होना भारत के सुन्दर भविष्य का आगाज कर रहा है।

हमारी सरकार दलित शोषित वंचित समाज के लोगों के उत्थान के लिए पंडित दीनदयाल जी के अंत्योदय के विचार की पृष्ठभूमि पर इस वर्ष को गरीब कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है और इसे मूर्त रूप देने के उद्देश्य से ही 26 करोड़ जनधन खाते, बैंक मित्र और डाक सेवक जैसी योजनाएं वित्तीय समावेशन को तीव्र गति दे रही है तो इसके साथ-साथ हर व्यक्ति का घर हो, उसकी अपनी छत हो अपना आशियाना हो इस हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से तीव्र गति से काम हो रहा है। हमारी सरकार चाहती है कि हर सिर पर छत हो, हर घर में धुआंमुक्त रसाई गैस चूल्हे की सुविधा हो, माँ, बहन और बेटियों का जीवन खुशहाली भरा हो। इसी आकांक्षा की पूर्णता के लिए 5 करोड़ एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना उन घरों को जगमगाने का काम कर रही है और गरीबों के जीवन से वर्षों से भरा अंधेरा हट रहा है।

हमारी सरकार की यह दृढ़ धारणा है कि किसानों को समृद्ध किए बिना भारत के समग्र आर्थिक विकास की परिकल्पना भी संभव नहीं है। फलतः हमारी सरकार ने कृषि बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, किसानों को सस्ता ऋण उपलब्ध करवाने की योजना, किसन क्रेडिट कार्ड की सरलतापूर्वक उपलब्धता, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कार्ड उपलब्ध कराने की योजना बड़ी तीव्रता के साथ चल रही है जिसके परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन दर की वृद्धि के साथ-साथ देश की विकास दर में भी वृद्धि हुई है। मैं अपनी सरकार के संवेदना से जन्म लेने वाली "बेटी बचाओ अभियान " जैसी योजना सुकन्या समृद्धि योजना ,

---

[*] Speech was laid on the Table

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान जैसे कार्यों ने नारी सशक्तिकतरण जैसे प्रयासों को बल दिया है। अपने लोक सभा क्षेत्र में प्रवास के दैरान बेटियों के चेहरे की मुस्कान और खुशी का प्रत्यक्ष अनुभव करती हूँ। इन योजनाओं के करण हमारी सभी बहने आत्मविश्वास से भरी नजर आने लगी हैं और हमारे देश की हर मां, बहन और बेटी का आशीर्वाद हमारी सरकार और नेतृत्व पर दिखाई दे रहा है।

हमारे देश की 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम है जो हमारे देश को विश्व मंच पर युवा देश होने का गौरव देता है। हम सबसे अधिक युवा शक्ति वाले देश हैं और समग्र विश्व हमारी तरफ आशा भरी निगाह से देख रहा है। इन्हीं युवा ऊर्जा की सकारात्मक भूमिका तय करने के लिए हर हाथ को हुनर दिलाने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्टैण्डप इंडिया, स्टार्टप इंडिया जैसी योजनाएं परिणाम दिखाने लगी हैं। 20 लाख से अधिक युवक कौशल विकास से लाभान्वित हो चुके हैं। युवा और आर्थिक दृष्टि से कमजोर विद्यार्थियों के लिए उच्च तकनीकी शिक्षा को हमारी सरकार ने सुगम और सरल बनाया है। फलतः युवाओं का जीवन क्रान्तिकारी परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

श्रमेव जयते हमारी सरकार का केन्द्रीय मार्गदर्शी सिद्धांन्त है जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में मजदूरी में 42 प्रतिशत की वृद्धि की गई है और उनकी संरक्षण संवर्धन की दिशा में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। हमारी सरकार कर्मचारियों का वेतन बैंक के द्वारा ही प्राप्त हो सके, इसकी एक तरफ सुदृढ़ व्यवस्था कर रही है तो दूसरी और सातवें वेतन आयोग को लागू कर 50 लाख सरकारी और 35 लाख पेंशनभोगियों को लाभ प्रदान करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। स्टैण्डप इंडिया के द्वारा समाज के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने का काम गति पूर्वक किया जा रहा है। हमारी सरकार ने 16.5 लाख लोगों को वनाधिकार स्वामित्व प्रदान किया है और वनबन्धु योजना को लाभ से जनजातीय भाइयों के जीवन को बल मिला है, दिव्यांग जनों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत किया जाना अभिनन्दनीय पहल है। सभी अल्पसंख्यक समुदाय के समावेशी विकास के लिए केन्द्रीयकृत दृष्टिकोण अपनाया गया है। उनके सशक्तिकरण हेतु सीखो और कमाओ, उस्ताद तथा नई मंजिलें जैसे कौशल विकास योजनाओं का संचालन किया गया है। हमारी सरकार हाईवे से आईवे तक रेल मार्ग से लेकर जलमार्ग तक जल की पाईप लाईन से लेकर गैस की पाईप लाईन तक, भू-विज्ञान से उपग्रह तक, ग्रामीण आधारभूत संरचना से लेकर स्मार्ट सिटी तक अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे पर ठोस कार्य कर रही है। छोटे नगरों की भी वायुयान से जोड़ने की नई पहल की जा रही है। जब हमारी सरकार वर्ष 2014 में आई थी तब आप्टिकल फाईबर केवल 59 ग्राम पंचायतों तक ही सीमित था किन्तु हम गर्वपूर्वक कह सकते हैं कि अब हम 75 हजार ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुके हैं। वन रैंक, वन पेंशन जैसी योजना का क्रियान्वयन हमारे सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का स्पष्ट परिचायक है। कैशलेश ट्रांजेक्शन

की दिश में आगे बढ़ने के लिए भीम ऐप (भारत इंटरफेश फॉर मनी) हमारी सरकार की एक क्रांतिकारी पहल है। हमारी सरकार ने नौकरी की भर्ती प्रक्रिया सरल और भ्रष्टाचार शून्य करने की दृष्टि से 34 लाख पदों पर साक्षात्कार की बध्यता को समाप्त कर दिया है। साथ ही 1100 गैर जरूरी कानून भी समाप्त कर दिए गए हैं। हमारी सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पारित करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। जहां पूरी दुनिया में वैश्विक मंदी के स्वर सुनाई दे रहे हैं वहीं भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में माना जा रहा है। मुद्रास्फीति दर घटी है। राजकोषीय घाटे में गिरावट है, सीमा पार आतंकवाद को रोकने में हम बहुशः सफल रहे हैं। 2600 से अधिक उग्रवादियों के आत्मसमर्पण कराने का कार्य हमने किया है। आतंकवाद और उग्रवाद के विरुद्ध शक्ति के साथ निपटते हुए हम शान्ति और प्रगति के लिए सहभागिता की विचारधारा पर प्रतिबद्ध हैं।

एक ओर जहां पूर्व की सरकार द्वारा जल, थल और नभ तीनों में भ्रष्टाचार के लिए इतिहास रच गई, वहीं हमारी सरकार जल पर, थल पर और नभ पर विकास के लिए आलेख लिख रही है। मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण के एक-एक अक्षर, एक-एक शब्द और एक-एक कथन के प्रति सहमति प्रगट करती हूं जो वास्तविकता और यथार्थ की कसौटी पर कसा है। हमारी सरकार की योजनाएं और कार्यपद्धति जो सबका साथ, सबका विकास और सर्वे भवन्तु सुखिन को लेकर प्रगतिशील है जिसका प्रतिफल भी राष्ट्रपति स्तर पर दिखाई देने लगा है।

पुनः मैं महामहिम जी के अभिभाषण के प्रति सहमति प्रगट करती हुई अपनी सरकार के प्रति साधुवाद ज्ञापित करती हूं।

*DR. A. SAMPATH (ATTINGAL): This House of the people is the paramount body of speech and expression. This is the paramount forum in this nation to express the voice of the people. But unfortunately, the space for expressing the views, voices, if it is of a different angle than that of the official version of the Government of India, gets diminished day- by- day.

The GOI was able to coin about 55 slogans in the President's Address. But one may wonder why even the President's Address was poured and iced with the political slogans, before a General Budget just before Assembly elections to five States.

No Parliament can agree with the executive decision to end the practice of the presentation of a separate Railway Budget. The Constitution of India is the Supreme law of the land and hence the Parliament is the supreme law making body. When the precedents of 92 years is struck off, at least a consultation and a discussion with that body was necessary; it is not only a matter of courtesy alone. From the last week of every February in a Calendar Year, now we heard the President's Address on the last day of the January.

His speech did not address the serious situations of this country, not even the drought related economic and social issues. The sluggishness and consequent difficulties emerged in the lives of common people, especially in the unorganized and informal sector, after the demonetization of November 8th, the decreasing growth rate of investment, rising unemployment, problems faced by the agrarian population, deterioration of the law and order situation, serious concerns about the safety of women and children, caring of senior citizens and age old people were not catered with.

Everybody knows that showering of political slogans without whole hearted willpower from the executive as well as support from the people, will not bear fruits. But even after completing half way of the tenure, this Government still doesn't understand what the real problems are.

---

* Speech was laid on the Table

Concessions and incentives are for the corporates and the rich and affluents. But whatever subsidies and other reliefs were there for common and poor people, all those are being snatched away day by day. Ruthless exploitation continues in the unorganized and informal sector. The disparities of caste, creed, religion, genders, etc. are still looming and not weakening. Economic disparities also grow alarmingly.

The public health system is nose diving in to shambles. Educational sector has become a rampant business without any ethics in the hands of the profit motivated private sector.

Why the President was silent about any financial provision for the SAGY? He is also silent about the filling up of one million vacancies under various Government establishments, departments, Railways, armed forces, Para-military, PSUs and Banks and Insurance Sectors, etc. Railways now heads towards privatization while the experience in other countries shows us its ill effects and the social costs.

The President's Address is again silent on any viable and feasible welfare and rehabilitation scheme for the Non-Resident Indians and their dependent family members, contributing a population of five million.

What happened to the Dr. Swaminathan Committee Report? The primary sector is the most neglected one. The sad and deplorable condition of the Indian agriculture during the tenure of this Government has reached such a dimension that even the propertied class of people do not find remunerative regular employment. It is high time that there should be reservation of jobs in private sector also.

Why there is no mention about the NPAs of the large industrial houses during the last three years? Is the GOI afraid to reveal the names of the big sharks of NPA as well as black money holders? The burning issues of the common people - uncontrolled inflation in prices of essential goods and services and inadequacy of the social security still exist unchecked.

We all agree that the decentralization of powers has to take place in the executive, legislative and judiciary simultaneously. Then what about the establishment of benches of Supreme Court outside Delhi as envisaged by the Constitution of India under Article 130 of the Constitution? Why the Address is silent about the establishment of a permanent bench of High Court in Thiruvananthapuram as well as other capital cities?

The financial sector of India can be strengthened and developed only by reaching out and providing more financial services to the rural public. Mere slogans of Digital India cannot move on its own where the regular income connectivity and even electricity is absent. Our prestigious Life Insurance Corporation with about 30 crores of policy holders and more than one million agents are now subject to double taxation. Indian Railway is getting Rs.5 lakh crores as loan for repayment period of 30 years, just because of LIC.

It has been estimated that about half of the vehicles have no valid insurance coverage. If we give commission to the General Insurance Agents, it will be an employment opportunity as well as a campaign for full legal insurance coverage also.

There is no mention about the extension of the National Inland Waterways in between Kollam and Kovalam in the state of Kerala. The preservation of water sources should be of prime concern. But the rain water harvesting and construction of new hydro electric power projects do not find any place in his Address.

The Address does not speak anything about any financial and technical encouragement of traditional industries such as handloom, potteries, bamboo, carpentry, coir, traditional ornament making, mat-weaving, fisheries, handicrafts, etc. The constitutional norm of 'equal pay for equal work' was recently reminded by Supreme Court of also. But still it is a mirage to the working class.

The President's Address does not speak anything about the reservation and protection of public lands and promotion of sports facilities at grass root level.

What about the protection and encouragement of various regional art forms and folk culture? The Address is silent on the Universal Basic Income (UBI) and hence about the increasing of the minimum wages to Rs.10,000 per month. It should be constitutionally admitted that the "pension is a right and not a privilege. Sufficient provision should be ensured for adequate facilities for the physically and psychologically disadvantaged people. The National Commission for the OBCs should also be given Constitutional Status.

Why the President's Address is silent about the sufficient financial technical and medical care for those who are in need of the palliative care treatment? Our population is growing not only in quantum but also in life expectancy. Even after the declaration of new AIIMS in various states, why the Address is silent on the establishment of AIIMS in Kerala?

The privatization is not the panacea for the problems. Many of the PPPs have failed to deliver the results. Our natural resources are being looted by large corporates. The unholy nexus of big corporate- ruling political class and the bureaucrats is nothing else but a reality. We cannot tolerate corruption and communalism. "Corruption" should not be a side effect of the "development". Communalism is like small pox to the society while corruption is like cancer! We have to fight both tooth and nail.

Why this Address is still silent about the construction of a new National Highway in Kerala and a bypass in NH-47 at Attingal and also about Kottoor-Ambasamudram Highway to connect in between the capital cities of Kerala and Tamil Nadu States respectively?

The declaration of Varkala Cliffs as Global Geological Heritage site needs sufficient financial provision for their protection. The grand old cliffs at Varkala have a height of 30 metres and these are 20 million years of old. Varkala Sivagiri has not received the national attention it deserves as a pilgrimage centre.

I could not understand why the Address is silent about the solar capacity utilization of the Government owned premises. The use of LED bulbs has not

been initiated even in Government buildings to reduce energy consumption. Preservation of energy is like creation of energy. But even the Government still uses old and conventional equipments.

The Address has neglected the sad plight of rice, sugarcane, coconut, cotton, cardamom and rubber cultivators. The conversion of cultivable land to other purposes, the decreasing area of cultivable land of various crops and the high prices and unavailability of pulses have led to incurable problems in the primary sector. There is urgent need to increase protein consumption of children and the pregnant women and hence for free provision of sufficient quota of pulses, cooking oil, sugar to the school as well as *Anganwadis*. The PDS can be strengthened only by strengthening the activities of the Food Corporation of India.

The Address is silent on international refugee's issues. It is also silent about the solving of Rohingyan Refugees' crisis and their rehabilitation. It has no mention about the interstate migrant workers. Why it is silent on the demand to increase the wages of unorganized sectors including the MNREGA?

The Parliament is being bypassed. International treaties and conventions should be discussed and put for assent by the Parliament. Various stake holders should also be consulted. The issues of the North Eastern states and Indian islands should be separately discussed. The Parliament should be in session at least for a hundred days during a calendar year. All Indian languages of this federation should be used instead of imposing any particular language. We should start sending Indian Parliamentary delegations to various nations in order to strengthen the international friendship and also for bilateral parliamentary understanding.

The Address is conspicuously silent about the growing menace of various signs of intolerance – communal, religious, social and political. The President has not said a word on the growing attacks on the media persons and the whistleblowers.

The law and order situation in the Delhi NCR has become shameful. The drug peddlers occupy various streets of the cities when dark falls. The slogans of

'to serve and to protect' has become a joke among the people! The principle of co-operative federalism does not trickle down. The benefits of the record slash in the international crude oil prices have not been transferred to the working class and the poor. Therefore, the so-called 'openness of a global economy' is only for the benefit of the rich and the affluent.

I may also ask a question; what happened to Shri E. Ahamed, a veteran parliamentarian with four decades of experience in public life and legislative experiences at the RML hospital in Delhi on January 31 and February 1? Not only his family members, but also we the MPs would also like to know the truth. Let the government make a statement on this issue at the earliest, because Ahamed Sahib collapsed in the Central Hall during his Address.

Thus, I oppose the Motion of Thanks in its present form.

HON. SPEAKER: Shri Jai Prakash Narayan Yadav – do not take more than five minutes.

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) :** अध्यक्ष महोदया, आपकी जैसी कृपा होगी, हम आपके आदेश को मानेंगे।

अध्यक्ष महोदया, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में बोलने के लिए सदन में खड़ा हुआ हूं। महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण के शुरुआत में, नूतन और नवजीवन के प्रतीक इस वसंत ऋतु में संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में सभी माननीय सदस्यगण का स्वागत करते हैं। महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने वसंत ऋतु में हम सभी का स्वागत किया है और हम सभी लोगों को खुशी हुई, लेकिन जब आगे सरकार का बजट महामहिम के द्वारा पढ़ा जाने लगा तो ऐसा लगा कि वसंत ऋतु का कोई लक्षण इसमें दिखाई नहीं पड़ रहा है, वह पूरा का पूरा पतझड़ ऋतु का भाषण दिखाई दे रहा था। इस बजट को कोई बुद्धिजीवी ही समझ रहा हो, हम कुछ लोग तो उसे समझ ही नहीं पाये, यानी पूरे बजट को गूंगा कर दिया गया है। आपको इशारा से पता चलेगा कि रेलवे को कुछ मिला है लेकिन उसमें कुछ खोजेंगे तो कुछ नहीं मिलेगा, यानी पूरे बजट को गूंगा कर दिया गया है।

महामहिम महोदय ने जो अभिभाषण पढ़ा है,...(व्यवधान) अध्यक्ष महोदया, पिछले सत्र में सदन नहीं चला। आज सदन चल रहा है, सदन क्यों नहीं चला, वही सवाल फिर खड़ा होता है कि 08.11.2016 को इस मुल्क में सरकार के द्वारा अव्यावहारिक निर्णय लिया गया, जन-विरोधी निर्णय लिया गया, दुःखदायी निर्णय लिया गया और आर्थिक एमरजैंसी पैदा की गयी। इससे बढ़कर और दूसरा कोई दुखद पहलू नहीं हो सकता है। यह कहा गया कि देश बदल जाएगा, प्रदेश बदल जाएगा, गांव बदल जाएगा। केवल गांव ही नहीं बदलेगा, बल्कि गरीब की सेहत और सूरत बदल जाएगी, लेकिन आज गरीब लोगों की आंखों में आंसू है। 125 लोगों की मौत एटीएम के सामने हुई। इन मौतों का कौन गुनाहगार है? इसका जवाब देश चाहता है, सदन चाहता है और हम सभी चाहते हैं। आप जवाब नहीं देंगे, तालियां बजाएंगे। मैं एक दोहा बोलना चाहता हूं - कबीरा आह गरीब का कभी न निष्फल जाए, मरी गाय के खाल से लौह भस्म हो जाए। आपका ... [*] होगा, आपकी सरकार सत्ता से जाएगी। यही बिहार में भी हुआ।

**अध्यक्ष महोदया :** जो अशब्द हैं, वे रिकार्ड में नहीं जाएंगे।

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव:** आपने कहा था कि बिहार में फतह करेंगे, आपकी खटिया खड़ी करके बिहार से बैक टू पवेलियन कर दिया गया और याद रखिए कि पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं और उत्तर

[*] Not recorded.

प्रदेश में आपकी खटिया खड़ी करके बैक टू पवेलियन कर दिया जाएगा। आप इसे मान कर चलिए। मैं कोई हवाबाजी नहीं कर रहा हूं। हमें भी तीस साल का अनुभव है। हमारे भाई गिरीराज जी सदन में बैठे हैं। हम एक ही जगह के हैं। वे जब बोलते हैं, तो हमें खुशी होती है कि बोलते रहिए। कितना काला धन आया है, इसका आंकड़ा कौन देगा? क्या आरबीआई जवाब देगी, माननीय प्रधानमंत्री जी से जवाब मांगे या माननीय वित्त मंत्री जी से जवाब मांगे? काले धन का आंकड़ा आप दीजिए। आपने कहा कि आतंकवाद मिटेगा, भ्रष्टाचार समाप्त होगा, इन बातों का उत्तर देश मांग रहा है। आपने कहा था कि स्विस बैंक से काला धन लाएंगे और सभी देशवासियों के खातों में पन्द्रह-पन्द्रह लाख रुपया पहुंचाएंगे। अब कहा जाता है कि स्विस बैंक का स्विच ही ऑफ हो गया है। अब सर्जिकल स्ट्राइक गरीबों पर होने लगी है और गरीब नोटबंदी से पस्त हो गया है और अमीर उद्योगपति मस्त है। गरीबों को साफ किया है और अमीरों को आपने नोटबंदी के जरिए माफ किया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था बिगड़ी है, बैंकिंग व्यवस्था बिगड़ी है और लोगों का बड़ी मात्रा में पलायन हुआ है। आप दिल्ली में आनंद विहार से आंकड़ा लीजिए। मुम्बई से, सूरत से लाखों लोग झारखंड और बिहार में पलायन किया है। इसके लिए कोई दूसरा गुनाहगार नहीं है। इसके लिए वह गुनाहगार है, जिसने बिना सोचे-समझे नोटबंदी को लागू किया। नोटबंदी का मिसाइल उद्योगपतियों पर नहीं गिरा, काले धन वालों पर नहीं गिरा, बल्कि नोटबंदी की मिसाइल गांव में गिरा, गरीबों पर गिरा। आप याद रखिए, जनता आपको माफ नहीं करेगी। जैसे ट्रेन की चेन खींच कर उसे रोका जाता है, उसी तरह से आपने नोटबंदी करके देश की अर्थव्यवस्था की चेन पुल कर दी है। शादी में, बीमारी में हर हालत में गरीब की मौत हुई है। कुछ खाते-खाते मरते हैं और कुछ रोते-रोते मरते हैं। जिन्हें आप रुला रहे हैं, उनके आंसू आपको भी आह भरने का काम करेंगे। सावन में जब कोई अंधा होता है और उससे पूछो तो कहेगा कि सारी जगह हरा ही हरा है। आपकी 300 सदस्यों की जो ताकत है और आपको लग रहा है कि हर जगह हरा ही हरा है, आपकी सावन के अंधे जैसी हालत होगी और आपको हरा-हरा नहीं, बल्कि काला-काला दिखाई पड़ेगा। बाबा साहब अम्बेडकर ने, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हमें लोकतंत्र दिया है। एक चींटी में भी इतनी ताकत होती है कि जब हाथी की सूंड में घुस जाती है तो उसे भी मार देती है। इसी तरह 300 के बहुमत को जनता लोकहित में उलट देने का काम करेगी और वर्ष 2019 में आपकी सल्तनत नहीं रहने वाली है।

अध्यक्ष महोदया, आपकी कृपा से मैं दो-तीन मिनट का समय लूंगा। मैं बिहार के बाँका संसदीय क्षेत्र से जीतकर आया हूं और वहां से एम.पी. हूं। वहां मैं सुबह-सुबह डॉक्टर के पास गया। उन्होंने मुझसे कहा कि आप केला खाइए। मैं वहां से केला खरीदने के लिए एक दुकान पर पहुंचा। संजोग से मेरे जेब में दो हजार रुपए का नोट था। मैंने वह नोट निकाला और कहा कि डॉक्टर ने मुझे केला खाने को कहा है। दुकानवाला बोला कि यह क्या है? मैंने उससे कहा कि यह नोट है। इस पर वह बोला कि यह नोट नया है

या पुराना? मैंने उससे कहा कि अगर पुराना नोट रखूंगा तो पकड़ नहीं लेंगे? मैं क्यों पुराना नोट रखूंगा। जब मैंने नया नोट निकाला तो वह बोला कि बाबा रे बाबा, इसका भर्ती नहीं है। इसका खुला नहीं होगा। मैंने उससे कहा कि कहीं और खुला बना दो। उसके बाद मैं पांच-सात दुकानों में गया। वहां से सब ऐसे भागे जैसे लाल कपड़े को देखकर सांड हड़कता है, वैसे ही दो हजार रुपए का नोट देखकर वे खुदरा व्यापारी हड़क गए। मैंने सोचा इस नोट से काम नहीं चलने वाला है, यह नोट बड़ा गजब का है। (...व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज, आप लोग रूकिए। ये कुछ ठीक मुद्दा उठा रहे हैं ।

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव:** अध्यक्ष महोदया, यह जो कैशलैस है, यह पूरा बेसलेस, मीनिंगलैस और होपलेस निर्णय है। यह गजब की बात है। बिहार में आदरणीय लालू जी, माननीय मुख्यमंत्री जी, कांग्रेस पार्टी की गठबंधन की सरकार शराबबंदी करती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि तुम पर्वत शिखर से पाताल में कूद पड़ना, वह तप का साधन है, तुम सिंह के सामने जाते समय भयभीत मत होना, वह पाप और अनाचार की जननी है, लेकिन तुम शराब और शराबियों से हमेशा भयभीत रहना, वह पाप और अनाचार की जननी है। बिहार में शराबबंदी के बाद आपने सोचा कि अब नोटबंदी कर देते हैं। गजब की है यह नोटबंदी।

अध्यक्ष महोदया, रेल के ऊपर मैं बाद में बोलूंगा। सबका साथ सबका विकास (...व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपकी बात पूरी हो गई है।

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव:** क्या है यह सबका साथ, सबका विकास? आज यू.पी. में चुनाव हैं। हालत बहुत खराब है। किसान का सवाल हो, बिजली का सवाल हो (...व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** जय प्रकाश जी, आपकी बात हो गयी है।

...(व्यवधान)

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव:** हमारे यहां बाँका में एक मेगा प्रोजैक्ट है। यह पर्यटन का मामला है। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री भगवंत मान जी, अब आप बोलिए।

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव :** महोदय, बस दो मिनट और दीजिए। हमारी गंगा-जमुनी संस्कृति है। हम सबको लेकर चलते हैं क्योंकि हम राम और रहीम के बंदे हैं। ईश्वर अल्लाह तेरे नाम, सबको सन्मति दे भगवान। हम ईश्वर और अल्लाह के बंदे हैं, लेकिन नफरत और जहर फैलाने वाली जो ताकते हैं, वह कभी

देश में बड़ी ताकत नहीं बन सकती हैं। गोल्वलकर जी ने बंच ऑफ थॉट्स में गरीबों, दलितों और शोषितों पर जो लाईन लिखी है, आज वे उसी धारा को चला रहे हैं। आज गरीब, दलित और शोषित के लिए आरक्षण और छात्रवृत्ति तथा पिछड़े वर्ग के लिए संवैधानिक दर्जा दिया जाए। आज यह सवाल मेरे सामने है।

अध्यक्ष महोदया, उच्च पदों पर कौन बैठा हुआ है? (...व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** जी, हो गया आपका। बैठ जाइए। दो मिनट नहीं, आप इसे आधे मिनट में पूरा करो।

…(व्यवधान)

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव:** महोदया, मैं एक शेर बोलकर बंद कर दूंगा।

**माननीय अध्यक्ष :** हां, शेर बोलकर बंद कर दीजिए। आज सबको बड़ी शेर-ओ-शायरी आ रही है। भगवंत जी आप बोलिए।

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव:** अध्यक्ष महोदया, मनरेगा नहीं रहता तो आज कई तरह की दिक्कतें आतीं। इसलिए इन्होंने मेक इन इंडिया नहीं, ब्रेक इन इंडिया किया है। ब्रेक इन इंडिया क्या है, यह एक शेर पढ़कर खत्म करते हैं। कुछ ऐसे भी मंजर होते हैं तारीख की नजरों में, लम्हों ने खता की थी और सदियों ने सजा पाई। हम नोटबंदी से यह सजा पा रहे हैं। महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत बधाई।

**माननीय अध्यक्ष :** आप सब लोग प्लीज एक बात ध्यान रखिए। यह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव है। आपको दो मिनट मिलेंगे। आप सब लोग बैठ जाइए। भगवंत मान जी आप बोलिए।

…(व्यवधान)

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरिराज सिंह):** अध्यक्ष जी, उनकी बात को प्रोसीडिंग से निकलवाइए। यह ठीक नहीं है।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्या निकालना है? क्या बोल रहे हैं?

…(व्यवधान)

**श्री गिरिराज सिंह:** अध्यक्ष जी, इनकी बात रिकॉर्ड से निकलवाइए। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठिए। यह बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है। रिकॉर्ड में नहीं जा रहा है।

…(व्यवधान)…*

**माननीय अध्यक्ष :** इसमें से कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है।

…(व्यवधान)

* Not recorded.

[*]ADV. JOICE GEORGE (IDUKKI): The Address made by the Hon. President of India to the Joint session of Parliament on 31st Jan, 2017 is necessarily the policy statement of the Government. If it is the policy, the speech would reflect the policies, its implications and the steps would be taken for carry forward the programmes, projects based on the policy and also the measures to mitigate the hardship of the people if any due to the implementation of any of the policies of the Government. Why I am saying so is because the Government has not made any attempt to address the hardships of the people living in the lower strata of the social ladder due to the demonetization of 1000 and 500 rupees denominations.

As per the economic survey 2016-17, the demonetization has created economic issues and may affect the GDP. Demonetization has been stated as one of the most pressing near term issues which our economy is facing. But, unfortunately, the Hon. President's Address didn't mention anything about the concrete steps proposed to be taken for addressing the issue. Addressing the issue in the right perspective is the good governance, not invading the same. Here, the Government opted to invade the issues without appreciating the bad effect of the demonetization on the economic affairs of the country.

Another radical domestic policy action of the Government is the introduction of the GST regime. Though it is claimed as a revolutionary and reformist steps to streamline the tax regime in India, it is the admitted fact that the same may have far reaching consequences - which may be good or bad. The hon. President’s Address failed to give any vivid picture about the policy regulations and measures to address the issues which may arise during the implementation of GST. Therefore, we cannot blame anybody who suspects that the Government is not having a concrete policy frame work as regards the implementation of GST. It is fair on the part of the Government to be more vocal as regards the implementation and addressing of the consequential issues in implementation of the radical policy changes in economy.

[*] Speech was laid on the Table

Yet another issue is the problems faced by the co-operative institutions due to demonetization of the high value currencies, especially the co-operative institution and its members in the State of Kerala. According to the RBI statistics, almost 40 to 46 per cent of the banking transactions in Kerala are being handled by the cooperative institutions. But the unrealistic rather draconian restrictions imposed on the cooperative institutions in the event of demonetization is affecting the very existence of cooperative societies and render the lives of the agrarian people to hardship. It is rather discrimination in violation of the constitutional prescription and other laws and regulations governing the field.

The lives of the marginal and medium farmers and the labourers depending on the plantation crops namely, Rubber, Cardamom, Coffee, Tea, Coconut and Arakanut are in hardship due to the problems faced by the plantation industry as a whole. The commodity boards which are entrusted with the task to promote the cultivation and marketing of the cash crops are not performing well. One of the reasons for such poor performance is the lesser allocation to the commodity boards during the last 2 years. The policies of the Government, including demonetization, have also adversely impacted the industry. But unfortunately, the Hon. President's Address has not mentioned any specific policies/measures to mitigate the problems faced by the marginal and medium farmers of cash crops.

Though there is mention about the rural India, but the Government has failed to address the real problems faced by the 'other India' from where 9 million Indians migrate for work every year. Why a large number of people are forced to migrate from their land to the urban areas adding to the number of slum dwellers and under privileges? This is because the policy inadequacies of the Government in dealing with the real problems of the 'other India' which is always neglected in the event of policy making and programme formulation. Moreover our institutional frame work is too inadequate to implement the programme meant for the less privileged Indians. This also reflects the indifference of the Government to the real issues faced by the rural Indian dominated by agrarian economy.

The proposal to provide Universal Basic Income has not been dealt with in detail. Though the Government has proclaimed its intent to ensure welfare of all, there are no specific policies, projects and programmes to achieve the same. The President's speech does not mention about the suffering of the people on account of the implementation of international treaties, conventions, covenants and agreements for the protection of environment and ecology at the cost of the livelihood options of the people, especially the agrarian community.

The Government failed to mention anything about the steps to be taken to address issues faced by the farmers due to indebtness arising out of reasons beyond their control including climate change, market fluctuation, etc. It is for the Government to suggest steps to address the issues of the people in debt due to unemployment and lack of employability of the students who availed education loans to pursue their studies.

I may say that as a nation we are standing ahead of all other economies in the world due to the democratic dividend available with us. The peak of the growth boost due to the democratic dividend is fast approaching. Now, it is our turn to make use of the democratic dividend available with us, for that, we must have policies and programmes. But unfortunately, the Government has failed to state its policies and programmes for making use of the democratic dividend available with us. I wish to be more optimistic than pessimistic in attitude. Hence, I request the Government to be more sensitive to the needs and aspirations of the people, especially the less privileged and the marginalized.

*SHRI R. DHRUVANARAYANA (CHAMARAJANAGAR): The President's Address outlined several programmes, initiatives and schemes by the Government and an array of sectors were covered. The people, especially the underprivileged, seemed to be the focus and priority in whatever the Government undertook. However, despite its supposed proactive pro-people approach, the Government has failed to address critical issues and has undertaken measures and policies that have adversely affected the common man and still continue to do so.

The previous year witnessed atrocities being committed against Dalits, the unrest and violent protest in the valley of Kashmir, brutal and unnecessary use of force, farmers distress getting amplified, increase in crimes against women, personal freedom getting violated, cow vigilantism on the rise, our Armed personnel repeatedly getting attacked at their own bases and a constant breach of national security. Along with these grave concerns, we had an ill conceived move called demonetization which added to the woes of millions of citizens and the death of innocent people was justified with the false and saddening guise of curtailment of corruption and black money. In addition to these unfortunate happenings, the outcomes and effects of several schemes were not in alignment with their original objectives and on the ground realities, these vastly differ from achievements ticked off on sheets of paper.

To begin with, the benefits of the fall in crude oil prices from almost 101 dollar per barrel in March 2014 to almost 41 dollar per barrel in June 2016 were not transferred to the consumers and prices of essential commodities continued to remain high. The revenue from the imposition of cesses has not been adequately used and the sources of such revenues have been just burdensome for the people paying for it. Further, the wages of agricultural and rural labourers did not increase proportionally causing further harm to them.

We saw horrendous discrimination and atrocities being committed against Dalits, with people getting threatened, abused and beaten with belts and 'gau

* Speech was laid on the Table

rakshaks' ripping apart the social construct of our society. Crimes against *dalits* have tremendously increased, especially women. The NCRB data indicated a rise of almost 29 per cent from 2012. The valley of Kashmir witnessed the worst form of curfews and human rights violations in several years with more than 100 people dying and over 19,000 people getting injured. The brutality of the measures was condemned by international entities and forceful media suppression flouted the basic rights of freedom and access to information. This year, our Indian Armed Forces faced the highest death tolls in 6 years and back to back attacks with Parampore in February, Uri in September and Nagrota in Noember. Several lives were lost and questions still remain regarding the Government's security strategy and defence management. The Government has not been able to explain the intelligence failure which is a cause of serious national security concern despite its claims of improving the situation.

With the multitude of schemes implemented by our Government, especially Swacch Bharat with its widespread publicity and importance, the outcomes portrays a discouraging scenario. Despite several villages being declared ODF, the usage of toilets remains bleak and focus on changing the mindsets has not been undertaken. Infrastructure creation under schemes like MNREGA, Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana, and other schemes lack the requisite budgetary allocation which impedes growth. Despite numerous policies, programmes, campaigns, etc. for empowering women and girls, data from new research on female literacy indicates that India's education system is lacking behind in terms of quality when compared to its neighbors like Pakistan, Bangladesh and Nepal.

Crimes have increased despite improved sex ratios and higher affluence. Despite introducing several initiatives to hone the skills and talents of our relatively young population, at an all India level around 6.8 per cent of persons aged 15 years and above are reported to have received/receiving vocation training. Out of this, only 2.8 per cent of the population aged 15 years and above are reported to have received/receiving formal vocational training. A high proportion

of females (39 per cent) have been reported to be out of labour force in the category of persons aged 15 years and above who received/ are receiving vocational training. These statistics indicate the dismal performance of such initiatives. There are several other examples that highlight the discrepancies of the schemes launched by our Government. Unfortunately, even the ongoing schemes in different states do not receive timely disbursement of funds and this hampers the progress and the underlying objectives are not met due to lack of budgetary allocations.

The November 8th decision to stop the circulation of 500 and 1000 Rupee notes with the goals of extracting black money from the society, reducing corruption and stopping the flow of counterfeit currency caused nothing but sufferings to the common man, especially the farmers. The aftershocks of a badly implemented reform have been massive. There has been a slowdown in consumer spending, businesses like jewellery and real estate have been severely impacted and GDP is likely to decline for the next two quarters. Almost 100 people lost their lives while standing in queues and hospitals closed their doors to patients. Street side vendors, auto drivers, small traders, low income working class, vegetable sellers, contract labour are few of the many who have been at a huge loss. Farmers, who already are facing the consequences of consecutive droughts, are now unable to sell their produce and trucks are unable to transport the stocks. These are few of the countless problems which the people have to face and such problems are amplified in the rural areas where almost 70 per cent of our population resides. Several questions remain unanswered and the long-term gains which the Government repeatedly keeps stating fails to address the deaths and woes of the people who bear the brunt of a move which was poorly planned and hastily implemented.

The Government seeks to create a cashless, digital and smart India but basic infrastructure is not developed, key social inputs like education and healthcare are ignored and people can't exercise their basic rights. Flagship

welfare schemes like ICDS, NHM, SSA were missing from the Address and these programmes are vital for poverty alleviation and improvement of the well being and growth of our least privileged citizens and the nation. The Government should immediately address these several matters of grave concern besides incurring heavy expenditure on lesser important issues when there are several significant issues requiring greater assistance and assurances. Hence, I would like to request the Government to not be blinded by the long term benefits and to not justify their actions for the greater good of the nation in the future at the cost of the sufferings of the common man.

**माननीय अध्यक्ष :** भगवंत मान जी, आप बोलिए।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं इसे देखूंगी।

...(व्यवधान)

**श्री भगवंत मान (संगरूर):** माननीय अध्यक्ष महोदया, राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव संबंधी चर्चा में भाग लेने का आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

नोटबंदी का कौन-सा एक क्रांतिकारी फैसला है, जिसने देश के 125 से ज्यादा नागरिकों की जान ले ली। लोगों की शादियाँ टूट गयीं। लोगों ने आत्महत्या की। अमृतसर के पास फतेहगढ़ चूड़ी में एक गांव है मज्जूपुर। वहाँ 5 दिसम्बर को एक किसान के बेटी की शादी थी। 27 नवम्बर को वह बैंक में गया। उसके बैंक एकाऊंट में पौने पाँच लाख रुपये थे। उसे पैसे नहीं मिले। अगले दिन वह फिर बैंक गया, फिर भी उसे पैसे नहीं मिले। अगले दिन वह हलवाई और टेंट वाले की रसीद ले गया और बैंक वालों से कहा कि मुझे पैसे दे दो। लेकिन फिर भी उसे पैसे नहीं मिले। हलवाई ने कह दिया कि मैंने कहीं और बुकिंग ले ली है,शादी के समय पर मैं नहीं आ पाऊँगा, टेंट वाला भी मुकर गया। उसने कहा कि मेरी सोसायटी में नाक कट जाएगी। उसने अपने खेत में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

उसकी लड़की क्या कह रही थी, यह मोदी जी से पूछिए। उसकी लड़की कह रही थी कि 5 तारीख को इस घर से मेरी डोली उठनी थी, लेकिन उससे पहले मुझे अपने पिता की अर्थी उठानी पड़ी। इसका जवाब कौन देगा? आपने नोटबंदी की है, बीजेपी वालो, आप याद रखना, लोग देश में अब आपकी वोट बंदी करेंगे। एटीएम के सामने कौन खड़ा था, कोई कालेधन वाला व्यक्ति खड़ा था। सिर्फ दुकानदार, दिहाड़ीदार, बूट पालिश करने वाला खड़ा है। जो कालेधन वाले हैं, उनके स्विस बैंकों के एकाऊंट नम्बर हम देते हैं, आप उनको लाओ। दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री के ऑफिस में सीबीआई रेड करती है। यह फेडरल स्ट्रक्चर के लिए खतरा है। माननीय कोर्ट ने इनको डांट लगायी है कि आम आदमी पार्टी के एमएलए को पकड़ना हो, तो बड़े तेज हो जाते हो, बाकी सारे केस निपटा लिये। तब आप तेज हो जाते हो। मैडम, इससे फेडरल स्ट्रक्चर को खतरा है। इसमें मुझे यह कमी लगी, यह होनी चाहिए थी।

पंजाब एक ऐसा राज्य है, जिसने देश की आजादी में सबसे ज्यादा कुर्बानियाँ दीं। जब देश बाहर से गेहूँ मंगाता था, तो हरित क्रांति के जरिये पंजाबियों ने अनाज के भण्डार भर दिये, लेकिन आज पंजाब के किसान क्राइसिस में हैं। वे आत्महत्याएँ कर रहे हैं। उनके बारे में कुछ बोल देते। पंजाब को कुछ स्पेशल

पैकेज दे देते। मोदी साहब चार बार पंजाब गये और एक रुपया भी नहीं दिया। …(व्यवधान) लुधियाना गये, तो वहाँ चरखा देकर आए। चरखे तो हमारी दादी के घर पर भी पड़े हैं। आप डिजिटल इंडिया की बातें करते हो, क्या यह चरखे से चलेगा।

नोटबंदी के सिलसिले में, मैं राष्ट्रपति जी से मिला था। मैंने कहा- महामहिम यह कैसा फैसला है, एक दिन कमाने को और चार दिन बदलाने को। लोगों ने जुमले बना रखे हैं। वैसे तो बीजेपी का नाम *…(Interruptions)* * … है, भारतीय जनता पार्टी नहीं है। इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि जापान के प्रधानमंत्री आए, तो उनसे बुलेट ट्रेन का वादा ले लिया, उसके बाद अगले दिन वाराणसी में दो घंटे आरती करते रहे। जापान के प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि आपके पास इतना टाइम है, तो बुलेट ट्रेन की जरूरत क्या है। …(व्यवधान) यहाँ पर ऐसी बातें करके, धर्म की राजनीति कर रहे हैं, नफरत की राजनीति करते हैं। लोगों पर अत्याचार हो रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री जी कह रहे हैं कि पचास दिन और दे दो। वे पहले कहते थे कि सौ दिनों में कालाधन लाऊँगा। कालेधन की बात छोड़िए, हमारे घरों पर जो था, वह भी ले गये। हमसे वह भी छीन लिया। विदेशों से कालाधन बाद में ले आना, पहले प्रधानमंत्री जी को बुला लो। भारत को पहली बार एक *…(Interruptions)* * … मिला है। …(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से पंजाब के किसानों के बारे में आग्रह करूँगा। पंजाब में इंडस्ट्री बर्बाद कर दी गयी। पंजाब के यूथ को इन लोगों ने बर्बाद करके रख दिया। वहाँ पर आपकी ही सरकार है। लेकिन पंजाब में 11 मार्च को जो रिजल्ट आएगा, *…(Interruptions)* * …

मैडम, अंत में मैं एक सेर बोलकर बैठ जाऊँगा।

“ नदी के किनारे अगर ये राजनीतिक लोग बस जाएं,
तो लोगों के होंठ दो घूँट पानी के लिए तरस जाएं।
गनीमत है कि मौसम पर इनकी चलती नहीं,
वरना सभी बादल भी इन राजनीतिक लोगों की खेतों में बरस जाएं। ”

* Not recorded.

*[*]**कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर)**: विश्व जगत पर भरत का मान बढ़ाने, विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने और देश के आत्म गौरव को बढ़ाने वाली सरकार, जो सबका साथ और सबका विकास के मूल मंत्र के साथ देश को प्रगति के पथ पर तेजी से ले जा रही है।

वर्तमान केन्द्र सरकार ने महिला और महिला उद्यमियों, छोटे उद्योगों, युवाओं, किसानों और गरीबों, दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं तथ देश के समग्र विकास के लिए आधारभूत संरचनाओं के निर्माण और सुधार, अर्थ तंत्र में सुधार, चुनाव सुधार आदि के लिए स्पष्ट दिशा निर्धारित की है जो कि एक सराहनीय कदम है।

वर्तमान समय में भारत का विश्व जगत पर प्रभाव बढ़ा है। आतंकवाद के खिलाफ विभिन्न देशों से सहयोग प्राप्त हुआ है। सर्जिकल स्ट्राइक से आतंकवादियों का मनोबल तोड़ा गया है जिससे देश का आत्म गौरव बढ़ा है।

जिम्मेदार और संवेदनशील सरकार ने सबका साथ-सबका विकास मूल मंत्र को अपना कर महिलाओं की मैटरनिटी लीव को 26 हफ्ते किया है, गांव की 1.5 करोड़ महिलाओं को धुंए वाले चूल्हे की जगह एलपीजी गैस कनेक्शन दिए गए हैं। वायुसेना को महिला लड़ाकू पायलट मिली हैं तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को सरकार ने मिशन बनाया है और महिलाओं के स्वालंबन के लिए विशेष योजनाएं जारी की हैं और महिला उद्यमियों की संख्या में वृद्धि सरकार का एक लक्ष्य है। छोटे उद्योगों को बढ़ाने के लिए 2 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। युवाओं के लिए सरकार ने स्कॉलरशिप और फेलोशिप को बढ़ावा दिया है और कौशल विकास के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं।

3.66 करोड़ किसानों को फसल बीमा की सुविधा दी गई है, किसानों को फसल की सही कीमत दिलाने के लिए प्रयास किए गए हैं, किसानों को रूपे क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं और वे इसका उपयोग बाजार में कर सकते हैं। किसान के लिए बीज और कीटनाशक की व्यवस्था की गई है। खरीफ की पैदावार में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

13 करोड़ लोगों को सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा दी गई है। सबको घर और उनके स्वास्थ्य की देखभाल के लिए सरकार के प्रयास जारी हैं। गरीबों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा गया है, 26 करोड़ लोगों के जनधन अकाउंट खोले गए हैं, मुद्रा योजना के जरिए गरीबों को लोन दिया गया है। दिव्यांगों का आरक्षण 4 प्रतिशत किया गया है, 6 लाख दिव्यांगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए 8 प्रतिशत ब्याज तय किया गया है।

---

[*] Speech was laid on the Table

आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। ग्राम ज्योति योजना से गांवों में अंधेरा दूर किया गया है। रिकार्ड समय में 11 हजार से ज्यादा गांवों में बिजली पहुंचाई जा रही है। ग्राम पंचायत के लिए 2 लाख करोड़ रुपए और 75 हजार गांवों में ऑप्टिकल लाइन बिछाई गई है। हर गांव को सड़क से जोड़ा जा रहा है। 73 हजार किलोमीटर की सड़के गांवों में बनाई गई हैं। उत्तर-पूर्व में विकास के लिए अरुणाचल और मेघालय को रेल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इस साल के अंत तक सभी मीटर गेज लाइन को बड़ी लाइन में बदल दिया जाएगा। पूर्वोत्तर के राज्यों को एक दूसरे से जोड़ा जा रहा है। चेन्नई सहित चार शहरों में मेट्रो प्रोजेक्ट का विकास किया जाएगा।

देश के आर्थिक तंत्र में सुधार के लिए 8 नवम्बर, 2016 को विमुद्रीकरण की योजना सरकार ने लागू की उससे देश की अर्थव्यवस्था में बहुत सुधार की संभावना है। इस कड़ी में सरकार ने पूर्व में काले धन पर एसआईटी भी गठित की थी जो सरकार की अर्थतंत्र में सुधार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। काले धन के मॉरिशस और सिंगापुर रुट को सरकार ने बंद किया। बेनामी सम्पत्ति पर लगाम लगाने के लिए कार्य किया। इसके साथ डिजिटल लेनदेन को बढ़ाने के लिए भीम ऐप से बाबा साहब अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी और साथ ही जल्द आधार पेमेंट सिस्टम लागू होने वाला है।

चुनाव सुधार और लोक सभा और विधान सभा के चुनावों को एक साथ करने की सरकार ने क्रान्तिकारी पहल की है और सरकार इन विषय पर चर्चा के लिए तैयार है।

यह सब बातें यह इंगित करती हैं कि सरकार के पास देश के विकास के लिए स्पष्ट नीति है और यह सरकार गरीबों की सरकार है जिसका मूलमंत्र सबका साथ सबका विकास है तथा विभिन्न देशों के साथ संबंध मधुर रखने वाली सरकार है और समय आने पर देश की सुरक्षा और आत्म गौरव के लिए दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है। मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

आप आर्मी की बात करते हैं। वन रैंक वन पैंशन जो हमने मंजूर करवाया, उसे जवानों के लिए आपने पूरी तरह से आज तक मंजूर नहीं करवाया। राम कृष्ण जी जिन्होंने वन रैंक वन पैंशन के लिए अपना जीवन दिया, उनके परिवार जनों के साथ आपने क्या बदसलूकी की। जब कांग्रेस पार्टी के सदस्य उस पर प्रश्न उठाते हैं तो आपने उठाकर हमें जेल में डाला। हम जेल क्या फांसी के फंदे पर चढ़ने के लिए तैयार हैं, लेकिन जवानों की आवाज इस देश में सदैव उठाएंगे, मैं आपको यह विश्वास दिलाता हूं।

आप संदेश टू सोल्जर्स की बात करते हैं। वास्तविकता है कि 'मन की बात' में अगर बीएसएफ के जवान की बात सुनें जहां पर्याप्त राशन नहीं मिलता, पर्याप्त खाना नहीं मिलता, उसकी तहकीकात करने के बजाए आपने उसे जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया। वास्तविकता है - सेना है भारत की महान, पर इस सरकार ने केवल किया उस वीर सेना का अपमान। जहां आप एक तरफ सर्जिकल स्ट्राइक की बात करते हैं, दूसरी तरफ आपने पूरे देश के गरीब लोगों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर दिया। आपने अभिभाषण में केन्द्र बिन्दु बनाया है - गरीब, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित, किसान, श्रमिक, युवाओं का कल्याण, लेकिन एक ही लकीर के साथ आपने इन सभी वर्गों को धकेल कर अंधेरे के रास्ते पर छोड़ दिया। एक मिनट भी इस सदन में शोक व्यक्त नहीं किया गया।

आप महायज्ञ की बात करते हैं। आपके एक मंत्री ने कहा महायज्ञ। कैसा महायज्ञ जहां 125 मासूम जनों को अपने जीवन की आहूति देनी पड़ी। मैं आपसे देश की जनता की तरफ से पूछना चाहता हूं कि मुझे बता दीजिए, विश्व में किसी सरकार ने ऐसी योजना बनाई हो जिसके आधार पर देश की मासूम जनता की

जान तबाह हो जाए। आप इस सदन के अंदर उसका उदाहरण दीजिए। क्या कहेंगे आप उस महिला को जो अपने नवजात बच्चे को लेकर अस्पताल में भर्ती करने के लिए गई थी। अध्यक्ष महोदया, आप महिला हैं। उस अस्पताल ने कहा कि हम पुराने नोटों के साथ प्रवेश नहीं देंगे। दो घंटे के अंदर वह बच्चा दम तोड़कर मर गया।

आप उस महिला को क्या जवाब देंगे? क्या जवाब देंगे उस महिला को जिसका बच्चा कैंसर से पीड़ित था? वह बैंक में गई। जैसे अभी कल्याण दा ने कहा कि वह बैंक में पैसे निकालने के लिए गई। बैंक मैनेजर ने उसे एक-एक रुपये के 17 किलो के सिक्के दिए। वह 65 वर्ष की महिला कहती थी कि मैं इसे कैसे उठाऊं। बैंक के मैनेजर ने कहा कि मेरे पास यही है, या तो इसे लो या भाड़ में जाओ।

अध्यक्ष महोदया, नारी शक्ति और सुकन्या समृद्धि योजना की बात करते हैं। इस सदन में महिलाएं हैं, आप सदन चलाती हैं, हर गृहस्थी में एक-एक महिला जीवन में पैसा बचाती है, कुछ पति से मिलता है और अपनी कमाई का पैसा मिलता है, कोई कम्बल के नीचे रखती है, कोई कहीं और छिपाता है कि भगवान न जाने कि कब बुरे दिन आ जाएं, आप अच्छे दिन की बात भूल जाइए, उस समय उस पैसे का इस्तेमाल हो। आपने एक लकीर से इस देश की हर गृहणी के पैसे को कागज के टुकड़े में परिवर्तित कर दिया, वह महिला कहां जाएगी? अगर पति के पास जाएगी तो पति कहेगा कि पैसा कहां से आया? अगर आपकी सरकार या प्रधानमंत्री के पास जाएगी तो कहेंगे कि कालाधन है। आपने हर महिला के चेहरे पर कलंक लगाया है। आपने बिना किसी प्लॉन कर दिया एलान। कोल्ड ड्रिंक का पुराना एड है कि आज कुछ तुफानी करें, उसी के आधार पर आपने निर्णय लिया। अमिताभ बच्चन का सीरियल याद आया, कौन बनेगा करोड़पति, जिसमें कहा जाता है कि सब का पैसा लॉक किया जाए। आज आप कहते हैं कि आपका पैसा आपका ही रहेगा। संविधान में ऐसा कौन सा रूल है, कौन सा आपको अधिकार है कि जनता के पैसे के ऊपर ग्रहण लगा दें, यह देश की जनता आपसे जानना चाहती है।

प्रधानमंत्री जी ने सदन में कहा है कि गरीब चैन की नींद सो रहा है और कालेधन वाले नींद की गोली खा रहे हैं। मुझे मालूम है, हम सड़क पर जाते हैं, हम सभी लोग सड़क पर जाते हैं। आज गरीब पूरी रात जग रहा है, पूरी रात दर-दर की ठोकरें खा रहा है, खाने के लिए मोहताज हो गया है। आज अर्थव्यवस्था की स्थिति देखी जाए, ये किसान कल्याण की बात करते हैं कि ये राष्ट्र की समृद्धि हैं। नोटबंदी के आधार पर किसानों के ऊपर सरकार ने बुलडोजर चलाया है, न खरीफ फसल के दाम मिले, न रबी के लिए खाद और बीज मिल पाया। किसानों को मुआवजे की राशि मिलनी चाहिए और ऋण माफी योजना मिलनी चाहिए। अगर आप नहीं कर सकते तो यूपीए सरकार से सीखिए जिसने 72,000 करोड़ रुपये की ऋण माफी करके दिखाया था। ...(व्यवधान) आज आजादपुर मंडी बंद हो चुकी है, असम के चाय बागान बंद

हो चुके हैं, केरल के मछुआरों के रोजगार बंद हो गए हैं, बंगाल की जूट मिल बंद हो चुकी हैं, देश में एक-एक कर्मचारी बेरोजगार हो गया है। आपने फॉरेन इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन बोर्ड हटा दिया, इसे हटाना ही था क्योंकि अगर पिछले वर्ष के आखिरी तीन माह देखते 80 हजार करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट चुटकी भर में यहां से वापस अपने देश लेकर चले गए।

दिहाड़ी मजदूर की बात करें, श्रमेव जयते की बात की जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मनरेगा कांग्रेस की विफलता का जीता जागता स्मारक है, वहीं मनरेगा आपकी नोटबंदी का जीता जागता स्मारक बन चुका है। 60 प्रतिशत रोजगार में वृद्धि केवल मनरेगा के माध्यम से मिला है।

" बिगड़ी बात बने नहीं लाख करो किन कोए रहिमन फाटे
दुध को मथे न माखन होए " ।

आप कैसलेस की बात करते हैं, एटीएम मशीन की बात करते हैं, दो लाख एटीएम मशीन इस देश में है जहां चालीस प्रतिशत भी नहीं चलते, 74 प्रतिशत इंटरनेट इस देश में नहीं है, आप एटीएम की बात करते हैं एनी टाइम मनी नहीं है, एटीएम आएगा तभी मिलेगा। आज यही वास्तविकता हो गयी है। अभिभाषण में कहा गया 'सहानभवतु सहानभुनतु सर्व रक्षा सर्व पोषण' लेकिन वास्तविकता है कि यहां सरकार का आत्मरक्षा और आत्मपोषण। गांधी जी और बाबा साहेब अम्बेडकर का नाम लिया जाता है। वास्तविकता में यह साम्प्रदायिकता और सूटबूट की सरकार है। लाल बहादुर शास्त्री, जिन्होंने कहा था, जय जवान, जय किसान, कांग्रेस कहती है कि जवान की जय हो, किसान की जय हो और यह सरकार कहती है कि इस देश में भय हो।  यह अंतर है। गांधी जी को आपने डायरी से हटा दिया, कैलेंडर से हटा दिया लेकिन 125 करोड़ जनता के दिल से गांधी जी को नहीं हटा पाएंगे। आपने देश में साम्प्रदायिक माहौल तय कर दिया, साम्प्रदायिकता से धार्मिक ध्रुवीकरण का माहौल तय कर रहे हैं। यूपी का चुनाव आता है तो देश आगे बढ़ रहा है, यह भूल जाते हैं, राम मंदिर और ट्रिपल तलाक का मामला निकलता है। वास्तविकता है कि चुनाव का समय आता है तो भाजपा टेबल को थपथपाते हुए कहती है कि कसम गीता की हम मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे।

अध्यक्ष जी, दलितों की बात की जाती है, 125वीं वर्षगांठ का स्पेशल सेशन रखा गया, लेकिन ...*के लोग चाहे वह ...* कहते हैं आरक्षण समाप्त होना चाहिए।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** रिकार्ड में नाम नहीं जाएगा।

...(व्यवधान)

---

* Not recorded.

**श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया:** ये स्टैंड अप इंडिया की बात कहते हैं। ये दलित मुक्त भारत चाहते हैं, किसान मुक्त भारत चाहते हैं, नौजवान मुक्त भारत चाहते हैं, हम यह नहीं होने देंगे।

अंत में, मैं कहना चाहता हूं कि अगर आप विरासत छोड़ना चाहते हैं, असहिष्णुता की विरासत छोड़ना चाहते हैं, साम्प्रदायिकता की विरासत छोड़ना चाहते हैं, अर्थव्यवस्था की बर्बादी हम नहीं होने देंगे। 11मार्च को दूध का दूध और पानी का पानी होगा। पांच राज्यों की जनता आपको ठोस जवाब देगी। याद रखना, जनता माफ नहीं करेगी।

देश में स्वतंत्रता की शाम नहीं होने देंगे,
जवानों की कुर्बानी बदनाम नहीं होने देंगे।
बची हो जो एक बूंद भी लहू की,
तब तक लोकतंत्र का आंचल नीलाम नहीं होने देंगे।

*[*] **श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत)**: राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण में भारत वर्ष की जनता की आशा आकांक्षाओं को प्रतिबिम्बित किया गया है। साथ ही उनके सपनों को साकार करने के लिए भारत सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां एवं प्रतिबद्धता का दर्शन होता है।

इस अभिभाषण के मुख्य बिन्दु को एक वाक्य में कहें तो पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानव दर्शन एवं अंत्योदय का कल्याण साथ ही साथ गरीब, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित, किसान, श्रमिक, महिला, युवाओं को समुचित अवसर प्रदान करना और उन सबके माध्यम से भारतमाता को विश्व गुरु बनाना इंगित होता है।

मैं सरकार का बजट समय एवं तारीख बदलने पर भी अभिनन्दन करती हूं क्योंकि अप्रैल महीने के पहले बजट की प्रक्रिया पूर्ण होने से बजट की सुविधाएं देश के लोगो को लाभान्वित कर पाएंगी। आजादी के इतने सालों बाद देश की करीब 126 करोड़ से अधिक जन-धन खातों का खुलना जनता का सरकार के ऊपर विश्वास एवं राष्ट्र के मुख्य प्रवाह मे सबके साथ चलने की आकांक्षा को दर्शाता है। 20 करोड़ से अधिक रूपे डेबिड कार्ड जारी करना, 13 करोड़ गरीबों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पहुंचाना, डाक सेवाओं को बैंकिंग सेवाओं में परिवर्तित करना, ढाई लाख ग्राम सेवकों को इस सेवा में साथ जोड़ना इस बात का प्रमाण है कि यह सरकार वास्तव में गरीबी नाबूदी की दिशा में सिर्फ सोचती ही नहीं अपितु जमीनी कार्यवाही कर रही है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 2 लाख करोड़ रुपए के 5/6 करोड़ ऋण उपलब्ध कराए गए। जिस में 17 प्रतिशत लाभ महिलाओं द्वारा उठाया गया है, एक महिला सांसद होने के नाते मैं सरकार की इस बड़ी उपलब्धि के लिए प्रशंसा करती हूं। आजादी के इतने सालों बाद भी देश में सभी को आवास देने में एनडीए सरकार को छोड़ के अन्य सरकारें उदासीन रही यह चित्र आम लोगों के सामने खड़ा हो रहा है क्योंकि आवास के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं को पूर्ण करने की जिम्मेदारी पिछली सरकार ने हमें विरासत में दी थी। माननीय श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में किफायती आवास से गरीबों को आश्रय मिला है। स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से स्वास्थ्यप्रद स्वच्छ निवास मिला, उज्ज्वला योजना के माध्यम से सुरक्षित ईंधन मिला। मैं यहां इंगित करना चाहूंगी की उज्ज्वला योजना में से 5 करोड़ कनेक्शन में से 37 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के परिवारों में से है। यह इस सरकार की सबका साथ सबका विकास एवं सामाजिक सुरक्षा का परिचायक है।

विशेषकर स्वास्थ्य क्षेत्र में इन्द्र धनुष मिशन, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के द्वारा अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सस्ती एवं अच्छी दवाइयां उपलब्ध करवाने की योजना स्वस्थ भारत बनाने

---

[*] Speech was laid on the Table

की ओर बढ़ते कदमों को बल देनेवाली है। फसल बीमा योजना के माध्यम से सरकार द्वारा विगत वर्ष में किसान को कुदरत के कहर के सामने कम से कम नुकसान झेलना पड़े एवं किसान समृद्ध बने इस दिशा में सरकार ने बहुत काम किया है। राष्ट्रीय कृषि बाजार, किसान क्रेडिट कार्ड, हर बूंद अधिक फसल एवं हर खेत को पानी और इन सबको जोड़ती प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का पिछले 2 साल के दौरान किसानों द्वारा उठाया गया लाभ इन योजनाओं की सफलता का प्रमाण है। एक तरह से माननीय श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया है। जिसको मैं सलाम करती हूं।

सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों के लिए आकाश छूने के अवसर प्रदान किए हैं। उतना ही नहीं तो सभी युवाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी सीमाओं को लांघने की ताकत का राष्ट्रीय पुनः निर्माण में व्यापक लाभ प्रदान करने के अवसर भी दिए हैं। प्रधानमंत्री कौशल योजना, राष्ट्रीय प्रशिक्षण योजना, रोजगार कार्यालयों को राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल में बदलना, आईटीआई के माध्यम से अलग-अलग प्रकार की शिक्षण व्यवस्था का संचार, 7 लाख विद्यार्थियों के लिए प्रधानमंत्री युवा योजना का आरम्भ, स्टार्टअप एवं स्टेन्डप योजना के माध्यम से ढाई लाख से अधिक अनुसूचित जाति एवं जनजातियों और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना साथ ही साथ राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति हब के माध्यम से 490 करोड़ का प्रारम्भिक आवंटन इस देश के युवाओं को बेरोजगारी की छाया से बाहर निकलने के अवसर प्रदान करेगा।

आज तक देश के कई गांव ऐसे हैं जहां इतने सालों सत्ता संभालने वाली पार्टियां बिजली भी नहीं पहुंचा पाई थी। उसे पूरा करने का बीडा इस सरकार ने उठाया है एवं निष्ठा एवं प्रमाणिकता से काम करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त शासन व्यवस्था का परिचय देने के साथ अगले कुछ ही सालों में यह संख्या शून्य पर लाने की कोशिश इस सरकार की रही है। तो विकास का महत्वपूर्ण काम ऐसे गांवों को रोड से जोड़ना ओर कनेक्टीविटी को बढ़ाना यह जिम्मेदारी भी पिछली सरकार द्वारा हमें विरासत में दी गई। जब हमने सत्ता संभाली थी तब रोजाना 2 किमी की रोड बनती थी आज यह सरकार रोजाना 135 किमी रोड बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है ओर कर्मठ नेतृत्व सक्षम टीम के बल पर पिछली सरकार द्वारा अल्पविकसित गांवों एवं शहरों का जो तानाबाना हमें मिला था। उसे हम विकसित, सुरक्षित, समृद्ध गांव एवं स्मार्ट शहरों की भारत की पहचान बनाने की दिशा में आगे कदम बढ़ा रहे हैं। आज धनवान को योग्य दिशा, युवाओं को योग्य अवसर, गरीब को योग्य सहायता के लिए हाथ बढ़ाना एवं महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराना, इस सरकार ने अपने कार्य कलापों से लोगों के मन में उनकी आकांक्षाओं की पूर्ति का भरोसा दिया है। इसलिए मैं पुनः एक बार मान्यवर राष्ट्रपति महोदय का उनके अभिभाषण के लिए आभार व्यक्त करती हूं।

*DR. THOKCHOM MEINYA (INNER MANIPUR): As usual, let me start with the fundamental NDA Government Mantra- Sabka Saath Sabka Vikas vis-a-vis the issues that are our immediate concern; demonetization; emerging trend of national intolerance; slowdown in economic growth; governance deficit; black money, corruption, terrorism; internal security and of course, international relations. The Presidential Address had hardly tried to address these issues in a sensible manner. To me, it appears that the Hon. President has not been given enough space for the same.

In a developing country like ours, where democracy is maturing, empowering our citizens should be the top priority. However, it appears that the present NDA Government does not try to put enough effort for this.

Whatever the present NDA Government has been doing in the last almost three years, I would very humbly state that this is nothing but a corollary to *"An important initiative of the UPA Government, the rollout of the Direct Benefits Transfer system". This would enable Government sponsored benefits to flow directly into the accounts of beneficiaries, who can access them using their Aadhaar number.*

This system will help cut down leakages, bring millions of persons into the financial system and lead to better targeting of beneficiaries. It will definitely be a trend setter in the use of modern technology to bring benefits to our poorest citizens, especially in rural India. We all know that India lives in villages.

There is no doubt that the toilets are constructed in our primary schools. However, there is no proper water supply and therefore, these toilets do perish an unnatural untimely death.

Instead, I urge upon the Union Government to provide a good school in every Indian villages. Good school requires good roads leading to the school, proper water and power supply over and above them, required qualified trained teachers and proper physical infrastructure of the school. I hope the Government

* Speech was laid on the Table

does understand it! It is only education that can meaningfully empower our citizens. By properly empowering the citizens, democracy will bear fruits in no time.

I would refer to the two Paragraphs Nos. 39 and 41 of the Address. In Para 39 of the Address, the Hon. President has stated:"Balanced and equitable development of all regions is vital to India's progress. Under its proactive "Act East" policy, my government is focusing on reducing the isolation of the Eastern region and North-east by improving connectivity through road, rail, air, teleco, power and waterways."

In Para 41, the Hon. President has praised the North Eastern States: "My Government sees the North Eastern States as the Ashtalakshmi that can take India to new heights. The North East is the gateways to South East Asia. We are opening up road and rail routes to our neighbouring countries to boost economic development of the region."

In Para 42 again, the Hon. President kindly states: "To ensure unhindered support and development of North Eastern States; my government is continuing with the special dispensation in the assistance pattern to the North eastern states, and is providing assistance in the ratio of 90:10 for core central schemes and 80:20 for non-core schemes to these states."

I am from this region - the North-eastern states. The above three statements I have quoted are very subjective and I would once again very respectfully state that it is a blatant lie. Why I say so is because the Imphal Silchar daily flight has not been restored for the last almost three years. The status of implementation of the Jiribam-Tupul-Imphal Rail-line is still not satisfactory at all, except for the laying of some foundation stones of some projects at the state capital, Imphal.

The Union Government has practically and absolutely failed to open the almost three month long economic blockade called by United Naga Council (UNC) on the two National Highways, Nos. 2 and 37, the only lifelines of Manipur. There has been an ongoing economic blockade at National Highways of

Manipur called by United Naga Council (UNC) since 1st November last year. People of the State are facing insurmountable hardships. The prices of essential commodities including petroleum products are sky-rocketing. Life-saving drugs are in acute shortage. The situation is still no better. Demonetization of Rs.1000 and Rs.500 Notes had worsened the situation.

The long-awaited tripartite talk of Union Government, State Government and UNC has been initiated on 3rd February and next round is slated on 7th February. State Assembly Election is also on the cards.

Economic blockade is not the right way; it has created hatred among us. Let us stop it. I urge upon UNC to immediately call off the economic blockage.

Also, I demand for the establishment of dedicated NHs Protection Security Forces to regulate 24x7 smooth flows of vehicles for passengers and goods on these NHs.

I strongly urge upon the Union Government to immediately intervene and help the State Government to mitigate the situation before it is too late.

The special dispensation in the assistance pattern to the North-eastern states has always been in the ratio of 90:10 in providing assistance for all schemes. Then why 90:10 for core central schemes and 80:20 for non-core schemes, this is discrimination to the region.

Law and order situation in that part of the country is still a matter of grave concern. In my State, the Armed Forces (Special) Powers Act (AFSPA), 1958 has been promulgated since 80's and here, Army is engaged in counter-insurgency operations under the Act. This Act provides immunity to the army from being tried without the prior permission of the Union Government. Under this Act, the state of Manipur has seen many orphans, widows, parents who do not know whereabouts of their missing children. Rapes, fake encounters, custodian killings are rampant.

Moreover, in my State Manipur, the Iron lady, Irom Sharmila who had undertaken an indefinite hunger strike - Satyagraha for long 16 years for repeal of

the Act since 2000, has learnt that in the largest democratic country of the world – India, the *Satyagraha* has failed her. She has now jumped into electoral politics to fight for the repeal of the draconian law. In spite of the recommendations of various committees, conferences, UN bodies to repeal the Act, the Government of India is still shy to repeal this draconian law.

However, the Government of Manipur has lifted AFSPA from the seven Assembly Constituencies under Imphal Municipality.

I am always for the immediate repeal of this AFSPA. Time has come for this draconian Act to go. I do very sincerely urge upon the Union government to repeal this Act immediately for the sake of humanity.

In para 63, the Hon. President has stated: "Over eleven hundred obsolete laws have been repealed and 400 more are in the process of being repealed; Legislations relating to Women, Divyang Jan, Labour, Apprentices, Factories, Benami Transactions, Aadhar and Real Estate, to mention a few- mirror my Government's guiding philosophy of Transparency, and Social Justice."

Here I would like to request the Union government, Ministry of Home Affairs in particular, to include in the list, laws relating to the violation of human rights which are also obsolete. On such legislation is the Armed Forces (Special) Powers Act (AFSPA), 1958. This law is a manifestation of the colonial law legislated way back in 1942. I once again urge the Union Government to immediately repeal this draconian law.

Lastly, I do sincerely wish that our relations with neighboring countries like Bhutan, Bangladesh, Maldives, Nepal and Sri Lanka would continue to grow from strength to strength and particularly relations with Myanmar through our Look-East Policy (now Act East Policy) should be able to catalyze it.

Finally, the claims made by this Government are on the contrary and the commitments made are in the vacuum. However, in the best established tradition of parliamentary democracy, I do support the Motion.

*श्री राकेश सिंह (जबलपुर)ः मंगलवार को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने अपने अभिभाषण में भारतीय संस्कृति की विविधता का उल्लेख करते हुए सिखगुरु गोबिन्द सिंह, संत दार्शनिक रामानुजाचार्य को याद किया, राष्ट्रपति ने चम्पारण सत्याग्रह के शताब्दी वर्ष की बात कहते हुए सत्याग्रह को हमारी जनशक्ति बताया, इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंन्त्री श्री नरेन्द्र जी मोदी के नेतृत्व में भाजपा व मित्र दलों की सरकार व्यापक कार्य कर रही है, हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मन्त्र के साथ सुखद परिणाम लिए आगे बढ़ रही है, किसानों, गरीबों, महिलाओ, बच्चों, उपेक्षित व शोषित वर्ग के साथ समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं, आम आदमी की सरकार है, हमारी सरकार इन सबके उत्थान के प्रति कटिबद्ध है।

मुझे युवा काल में गाए गए एक गीत की कुछ पंक्तियां स्मरण हो रही हैं

पथ का अन्तिम लक्ष्य नहीं है
सिंहासन चढ़ते जाना।
सब समाज को लिए साथ में
आगे है बढ़ते जाना।।
इतना आगे इतना आगे
जिसका कोई छोर नहीं
जहाँ पूर्णता मर्यादा हो
सीमाओं की डोर नहीं
सभी दिशाएं मिल जाती हैं
उस अनन्त नभ को पाना
सब समाज को लिए साथ में
आगे है बढ़ते जाना

इसी भावना के साथ कदम बढ़ाते हुए हमारी सरकार ने पहली बार समाज के ऐसे तबके को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित करते हुए सर्वोच्च शिखर पर लाने का प्रयास किया है, जो अपने कार्यों से लोगों में अमिट छाप छोड़ने के बावजूद चर्चाओं से दूर रहते हैं। समाज में मौजूद ऐसे हीरों को आगे लाकर प्रेरणा पुंज बनाने कार्य किया गया है। अब तक की सरकारें पद्मपुरस्कारों के लिए विशिष्ट व्यक्तियों को ही आगे लाती रही हैं। किन्तु माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने पहली बार सामाजिक क्षेत्रों में विविधता के

* Speech was laid on the Table

कार्य करते हुए मानवीय मूल्यों को जोड़ने वाले सामान्य लोगों को भी सम्मानित किया है। इससे न केवल समाज में सकारात्मक सोच का निर्माण होगा बल्कि अब लोगों में यह विश्वास भी पनपेगा की राष्ट्र के प्रति किए गए उनके इस तरह के कार्यों का मूल्यांकन होता है। इसी दिशा में प्रयास करते हुए हमारी सरकार ने इंदौर की डॉक्टर दादी के नाम से मशहूर इंदौर की 91 वर्षीय श्रीमती भक्ति यादव, एड्स के लिए जागरूकता फैलाने वाली स्वर्गीय सुनीति सोलोमन, 'द ट्री मैन' के रूप में प्रसिद्ध तेलंगाना के दारिपल्ली रामैया, कोलकाता के वॉलेंटियर बिपिन गनात्रा, 12,000 लोगों को देह व्यापारसे मुक्त कराने वाली अनुराधा कोइराला, वर्षों से मार्शल आर्ट्स, कलरीपायट्टू की कला का प्रसार करने वाली केरल की 76 वर्षीय मीनाक्षी अम्मा को पद्मश्री के लिए चुना गया, इस प्रकार के लोगों के सम्मान से समाज को दिशा मिलेगी साथ ही औरों को प्रेरणा भी मिलेगी।

आजादी के बाद से देश में अभी तक भी महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए कुछ विशेष प्रयास नहीं किए गए। आज भी हमारी गरीब मां-बहनें चिलचिलाती हुई धूप में भी और बरसात के दिनों में गीली लकड़ी के साथ, चूल्हे की आग पर भोजन बनाने का काम करती है। दमा, श्वास संबंधित अन्य बीमारियों के बाद भी चूल्हे के धुंए से आंखों एवं फेफड़ों को नुकसान पहुंचाते हुए परिवार को समय पर भोजन उपलब्ध करा रही हैं। पहली बार इनकी पीड़ा को इस सरकार ने समझा और उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब व असहाय परिवारों को रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने का काम किया।

इस निर्णय से गरीब, वंचित, शोषित व उपेक्षित परिवारों की महिलाएं न सिर्फ बीमारियों से छुटकारा पाएंगी बल्कि, समाज में बराबरी का अनुभव भी कर सकेंगी। भारत कृषि प्रधान देश है हमारा किसान खून पसीना बहाते हुए धूप बारिश के थपेड़ों विपदाओं को झेलते हुए अन्नदाता का फर्ज निभा रहा है, किन्तु किसानों को उनकी फसल की सुरक्षा का हमेशा भय बना रहता है। प्राकृतिक आपदा के भय से किसान स्वस्थ नहीं है। माननीय मोदी जी की सरकार ने हमेशा से किसानों का ध्यान रखा है। अब किसानों को उनकी फसल बुवाई से लेकर फसल काटने तक उसकी चिंता नहीं करनी होगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसान फसल काटने के कुछ दिन बाद तक अपनी फसल की सुरक्षा पा सकेंगे। किसानों की पीड़ा को हमारी सरकार ने बांटने का काम किया है। हाल ही में प्रस्तुत किए गए बजट में माननीय अर्थमंत्री जी ने भी इस फसल बीमा योजना में बीमाकृत राशि की सीमा बढ़ा दी है। माननीय प्रधानमंत्री जी किसानों के लिए नाबार्ड के अंतर्गत सिंचाई कोष में रकम दोगुनी करते हुए कुल निधि को 40 हजार करोड़ कर दिया है। माननीय मोदी जी की सरकार किसानों की सरकार है। किसानों के उत्थान को ध्यान में रखते हुए ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार, किसानों को सस्ता ऋण उपलब्ध कराने, बीज और उर्वरकों की आपूर्ति, सिंचाई सुविधाओं को बेहतर बनाने, व्यापक जोखिम सुरक्षा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आदि बिन्दुओं पर

ध्यान दिया जा रहा है। एक ओर तो हम नारी सर्वत्र पूज्यते की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर बेटियों को सुन्दर विश्व में आने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। देश में तेजी से गिर रहे लिंगानुपात पर पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने दूरगामी सोच का परिचय देते हुए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का शुभारम्भ किया। इस योजना के क्रियान्वयन से लिंगानुपात के देश भर में अच्छे परिणाम सामने आए हैं। इतना ही नहीं बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सरकार की ओर से सुकन्या समृद्धि योजना प्रारम्भ करते हुए एक करोड़ से भी अधिक खाते खोले गए।

देश में मातृ मृत्युदर, कुपोषण को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने व्यापक कदम उठाए हैं। ग्रामीण इलाकों में आहार व उपचार के अभाव में गरीब, जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं का पोषण नहीं हो पाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस कल्याणकारी योजना को लागू करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि हमारी सरकार गरीबों, वंचितों, आम आदमी की सरकार है। गर्भवती महिलाओं का ध्यान रखते हुए अब देश में 650 से ज्यादा जिलों में सरकार गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में पंजीकरण और डिलीवरी, टीकाकरण और पौष्टिक आहार के लिए 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद करेगी। यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि हमारे प्रधानमंत्री जी ने देश की सुरक्षा कर रहे जवानों का हौसला बढ़ाने का कार्य किया है। भाई नरेन्द्र मोदी जी के रूप में हमें ऐसे प्रधानमंत्री मिले हैं जो पहले से ही वर्ष 2001 से दिवाली के अवसर पर प्रत्येक वर्ष सशस्त्र बलों के जवानों के पास जाते रहे हैं। देश में पहली बार 68वें गंणतन्त्र दिवस पर सर्जिकल स्ट्राइक के जाबाज वीर जवानों को सम्मानित किया गया है। इस सराहनीय कदम से जवानों में देश के प्रति जज्बा तो बढ़ेगा ही, साथ ही साथ जवानों में इस विश्वास का निर्माण हुआ है कि उनके पीछे दृढ़ निश्चय वाले प्रधानमंत्री जी खड़े हैं। देश की सुरक्षा में अपना सबकुछ दांव पर लगा कर हमारी सुरक्षा कर रहे इन साहसी जवानों के इस मजबूत विश्वास का ही नतीजा है कि हमारे जवानो ने दुश्मन के घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया। हमारी इसी ताकत का आज विश्व में लोहा माना जा रहा है। ऐसे अदम्य साहसी वीरों के कार्य को नमन करते हुए मुझे माखनलाल चतुर्वेदी जी की पंक्तियां याद आ रही हैं-

चाह नहीं, मैं सुरबाला के
गहनों में गूंथा जाऊं,
चाह नहीं प्रेमी-माला में बिंध
प्यारी को ललचाऊं,
चाह नहीं सम्राटों के शव पर
हे हरि डाला जाऊं,

चाह नहीं देवों के सिर पर
चढ़ूं भाग्य पर इठलाऊं,
मुझे तोड़ लेना बनमाली,
उस पथ पर देना तुम फेंक!
मातृ-भूमि पर शीश-चढ़ाने,
जिस पथ पर जावें वीर अनेक।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने पहली बार शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के लिए विकलांग शब्द का प्रयोग हटा कर उन्हें दिव्यांग संबोधित किया। एक दिव्यांग शब्द मात्र से ऐसे लोगों में उपेक्षा का भाव खत्म होते हुए स्वाभिमान जाग्रत हुआ है। हमारी सरकार दिव्यांग जनों के लिए सहायता शिवरों के माध्यम से उन्हें लाभान्वित कर रही है। सरकारी नौकरियों में दिव्यांग जनों के लिए आरक्षण को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत किया गया है। दिव्यांग जनों के लिए निरामय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत एक लाख रुपए तक की स्वास्थ्य बीमा योजना का प्रावधान भी किया गया है।

देश में आज कालेधन के रूप में जो दीमक जड़ों को खोखला करने का काम कर रही है उसके खात्मे के लिए प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने प्रारम्भ से एक के बाद एक साहसिक कदम उठाए हैं। इस दिशा में सबसे साहसिक और महत्वपूर्ण कदम है एक हजार और पांच सौ के नोटों का विमुद्रीकरण करना। आज हम कह सकते हैं कि इस निर्णय के कारण 12.4 लाख करोड़ रुपए की यह राशि बैंकों में आ गई जो इस देश के विकास कार्यों में उपयोग होने वाली है। यह देश की पहली ऐसी सरकार है जिसने देश के वीर सैनिकों के सम्मान में वन रैंक वन पेंशन का विषय जो वर्षों से रुका था उसे न सिर्फ पारित किया बल्कि उस पर अमल भी प्रारम्भ कर दिया। भविष्य में देश में काले धन पर रोक लगे इसलिए विभिन्न योजनाओं व कदमों के माध्यम से डिजीटल इकानॉमी की ओर ले जाने की पहल भी इस सरकार ने की है।

आज हमें गर्व है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश न सिर्फ विकास तथा गरीबी उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ रहा है बल्कि पूरी दुनिया में आज हमारे देश को सम्मान की दृष्टि से देखा जाने लगा है और यह बस हो सकता है तो सिर्फ सरकार की अदम्य इच्छाशक्ति, दूर दृष्टि व संवेदनशीलता के कारण। मैं इस धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

*KUMARI SHOBHA KARANDLAJE (UDUPI CHIKMAGALUR): The Address of Hon. President deals with many aspects of India. Hon. President spoke on range of issues including demonetization, women safety and Government policies. I am very happy to note that India is making progress. There is no doubt about it. This is a historic (Budget) Session heralding the advancement of the budget cycle and the merger of General budget with Rail budget for the first time.

One of the achievements of the Government was India's surgical strikes in POK, conducted as retribution for the terror attack in Uri, Jammu and Kashmir. Our government is committed to combating terrorism and ensuring perpetrators of these acts are brought to justice.

I commend the country's citizenry. The resilience and forbearance demonstrated by our countrymen recently in fight against black money and corruption is remarkable. I defend the demonetization drive. It may have led to "temporary" slowdown in the economy, while immobilizing black money and fighting corruption. Cashless transactions, the thrust of the Government's aim is to decimate black money and corruption. Our Government believes that one way to ensure corruption-free politics is to hold elections to Parliament and all State Assemblies simultaneously. The proposal of simultaneous polls needs to be debated as a move towards eradication of money power in elections.

Our Government is committed to improving the quality of life of the poor. Financial inclusion is the key to poverty alleviation. I hail the Government's flagship initiatives. These were designed to promote well-being of society. Some of them are: ‘Swachh Bharat Mission’ for a clean India, MGNREGA for employment generation, Aadhaar for direct transfer of benefits, Digital India for creating a knowledge economy, Start-up India and Atal Innovation Mission for fostering new-age entrepreneurship and Skill India initiative for skilling 300 million youth by 2022.

---

* Speech was laid on the Table

Our Government has taken several initiatives to provide healthcare to all, including an immunization program that helped 55 lakh children, basically to make it affordable for the poor sections of the society. "Pradhan Mantri Jan Aushadhi Scheme", a government initiative has helped healthcare and medicines reach the poorest section of the society. Initiatives like "Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyan", will assure that pregnant women are well taken care of. Under this Scheme, pregnant women on the ninth of every month will get fixed-day assured, comprehensive and quality antenatal care.

The Government is making 'Nari Shakti' an integral part of country's development journey. Ace athletes like PV Sindhu, Sakshi Malik and Deepa Karmakar illustrate strength of India's women. They deserve equal opportunities. P.V. Sindhu became India's first shuttler to win a Silver medal at the biggest sporting extravaganza. Sakshi, on the other hand, became India's first women wrestler to win a medal at an Olympic event. Despite not winning a medal at Rio, Dipa became the toast of the nation overnight with her breathtaking performance at Gymnastics in Rio.

I would like to share that it is a metamorphosis of India happening now. NDA Government is the first to recognize the strengths of the common man. Common people getting Padma awards this year is another example. The contribution, quality, accomplishment of common people is being celebrated and it is now being talked about. They are given the highest honour. Meenakshi Amma is 76 year-old from Kerala. Right from the age of 16, she is teaching Kalaripayattu, the famous martial arts of Kerala. For 68 years she is doing that job. Our Prime Minister has given Padma Shri to this great achiever of Kerala. This is the Government, "Ek Bharat Shreshtha Bharat"; "Sabka Saath Sabka Vikaas". The transformational initiatives taken by Narendra Modi Government are banking the unbanked, number one; funding the unfunded, number two; securing the unsecured, number three; pensioning the unpensioned, number four.

Various initiatives and programmes undertaken by this Government are helping the transformation of India to become stronger, vibrant and corruption-free country in the world. India has set an example in many fields for the rest of the world and 177 countries adopting 21$^{st}$ of June every year as International Yoga Day is a glaring example of this.

Our manufacturing has gone high. India is home to the biggest number of FDIs in the recent years. Today, India has scaled great heights in 'Ease of Doing Business'. Indian growth story in the coming two to three years is going to be 6.5 per cent to 7.5 per cent to 8.5 per cent. We need money; we need to enlarge the tax base of India.

Digital India, Make in India, Skill India, Start-up India, and Stand-up India are all transformational programmes designed to make India an empowered society. India is becoming the biggest, fastest, start-up country in the world, even leaving China behind.

The indigenously developed BHIM (Bharat Interface for Money) will enable fast and secure cashless transactions using mobile phones. The launch of mobile app BHIM is a tribute to the vision of Dr. Bhimrao Ambedkar who sought economic empowerment of the poorest. Within a few days, it has become one of the most popular mobile app based payment mechanisms in the country. Soon-to-be unveiled biometric Aadhaar payment system will usher in a "technological revolution" in India. Biometric Aadhaar payment system will enable people to make and receive payments using their Aadhaar number and biometrics. Besides, Digidhan Abhiyaan and two lakh Common Service Centres are providing employment to over five lakh youth, and spreading digital literacy. To take banking system to the doorstep of the poor and the unbanked, Indian Postal Payment Bank has been started. Digital governance is good governance; digital delivery is faster delivery.

I think demonetization was a very great audacious step forward. It was a step forward because it did what no one else was willing to do. It took the plunge.

I think it calls for certain strength of leadership to be able to do something when you realize what the formidable challenges are. Our Government has taken several measures to make India transparent and free from black money. Demonetization process to ban the high value currency notes was supported by the people.

If we have to make India ethical, if we have to take Swachh Bharat out of the physical thing and make it a part of our spirit, I think a lot of uncomfortable decisions will have to be taken, which, sometimes, may involve suffering.

Our Government, through the Stand-Up India initiative, plans to empower over 2.5 lakh Scheduled Castes, Scheduled Tribes and women entrepreneurs. I sincerely thank the Hon. PM for this initiative.

There is some accountability now, only then good governance happen. Good governance is not a slogan, good governance has to be a part of our experience. We are trying through all our efforts to bring good governance at the experiential level. I think, this government is convinced that that is our objective, that is our aim and, therefore, this Government, after so many decades, has brought a robust sense of purpose to the very process of democratic governance which is the most important contribution of this Government.

I think what we see today is a Government which is there with energy, with direction, with a sense of newness and with a sense of audacity. What it now requires to complement is additional capacity to be able to deliver that.

I express my support for the Motion of Thanks on the President's Address.

*SHRI P. KARUNAKARAN (KASARGOD): We are well aware of the fact that President's Address is really the policy of the NDA Government. Most of the suggestions and declarations have already come in the speech made by Prime Minister and other Ministers.

Hon. President has glorified the decision taken by the Government with regard to demonetization. He has not touched on the negative side of the decision which majority of the people are facing. Prime Minister in his speech earlier said that the objective of demonetization is to curb black money and fake notes. It was completely a wrong decision that 86 per cent of the total money circulation has become invalid as a result of demonetization. The banning of Rs.500 and 1000 notes have created much hardship to the common people, including working class, traders, peasants, fisherman, working women and other sections also.

The economic survey itself has made it clear that growth rate is going to decline from 7.5 per cent to 6.5 per cent. The construction work has completely stopped throughout the country and as a result, unemployment has increased. About 115 have died in front of bank counters and ATM Machines. But President is fully silent on this burning issue.

Agriculture is another most important sector which has been badly affected due to demonetization. Five states are severely experiencing the drought situation. Hon. President has not made any reference to this issue. Unemployment is another sector of which there is no mention at all. No scheme is included to check unemployment.

Hon. President has claimed that there is good allocation to various ministries. But figures in various sectors such as agriculture, MNREGA, education, SC/ST, drinking water, PMGRY, Anganwadi, Children's welfare, etc. are given very nominal allocation compared to last year.

The Government speaks about cooperative federalism but many of the states are facing serious financial crisis. It is only having healthier states, the

* Speech was laid on the Table

Center will also be healthy. The GST Bill is also not finalized till now. So the states are facing difficulties to frame their annual budgets.

This may be the first time that there is no railway budget and it is merged with the general budget. For the last 92 years, there was such a serious discussion but in the budget speech only 3 or 4 minutes the Finance Minister has said about Indian Railway. How is it possible for the members to participate in the railway discussion and give their suggestions?

There are a number of new developments witnessed in the international sphere. The resent election of American President is the best example and what would be our approach towards this President is really a question.

For the last 30 months of BJP Government, there is deviation from our national policy, which put stress on communal harmony. Since we have a large number of religions, casts, sub castes, languages, we should stress in this complexity of this nature. BJP Government is trying communalize the citation in various sectors. So this has to be highly condemned and corrective steps needed to be taken.

I have submitted amendments and suggestions in the President's Address, while expressing my differing views. Any way, we have to agree to Motion on the President’s Address.

SHRI PRALHAD JOSHI (DHARWAD): Madam, thank you for the opportunity. His Excellency, the President has delivered the speech to the Joint Session of Parliament. He has narrated the success story of Shri Narendra Modi *ji'*s Government. He has also outlined as to what the Government to achieve in the next two and a half years. the last speaker from the Congress Party, Shri Scindia *ji* was referring to about Kashmir problem and misquoted the Prime Minister. He said about the surgical strike. I would like to remind him that if at all today Kashmir problem is existing in the world and India, it is because of the wrong policies of the Congress and these people who took it to the United Nations Organisations. When our soldiers went up to Lahore, these people stopped them because of which Pakistan occupied Kashmir has become a serious problem due to the wrong policies of the Congress Party. Now, they are talking ….

**श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया:** पाकिस्तान की धरती थी या भारत की धरती थी?…(व्यवधान)

**श्री प्रहलाद जोशी :** एक राष्ट्र में दो निशान, दो विधान नहीं चलेगा। अगर यह मूवमेंट किसी ने चलाया है तो डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी ने चलाया। By that the permit *raj,* which was existing in Kashmir was discontinued because of Shyama Prasad Mukherjee. पाक आक्यूपाइड कश्मीर, यह आपके पाप का फल है…(व्यवधान)

**श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया:** पाकिस्तान की धरती थी या भारत की धरती थी?

**श्री प्रहलाद जोशी :** आप मिस कोट कर रहे हैं। पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर कहा है। आपने पाक एडमिनिस्टर कश्मीर बोला था और अभी आप बात कर रहे हैं। पी.ओ.के. की प्राब्लम आपके पाप का फल है, आप यह याद रखिए।…(व्यवधान)

The President has entirely narrated and explained a number of new initiatives taken by the Narendra Modi *ji'*s Government. Every alternate month a new scheme or new initiative are being introduced - From Deen Dayal *Antyodaya Yojana* to *Ujwala* Scheme. Many schemes and initiatives have also been implemented.

I would like to tell one simple thing. Khargeji is sitting here. In the last 60 years of their rule, people did not get cooking gas connection. That was made

luxurious and only during Atalji's time that was eased out. Even when they came back in 2004, then also there was a restriction on LPG connections. Today under the leadership of Shri Narendra Modi, we are distributing five crore cooking gas connections to each and every household and these people till 1996, they just distributed seven crore cooking gas connections in 50 years. Now Narendra Modiji has said that the entire country will have smokeless kitchens.

Madam, I will quote my own example here. In 1976 my father registered for a gas connection in Hubli, Karnataka and we got the gas connection in 1990. On that day when I came back from the Law College in the evening, my mother called all the neighbourhood women for a tea party and for distributing sweet. I asked my mother, 'why have you called all these people today?' My mother said, आज हमारे घर में गैस आ गयी है, एल.पी.जी. आ गयी है। That was the situation. Today every person is getting gas connection without deposit and gas stove on the basis of EMI.

हाउसिंग सैक्टर में इन्होंने पिछले दस सालों में क्या किया है? In the housing sector, nearly 13.47 lakh houses for the poor have been constructed in the last 1 ½ years. This is more than what the UPA had provided in its two consecutive terms. The UPA gave assistance of Rs. 17,405 crore in 10 years, but in two years, Narendra Modi-led Government gave Rs. 21,337 crore in the last two years for this purpose. Let us understand it.

On fertilizers – Ananthkumarji is sitting here – neem coated fertilizers was advised by experts. These people slept on that. They could not take a decision because कालाबाजारी से इनका फायदा होता था, इसीलिए they kept silent. As soon as Ananthkumarji came, under the guidance of Narendra Modiji, the neem coated area has been introduced in the entire country and nowhere in the last 2 ½ years there has been a *lathicharge* for either urea or any other fertilizer. This is the track record.

I can speak about energy. We are going to become energy surplus today.

As far as highways are concerned, these people were constructing 2 kms. per day. We have made it 30 kms. per day, our target is 30 kms. per day. Contractors were not ready to work under their regime because their intentions were different, their intentions were not good. लेकिन आज के प्रधान मंत्री और नितिन गडकरी का कोई स्वार्थ नहीं है। हमने कांट्रैक्ट दिया, तो हमें कितना मिलता है, ऐसी उनकी सोच नहीं है। इसलिए पूरे देश में आज रास्तों की क्रांति हो रही है।

Coming to quality roads in rural areas, they were constructing 70 kms. per day and we are constructing 133 kms. per day.

Madam, I can quote many such things. But due to paucity of time I am not quoting all those things. खड़गे साहब, कृपया आप बैठ जाइये। ...(व्यवधान) हमने आपका पूरा भाषण सुना है।

His Excellency the President has stated in paragraph 55 in his Address:

> "To combat the evils of black-money, corruption, counterfeit currency and terror financing, my government took the decision on 8th November, 2016 to demonetize old five hundred and one thousand rupee currency notes."

This is what the hon. President has said. But you people are opposing it. Why? It is because your track record is like that. If our Government is introducing a new scheme after every two months under the leadership of Narendra Modiji, after every two months you were introducing a new scam.

इतनी ही चर्चा चलती थी। उस टाइम यही चर्चा चलती थी कि कितने पैसे गए। आज राहुल गांधी जी को पूछना पड़ रहा है कि कितना आया-कितना आया।...(व्यवधान) This is the difference of this Government.

Madam, how they are functioning in Karnataka… (*Interruptions*) I will tell about Bellary also, please wait… (*Interruptions*)

In Karnataka, one of their Ministers, in Gokak, Belgaum District, in the Constituency of Suresh Angadiji, was raided. The house of the Women Wing Chief of the Karnataka Congress Party was also raided. All their premises were raided. Do you know, Madam, after demonetization, Rs. 160 crore worth wealth

was confiscated? A few hundred crores of the new currency of Rs. 2000 were there in his Minister's house. But so far these people, including Khargeji, I am telling, do not have the guts to ask for his resignation. It is because उधर तो उनका एड्रेस ही नहीं बचता है।...(व्यवधान)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Sit down… (*Interruptions*)

Madam, he cannot make allegations against a Minister.

SHRI PRALHAD JOSHI: I am not making any allegation. This is what has come… (*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: If you have the guts, do it… (*Interruptions*) Do not blackmail… (*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: We are not blackmailing; and there is nothing to blackmail… (*Interruptions*) The undisclosed assets worth over Rs 160 crore and Rs 46 lakh cash in new currency were recovered in their houses… (*Interruptions*)

Then, Madam, two officers of the Congress Government, who are very close aides of... * the Chief Minister of Karnataka, immediately after the demonetization, were caught… (*Interruptions*)

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): What about ... *

SHRI PRALHAD JOSHI: How much money did they have, Madam? In the houses of the two officers, after the IT and ED raids, Rs. 150 crore worth wealth was seized including Rs. 7 crore in new currency. One officer was appointed in the most sensitive and crucial post because of ... *

One of the officers – I am quoting his name because it has come in the report -- Mr. Jayachandra admitted that this money was to be shared with the Minister and the Chief Minister… (*Interruptions*) It is a shame on their part… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Do not take anybody's name, who cannot defend himself.

… (*Interruptions*)

---

* Expunged as ordered by the Chair.

HON. SPEAKER: No names will be there in the records. These names will be expunged.

… (*Interruptions*)

**श्री प्रह्लाद जोशी:** खड़गे जी, आपने अपनी बात कही है, हमने दो घण्टे तक आपको सुना है, अब आप मेरी बात सुनिए। ...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** सुनेंगे, आप यहां की बात बोलिए, वहां की बात क्यों बोल रहे हैं? क्या असेम्बली में वहां आपके लोग नहीं हैं। वहां उनको बोलने दीजिए।...(व्यवधान)

SHRI PRALHAD JOSHI: Madam, one Mr. Jayachandra, who is a Chief Engineer, admitted that this money was to be shared with some of the Ministers and the Chief Minister. He said: "My son is responsible for it ." Madam, his son is not responsible for this, but the Chief Minister of Karnataka is responsible for it… (*Interruptions*) Now, they are talking about corruption!

Madam, I can quote many examples… (*Interruptions*)

SHRI ANANTHKUMAR: Madam, all and sundry things he had spoken.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: No, no.

SHRI ANANTHKUMAR: When I cited Rule 352 and 353, he said that they are not applicable; nothing is substantiated, nothing is authenticated whereas what Pralhad Joshi is speaking, everything is substantiated. He is telling the truth.

HON. SPEAKER: I think, the names should not be taken.

SHRI PRALHAD JOSHI: Madam, why it is paining them, there is a simple reason… (*Interruptions*) I told about two officers. Before that, one Superintendent Engineer was traveling from my Constituency Dharward to Bengaluru, and he was caught and a few lakhs of rupees were seized. When enquired, not before the CBI, but in front of the Lokayukta officials, he said: "I am carrying this money to handover it to a Minister." This is what is happening there.

SHRI KODIKUNNIL SURESH: Madam, what is this?… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: He is not taking any name.

SHRI PRALHAD JOSHI: Police officers' auction is taking place in Karnataka. This is what is happening there… (*Interruptions*)

Madam, why are they opposing demonetization?… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I will see to it.

… (*Interruptions*)

**श्री अनन्तकुमार :** खड़गे जी, आपने डिमॉनेटाइजेशन के बारे में कई उदाहरण दिए, गांव का उदाहरण दिया, अन्य कई इलाकों के उदाहरण दिए, उसी तरह से प्रह्लाद जोशी जी भी डिमॉनेटाइजेशन के उदाहरण दे रहे हैं।

SHRI PRALHAD JOSHI: Why are they opposing demonetization?… (*Interruptions*) यह लोग क्या बात करते हैं?...(व्यवधान) But, what has happened? Madam, 58 per cent of the wealth of this country is held by one per cent of the people; 80 per cent of the wealth is held by 10 per cent of the people. And, 25 per cent of the people of the country are having negative wealth which means they do not have any wealth but they are under debt; they have availed loan. This is the situation. That is why our Prime Minister took a holistic view. … (*Interruptions*) Not only demonetization, even the Benami Act which they introduced during Rajiv Gandhi's tenure, वर्ष 1988 से आज तक उसका इम्प्लिमेंटेशन नहीं हुआ था, हमारे नेता नरेन्द्र मोदी जी, उसे इम्प्लिमेंट करने के लिए सशक्त हैं, उनके बहुत फ्रेन्ड्स के पीछे पड़ रहे हैं, इसलिए उनको दुःख हो रहा है, समस्या यह है।...(व्यवधान) वे बोल रहे हैं, हमारी सूट-बूट की सरकार।...(व्यवधान)

आप यह रिपोर्ट देखिए। This is not my report. It says, corporate bailout in UPA tenure 36.5 trillion, that is 36 lakh crore rupees, in the way of the revenue foregone, in the way of excise foregone and in the way of corporate income tax. When the platinum and gold were purchased, at that time, this tax was exempted and it was waived off. They have waived off 36 lakh crore rupees in 10 years. क्या इसे समाजवाद कहते हैं, सोशलिज्म कहते हैं, 80 per cent of the people today cannot spend more than 20 rupees a day. This is what Arjun Sengupta Committee, which was appointed by them, has shown. … (*Interruptions*) Now they are talking about socialism. Loans worth Rs. 1,85,000 crore were sanctioned and distributed to

Adani and Ambanis during the UPA Government. The collection back, that is repayment initiation, has begun when Modi came to power. …(*Interruptions*) and these people are talking about this. …(*Interruptions*) Mallya's loan was restructured after he became defaulter. … (*Interruptions*)

One Mr. Ramachandra Gowda is there in Karnataka. He used to quote one *sloka* and Ananthkumar *ji* used to repeat it many a time. He used to say one *sloka* in Sanskrit. This is interesting. संस्कृत में एक श्लोक है -

अश्वं नैवः, गजं नैवः व्याघ्रम नैव च
अजापुत्रं बलिम् ददया, देवो दुर्बलघातकः।

इसका अर्थ है कि आप अश्व की बलि नहीं दे सकते हैं, आप गज की बलि नहीं दे सकते हैं, बाघ की बलि देना संभव ही नहीं है, आप बकरी की बलि देते हैं। देव को भी दुर्बल ही प्रिय है।

इसे कांग्रेस के हिसाब से थोड़ा यह किया तो -

टाटा नैवः अम्बानी नैवः अडानी बिरला नैव च
दलित पुत्रं बलिम् ददया, कांग्रेसो दुर्बलघातकः

This is their slogan, Madam. Some people have suffered; we have never said 'No'. People have suffered during demonetization but they have accepted it. Wholeheartedly they have accepted it. … (*Interruptions*) Why are you disturbing me? … (*Interruptions*) That is my opinion. Why are you bothered?

HON. SPEAKER: Only Pralhad Joshi's statement will go on record.

… (*Interruptions*) … *

SHRI PRALHAD JOSHI: Madam, I am concluding. After demonetization, the Prime Minister said about digitalization. अभी सिंधिया जी ने कहा, खड़गे जी ने भी कहा कि इतने लोग गरीब हैं, इतने लोग अनपढ़ हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि आपने साठ साल तक सत्ता संभाली है। If more than 50 per cent of the people are under poverty-line and if more than 50 per cent of the people are illiterate, is it not your responsibility? How have you ruled this country? दिल्ली से दिल्ली तक आपका ही राज था।...(व्यवधान) वेणुगोपाल जी, कल अगर

* Not recorded.

मुझे संसदीय कार्य मंत्री बोलने का मौके देंगे, तब मैं नोटबंदी के बारे में पूरी तरह से चर्चा करूंगा। …(*Interruptions*) After demonetization, digitalization was introduced. The Prime Minister appealed to the people. What is wrong in doing that?

अध्यक्ष महोदया, संस्कृत में एक श्लोक है- गुणः पूजा स्थानम् गुणीषु नचलिंगम नचवः। इस श्लोक का मतलब है कि गुण का पूजा स्थान है। स्त्री कहते हैं, पुरुष कहते हैं या अल्प आयु कहते हैं या बालक कहते हैं, इससे फर्क नहीं है। गुण की पूजा स्थान है। The digital thing is a good thing. They should have supported it. मैडम आप इमेजिन कीजिए। Let them also imagine. After ten years or after twenty years, if it is completely digitalized, when you want to give bribe and if a person says I have no money, then, definitely, it is the technology which should be used to curb corruption. That is what the Prime Minister is telling us. Should they not support at least this? They are opposing, even that. इनके उपाध्यक्ष ने पे.टी.एम. के बारे में कहा। I do not want to say it in this House. I cannot go to his level. पे.टी.एम. को प्रधानमंत्री जी से जोड़ा। ... * and fix the PM was their slogan. That is why, ... * and fix the PM was their policy. … (*Interruptions*)

Lastly, having supported all these things and having said about them, I have got one small demand. Here, 2-3 hon. Ministers are sitting here, including Rudi Ji. I have a request. मैं खड़गे जी के डिस्ट्रिक्ट के बारे में बोल रहा हूं। गुलबर्गा में बीदर, यादगिरी डिस्ट्रिक्ट में तूर दाल बहुत होती है। इस दाल की एमएसपी के लिए किसान आए हैं और अनंत कुमार जी तथा येदुरप्पा जी के नेतृत्व में कल मंत्री जी को मिल रहे हैं। The farmers are growing the *tur dal* in large quantities. I appeal to all the Ministers who are sitting here to use their good offices and provide MSP. तूर दाल ज्यादा से ज्यादा गुलबर्गा डिस्ट्रिक्ट में ही होती है। तूर दाल के लिए एमएसपी देने के लिए हम सैंट्रल गवर्नमेंट से डिमांड करेंगे। With these words, I strongly support this Motion. This country is going forward under the leadership of Shri Narendra Modi. देश विदेश में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है, भारत का मान सम्मान बढ़ रहा है। चाहे सर्जिकल स्ट्राइक का उत्तर देने की बात हो, डिपलोमेसी का उत्तर देने की बात हो, हमने उत्तर दिया है। देश में बदलाव आ रहा है और अगर ऐसे ही बदलाव आता रहे तो अभी जो 44 की जो संख्या है,

* Not recorded.

वह सिर्फ 4 ही रह जाएगी, इसलिए इन्हें दर्द हो रहा है। खड़गे जी, ऐसा करने से काम नहीं चलेगा। आप अपने उपाध्यक्ष को ... * बात करने के लिए बोलिए, वही आपको ठीक करेगा। धन्यवाद।

* Not recorded.

[*]SHRIMATI KOTHAPALLI GEETHA (ARAKU): The idea of "*saha na vavatu, saha nau bhunaktu*- may we be protected together and blessed together - is a noble inspiration that has been guiding the government and has been leading the country towards prosperity. It is important we do realize the importance of "Jana Shakti", the people of the nation. Whatever the Government does, the important factor behind every policy should be the welfare and prosperity of every citizen of the country cutting across party lines, caste and creed.

The policies imitated by the Government have been towards curbing the black money, fake currency and the corruption, which are commendable and a step forward in creating a resurgent India. The Government also needs to take stringent steps to curb corrections from the roots and provide an accountable and transparent governance to the people of the nation.

The welfare activities that have been taken up by the Union Government are to cater to the vulnerable masses. Antyodaya philosophy is appreciated and will go a long way in poverty alleviation. The main and important problem that the country is facing is the poverty and only if this problem is addressed at the grass root level the country will achieve the targeted results. The financial inclusion "Jan Dhan to Jan Suraksha" will improve the quality of lives of the targeted sections of the society and will bring in a change in quality of living. It is commendable that 13 crore poor are covered under various social security schemes and I thank the Hon. Prime Minister and the Union Government for laying emphasis on upliftment of the poor and the downtrodden.

The steps taken by the Government to improvise of the rural infrastructure, affordable housing, health care, safe drinking water and sanitation are appreciated. Pradhan Mantri Mudra Yojana will ensure banking for the unfunded which is a great initiative providing 2 lakh crore rupees funding to the small businessmen. The initiative to provide shelter to everybody under Pradhan Mantri Aawas Yojana is a great cause. I also thank the union government for its initiative in

[*] Speech was laid on the Table

providing electrification to 11 thousand villages. Mission Indradanush, which has provided vaccination to 55 lakh children, is a great initiative. Under PM Ujjwala Yojana, free gas connections have been provided to 5 crore households which is a step forward towards the welfare of women. I request the Government to continue their support to develop the rural areas and villages which are the backbone of the country.

I sincerely thank the Government for their initiative towards women empowerment through various schemes like the 'Nari Shakthi' "Deen Dayal Antyodaya Yojana" and other schemes. As rightly said, an empowered woman is an asset to the nation if the skills and talents are optimally utilized. The initiative by the government to provide social security and education to girl child through ‘Beti Bachao- Beti Padhao’ and Sukanya Smaridhi Yojana are greatly commendable. The Maternity Benefit Act is a boon to every women and it also showcases the concern of Government towards every women and I thank the Government on behalf of every women for this wonderful Act in support of womanhood. I also wish we will pass the Women Reservation Bill during the 16th Parliament positively.

It is time we realize that it is also important to recognize that the greatest asset as well as a threat to the nation is the demographic dividend and if the energies of the youth are not properly channelized, the advantage may turn into a threat. The youth should be skilled and skill development needs more boost than ever. Employment generation should also be more emphasized. The Government should also work to provide for equal opportunities for the youth to blossom and also provide for training in creating sustainable livelihoods.

We fully agree with the Union Government that in spite of the best efforts we still have so many challenges facing the nation. Rural connectivity is one such issue which has to be addressed under war footing as the people in the villages are deprived of the minimum amenities even in the 21st century and after 70 years of independent India. Even today there are still 25 percent of the left over population

in the rural areas of India which have to experience a pinch of civilization. Many areas have no access to safe drinking water and minimum health amenities which is a major concern. I request the Government to come up with a specific proposal for upliftment of these villages which are far from the civilization as so to bring them to the regular stream. I fully support Government's suggestion of one country-one election.

I hereby also draw the kind attention of the Union Government towards the state of Andhra Pradesh which is newly formed after reorganization and is in deficit and urge to provide for additional allocations so as to enable development. With this, I convey my sincere gratitude to the Hon. President for his Address to the joint session of the Parliament of India.

*SHRI B.N. CHANDRAPPA (CHITRADURGA): Hon. President has started his Address by referring to the *Basant* season. In today's situation, when the country has been very badly hit due to demonetization and black money, how can we expect the *Basant* season to bring resurgence in the country when the people especially in the rural areas are very badly affected due to demonetization? I would like to say that this banning of the currency notes of Rs.500 and Rs.1000 denomination has really broken the back of the rural masses in the country. The Government has been saying right from day one that the money is being supplied through ATM and also the money can be withdrawn from the bank branches but the reality was and has been that the money was not available and even now it is available in a very small quantity. Because of this demonetization, our people have been put to lot of hardships as they had to stand in long queues for hours together to get a paltry sum of Rs.2000 and that too was not available after the long wait. Rural people were also made to leave their jobs to withdraw paltry sums of money for their livelihood. Do we call it *Basant*? It is actually nothing but making the people face the season of *Patzhad*.

Hon. President has mentioned that the 'Swachch Bharat Abhiyan' has been converted into a Jan Andolan. What is the ground reality in this regard? There is no doubt that a huge amount has been collected in the name of Swachch Bharat Mission cess and a portion of it has also been spent. What is the result? Even today, open defecation is continuing. Even today, there is no maintenance of toilets especially in schools. Even after more than one year, we have not been able to see the desired results in this regard.

I now come to the hardship faced by the poor farmers in the country. Thousands of farmers have committed suicide due to the burden of farm loan and crop failure and also due to natural calamities in many parts of the country, especially in the state of Karnataka. The cultivated area of my State is 122.67 lakh

---

* Speech was laid on the Table

hectares. I may bring to the notice of this Government that agricultural crops are cultivated more in rain fed condition as the irrigated area is very less in the State.

My Parliamentary Constituency, Chitradurga district is rich in historical heritage but it is economically backward. The average normal rainfall of the district is about 550 mm only. The district receives scanty and unevenly distributed rainfall.

Hon. President in his Address has indicated that the Government is committed to giving high priority to ensure water security in the country. However, it is silent on inter-linking of rivers. India is one of the few countries in the world gifted with considerable water resources. Our country frequently witnesses erratic rainfall causing considerable damage to social, economic, ecological conditions of the country. Recent tensions between Karnataka and Tamil Nadu over sharing of Cauvery River waters, is a batter example to understand the problem. In the year 2015-16 alone, more than 10 major states like Karnataka, Maharshtra, Uttar Pradesh were hardly hit by drought. Hence, there is an urgent need of taking some urgent measures to solve the water disputes between many states in the country including Karnataka and Tamil Nadu. Against this backdrop, the Interlinking of Rivers Programme should be given top priority by the Union Government in order to address twin problems of floods and drought.

Karnataka depends on surface water resources for irrigation and drinking water needs. However, majority of the regions of the state have been reeling under drought condition for the last one and a half decade. As a result, surface water is not available on the one hand and on the other hand, ground water table has gone down drastically. This has led to failure of the crops in the State. But, there is no mention about drought-hit regions and the relief for drought hit farmers by the hon. President in his Address.

As far as my constituency is concerned, people are expecting that the industrial growth would be increased. My district is a backward one and about

fifty per cent of the population belongs to SCs and STs. There is no industry in the district except DRDO project to ensure large scale job opportunities. There is no mention in the President's Address about setting up of industries in backward regions of the country including my Chitradurga district. Therefore, I request the Union Government to take steps to set up industries in backward regions of the country including my parliamentary constituency Chitradurga in Karnataka state.

**श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) :** अध्यक्ष महोदया, हर खेत को पानी, हर हाथ को काम, हर तन पर कपड़ा, हर सर को मकान, हर पेट को रोटी, बाकी सब बात खोटी। यह 1979 में चौधरी देवीलाल जी ने सदन में कहा था।

अध्यक्ष महोदया, जिस तरीके से राष्ट्रपति जी ने अपना अभिभाषण देश के नाम दिया, उससे देश को बहुत उम्मीद थी। देश को यह उम्मीद थी कि पिछले दो सालों के अभिभाषण और वादों को हम सरकार की ओर से और आगे ले जाने का काम करेंगे। मैं आहत हूं। आपने पहले अभिभाषण में सुना था कि राष्ट्रपति जी ने अपना इंफैसिस डाला था कि, 'We will do interlinkages of river.' मुझसे पूर्व भी कई वक्ताओं ने पानी की समस्या को आपके बीच में रखा। भृतहरि महताब जी ने उड़ीसा की समस्या को रखा। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रैसिडैंशियल रैफरैंस आया जिसमें कहा गया कि एस.वाई.एल. कंप्लीट केंद्र की सरकार कराएगी। आज हरियाणा सरकार और सभी विपक्षी दल मिलकर प्रधानमंत्री जी से मिलने का समय मांग रहे हैं। सवा दो महीने का समय हो चुका है। राष्ट्रपति जी के रैफरैंस के बाद भी प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार ने सतलुज-यमुना लिंक पर कोई बात नहीं की है।

अध्यक्ष महोदया, हम यहां सतलुज-यमुना लिंक की बात कर रहे हैं। आज 44 परसैंट हरियाणा ऐसा है, जिसके इरीगेशन की लाइफलान हम सतलुज-यमुना लिंक को मानते हैं। आज केंद्र सरकार का यह कर्तव्य बनता है कि वह उसके ऊपर कदम उठाए। कहीं न कहीं पंजाब के चुनाव को देखते हुए कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी अपनी सीटों को बचाने के चक्कर में हरियाणा को उजाड़ने का काम कर रही हैं। मैं यह आग्रह करूंगा कि प्रधानमंत्री जी जब देश को कल अपना जवाब दें तो सतलुज-यमुना लिंक के बारे में जरूर चर्चा करें क्योंकि सतलुज-यमुना लिंक केवल हरियाणा की ही नहीं बल्कि हरियाणा, दिल्ली और दिल्ली के साथ लगते हुए वैर्स्टन उत्तर प्रदेश और राजस्थान की लगभग 11 करोड़ आबादी को सर्पोट करती है। इसके बारे में केंद्र सरकार की क्या दिशा है?

माननीय अध्यक्ष महोदया, हम निरंतर सुनते आए हैं कि प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी ने पिछले साल के बजट को कृषि बजट घोषित करवाया और कृषि बजट के आने के बाद देश के अंदर अलग-अलग योजनाएं शुरू हुईं। फसल बीमा योजना भी उनमें से एक है। इस योजना के तहत इतने हमने निरंतर पक्ष की तरफ से तालियों के पीटे जाने की आवाज सुनी की उन्होंने इतने करोड़ किसान इस योजना के तहत कवर किए हैं। मैं आपको एक छोटा सा इंसीडैंट बताना चाहूंगा। हरियाणा के अंदर जहां लगभग 300 करोड़ रूपया जबरन हमारे किसानों के खातों से काटकर इस सरकार ने एकत्रित करने का काम किया। जब उन किसानों ने अपनी फसल बर्बाद होने के बाद अप्लाई किया तो उनमें लगभग 44 परसैंट ऐसे किसान थे,

जिनको सरकार ने पूरे तौर पर रिजैक्ट कर दिया था। उन बचे हुए में से 50 परसैंट किसान ऐसे थे, जिनको अधिकारियों ने लिखित तौर पर यह लिख कर दे दिया कि आपकी फसल 30 परसैंट से कम बर्बाद है, इसलिए आपको कोई पैसा नहीं मिलेगा। क्या इस सोच के साथ इस योजना को लागू करने का मन बनाया गया था? आज भारतीय जनता पार्टी के हमारे एक सीनियर मंत्री एक बात कह रहे थे कि उन्होंने पूंजीपतियों को दूर रखने का काम किया है। फसल बीमा योजना तो यह बताती है कि कहीं न कहीं उन पूजीपतियों की कंपनियों में किसानों का पैसा डालने का काम किया गया। मुझसे पूर्व प्रहलाद जोशी जी यह कह रहे थे कि यू.पी.ए. सरकार ने पूंजीपतियों का 36 लाख करोड़ रूपया माफ किया है। आप भी माफ कर रहे हैं। उन्होंने किया, उसे अब आप भी करने जा रहे हैं। इससे देश नहीं चलेगा। आपके बैंकों में 15 लाख करोड़ रुपया जमा है। अगर आज आपको कुछ करना है और किसी को फायदा पहुंचाना है, तो किसानों का जो मात्र 4 लाख रूपया कॉपोरेटिव बैंक्स में है, उसको आप कलम उठाकर माफ कर के दिखाइए। उसके बाद आप देखिए कि प्रदेशों में क्यों नहीं आपकी सरकार बनेगी। क्यों नहीं 2019 के बाद आप आएंगे। मगर आज किसान की ओर कोई नहीं देखता है। आपने अपनी दिशा केवल पूंजीपतियों की ओर रखी है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपको बताना चाहूंगा कि डीमॉनीटाईजेशन के बाद एक बयान आया, जिसके अंदर यह कहा गया कि कॉपोरेटिव बैंक्स में दो महीने के कर्ज का ब्याज माफ किया जाएगा। क्या हम किसान को खैरात देने का काम कर रहे हैं? अगर आपको माफ करना था, तो पूरा कर्जा माफ करते जिससे किसान भी समृद्ध हो सकता।

आप कहते हैं कि हमने ई-मार्केटिंग कर दी। हमने किसान की सब्जियों को ऑन-लाइन बेचना शुरू करवा दिया। आज डिज़िटलाइजेशन की बात की जाती है। मुझे एक बात बताइए कि आज देश शौचालय के बारे में सोच रहा है या डिज़िटलाइजेशन के बारे में सोच रहा है? आज एक ओर देश में विज्ञापन दिखाया जाता है कि लोग शौचालय का इस्तेमाल करें, जो इलिट्रेट हैं। एक ओर डिज़िटलाइजेशन की बात की जाती है कि हमारा देश लिट्रेट है। आज सरकार को इस गैप को भरना पड़ेगा। इसके लिए सबसे पहले एजुकेशन सेक्टर में पैसे के इंवेस्टमेंट की जरूरत है।

मैं एक बात कहना चाहूँगा कि आज ऐसा डाटा है, जो बताता है कि आज पाँचवीं क्लास के छात्र, जो एलिमेंट्री स्कूलों में हैं, वे दूसरी कक्षा की पुस्तक भी नहीं पढ़ पाते हैं। दूसरी कक्षा के बच्चे ऐसे हैं, जो अल्फाबेट्स भी नहीं पढ़ पाते हैं। हम डिज़िटलाइजेशन की बात कर रहे हैं। अगर हम प्राइमरी एजुकेशन को हमारे जीडीपी से तीन से चार पर्सेंट इंवेस्टमेंट नहीं देंगे, तो यह देश लिट्रेट नहीं होगा और यह देश लिट्रेट नहीं होगा, तो यह देश डिजिटल भी नहीं होगा।

महोदया, यह तो आपके सामने है। यहाँ पर भर्तृहरि जी भी बैठे हैं, श्री कल्याण जी ने भी बोला, श्री कल्याण जी आज पटना की बात कर रहे थे, पहले दिल्ली को तो डिज़िटलाइज़ कीजिए। आज सांसदों के घर में इंटरनेट नहीं चलता है। सांसदों के घरों में वाई-फाई नहीं चलता है, तो आम आदमी जो गांव-देहातों में रहता है, उसके घर में वाई-फाई चलाने का काम हम कैसे करेंगे।

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में कहा गया कि हमने इतने लाख ऑप्टिक फाइबर बिछा दी, जो गांवों की पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ने का काम करेगी। उन ऑप्टिक फाइबर्स में डिवाइसेज़ लगाने का काम तो कीजिए। केवल तार बिछाने से डिज़िटलाइज नहीं होगा। इक्विपमेंट लगाने और टैक्नोलॉजी प्रोवाइड कराने से देश डिज़िटलाइज होगा।

आज कोई इधर रिज़र्वेशन की बात करता है, कोई उधर रिज़र्वेशन की बात करता है। एक भारतीय जनता पार्टी के मंत्री के घर में आगजनी हो जाती है, तो सीबीई की दो-दो एफआईआर हो जाती है और 31 लोगों की जानें चली जाती हैं, यदि आपकी सरकार धर्मनिरपेक्ष हो जाए, जाति-निरपेक्ष हो जाए, तो उसकी सीबीआई इंक्वायरी नहीं करा सकती है। आज देश के कोने-कोने में आरक्षण की बात हो रही है। हरियाणा में जाट आरक्षण मांग रहा है, गुजरात में पटेल आरक्षण मांग रहा है, महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण मांग रहा है, आंध्र प्रदेश में कापू आरक्षण मांग रहा है और अब आप राजस्थान में गुर्जर को आरक्षण मांगता देखेंगे। इस सदन में एक डिस्कशन क्यों नहीं की जाती है? जब आपके मंत्री मीटिंगों में जो कहते हैं, उन चीजों को सदन में डिस्कस करने के लिए क्यों नहीं लाते हैं?

जहाँ खुद राष्ट्रपति जी कहते हैं कि हमें डिस्कशन चाहिए, डिसट्रप्शन नहीं चाहिए, तो आपकी सरकार डिस्कशन से भागने का काम क्यों करती है?

महोदया, मुझे पता है कि समय की किल्लत है। मगर मेरे से पूर्व बड़ी-बड़ी पार्टियों के नेताओं को आपने खूब बोलने का मौका दिया। हम छोटे दल से आते हैं। हमारा भी बोलने का अधिकार बनता है। आज तो मुझे दो सेशन के बाद बोलने का मौका मिला है। इसलिए मुझे बोलने का इतना तो मौका दीजिए कि मैं अपने प्रदेश के युवा साथियों की बात रख पाऊँ।

**माननीय अध्यक्ष :** आप अपनी बात पूरी कीजिए।

**श्री दुष्यंत चौटाला:** आज मैं आहत हूँ कि राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण में कहीं पर भी खिलाड़ियों की बात नहीं की गयी। उन खिलाड़ियों को इससे वंचित किया गया, जिन्होंने रिओ में हमारा मान-सम्मान बढ़ाया। मगर दिशाहीन सरकार ने यह नहीं बताया कि स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने के लिए आपने क्या

कदम उठाये। कहीं पर भी 2024 और 2028 ओलंपिक की बात नहीं की गयी। हम कैसे हमारे खिलाड़ियों को सम्मान दे पाएंगे, जब तक गांव लेवल पर इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बनेगा।

महोदया, मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूँ कि कैग रिपोर्ट कहती है कि आज देश में जितने कंस्ट्रक्टेड टॉयलेट्स हैं, उनमें से 30 पर्सेंट नहीं चलते हैं। जहाँ वर्ष 2013-14 में एजुकेशनल कम्युनिकेशन में 175 करोड़ रुपये दिये गये थे, वहाँ आपकी सरकार ने वर्ष 2015-16 में 109 करोड़ रुपये दिये हैं। जब आप पढ़ाई पर खर्च होने वाली राशि में कटौती कर रहे हैं, तो युवाओं को कैसे शिक्षित करेंगे।

जो स्पोर्ट्स पॉलिसी देश में चलती थी, आपने उसे बंद करने का काम किया है। इस तरह से हमारा देश कैसे आगे बढ़ेगा?

महोदया, अंत में मैं एक बात और कहूँगा कि आज हम अपने देश की बात करते हैं। श्री महेश शर्मा जी ने ऊर्जा की बात शुरू की।

**माननीय अध्यक्ष :** दुष्यंत जी आपकी बात पूरी हो गयी।

**श्री दुष्यंत चौटाला :** उन्होंने कहा कि 70 साल देश अंधेरे में रहा। हमारी सरकार आते ही हमने उजाला लाने का काम किया। हरियाणा प्रदेश को तो चौधरी देवी लाल जी ने वर्ष 1978 में हर गांव तक बिजली पहुँचाने का काम किया था। आपकी सोच गांव तक नहीं, घर-घर तक बिजली पहुंचाने की होती थी। मुझे यह मांग करते हुए तीन साल हो गये कि ढाणियों को भी अपनी पॉलिसी में लाइए। राजस्थान और हरियाणा में ऐसे-ऐसे कलस्टर्स हैं, जहाँ सौ-दो सौ लोग गांवों में ढाणियों बसाकर बसे हुए हैं। हमें आज उन तक बिजली पहुँचाने की बात करनी चाहिए। आपकी सरकार पूरे तौर पर केवल बातें और वादों पर सीमित होकर न रहे। मैं मांग करता हूँ कि कल प्रधानमंत्री जी देश को बताएं कि कब देश के अंदर, हम जो बायलैट्रल एग्रीमेंट की बात करते हैं, ट्रिटीज़ की बात करते हैं, कब उन पर चर्चा की जाएगी। आज ज्युडिशियल सिस्टम हमारी पार्लियामेंट्री सिस्टम से ऊपर होता जा रहा है, तो उस पर कब इस सदन में चर्चा होगी।

**20.00 hours**

संविधान तो कहता है कि ज्यूडीशियरी, पार्लियामेंट और एक्जीक्यूटिव तीनों पैरलल बॉडी हैं, कहीं न कहीं हमारा गला घोटा जा रहा है, क्यों न इस सदन में उनके ऊपर चर्चा कराई जाए।

जहां हम डीमॉनीटाइजेशन की बात करते हैं, अध्यक्ष महोदय, मैं आखरी शब्द बोलकर बैठना चाहूंगा कि डीमॉनीटाइजेशन पर आपके नेताओं से हमने सुना कि सर्जिकल स्ट्राइक की गई, जरूर की गई, मगर सर्जिकल स्ट्राइक में तोपें और बन्दूकें नहीं थीं, आपने हथौड़ा देकर सर्जिकल स्ट्राइक कराई। आज जो पूंजीपति थे, वे अपना पैसा लेकर भाग चुके, अगर लाइनों में मरा तो गरीब आदमी मरा और मैने खुद धुलेड़ा

गाँव में जाकर देखा, जहां नौ गांवों को एक बैंक लगता है और वहां नोटिस लगा रखा है, जबकि सरकार का आर.बी.आई. का आदेश है कि 24000 रुपये मिलेंगे।

**माननीय अध्यक्ष :** धन्यवाद।

**श्री दुष्यंत चौटाला:** अध्यक्ष महोदया बस कन्क्लूड कर रहा हूँ। वहां पर नौ गाँव में आप प्रति व्यक्ति 2000 रुपये देने का काम करते हैं। मेरा आदर्श गाँव है, मुझे चिट्ठियां लिखते हुए दो साल हो गए, मांग करते हो गए कि वहां पर बैंक खुलवा दीजिए। आज उस गाँव के लोगों को भी 9 किलोमीटर दूर जाकर अपना पैसा निकाल कर आना पड़ता है। अगर सर्जिकल स्ट्राइक आपकी थी तो कम से कम देश के हर गाँव तक ए.टी.एम. मशीन पहुँचाने का काम आप कीजिए।

**माननीय अध्यक्ष :** अगर सदन में आप सब लोग इजाजत दें तो हम एक घण्टा समय बढ़ाकर दो-दो मिनट में, जिन लोगों के नाम हैं, उनको थोड़ा कम्प्लीट कर देते हैं, but not more than that. कौशलेन्द्र जी आप बोलिए।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) :** अध्यक्ष महोदया, कम से कम थोड़ा समय बढ़ा दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष :** नहीं, सबको मौका मिलना चाहिए। Today, we must complete this.

**श्री कौशलेन्द्र कुमार:** अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे मौका दिया इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ। समय कम है, लेकिन मैं चाहूंगा कि हम छोटी पार्टी वाले लोगों को थोड़ा समय मिलना चाहिए। अध्यक्ष महोदया, मैं बिहार से आता हूँ और बिहार लगातार 8 साल से विशेष राज्य के दर्जे की मांग करता रहा है। जब एन.डी.ए. की सरकार बिहार में थी तो उस समय भी हम लोग यह मांग कर रहे थे। पटना से दिल्ली तक, गांधी मैदान तक हम लोगों ने कई रैलियां की और नीतीश कुमार जी की यह मांग रही कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। बिहार पिछड़े राज्यों में भी पीछे है। वैसे राज्यों को जब तक आप विशेष राज्य का दर्जा नहीं देंगे, तब तक वह तरक्की नहीं कर सकता। न वहां उद्योग हैं, न धंधे हैं, न कल हैं, न कारखाने हैं एक तरफ उत्तरी बिहार बाढ़ से लगातार प्रभावित रहा है और दक्षिणी बिहार सूखे की चपेट में रहता है। मैं आपसे विनती और निवेदन करूंगा कि लगातार प्रधानमंत्री जी का भाषण लोक सभा के चुनाव में भी और विधान सभा के चुनाव में भी कहते रहे हैं कि जब दिल्ली में हमारी सरकार बनेगी तो निश्चित रूप से हम विशेष राज्य का दर्जा देंगे। जब विधान सभा का चुनाव चल रहा था, उस समय उन्होंने कहा था कि हम कई पैकेज देने जा रहे हैं, लेकिन आज तक न कोई पैकेज मिला न विशेष राज्य का दर्जा दिया गया।

माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं निवेदन करूंगा कि बिहार जो पिछड़ा राज्य है, उसको आगे करने के लिए आपको विशेष राज्य का दर्जा देने का प्रावधान या कोई विशेष पैकेज का प्रावधान होना चाहिए था। मैं उदाहरण के तौर पर बताना चाहूंगा कि बिहार एक कृषि पर आधारित राज्य है, जहां किसान मेहनत करके अपना पेट भरते हैं, खासकर बिहार के किसान लगातार सूखा और बाढ़ की चपेट में रहे, उसके बावजूद भी किसान की जो बदहाली है, उसके लिए न कोई कर्जा माफी का प्रावधान किया गया, न ही किसानों के लिए अलग से कोई प्रावधान किया गया है। किसानों के लिए जो सिंचाईं योजना लायी गई है, वह बजट में बहुत कम है। आज किसान अन्य प्रदेशों में आत्महत्याएं कर रहे हैं चाहे महाराष्ट्र हो, पंजाब हो, गुजरात हो, लेकिन बिहार में किसान आत्महत्याएं नहीं करता है, इसलिए कि बिहार के किसान मेहनतकश होते है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक और वादा किया था कि जो किसानों का लागत मूल्य है, मैं उसका डेढ़ गुना लाभांश दूंगा।

**माननीय अध्यक्ष :** आप अपनी बात पूरी कर दीजिए।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार:** अध्यक्ष महोदया, मैं दो मिनट में अपनी बात को समाप्त करूंगा।

**<u>20.04 hours</u>** (Shri Prahlad Joshi *in the Chair* )

मैं किसान की तरफ से यह बात रखना चाहता हूं कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने चुनाव में कहा था कि किसानों की जो बदहाली है, उसको मैं सुधारूंगा तो आज किसान की जो बदहाली है, उसको सुधारने के लिए किसान का जो लागत मूल्य लगता है, आज उसका डेढ़ गुना लाभांश देने की जरूरत है।

आज फसल बीमा के नाम पर पूरे देश में ढिंढोरा पीटा जा रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि जो फसल बीमा योजना है, उसमें खासकर बिहार के किसानों के लिए तीन से चार गुना अधिक प्रीमियम राशि तय की गई है, जो किसान दे नहीं पाते हैं। अभी हमारे युवा साथी बता रहे थे कि किसानों की क्या हालत है।

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, please conclude your speech.

… (*Interruptions*)

**श्री कौशलेन्द्र कुमार:** सभापति जी, हम लोग किसान प्रदेश से आते हैं, हम लोग खासकर किसान परिवार से हैं।

**माननीय सभापति :** अभी यह एक्सटेंडिड पीरियड है।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार:** अभी वृद्धावस्था पेंशन की भी बात आई। वृद्धावस्था पेंशन में जो बीपीएल का आधार है, इसे हटाने की जरूरत है।

**माननीय सभापति :** श्री मनोज तिवारी जी, आप बोलिये।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार:** सभापति जी, मुझे एक मिनट बोलने का मौका और दे दीजिए।

**माननीय सभापति :** एक मिनट नहीं, लास्ट सेन्टेंस बोलिये।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार:** मैं अभी अपनी बात समाप्त करता हूं। मैं सरकार की सराहना करता हूं कि चम्पारण में सत्याग्रह मनाया जा रहा है, लेकिन इसमें भी राजनीति की जा रही है। एक तरफ जब यह गुजरात में किया जा रहा है तो भारत सरकार वहां अनुदान दे रही है और बिहार के साथ भेदभाव किया जा रहा है। इसी के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

HON. CHAIRPERSON: Now, only Shri Manoj Tiwari's speech will go on record.

… (*Interruptions*) … *

---

* Not recorded.

**श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली) :** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर मैं उसके पक्ष में बहुत ही भाव-विह्वल रुप में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं भाव-विह्वल इसलिए हूं कि मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में ऐसी कई चीजें सुनने को मिली, जिनकी पूर्ति के लिए मैंने राजनीति में कदम रखा। मेरे जैसे कलाकार को जिस प्रकार से इस सदन में स्थान दिया है, उसके लिए मैं श्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद करता हूं। जैसे ही तीन-चार शब्द राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में आए, वैसे तो बहुत कुछ आया और उनमें बहुत सारे ऐसे संकेत थे, जिनसे लगता है कि पहली बार एक सरकार भारत के आमजन की आकांक्षाओं पर खरी उतर रही है, लेकिन जब बेघरों को घर देने की बात आई तो मैं निश्चित रूप से भाव-विह्वल हुआ।

आजकल मैं एक सांसद के रूप में अपनी दिल्ली की झुग्गी-झोंपड़ियों में शाम के सात बजे से लेकर सवेरे दस बजे तक रहने का कार्य करता हूं। हमने लोगों को जिन स्थितियों में रहते हुए देखा है, मैं अगर उनका पूरा वर्णन करूंगा तो यह सदन भी भाव-विह्वल हो जायेगा। हमने ऐसे-ऐसे लोगों को देखा, जिनकी बेटियां, बहुएं गली में खुले में स्नान करने को बाध्य हैं। जिनके घरों में इतनी जगह नहीं है कि वे स्नान कर सकें। हमने ऐसे-ऐसे लोगों से मुलाकात की, जो लोग ऐसे टायलेट्स में जाते हैं, जहां पानी की सप्लाई नहीं है, लोग शौच के ऊपर शौच करने के लिए विवश हैं। मैं ऐसे-ऐसे लोगों से मिला हूं, जहां लोग पानी के बिना एक-दूसरे पर बाल्टियों से प्रहार कर रहे हैं। यह स्थिति कहीं बहुत दूर की नहीं है, यह स्थिति इस दिल्ली की गलियों की है, जहां आम आदमी पार्टी की सरकार है। मैं वैसे भी एक गांव का व्यक्ति हूं, लेकिन जब मैंने उनकी पीड़ा को स्वयं जाकर देखा और उन्हें देखने के बाद मैंने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में जब यह देखा कि वर्ष 2022 तक बेघरों को घर मिलेगा तो मेरे जैसा व्यक्ति क्या इस देश के करोड़ों-करोड़ों लोग जो यह आकांक्षा रखते हैं, वे भाव-विह्वल हो रहे होंगे। मैंने ऐसे-ऐसे लोगों की बातें सुनी, जो कहते हैं कि हमें पानी के लिए मारा-मारी नहीं करनी, हमें पानी के लिए दूसरे का सिर नहीं फोड़ना। हमारे घरों में जैसे बिजली का मीटर लगाते हो, वैसे ही पानी का नल और मीटर लगा दो, हम पानी का बिल देने के लिए तैयार हैं।

मैं अपनी बात बहुत संक्षेप में खत्म करूंगा, क्योंकि हमारे सभी साथियों ने काफी कुछ बोल दिया है। ऐसे समय में डीमोनेटाइजेशन के बाद आज मैं जिस गली में जाता हूं, चाहे फरीदाबाद की गलियों में एक स्टार प्रचारक के रूप में काम करने के लिए गया। चाहे मैं चंडीगढ़ की गलियों में गया, मैंने मज़दूरों से बात की, मैंने कई लोगों से बात की, मैंने उन सभी लोगों से बात की जो इस देश में डीमॉनिटाइज़ेशन से

इतने खुश हैं कि मुझे लगता है कि जो तालियां राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर सदन में बजी हैं, वह मेरे लिए और भी ज्यादा शुभकारी थीं।

मैं एक आखिरी लाइन कह कर अपनी बात समाप्त करूंगा कि इस देश में जिस प्रकार से बेटियों को सहारा दिया जा रहा है, जिस प्रकार से खिलाड़ियों को राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सम्मान दिया गया, मैं इस सरकार का और राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का अत्यंत खुले हृदय से स्वागत करता हूँ और मैं आशा करता हूँ कि वह समय बहुत नज़दीक है, जब पूरे भारत के 125 करोड़ लोग इस सरकार से वही खुशी व्यक्त करेंगे, जो खुशी हम व्यक्त कर रहे हैं। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

*[*] **श्रीमती ज्योति धुर्वे (बैतूल)**: माननीय राष्ट्रपति जी द्वारा दिए गये संयुक्त अभिभाषण का मैं समर्थन करती हूं। इस अभिभाषण का मूल है-

सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयः।

सबका साथ, सबका विकास।

समाज के वंचित और कमजोर वर्ग के साथ सामाजिक और आर्थिक समानता हमारे संविधान की पहली प्रतिज्ञा है। हमारी सरकार ने हाइवे से लेकर रेलमार्ग और रेलमार्ग से लेकर जलमार्ग तक, समुद्रीपत्तन से हवाई अड्डों तक, पाइप लाइनों से लेकर गैस पाइपलाइन तक; भू-विज्ञान से उपग्रहों तक, ग्रामीण अधारभूत संरचना से लेकर स्मार्ट सिटी तक अत्याधुनिक ढांचे में मेरी सरकार ने सृजन की विशेष भूमिका निभाई है। इससे पहले, लम्बे समय से चली आ रही दिशाहीन सरकार थी, परन्तु इस देश की जनशक्ति ने इस दिशाहीन सरकार को उखाड़ फेंका और देश के हित में काम करने वाली सरकार को पूर्ण बहुमत देकर सरकार का स्वागत किया और एक श्रेष्ठ भारत के निर्माण में यही जनशक्ति कंधे से कंधा मिलाकार खड़ी है।

यह वर्ष चम्पारण सत्याग्रह का शताब्दी वर्ष है जिसने हमारे स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी थी और भारत की जनशक्ति को प्रेरित किया और आज यही जनशक्ति हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

हमारे देशवासियों विशेषकर गरीब तबके ने कालेधन के विरुद्ध संघर्ष में अपनी अथक सहनशीलता का परिचय दिया। रसोई गैस के मामले में गिव इट अप अभियान की सफलता 1 लाख 20 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं ने रसोई गैस की सब्सिडी स्वेच्छा से छोड़ी और गरीब वंचित को गैस कनेक्शन मुहैया कराने में मदद हुई।

स्वच्छ भारत मिशन ने एक जन-आंदोलन का रूप लिया जिसमें 1.4 लाख गांव, 450 शहर, 77 जिले, तीन राज्यों ने अपने क्षेत्र को 'खुले शौच से मुक्त' घोषित किया।

गरीब-शोषित-पीड़ित-वंचित-किसान-श्रमिक-युवाओं का कल्याण ही मेरी सरकार की नीतियों का केन्द्र बिन्दु है। यह वर्ष पंडित दीनदयाल शताब्दी वर्ष अथवा गरीब कल्याण वर्ष के रूप में संकल्पित किया गया है।

जनधन खातों के अंतर्गत 26 करोड़ से अधिक और जनधन से जन सुरक्षा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ते हुए 13 करोड़ गरीबों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल किया गया। गांव के गरीबों तक बैंकिंग सुविधा मुहैया कराई गई। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक 5.6

[*] Speech was laid on the Table

लाख करोड़ ऋण उपलब्ध करवाया गया। इस योजना के तहत 70 प्रतिशत ऋण का लाभ महिला उद्यमियों ने उठाया।

दीनदयाल अन्त्योदय योजना के अंतर्गत चालू वित्त वर्ष में वंचित समुदाय-स्वयं सहायता समूहों के लिए 16 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान है जिसमें 5 करोड़ महिलाओं तक लाभ शीघ्र पहुंचाने का लक्ष्य है। मेरी सरकार ने आवास, स्वास्थ्य, सुरक्षा, शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, ऊर्जा की उपलब्धता को प्राथमिकता दी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जिसमें 37 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जाति/जनजाति में से हैं। दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत 18 हजार गांवों में से 11 हजार गांवों में रिकार्ड समय से बिजली पहुंचाई गई जिसमें उजाला कार्यक्रम में 20 करोड़ से अधिक एलईडी वितरित हुए।

इन्द्रधनुष मिशन के अंतर्गत विभिन्न घातक बीमारियों के निवारण हेतु टीकाकरण का विशेष कदम उठाया गया। किसान की खरीफ एवं रबी बुआई में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। किसान कल्याण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड, हर बूंद अधिक फसल, हर खेत को पानी, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, किसानों को उचित मूल्य एवं उनके हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में विशेष उपाय है।

नारी शक्ति को बढ़ावा देने के अंतर्गत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्ध योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व, अभिनव अभियान की शुरूआत। गर्भवती महिलाओं के खाते में 6000/- रुपए दिए जाने का प्रावधान। युवा ऊर्जा को प्रभाव के अंतर्गत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में 978 रोजगार कार्यालय, 10 हजार करोड़ का बजट जिसमें 20 लाख से अधिक युवा लाभान्वित हो चुके हैं।

श्रमिकों के कल्याण के अंतर्गत खेतिहर मजदूरी में वृद्धि के साथ-साथ सातवां वेतन आयोग लागू, 50 लाख सरकारी कर्मचारियों और 35 लाख पेंशन भोगियों को लाभ। स्टैंड अप इंडिया के अंतर्गत 490 करोड़ आवंटन, ढाई लाख अनुसूचित जाति/जनजाति महिला उद्यमियों को सशक्त बनाया।

प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के अंतर्गत इस दिशा में जिला खनिज फाउंडेशन की स्थापना। वनबंधु कल्याण योजना के अंतर्गत मेरी सरकार ने जनजातीय उपयोजना का आवंटन बढ़ाया।

दिव्यांग जनों को मेरी सरकार द्वारा 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत कर बैकलॉग रिक्त भरने का संकल्प लिया। प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना निष्पादन के साथ-साथ प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना का आधार रखा। उत्तर-पूर्वी राज्यों को पहली बार सड़क-रेलमार्ग से पड़ोसी देशों को जोड़ने को प्रयास। साथ ही मीटरगेज को ब्रॉडगेज में बदलना। ब्रह्मपुत्र क्रेकर एंड पॉलिमर लिमिटेड रिफाइनरी परियोजना से बड़े पैमाने में उत्तर-पूर्व में रोजगार मुहैया किए जाएंगे। रेलवे के आधुनिकीकरण और नई रेल लाइन में 1.21 लाख करोड़ का व्यय।

ग्रामीण क्षेत्र में 73000 किमी. सड़क निर्माण हुआ। वामपंथी अतिवाद क्षेत्र में 5000 किमी. से अधिक सड़कों को अपग्रेड किया गया। स्वच्छ ऊर्जा में लक्षित लक्ष्य 175 गीगावाट में 47 गीगावाट की क्षमता विकसित की। ग्रामीण आधारभूत संरचना में 2 लाख करोड़ से अधिक धन आवंटन।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार स्कीम 2016-17 में 47 हजार करोड़ से अधिक निधि आवंटित की गई। (जो पिछले समय से ज्यादा है) शहरी आधारभूत संरचना के विकास में 500 शहरों में 50 हजार करोड़ रुपए आवंटन कर चार शहरों के लिए मेट्रो रेल परियोजना शुरू की गई।

पूर्व सैनिकों की (वन रैंक वन पेंशन) चार दशक की मांग को पूरा करना। सर्जिकल स्ट्राइक।

कालाधन- बेनामी संपत्ति (प्रतिषेध) संशोधन अधिनियम, 2016 पारित करना। साथ ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के लिए कराधान संशोधन अधिनियम पारित करना। जनधन आधार मोबाइल-डिजिधन अभियान, भीम (भारत इंटरफेस फॉर मनी)। सरकारी नौकरियों की भर्ती को सरल एवं पारदर्शी बनाया गया।

बार-बार चुनाव के बोझ को दूर करने के साथ लोक सभा एवं विधान सभा के चुनाव को एक साथ कर जनता का विकास एवं उनके ऊपर पड़ने वाले बोझ को कम करने की पहल। एक राष्ट्र एक कर और एक राष्ट्र- एक बाजार को बढ़ावा देते हुए (वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम) पारित किया गया। ऐसे समय जब वैश्विक विकास की गति मंद है भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक उज्ज्वल भविष्य के रूप में स्वीकार किया गया।

भारत आतंकवाद का सामना करने के लिए अन्य देशों के साथ मिलकर इसके उन्मूलन में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। जम्मू-कश्मीर राज्य सीमापार से प्रायोजित घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने का लगातार प्रयास। भारत-पेरिस समझौते, 2016 जलवायु परिवर्तन दुष्प्रभावों को रोकने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का सशक्त संदेश दिया है।

हिन्दू हो मुस्लिम हो, सभी का मान रहता है।
किसी के घर में गीता तो कहीं कुरान रहता है।
मजहब चाहे जो हो, सभी से प्यार है हमको।
हमारे दिल में तो सिर्फ हिन्दुस्तान रहता है।

हमारी सरकार ने महात्मा गांधी और अन्य राष्ट्र निर्माताओं के विचार, नए भारत के निर्माण के लिए व्यापक (संवाद-समन्वय-संवेदन) की परम्परा को विशेष महत्व दिया है।

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER (PONNANI): Sir, I am participating in this discussion with a wounded feeling and a heavy heart.

The most tragic incident took place during the President's Speech – the sorrowful demise of our great leader Shri E. Ahamed Sahib. He collapsed in the Central Hall during the President's Speech at around 11.40 a.m., and then he was admitted in RML Hospital. It goes without saying that he was one of the seniormost leaders who had been in this House for 25 years and is an internationally known politician.

Many great leaders like our hon. Speaker, our greatest leader Shrimati Sonia Ji, Rahul Ji and everybody else were there in the Hospital. We are all grateful to you all for showing that sort of kindness.

Sir, in fact, his death occurred soon after reaching the Hospital. I have no doubts on that – maybe, between 1200 noon and 12.30 p.m. I was witnessing the whole thing. I have no medical knowledge myself, but one thing is sure that soon after his death, ... *

HON. CHAIRPERSON : You should speak on the Motion of Thanks, otherwise it will be expunged.

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER: I am coming to that only.

HON. CHAIRPERSON: Shri Mohammad Basheer Ji, you have three minutes to speak. You cannot level allegations without any basis. It is an allegation, I am sorry to say. That will not go on record.

… (*Interruptions*)

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER : Kindly excuse me, Sir, I am coming to that point only. I have not made any allegations.

**माननीय सभापति :** आप राष्ट्रपति के मोशन पर बोलिए। मैं आपको दो मिनट और बोलने के लिए देता हूं। नहीं तो I will call the next speaker.

---

* Expunged as ordered by the Chair.

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER: Sir, what I am saying is that I am at your command and I shall obey your instructions.

What I am saying is, kindly hear me, soon after, this has happened and I do not want to say anything further on that. There is every reason to believe that there was some ulterior motive behind it. I do not want to say anything more, since you have already advised me. Surprisingly, his body was… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: You can make your speech and you can limit your speech to what is stated in the President's Address.

… (*Interruptions*)

SHRI K.C. VENUGOPAL: ... *

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER: Nobody is hearing me. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: He is leveling allegations.

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER : I am not making any allegations. I am making a justified statement. What is this? I may be allowed to speak. There is no justification in denying me… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please wait a minute. The hon. Minister of State for Parliamentary Affairs wants to say something.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, I just want to say that in regard to whatever he is saying, everybody knows what has or has not happened. However, he should not suspect that everything happened with a motive or an ulterior motive. If he cannot substantiate it, he cannot level charges.

SHRI K.C. VENUGOPAL: You can deny it.

HON. CHAIRPERSON: He cannot level charges. It is the Motion of Thanks on the President's Address. It is a serious and sensitive thing.

… (*Interruptions*)

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER: Let me complete my point, Sir. I am not making any allegations. I am just stating the facts. Then, very dramatically and

---

* Expunged as ordered by the Chair.

surprisingly, his body was taken to the trauma ICU. I asked the doctor: "Sir, what is the specialty there?" He said, "There was no specialty there."

I am not blaming anybody. His body was kept in the ICU for more than 15 hours and that too under CPR. We are all educated persons. According to any medical guideline, the CPR cannot be run for more than 20 minutes to 45 minutes. He was kept for 15 hours. You can very well imagine as to how hard it is. Nobody including his son and daughter, was allowed to go inside and see him. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude. These things cannot go on record.

*…(Interruptions)…* [*]

HON. CHAIRPERSON: Thank you Shri Mohammad Basheer. Next speaker is Shri Om Birla.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: He is making allegations against the PMO. How can this be allowed? I am sorry.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Shri Basheer, I give you just half a minute to conclude. Please speak on the Motion of Thanks and not on the death issue. You have already a given Privilege Notice on that.

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER: In the light of the fact narrated by me, I had many things to say but when you are restricting me, I am of course at your command. I do not want to disobey that. Anyway, it is a very painful thing. I was just speaking only about this unparalleled cruelty done to my leader. I do not want to blame anybody. This kind of an ill-fate should not happen to anybody in the world. That is what I want to say. In the light of that, I urge upon the Government to constitute a Parliamentary panel and inquire into all the developments.

With these few words, I thank you very much.

---

[*] Not recorded.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: ओम बिरला जी, आप बोलिए। Only the speech of Shri Om Birla will go on record.

*…(Interruptions)…* *

**श्री ओम बिरला (कोटा) :** सभापति महोदय, राष्ट्रपति जी का अभिभाषण सरकार का एक दर्पण होता है।…(व्यवधान) जिस तरीके से यह सरकार जनता के विश्वास के साथ, भरोसे के साथ इस लोकतंत्र और प्रजातन्त्र में सरकार चला रही है।…(व्यवधान)

SHRI K.C. VENUGOPAL: He is telling about the doctor only. Why are they afraid of it? … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** उनकी बात हो गई है। उनका तीन मिनट टाइम था, तीन मिनट हो गये हैं। उनका तीन मिनट का टाइम था, हमने छह मिनट उनको दे दिए हैं।

SHRI K.C. VENUGOPAL: Let him conclude. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Next speaker has already begun his speech. I am sorry. You please continue.

… (*Interruptions*)

**श्री ओम बिरला :** पहली बार देश की जनता को इस सरकार पर भरोसा और विश्वास है।

महोदय, राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ यह काल इस देश की जनता को हमेशा स्मरण और याद रहेगा।…(व्यवधान) अब देश बदलने का संकेत नजर आ रहा है।…(व्यवधान) यह देश बदलाव की ओर है।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप आराम से बैठिए। आपके छह मिनट हो गये हैं।

…(व्यवधान)

**श्री ओम बिरला:** महोदय, पहली बार इस देश की 125 करोड़ जनता को लग रहा है कि सरकार के माध्यम से समाज के अन्तिम पड़ाव पर बैठे हुए व्यक्ति के जीवन को बदलने का काम यह सरकार कर रही है।…(व्यवधान)

---

* Not recorded.

HON. CHAIRPERSON: Please sit down. I have given you six minutes.

… (*Interruptions*)

**श्री ओम बिरला :** देश की 125 करोड़ जनता को आजादी के 67 साल बाद देश के प्रधान मंत्री जी पर भरोसा है।…(व्यवधान) पहली बार देश की 125 करोड़ जनता को लग रहा है कि यह सरकार मेरी है।…(व्यवधान) यह सरकार अपनी है।…(व्यवधान) इसीलिए आजादी के बाद, वर्ष 1965 के बाद जब देश के प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने इस देश की जनता को आवाह्न किया था, अमेरिका जैसे बड़े देशों ने पीएल 480 पर रोक लगा दी थी।

HON. CHAIRPERSON: There is a long list of speakers. He has already begun. I am sorry. आप बैठिए।

… (*Interruptions*)

**श्री ओम बिरला:** अन्न के भण्डार के संकेत आये थे। उस समय इस देश के अन्दर प्रधान मंत्री जी ने आवाह्न किया कि सोमवार को रात्रि का भोजन छोड़ो और देश की जनता ने भोजन छोड़कर अन्न बचाने का काम किया था। लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा था "जय जवान जय किसान" और देश की जनता ने धरती पर अन्न पैदा करके देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया था। आज उसी 125 करोड़ जनता को आजादी के बाद देश के प्रधान मंत्री पर विश्वास और भरोसा है। हमने 10 साल कांग्रेस की सरकार को देखा है और कांग्रेस की सरकार के अन्दर हमने प्रधान मंत्री जी को भी देखा है। जिन प्रधान मंत्री के अपने निर्णय न हों, जिन निर्णयों को उनकी पार्टी के उपाध्यक्ष फाड़ दें। ऐसी सरकार को भी देश ने दस सालों तक देखा है।…(व्यवधान)

सभापति महोदय, आज देश की जनता को प्रधान मंत्री पर भरोसा और विश्वास कायम है।…(व्यवधान) जब देश की जनता को प्रधान मंत्री जी ने कहा कि देश में आर्थिक शुचिता लानी है, देश में आर्थिक बदलाव लाना है, आर्थिक सुधार लाना है तो इस देश की जनता ने 50 दिनों तक मुद्रा विकेन्द्रीकरण के लिए लाइन में खड़े होने के बाद भी यह विश्वास कायम रखा कि प्रधान मंत्री जी की नीयत और निर्णय देशहित में हैं।…(व्यवधान)

SHRI K.C. VENUGOPAL: Sir, he is talking about his party leader. At least allow him to conclude his speech. He is taking his own party time.… (*Interruptions*)

**श्री ओम बिरला:** यही सवाल हैं आज कि जब पहली बार किसी देश के प्रधान मंत्री पर जनता का विश्वास कायम रहे और हम यह सरकार इसलिए चला रहे हैं कि देश की 125 करोड़ जनता को लग रहा है कि यह

मेरी अपनी सरकार है, इस सरकार में प्रधान मंत्री जी जो निर्णय लेते हैं, उनकी नीयत और उनके निर्णय देशहित में हैं। इसलिए आज देश की 125 करोड़ जनता प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय को मानती है।

हमारे कुछ माननीय सदस्य सवाल उठा रहे थे कि मुद्रा विकेन्द्रीकरण के कारण लोग मरे हैं, लोग आर्थिक तंगी में आए हैं।...(व्यवधान)

माननीय महोदय, यह तो वह देश है, जहां पर एक आदमी की मौत पर हिन्दुस्तान के गांवों और शहरों में आंदोलन हो जाता है। यहां पर दुनिया जानती है, देश जानता है कि जो कुछ भी घटनाएं घटी हैं, उसका मूल कारण मुद्रा विकेन्द्रीकरण नहीं है, इनकी नीतियां और निर्णय हैं। इसीलिए, देश के लोग कहते हैं जब इनके नेता ढाई हजार रुपए के लिए लाइन में लगते हैं, फटे कुर्ते दिखाकर देश की जनता को बताते हैं कि हम गरीब हैं। ... * वह आज देश की जनता को फटे कुर्ते दिखा रहे हैं।

माननीय सभापति महोदय, यह सरकार देश की वह सरकार है, जिसने किसानों को आत्मनिर्भर करने का काम किया है। ये देश के किसान की बात करते हैं, लेकिन आज़ादी के सत्तर सालों में पहली बार प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि वर्ष 2022 तक किसान की आमदनी को दोगुना करने का कोई काम करेगी तो यह सरकार करेगी। इस दृढ़ निश्चय के साथ देश के किसी भी प्रधान मंत्री ने पहले संसद और संसद के बाहर निकल कर फैसला किया कि हम किसानों की जिन्दगी को बदलेंगे।

माननीय सभापति महोदय, आज़ादी के सत्तर सालों में इस देश में कांग्रेस ने मज़दूर पैदा करने का काम किया।

HON. CHAIRPERSON : There is a long list of speakers from BJP also. Please conclude now.

**श्री ओम बिरला:** महोदय, दो मिनट का समय दीजिए।

माननीय सभापति महोदय, सत्तर सालों तक इस देश के अंदर इस कांग्रेस की सरकारों ने मज़दूर पैदा करने का काम किया। आज हमारी सरकार है। इस देश के अंदर आज मज़दूर पैदा नहीं होगा, इस देश के अंदर स्किल्ड नौजवान होगा, दक्ष नौजवान होगा, जो देश में भी काम करेगा, देश के बाहर भी काम करेगा।

महोदय, इस देश के अंदर पहली बार गरीब व्यक्ति, जो फुटपाथ पर बैठता था, चायवाला, सब्जी बेचने वाला, मोची, नाई, किराने की दुकान वाले की, किसी देश के प्रधान मंत्री ने आज़ादी के सत्तर सालों के अंदर उन गरीब लोगों की, जो रोज खाते हैं, रोज कमाते हैं, उनकी चिंता नहीं की। हमारे प्रधान मंत्री जी

---

* Not recorded as ordered by the Chair .

ने दो लाख करोड़ रुपए लोन देकर पांच करोड़ लोगों को काम देने का काम किया, महिलाओं को आत्मनिर्भर करने का काम किया तो इस सरकार ने किया।

**माननीय सभापति :** बहुत-बहुत धन्यवाद जी।

**श्री ओम बिरला:** माननीय सभापति महोदय, इस सरकार ने पहले अपने मंसूबे, अपनी विश्वास कायम की। जब हमने ऑपरेशन किया तो ये हम पर सवाल उठाते हैं। इनके नेता सवाल करते हैं। अरे, कांग्रेस में इन्दिरा गांधी जी होंगी, ... *

**माननीय सभापति :** बिरला जी, आप बैठिए। आपकी बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है।

...(व्यवधान)... **

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Thank you very much, Sir, for affording me an opportunity to express my views in the debate on the Motion of Thanks to the President for his Address.

You may kindly see that this is the fourth Presidential Address in the Sixteenth Lok Sabha. I have all the copies of the speeches of His Excellency the President. If you go through all the speeches to the Joint Sittings of Parliament, they are more or less the same.

What is the main motive of a Presidential Speech to a Joint Sitting? It is the proclamation of the policy of the Government which has to be implemented in the following financial year. That is why every year, there is a Joint Sitting. Unfortunately, if you go through the President's Speech, it does not contain any policy directives except one policy issue – I have to accept it – that has to be discussed threadbare. That is the simultaneous conduct of elections to Parliament as well as State Legislatures; and also election funding by the Government. This is the only new policy which has been enunciated in the President's Speech. All the other portions of the Speech, if you go through, are about the two-and-a-half years' so-called achievements of the Government. There are no innovative ideas,

---

* Not recorded as ordered by the Chair .

** Not recorded.

programmes, or policies announced in the Speech except for that policy direction that I have already mentioned.

Let us come to the achievements of this Government as detailed in the President's Speech or as claimed by this Government. The Narendra Modi Government is completing three years in office by next month. When we politically examine the performance of this Government, this is a Government which has come to power with absolute majority after 25 years. After 1989, this is the first time, this Government led by BJP and Shri Narendra Modi has come to power with simple majority and the NDA has got a brutal majority in the House. The people of the country had big expectations from this Government but unfortunately if we critically examine, all the expectations of the people have become futile and the Government did not perform except for the speeches of the hon. Prime Minister.

During all these two-and-a-half years, the hon. Prime Minister has been making eloquent extempore speeches and making very impressive slogans but performing nothing. That is the result we have seen during the two-and-a-half years of this Government in office. There have been so many slogans like, 'Minimum Government, Maximum Governance', '*Sabka saath, sabka vikas*', '*Swachch Bharat*', 'Skill India', 'Make in India', 'Digital India', 'Stand Up India', 'Start-up India'. But unfortunately, the implementation part of all these slogans is nothing. So, I would say that this is a non-performing Government during the two-and-a-half years of administration.

If we compare this Government led by Shri Narendra Modi with the predecessor UPA Government led by Dr. Manmohan Singh, it is very clear that the then Prime Minister Dr. Manmohan Singh was not so vocal; he spoke less but worked more. Here, in the case of Shri Narendra Modi, he speaks more and works less. That is the difference between the UPA and the NDA. From our experience, we have seen that even during 2008 when there was the global economic recession, that Government could successfully survive that economic recession

because of the intelligent administration and far-sighted vision of the then Government. But, when this Government assumed power, the economic scenario was very favourable because of the crude oil price. I will try to establish this point because this is exploitation of the common people by the Government. Kindly allow me to establish the data.

Sir, at the time of inception of this Government, that is, in July 2014, the international crude oil price was 106 US Dollars. In January, 2016, it came down to 26 US Dollars. During this period, the Excise Duty on petrol increased by 34 per cent, on diesel it increased by 140 per cent and from April, 2014 to February, 2016, that is, two years, the central taxes on per litre of diesel increased from Rs.4.5 per litre to Rs.17.33 per litre.

HON.CHAIRPERSON : Now you have proved your point.

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: I am coming to the point. Kindly see in January, 2014, the price of one litre of diesel was Rs.54.34.

HON.CHAIRPERSON: You asked me to allow you to prove your point. I have allowed it. Now conclude. You have proved it very well.

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: I have not completed. In 2014, per litre price was Rs.54.34 when the crude oil price was 106 US Dollars. On 1st January, 2017, here the diesel price per litre was Rs.57.82 when the international diesel price is just below 50 US Dollars. That means the exchequer is being benefited, but unfortunately, the common people are being exploited.

HON.CHAIRPERSON: Now, Premchandran Ji please conclude. You are a knowledgeable man. It is painful to stop you but I have no other option because by 9 o' clock we have to complete. Please understand.

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: Sir, please be a little bit liberal.

HON.CHAIRPERSON: I am liberal that is why I have given you three minutes more already.

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: Sir, I have taken only 3-4 minutes.

HON.CHAIRPERSON: You have already taken 6 minutes.

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: Another point is about the two surgical strikes which are being illustrated in Paras 55 and 57 of the President's Speech, that is, the surgical strike on the black money and the surgical strike along the Line of Control to fight out terrorism. During the UPA time also, there were three surgical strikes, but it was not being politically used. The political executive had never taken any credit of the military and defence forces in our country, but unfortunately, this time it is being politically motivated and the defence and military forces are being used politically.

So, Sir, my point is that one hour speech of the hon. President is only the verbatim version of the hon. Prime Minister's speech outside the House. That is the only thing which we have seen.

HON.CHAIRPERSON: Thank you. Now Shri K. Haribabu's speech will go on record.

DR. KAMBHAMPATI HARIBABU (VISAKHAPATNAM): Thank you very much, Sir, for giving me this opportunity.

HON.CHAIRPERSON: Haribabu Ji you will be given four minutes.

DR. KAMBHAMPATI HARIBABU: I do not want to go into the details of various developmental and welfare measures taken by the Government because already all the issues have been discussed. The Address by the hon. President to the Joint Session of Parliament is the true reflection of the performance of the Government for the last thirty two months. I can take four directions in the Speech. One is the welfare measure; the other is the development activity; the third one is the reforms that have already been taken and are proposed to be taken; and also the national security issues.

As far as welfare and the developmental activities are concerned, welfare and development are the two eyes of the Government. Therefore, the Government gives a lot of importance to the welfare and the developmental programmes. As far as the reforms undertaken, I would like to discuss the demonetization issue. The demonetization issue is being supported by every common man in the country. I do not know how our friends have got the feedback. They are dreaming that they are going to come to power because of the demonetization issue. They can dream for another two years, but the fact is otherwise. I can quote the mood of the nation through a survey recently done by India Today. They predicted that if the elections are to be held today, NDA is going to win 360 seats in the Lok Sabha. That is the survey we are seeing in the India Today. … (*Interruptions*) You be happy for another two years. Let us see after two years.

HON.CHAIRPERSON: Venugopal Ji no cross talking.

DR. KAMBHAMPATI HARIBABU: Sir, as far as the demonetization issue is concerned, some of our friends are telling that they have money in the bank, but they are not allowed to withdraw it. Sir, they can have crores of rupees in their accounts and they are allowed to spend whatever money they want to but the spending should be either by credit card or debit card or NEFT or RTGS. There

are hundreds of methods by which you can spend but if you want to spend only by cash, that is not being allowed because generation of cash is leading to corruption and aiding terrorism.

Therefore, in any developed country, the availability of physical currency is to be reduced. Now the process of development of India is also to follow the developed economies. If we want to develop our economy, physical cash should be reduced. That is the action by the hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi.

Regarding the suggestion of simultaneous elections, some of our friends have come to the conclusion that it is not possible. But I am trying to say that we should think about the possibility, the difficulties and how we can remove those difficulties. We may discuss the suggestions which come out of the discussions with different political parties and Election Commission.… (*Interruptions*) If all the State Assemblies are also to be brought into the ambit of simultaneous elections, we have to see as to what are the difficulties in it. Suppose article 356 is being implemented and if the life of the Assembly is to be reduced, then what is the alternative that we can have. This point can be discussed and we can think about simultaneous polls.

As far as Andhra Pradesh is concerned, NDA Government is committed to the development of Andhra Pradesh. It is fully committed to implement the Andhra Pradesh Reorganisation Act, 2014 in its full spirit. We have taken a decision to establish many educational institutions in Andhra Pradesh. Since the last 58 years, during the Congress regime, the newly formed Andhra Pradesh did not have even a single educational institution of national importance. But today, the NDA Government has sanctioned a lot of educational institutions and Pollavaram Project is being declared as a national project and 100 per cent funding is being made by the Government of India.

Lastly, we have got the unresolved issue which is a sensitive and emotional issue for Andhra Pradesh. It is even being mentioned in the Andhra Pradesh Reorganisation Act, namely, the formation of new Railway Zone for Andhra

Pradesh with Visakhapatnam as Headquarters. I request the Government to consider the issue and take a decision at the earliest. Thank you.

**श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) :** सभापति महोदय, लोकतंत्र का मतलब क्या होता है। लोकतंत्र का मतलब सर्व धर्म समभाव, सार्वभौमिकता और वसुधैव कुटुम्बकम होता है। क्या इस देश में कभी वसुधैव कुटुम्बकम, सर्व धर्म समभाव और सार्वभौमिक भाव की कल्पना की जा सकती है? मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं कि जिस देश की पूरी दुनिया में गरीबी, बीमारी, कुपोषण, आर्सनिक आयरन पानी, निरक्षरता और बेरोजगारी से पहचान हो, वहां लोकतंत्र की कल्पना कैसे की जा सकती है। हम इस सदन में बैठकर एक-दूसरे को भ्रष्टाचार के मामले में गाली देते हैं। हम इकट्ठे क्यों नहीं हो जाते कि 70 सालों में हम लोगों के पास कुछ नहीं था। राजनीतिक व्यक्ति, सरकारी नौकर और धर्म गुरु जिन्होंने अकूत पैसे कमाए हैं, वे सब लोग खुद आकर क्यों नहीं कहते कि हमारे पूरे खानदान की बेनामी सम्पत्तियों की जांच करवाने के लिए हम तैयार हैं। क्या कारण है कि जिस व्यक्ति के पास एकाउंट नहीं था, जो आज एजुकेशन माफिया, मेडिकल माफिया हैं, जितना मेरा बजट है, धर्म गुरुओं का उतना बजट मंदिर का होता है, जितने बड़े-बड़े बाबा हैं, जिसके पास 900 रुपये ट्रेन का फेयर नहीं था, उसके पास मात्र बीस सालों में 10 हजार करोड़ रुपये कहां से आए? क्या यह सोच का विषय नहीं है? यदि देश के प्रधान मंत्री ने नोटबंदी, नकदबंदी, सर्जिकल स्ट्राइक की बात की है, उन्होंने सबसे पहले हिन्दुस्तान में अकूत सम्पत्ति रखने वाले लोग, चाहे पदाधिकारी हों, राजनीतिक व्यक्ति हों, धर्म गुरु हों या कोई भी व्यक्ति हो, उनसे काला धन छीनने की बात क्यों नहीं कही।

मैं जानना चाहूंगा जो कालाधन है, बेनामी संपत्ति है, चाहे वह सोने के रूप में हो या रियल स्टेट के रूप में हो। हम चाहते हैं कि इस देश की सभी राजनीतिक पार्टीज के नेताओं की बेनामी संपत्ति की जांच हो। हिन्दुस्तान के सभी धर्मगुरु और पदाधिकारियों की बेनामी संपत्ति और एकाऊंट की जांच हो। हम इलेक्ट्रो पॉलिटिक्स में चेंजिंग चाहते हैं, हिन्दुस्तान में स्टेट फंडिंग के माध्यम से इलेक्ट्रो पॉलिटिक्स को लाया जाए, पार्टियां डिजीटल माध्यम से चंदे लें, हिन्दुस्तान में कैशलेस चंदा होना चाहिए और पॉलिटिकल पार्टी का ऑडिट होना चाहिए। मैं पूछना चाहता हूं कि दो हजार रुपये का नोट क्यों लाया गया, जबकि बाबा साहब अम्बेडकर ने पांच सौ रुपये से नीचे एक सौ रुपये और दो सौ रुपये के नोट की नोट की वकालत की थी फिर दो हजार रुपये का नोट क्यों? क्या प्रधानमंत्री हिन्दुस्तान में हेल्थ और कॉमन कम्पलशरी एजुकेशन को फ्री करेंगे, हिन्दुस्तान के 128 करोड़ लोगों को हेल्थ की आवश्यकता है, क्या हमारा हिन्दुस्तान कॉमन हेल्थ और कम्पलसरी एजुकेशन को फ्री करने की वकालत करेगा?

HON. CHAIRPERSON: Only Shri Kapil Patil's speech will go on record.

*...(Interruptions) ...* *

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) :** महोदय, आपने मुझे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने का मौका दिया।

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record.

*...(Interruptions) ...* *

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील:** महोदय, राष्ट्रपति जी के सुंदर अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के अंतर्गत समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

HON. CHAIRPERSON: Shri Patil please continue.

... (*Interruptions*)

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील:** महोदय, देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में एनडीए सरकार का दृष्टिकोण योजनाओं के क्रियान्वयन का संकल्प परिलक्षित होता है। राष्ट्रपति जी के भाषण में सरकार द्वारा कर चोरी कालेधन, नोट बंद। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: No cross talking please.

... (*Interruptions*)

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील :** महोदय, नोटबंदी, आधार से भुगतान, सर्जिकल स्ट्राइक, आतंकवाद तथा नारीशक्ति के उत्थान की बात की गई है।

HON. CHAIRPERSON: Satpathy ji, please cooperate.

... (*Interruptions*)

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील:** महोदय, मैं आपका ध्यान दो-तीन मुद्दों के ऊपर ध्यान आकर्षित करूंगा। नारी शक्ति का उत्थान किस तरह से सरकार कर रही है। मेरे डिस्ट्रीक्ट में स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से नारियों को रिक्शा चलाना सिखाया गया, उनको लाइसेंस दिया, उनको परमिट दिया, उसके बाद मुद्रा बैंक के माध्यम से लोन देकर उसे अपने पैरों पर खड़ा करने का काम किया। हमारे कुछ साथियों ने कहा कि जिन्होंने नोट बंदी का निर्णय किया, उनके लिए जनता वोट बंद करेगी। मैं बड़े जिम्मेदारी से आपको कहना चाहता हूं कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेनन्द्र फड़नवीस के नेतृत्व में हाल ही में नगर परिषद और नगर पंचायत के चुनाव हुए, नोट बंदी किए हुए एक सप्ताह भी नहीं हुआ था लेकिन महाराष्ट्र की जनता ने

* Not recorded.

प्रधानमंत्री के निर्णय नगर पंचायत और नगर परिषद में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष चुनकर मुहर लगाई। इस नोट बंदी का असर महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लोगों ने वोट देकर दिखाया है।

सही मायने में जिन्होंने नोटबंदी का विरोध किया, उन्हें वोट देने के लिए जनता ने विरोध किया। सही मायने में नोटबंदी का यह असर महाराष्ट्र में दिखाई दिया, जो अभी देश में भी दिखाई देगा। लोग कह रहे हैं कि किसान बर्बाद हो रहा है। मैं भी एक किसान का बेटा हूं और गांव से आता हूं। मुझे कहीं भी ऐसा दिखाई नहीं दिया। नोटबंदी का असर न तो गांव में दिखाई दिया और न ही किसी किसान पर दिखाई दिया। हमारे लोग बैचेन क्यों हैं, यह मुझे समझ में नहीं आता है।

सभापति महोदय, मैं आपको बताना चाहूंगा कि पच्चीसों साल पहले चाणक्य ने बिल्कुल सही कहा था कि अगर कालेधन वाले, भ्रष्टाचार करने वाले और आतंकवादियों के खेमे, टोली में हाहाकार मचा है, तो समझना चाहिए कि हमारे देश का राजा चरित्रवान और प्रतिभा संपन्न है। उस वक्त राजा थे, लेकिन अब प्रधान मंत्री जी हैं।

सभापति महोदय, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।

**माननीय सभापति:** आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील:** हमें यह भी समझना चाहिए कि हमारा देश प्रगति पथ पर अग्रसर है। यहां पर सर्जिकल स्ट्राइक की बात की गयी। हमसे सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे जाते हैं। मेरा कहना है कि हमें सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत देने की जरूरत क्या है? अगर हमने सर्जिकल स्ट्राइक नहीं किया तो पाकिस्तान क्यों बौखलाया हुआ है? इसका मतलब यही है कि सर्जिकल स्ट्राइक हुआ है।

सभापति महोदय, हमारे कुछ साथियों ने विदेश नीति के बारे में कहा। उन्होंने हमारे प्रधान मंत्री को विदेश नीति सिखाने की बात कही कि हमारी विदेश नीति क्या है और यू.पी.ए. की विदेश नीति क्या है? …(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात एक मिनट में समाप्त न करके एक वाक्य में अपनी बात कम्प्लीट कीजिए।

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील:** सभापति महोदय, जो प्रधान मंत्री दूसरे की छाया में काम करता है, तो उसकी छाया भी कभी उसके साथ नहीं रहती। अगर छाया को हमारे साथ रहना है, तो खुद को धूप में तपाना ही पड़ता है। प्रधान मंत्री जी खुद को धूप में तपा कर हमारे देश को प्रगति, उन्नति पर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Shri Tathagata Satpathy, three minutes because you know your Party has already taken more than 38 minutes. We have a long list of speakers.

SHRI TATHAGATA SATPATHY (DHENKANAL): I would keep your honour wishes in mind. I must admit that we live in a hybrid modified world. Therefore, I will only refer to page 4, para 17 where my Government has taken various steps….. and then it comes to improving irrigation facilities. As you know, my State of Odisha is facing acute problems with water. We are a rice growing area. We are capable of feeding the whole nation with rice. Our paddy is of very high quality but unfortunately in the South because of the help of this side or that side, the Andhra Pradesh Government is creating a lot of problems with Polavaram, which is a river which should be enjoyed primarily by Telangana, Chhattisgarh and Odisha but you are depriving us of that water and you are not taking up the responsibility as a responsible Government the way you should behave in being non-partisan, that is not visible.

Similarly, Mahanadi is a huge problem for us. In the last three months there has been no inflow; there has been periods of 90 days when the inflow into Hirakud dam has been zero, zilch, which is very sad considering the fact that we, as a riparian State, have rights on every river that flows through our territory just like the States ahead of us, upstream, also have the right. We are not denying them their right; they should not deny us our rights.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now. You should also understand the time constraints.

SHRI TATHAGATA SATPATHY : Sir, this is a huge issue. It is about irrigation. I am not talking about the death of any MP, I am not talking about demonetization; I am not talking about those things.

HON. CHAIRPERSON: You can talk about all those issues. I don’t mind. But there is constraint of times. Please understand that.

SHRI TATHAGATA SATPATHY : I am talking about farmers' issues. I am only talking limited to my State's issues.

Therefore, I would just like to inform you that this year also the weather people tell us that *El Nino* is supposed to strike India again. As you know, Parliament always discusses issues about drought after drought has affected our farmers, after the damage has been done. I would like to draw the attention of the House, through you, as to why we do not discuss drought as a problem which is about to happen with *El Nino* very clearly visible on the horizon.

HON. CHAIRPERSON: Satpathyji, thank you.

SHRI TATHAGATA SATPATHY : Sir, please give me half-a-minute more.

I will just give you the status of last year summer 2016. The total water available in India's 91 reservoirs was only at 32 per cent of their storage capacity according to the Central Water Commission, 9 of the 29 Indian States and 248 out of its 660 Districts were declared drought affected. The Government informed the Supreme Court on 19th April that a staggering 33 crore people or more than a quarter of the country's population were in the grip of drought and, consequently, face drinking water shortage and agricultural distress.

HON. CHAIRPERSON: Thank you. Now Shri Jughal Kishore will speak.

SHRI TATHAGATA SATPATHY: Sir, you must have heard the beatles song, I Me Mine, I Me Mine.

HON. CHAIRPERSON : Please conclude in one sentence.

SHRI TATHAGATA SATPATHY: Sir, I am only concluding.

I want to urge the Government to look at the problems being faced by the poor farmers of Odisha, do not blame each other and take the country for a ride. Elections will come, elections will go. That is not what should concern us, what should concern us is that we should protect the rights of our farmers. I thank you very much Sir. You have been very kind. Thank you.

**श्री जुगल किशोर (जम्मू) :** सभापति महोदय, आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर हो रही चर्चा पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में भारत के चहुंमुखी विकास की बात की है। आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार नेकनीयती और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ रही है और देश को सही दिशा की ओर ले जाने के लिए प्रयासरत है। इसके साथ ही, समाज और गरीब को अपने पांव पर खड़ा करने का जो प्रयास पिछले दिनों नरेन्द्रभाई मोदी जी की सरकार ने किया है, उसकी भी चर्चा उन्होंने की है। इसलिए आज यह सरकार लोकप्रिय है और आम आदमी को भी एहसास है कि यह मेरी सरकार है। किस गरीब ने सोचा था कि उसका जीवन बीमा हो सकता है। यहां पर बड़े-बड़े लोगों के जीवन बीमा होते थे, लोग अपने ही बीमे करवाया करते थे और गरीब आदमी की चिन्ता किसी ने नहीं की।

आदरणीय नरेन्द्रभाई मोदी जी ने मात्र एक रुपये रोज और साल में 12 रुपये मात्र देने से जीवन सुरक्षा बीमा योजना के तहत उन लोगों को यह सुविधा दी है और उनका दो लाख रुपये का बीमा करवाया है। इससे भी अधिक, माता-बहनों का जितना मान-सम्मान नरेन्द्रभाई मोदी जी ने किया है, शायद ही किसी ने किया हो। ऐसा देखने को भी मिलता है और एहसास भी हो रहा है। यहां पर अगर किसी गरीब की बेटी की शादी होती है तो उसमें सहयोग के लिए 40 हजार रुपये दिए जाते हैं। साथ ही, जम्मू-कश्मीर सरकार ने केन्द्र सरकार की मदद से लाडली बेटी योजना चलाई है। अगर किसी गरीब के घर बेटी पैदा होती है तो उसके खाते में 1000 रुपये प्रति माह जमा कराए जाएंगे। सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में विकास का एक दौर शुरू किया गया है। वहां पर आईआईटी, एम्स, मेडिकल कॉलेज, पीएमजीएसवाय, सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। वहां बॉर्डर पर जो गोलाबारी होती थी, बॉर्डर पर पाकिस्तान से होने वाली गोलाबारी से मरने वाले लोगों को कुछ नहीं दिया जाता था, एक लाख रुपये मात्र दिए जाते थे। अब अगर कोई पाकिस्तान से होने वाली गोलाबारी में मारा जाता है तो उसे पांच लाख रुपये देने और जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा उसके परिजनों नौकरी दिए जाने का फैसला किया गया है। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Thank you. Shri Ravindra Kumar Ray will speak now.

**श्री जुगल किशोर:** सभापति महोदय, उज्ज्वला योजना और लाडली योजना शुरू की गयी है, 1000 रुपये पेंशन देने की योजना, ...(व्यवधान) भ्रष्टाचार को समाप्त करना आदि काम किए गए हैं।

[*]**श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) :** महामहिम राष्ट्रपति जी ने संयुक्त सदन में जो अभिभाषण दिया है, वह बहुत सारगर्भित एव समसामयिक है, मैं इसके लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ । उन्होंने अपने अभिभाषण में सरकार के सबका साथ सबका विकास के संकल्प को पूरा करने के लिए किए जा रहे कुछ कार्यों का भी उल्लेख किया है । सरकार द्वारा पिछले लगभग ढाई साल के शासनकाल में गरीबों के लिए तमाम योजनायें लागू की गयी है, जिनका व्यापक प्रभाव दिखाई पड़ रहा है। जन धन से जन सुरक्षा की ओर बढ़ते हुए करीब 13 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का दायरा बढ़ाते हुए उसकी लागत को 70 हजार रूपए से बढ़ाकर लगभग दोगुना से ज्यादा 1 लाख 50 हजार रूपए करने का कार्य किया है । उज्ज्वला योजना के तहत करीब 1.5 करोड़ गरीब लोगों को गैस कनेक्सन उपलब्ध कराए गए है जिसे शीघ्र 5 करोड़ लोगों तक ले जाना है । दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत वर्षों से अँधेरे में रह रहे 11000 ग्रामों में रिकार्ड समय में बिजली पहूंचायी गयी है । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जहाँ प्रीमियम राशि को अब तक के न्यूनतम स्तर पर लाया गया हे वहीं जोखिम कवरेज को विस्तृत कर बीमा राशि को दो गुना किया गया है । हर खेत को पानी देने के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का कवरेज बढ़ाया गया है । सातवां वेतन आयोग लागू करने से 50 लाख सरकारी कर्मचारियों तथा 35 लाख पेंशनभोगियों को लाभ दिया गया है । वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 10 वर्ष की अवधि के लिए 8 प्रतिशत ब्याज दर निर्धारित की गयी है जो हर माह देय है । ग्रामीण आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए 2015-20 के दौरान ग्राम पंचायतों को 2 लाख करोड़ से अधिक की धनराशि वंधन मुक्त । वित्तीय संसाधन के रूप में अंतरित की जा रही है। कालाधन, भ्रष्टाचार एवं जाली मुद्रा जैसी बुराइयों को खत्म करने के लिए 8 नवंबर 2016 को पुराने पांच सौ एव एकं हजार रूपए के करेंसी नोटों के विमुद्रीकरण (नोटबंदी) करने का जो साहसिक निर्णय लिया गया है उसकी जनमानस में व्यापक सराहना की गयी है। पूर्व सैनिकों को एक रैंक एक पेंशन की चार दशक पुरानी माँग सरकार द्वारा पूरी की गयी है। क्षेत्रीय संप्रभुता के बार-बार उल्लंघन करने का मुँहतोड़ जवाब देने के लिए हमारी सरकार ने 29 सितंबर 2016 को सफलतापूर्वक सर्जिकल स्ट्राइक किया जिससे प्रत्येक देशवासियों का सिर गर्व से उँचा हुआ है । हम रक्षाकर्मियों को उनके अदम्य साहस के लिए बधाई देते हैं । और देश उनका ऋणी एवं कृतज्ञ है । सरकार ने एक राष्ट्र एक कर एवं एक राष्ट्र एक बाजार की ओर बढ़ते हुए वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम पारित किया है जिससे देश के विकास को गति

---

[*] Speech was laid on the Table.

मिलेगी तथा करोड़ों के उपभोक्ताओं को लाभ होगा । इसी के साथ मैं पुनः महामहिम राष्ट्रपति महोदय को अभिभाषण के लिए पुनः धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार व्यक्त करता हूँ ।

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record. Only Shri Ravindra Kumar Ray's speech will go on record. There are five speakers from *Bharatiya Janata* Party. Rayji, please start. Your time has already started.

**श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) :** सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने का मौका दिया, लेकिन मैं यह अवसर कहां से शुरू करूं और कहां अंत करूं, मुझे पता नहीं चल रहा है।

**माननीय सभापति:** आप तीन मिनट में शुरू भी करें और अंत भी कर दें।

**श्री रवीन्द्र कुमार राय:** सभापति महोदय, हमारी वैसी हालत है कि प्यासे को बूंद-बूंद पानी दिया जाये तो प्यास बढ़ जाती है। मैं इस बात का जिक्र करना चाहता हूं कि आज जब मैंने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण को देखा तो दूसरे पेज पर जो पांचवा प्वाइंट है, उसमें दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय विचारधारा के मार्गदर्शन पर चल रही हमारी सरकार का जिक्र किया गया है। मैं इस बात का जिक्र इसलिए करना चाहता हूं कि हमारे नेता प्रतिपक्ष बोल रहे थे कि ये सारे गरीब, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित, किसान, श्रमिक और युवाओं का जिक्र किया गया है, सारे पर्यायवाची शब्द चले आये। आजाद हिन्दुस्तान में विचारधारा की सरकार कभी नहीं चली, उसके पहले ...(अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) की सरकार चली और बाद में पूंजीवाद की सरकार नहीं चली, समाजवाद की सरकार नहीं चली और साम्यवाद की सरकार भी नहीं चली, बिना विचारधारा की सरकार चली। पहली बार ऐसा हुआ है कि हिन्दुस्तान में कोई विचारधारा की सरकार चल रही है, और दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय की विचारधारा, एकात्म मानवावाद की विचारधारा है, जिसमें व्यक्ति परिवार, समाज, देश और विश्व के विकास पर विचार किया जाता है। यह एकात्म मानववाद सिर्फ शरीर का नहीं, मन का नहीं, बुद्धि का नहीं बल्कि दो आत्माओं तक का विचार करता है।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि काम, धर्म, अर्थ और मोक्ष की अनुशासन में चल कर, देश के गांव, गरीब और किसानों को उपलब्धि दिलाने का काम एकात्म मानववाद के आधार पर जो राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में दीनदयाल उपाध्याय विचारधारा का जिक्र किया है, उसके आलोक में हम आगे बढ़ रहे हैं। पहली बार यह देश, अपना भारतवर्ष एक ऐसी विचारधारा के आधार पर चल रहा है, जो भारतीय दर्शन,

भारतीय संस्कृति और भारतीय विचारधारा का एक अनुपम उदाहरण है। यही विचारधारा दुनिया में हिन्दुस्तान को सबसे समृद्ध बनायेगा, सर्वश्रेष्ठ बनायेगा, फिर हम दुनिया का मार्गदर्शन करेंगे। धन्यवाद।

SHRIMATI P.K. SHREEMATHI TEACHER (KANNUR): Hon. Chairperson, I am thankful to you for giving me this opportunity to speak on the Motion of Thanks on the President's Address.

Most of the points have already been covered by my hon. leader in his speech. I would only like to stress on one point. I am sorry to say that no mention has been made with regard to Women's Reservation Bill in the hon. President's Speech. Last two and a half years, we have been discussing about the empowerment of women, but in the hon. President's Speech there is no mention of it.

I would like to know from the Government as to why the Government is not bringing forward the Women's Reservation Bill for passage in the Parliament. We are ready to support it. All the women parliamentarians are ready to support it. Our party is ready to support this Bill.

I would, therefore, request the Government to bring and consider the Women's Reservation Bill for its passage. Thank you.

**श्री रमेश चन्द्र कौशिक (सोनीपत) :** सभापति महोदय, आपने मुझे माननीय महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने का अवसर प्रदान किया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के पक्ष में खड़ा हो कर धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यों का पूर्ण मूल्यांकन करते हुए देश के सामने उपलब्धियों को रखा है, जिस से एक बहुत बड़ा विश्वास का माहौल देश में बना है।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में आम बजट और रेल बजट का विलय करते हुए एक फरवरी को प्रस्तुत किया है, समय से पहले प्रस्तुत करके देशहित में आगे कदम बढ़ाया है जिससे समय पर सही योजनाओं का आंकलन हो जाएगा और देश को आगे ले जाने में, योजनाओं को कारगर ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी, जिसमें सबका साथ, सबका विकास की ओर कदम बढ़ाया गया है। हमारी सरकार ने कुशल प्रशासन में अपनी आस्था दिखाते हुए देश से भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए नोटबंदी का एक बहुत बड़ा फैसला लेने का निर्णय किया और उसका साहसपूर्वक लागू भी किया। इस महत्वपूर्ण निर्णय को देश की जनता ने हाल ही में विशेषकर गरीब तबके के लोगों ने हाल ही में काले धन के विरूद्ध संघर्ष में असाधारण शक्ति और सहनशीलता का परिचय दिया है। देश के नागरिकों ने सरकार की नीतियों में विश्वास दिखाते हुए अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से लगभग 1.2 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं ने स्वेच्छा से रसोई गैस सब्सिडी छोड़ कर वंचित लोगों को रसोई गैस कनेक्शन मुहैया करने में बहुत मदद की है।

HON. CHAIRPERSON: Please sit down. सदन का समय 9 बजे तक बढ़ाया गया था। आप जल्दी अपनी बात समाप्त कीजिए।

सदन की कार्यवाही का समय श्री रमेश चन्द्र कौशिक की स्पीच समाप्त होने तक बढ़ाया जाता है।

**श्री रमेश चन्द्र कौशिक:** महोदय, इतना ही नहीं स्वच्छ भारत मिशन को एक जन आंदोलन में बदल दिया है। इसके साथ ही आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक की गई। जिसमें आतंकवादियों के अड्डे को तबाह कर दिया गया और आतंकवादियों को मुंह तोड़ जवाब दिया गया। यह सारी कार्रवाई करके देश को भ्रष्टाचार मुक्त, आतंकवाद मुक्त करने का सफल कार्य किया गया है। यह सरकार की बहुत बड़ी सफलता है कि देश कितने वर्षों से आतंकवाद और भ्रष्टाचार से ग्रस्त था, अब उसको मिटाने के लिए सरकार सकारात्मक कदम उठा रही है। हमारी सरकार ने अधिक जन-धन खाते खोल कर लोगों को बैंक

की व्यवस्था से जोड़ा है। जिन व्यक्तियों का आज तक बैंक में खाता नहीं था, उनका खाता खुलने की वजह से वे बैंक का लाभ उठाने लगे हैं और सरकार की नीतियों का लाभ उठाने में सक्षम हो गए हैं। इसके अलावा उनको जीवन बीमा पालिसी का भी लाभ मिलने लगा है और अब कैशलैस भुगतान के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे देश में भ्रष्टाचार पर काफी हद तक रोक लगेगी।...(व्यवधान)

*__श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर):__ मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदय को हृदय से धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने संसद के दोनों सदनों में संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा एक सशक्त भारत के निर्माण की दिशा और दशा के संबंध में उठाए गए क्रांतिकारी कदम की जानकारी हमें दी। वास्तव में यह अत्यंत ही सराहनीय है, जो विशेषकर भारत का मूल मंत्र सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद्दुःखभाग्भवेत्। (सभी सुखी होवें, सभी रोगमुक्त रहें, सभी मंगलमय घटनाओं के साक्षी बनें और किसी को भी दुःख का भागी न बनना पड़े। ) दर्शाता है।

सरकार द्वारा गांव-गरीबों की उन्नति, किसानों की समृद्धि, युवा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अनेक योजनाएं बनाई गई हैं तथा इसका तीव्रगति से क्रियान्वयन भी हो रहा है। किसानों की समृद्धि के लिए हमारी सरकार ने अनेक कारगर कदम उठाए हैं। हमारी सरकार ने हाल ही में फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, हर खेत को पानी मिलने को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का कवरेज बढ़ाया है, वहीं गरीबों को प्रधानमंत्री जन-धन योजना, मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना, कौशल विकास योजनाओं से जोड़ने का काम भी किया है।

इसके अलावा मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया आदि के एकीकृत पहल के माध्यम से व्यापक रोजगार सृजन की राह प्रशस्त हो रही है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता एवं अनुसंधानों को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा कुपोषण को जड़ से खत्म करने हेतु हमारी सरकार कृत-संकल्पित है। हमारी सरकार स्वच्छता के संदेश को देश के गांव-गांव में आगे बढ़ाने में कामयाब रही है। लगभग 3 करोड़ शौचालयों का निर्माण हुआ है। हमारी सरकार सर्वधर्म समभाव, वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वे भवन्तु सुखिनः के सिद्धांत पर कटिबद्ध है। आइए हम सब मिलकर स्वामी विवेकानन्द के सपनों के एक समृद्ध एवं सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़े। स्वामी जी ने कहा था उत्तिष्ठा जाग्रत वरान् निबोधत।

---

* Speech was laid on the Table

HON. CHAIRPERSON: The House stands adjourned to meet on Tuesday, the 7th February, 2017 at 11 a.m.

**<u>21.01 hours</u>**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*
*on Tuesday, February 7, 2017 / Magha 18, 1938 (Saka).*